www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

2025 देशबन्धु

नव वर्ष की शुभकामनाएं

रायपुर, बुधवार, 1 जनवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक –256 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि नव वर्ष 2025 हम सभी के जीवन में तरक्की के नये अवसर लेकर लाये और हम सभी के जीवन में भरपूर सुख-समृद्धि का वास हो।

### मोहम्मद यूनुस ने डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रोफेसर यूनुस ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया और दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उच्चायोग में शोक पुस्तिका में एक शोक संदेश भी लिखा। उन्होंने दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री के साथ अपनी दोस्ती को याद करते हुए कहा, 'वह कितने सरल थे! कितने बुद्धिमान थे!' उन्होंने भारत को वैश्विक आर्थिक दिग्गज बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

### हज के लिए खर्च जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रियों की सुविधा के लिए और जनमानस की मांग पर प्रतीक्षा सूची में चयनित हज यात्रियों के लिए हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त के तौर पर 2,72,300 रुपए जमा करने की अंतिम तारीख छह जनवरी तक बढ़ा दी है। कमेटी की विज्ञप्ति के अनुसार ड्रॉ में पहले से चयनित हज यात्री भी छह जनवरी तक हज खर्च की दूसरी किस्त 1,42,000 रुपए जमा कर सकते हैं। हज खर्च की तीसरी किस्त की घोषणा हवाई यात्रा किराए और सऊदी अरब में होने वाले खर्चों के निर्धारण के बाद की जाएगी।

### संस्कृत विद्वान पद्मश्री पियरे सिल्वेन फिलियोजात का निधन

**नई दिल्ली।** संस्कृत के जाने-माने विद्वान एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर पियरे सिल्वेन फिलियोजात का सोमवार को पेरिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार चल रहे थे। डॉ. फिलियोजात के परिवार में पत्नी डॉ. वसुंधरा कवाली फिलियोजात और दो पुत्रियां मनोन्मणि और भामती तथा उनके नाती हैं। डॉ. फिलियोजात फ्रांस के प्रसिद्ध प्राच्यविद्या विशेषज्ञ ज्यां फिलियोजात के पुत्र थे।

### चौटाला परिवार को हो जाना चाहिए एकजुट : टिकैत

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा स्थित चौटाला गांव में किसान नेता राकेश टिकैत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चौटाला परिवार से एकजुट होने की अपील की। राकेश टिकैत ने ओम प्रकाश चौटाला की विचारधारा और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सोच और उनके द्वारा उठाए गए कदम हमेशा किसानों के हित में रहे।

## न्यूजीलैंड में सबसे पहले नए साल का जश्न



ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में सबसे पहले नए साल 2025 का आगाज हुआ है। ऑकलैंड में लोगों ने पटाखे फोड़कर नए साल का जश्न मनाया। अलग-अलग टाइम जोन के कारण दुनिया के देशों में अलग-अलग समय पर नए साल का जश्न मनाया जाता है। भारत से पहले 41 देश ऐसे हैं, जहां नया साल मनाया जाता है। देश में भी रात के 12 बजते ही लोग नए साल के जश्न में डूब गए।

# मणिपुर हिंसा पर सीएम बीरेन ने मांगी माफी

### कहा- पूरा साल बेहद खराब रहा, राज्य के लोग मुझे क्षमा करें



पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी : एन बीरेन सिंह, मुख्यमंत्री, मणिपुर

- जातीय हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए
- बीरेन सिंह को पद से हटाने की मांग पकड़ रही है जोर

**इंफाल**, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

मणिपुर में बीते साल मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ। राज्य में लगातार हो रही हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भारी दबाव में है और बीरेन सिंह को पद से हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। एनडीए की सहयोगी एनपीपी ने भी मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है और नेतृत्व परिवर्तन करने की मांग की है। अब साल की समाप्ति पर मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह पूरा साल खराब रहा। नए साल 2025 में शांति की उम्मीद है। मणिपुर में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच हिंसा पिछले साल तीन मई को उस समय शुरू हुई थी जब मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्रों संघ ने एक रैली आयोजित की थी, जिसमें मणिपुरी समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था।

### हथियार और गोला-बारूद बरामद

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। यह बरामदगी जिले के सागाइशाबी रोआ इलाके से की गई। जब्त की गई वस्तुओं में पिस्तौल, बंदूकें, राइफलें, कार्बाइन और हथगोले शामिल हैं। मामले की जांच चल रही है।

### मणिपुर जाकर माफी क्यों नही मांगते प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह मंगलवार को राज्य में जातीय संघर्ष के लिए माफी मांगी। उनके माफी मांगने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साझा। पार्टी नेता जयराम रमेश ने पूछा कि पीएम मोदी पूरे देश और दुनिया की यात्रा करते रहते हैं, लेकिन वहां जाकर माफी क्यों नहीं मांग सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर मणिपुर के लोगों को नजरअंदाज करने और जानबूझ कर मणिपुर का दौरा टालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी मणिपुर जाकर यह क्यों नहीं कह सकते? उन्होंने चार मई 2023 से जानबूझ कर राज्य का दौरा करने से परहेज किया है।

## गुरु घासीदास केंद्रीय विवि का दीक्षांत समारोह 15 को



- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे मुख्य अतिथि

**बिलासपुर**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में स्थित नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह दिनांक 15 जनवरी, को सुबह 11 बजे रजत जयंती सभागार में आयोजित होगा। ग्यारहवें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारत गणराज्य के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे। उपराष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य स्वीकार करने और विश्वविद्यालय में पधारने की सूचना से समूचे विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है। बता दें कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल महोदय रामेन डेका, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली और प्रो. टी.जी. सीताराम, चेयरमैन एआईसीटीई विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## शिमला में नए साल के जश्न के लिए उमड़े सैलानी

**शिमला**, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नए साल के जश्न का खुमार सैलानियों पर सिर चढ़कर बोल रहा है। रिज मैदान और मॉल रोड सैलानियों से खचाखच भरे नजर आ रहे हैं। रोजाना हजारों पर्यटक वाहन शिमला की ओर रुख कर रहे हैं। इससे न केवल शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ी है बल्कि यातायात जाम की समस्या भी देखने को मिल रही है। बाहरी राज्यों से शिमला आने वाली एचआरटीसी और पर्यटन निगम की लग्जरी बसों के साथ-साथ कालका-शिमला भी पूरी तरह से पैक होकर आ रही हैं। शहर के अधिकांश होटलों में नए साल के लिए खास इंतजाम किए गए हैं और जनवरी के पहले सप्ताह तक पर्यटकों की रौनक बनी रहने की उम्मीद है। शिमला के अलावा इससे सटे पर्यटन स्थल जैसे कुफ़री, फागू और नारकंडा में भी सैलानियों का तांता लगा है।

### सुप्रीम कोर्ट में किसानों ने कहा

## केंद्र बातचीत का न्योता दे तभी इलाज लेंगे डल्लेवाल

**नई दिल्ली**, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। शंभू बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसानों ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अगर केंद्र सरकार उनसे बातचीत करे तो 36 दिन से आमरण अनशन करने वाले किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल किसी भी तरह की मेडिकल सहायता लेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की विशेष अवकाश पीठ ने जगजीत सिंह डल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के निर्देशों का पालन करने के लिए पंजाब सरकार को और समय दिया।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता गुरविंदर सिंह ने बेंच को बताया कि वार्ताकार आंदोलन वाली जगह पर गए थे और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन कराने के लिए प्रयास किए गए थे। लेकिन सोमवार को हुए पंजाब बंद को देखते हुए पंजाब सरकार ने इस विषय में कोर्ट से थोड़ी मोहलत मांगी। किसान संगठनों की ओर से सोमवार को आयोजित पंजाब बंद को देखते हुए और समय मांगते हुए, महाधिवक्ता ने कहा, वहां ट्रैफिक बंद था और कहा कि प्रदर्शनकारियों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर केंद्र उनसे बात करने के लिए तैयार है तो डल्लेवाल मेडिकल सहायता लेंगे।

महाधिवक्ता ने कहा, वार्ताकारों के अनुसार, किसानों ने केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव दिया है कि अगर उन्हें बातचीत के लिए निमंत्रण मिलता है, तो डल्लेवाल इच्छानुसार मेडिकल सहायता लेने के लिए तैयार हैं। इस पर बेंच ने कहा, हमें इससे कोई सरोकार नहीं है, हमें केवल निर्देश के पालन से सरोकार है, जो कुछ भी चल रहा है, हम उस पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में महागठबंधन का मार्च




**पटना**, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार दोपहर महागठबंधन ने नेताओं ने फिर से अभ्यर्थियों के समर्थन में सड़क पर उतर गए।

पटना में राजभवन मार्च के लिए भाकपा माले और काग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा के पास जमा हुए। इसके बाद नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वह राजभवन की ओर बढ़ ही रहे थे कि निर्वाचन आयोग के पास पटना पुलिस ने मार्च को रोका दिया। इसके बाद महागठबंधन के विधायकों ने विरोध जताया। देखते ही देखते विधायकों और पुलिस के झड़प होने लगी। नाराज विधायक रोड पर बैठ कर धरना प्रदर्शन करने लगे। विधायकों के हाथों में परीक्षा रद्द करें और लाठीचार्ज के विरोध वाले पोस्टर थे। इधर, सड़क पर बैठे विधायकों को पटना पुलिस की टीम समझाने की।

माले विधायक संदीप सौरभ ने पुलिस से पूछा कि आप हमलोगों को किस नियम के आधार पर राज्यपाल से मिलने से रोक रहे हैं। नियम दिखाइए कि विधायक राज्यपाल से नहीं मिल सकते हैं? इसके बाद पुलिस ने उन्हें आगे जाने दिया। इस दौरान पुलिस से उनकी मामूली झड़प भी हुई। बाद में विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन गया।

**पिछले 14 दिनों से अभ्यर्थी कर रहे प्रदर्शन**–पिछले 14 दिनों से बीपीएससी अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। अभ्यर्थी इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात करने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर पटना के गर्दनीबाग में छात्रों का प्रदर्शन भी जारी रहा। इसी दौरान 29 दिसंबर को गांधी मैदान से आंदोलनरत छात्र जब मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे तब उन पर पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की और लाठीचार्ज किया। इसमें कई छात्र घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 6.60 करोड़ की नकली दवाएं जब्त

- आयरलैंड, तुर्की व बंगलादेश में है निर्मित

**नई दिल्ली**, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में कथित रुप से निर्मित नकली दवाएं जब्त की है, जिनका बाजार मूल्य लगभग 6.60 करोड़ रुपए है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि पूर्वी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय ने कोलकाता में एक थोक परिसर में जांच की। 'मैसर्स केयर एंड क्योर फॉर यू' पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली कैंसर रोधी, मधुमेह रोधी और अन्य दवाएं जब्त की गईं। इन दवाईयों पर आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में निर्मित होने के लेबल लगा है और इन दवाईयों का भारत में वैध आयात दस्तावेज़ नहीं मिले हैं। मंत्रालय ने कहा है कि जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान थोक विक्रेता फर्म की मालकिन के रूप में की गई है। आरोपी महिला को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, पूर्वी क्षेत्र के ड्रग्स इंस्पेक्टर ने हिरासत में लिया है। न्यायालय ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और उससे पूछताछ की अनुमति दी है।

## प्रदेश के शहरों को साफ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाएं : अरुण साव



- उप मुख्यमंत्री ने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की
- अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रियाएं 10 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों को अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रियाएं 10 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों में 353 नए पद मंजूर किए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को रोजाना वार्डों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों में बन रहे अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के काम में तेजी लाने और इनके उत्कृष्ट निर्माण के निर्देश दिए। साव ने अधिकारियों को गंभीरता और सक्रियता से काम करते हुए राज्य के शहरों को साफ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., विशेष सचिव आर. एक्का और संचालक कुंदन कुमार भी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## प्रदेश में बीएड सहायक शिक्षकों की बर्खास्तगी शुरू

**डीपीआई ने जारी किया आदेश**

**रायपुर**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सहायक शिक्षक के 2855 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए आदेश दिए गए थे। इन आदेशों के परिपालन में लोक शिक्षण संचालनालय ने बस्तर और सरगुजा संभाग के बीएड धारी सहायक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के निर्देशानुसार की जा रही है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि डीएड अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रारंभ किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने डीईड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं इस आदेश के बाद बीएड अभ्यर्थियों के लिए सहायक शिक्षक की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा था। वहीं 19 दिसंबर से बीएड सहायक शिक्षक नवा रायपुर तूता धरना स्थल पर समायोजन की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए थे। इसके साथ ही 12 दिन बाद भी सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर शिक्षकों ने जल सत्याग्रह शुरू कर दिया था। लेकिन इस संबंध में अब लोक शिक्षण संचालनालय ने सहायक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

### रिपोर्ट — एडीआर व नेशनल इलेक्शन वॉच ने दी जानकारी

# चंद्रबाबू नायडू सबसे अमीर मुख्यमंत्री, 931 करोड़ संपत्ति

**हैदराबाद, 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जिनकी कुल संपत्ति 931 करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहीं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर सबसे ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट के जरिए सामने आई है।**

*यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच ने जारी की है। इसमें देश के 31 वर्तमान मुख्यमंत्रियों के हलफनामे का विश्लेषण किया गया है, जो उन्होंने अपने पिछले चुनाव लड़ने से पहले दाखिल किए थे। अपने पिछले चुनाव लड़ने से पहले मुख्यमंत्रियों द्वारा दायर हलफनामे से निकाले गए आंकड़ों के अनुसार, चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये के साथ सबसे गरीब हैं। वहीं, सभी 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपए है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रति मुख्यमंत्री औसतन 52.59 करोड़ रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां 2023-2024 के लिए भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई लगभग 1,85,854 रुपए थी, वहीं एक मुख्यमंत्री की औसत आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है।*

***पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर***

*अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया 51 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रिपोर्ट यह भी बताती है कि पेमा खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपए का कर्ज है। वहीं, सिद्धारमैया पर 23 करोड़ रुपए और चंद्रबाबू नायडू पर 10 करोड़ रुपए का कर्ज है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपए की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे गरीब हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।*

### 15 लाख रुपए के साथ ममता सबसे गरीब मुख्यमंत्री

*आपराधिक मामलों की बात करें तो 31 में से 13 मुख्यमंत्रियों ने खुद पर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। इनमें से 10 मुख्यमंत्रियों पर गंभीर अपराध जैसे हत्या का प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और धमकी के मामले हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर सबसे ज्यादा 89 मामले दर्ज हैं, जिनमें 72 गंभीर हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन पर 47 मामले हैं, जिनमें 11 गंभीर हैं।*

# देश

**उवाच**

नीतीश कुमार के एनडीए और भाजपा से ताजा नाराजगी के बीच बिहार में नौकरी के प्रकाशित विज्ञापन सभी राजनीतिक व्यक्तियों के लिए इशारा है कि नीतीश कुमार की सरकार में भाजपा और एनडीए की नो एंट्री हो गई है।

–राजेश राठौड़, बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 13.0 | 06.0 |
| मुंबई | 30.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 11.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 23.0 |

# मोदी सरकार में गरीब-वंचित हैं मनुवाद के दंश से पीड़ित : कांग्रेस

## मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार को बताया संविधान विरोधी

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार को संविधान विरोधी बताते हुए कहा है कि उसके शासन में दलित, आदिवासी, पिछड़े तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार अत्याचार हो रहे हैं और गरीब तथा वंचितों को मनुवाद का दंश झेलना पड़ रहा है। खरगे कहा कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है।

गरीबों तथा वंचितों के साथ हाल की घटनाओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी जाती है और ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है। हरियाणा के भिवानी में दलित छात्रा को बीए परीक्षा की फीस न भर पाने पर आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है तो महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी गर्भवती महिला को आईसीयू की तलाश में 100 किलोमीटर जाना पड़ता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में तीन दलित परिवार पलायन के लिए मजबूर किए जाते हैं क्योंकि उन पर जातिसूचक हमले होते हैं और पुलिस मौन रहती है।



अमित शाह अंबेडकर का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है : **मल्लिकार्जुन खरगे**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में बाईक सवार दलित दो चचेरे भाइयों पर गांव के ही दबंग प्रधान पुत्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों से उस समय हमला बोल दिया जब वह बाल कटवाकर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। घटना को अंजाम देकर जहां सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान एक दलित युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे का उपचार अस्पताल में जारी है। दरसअल घटना खतौली कोतवाली क्षेत्र स्थित पलड़ी गांव की है। जहां मंगलवार को बाइक सवार दलित दो चचेरे भाई सन्नी और शीलू खतौली बाजार से बाल कटवाकर अपने गांव को लौट रहे थे इस दौरान गांव के ही दबंग प्रधान रमेश के पुत्र अंकुर ने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों से उन पर हमला बोल दिया।

जिसमें बाइक सवार दोनों चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए घटना को अंजाम देकर सभी आरोपी जहाँ मौके से फरार हो गए तो वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए जहां दोनों घायलों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया तो वही उपचार के दौरान डॉक्टर ने सन्नी नाम के एक युवक को मृत घोषित कर दिया तो वहीं शीलू नाम के युवक का उपचार अस्पताल में जारी है।

### दलित तथा आदिवासी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हर घंटे एक अपराध होता है : कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि दलित तथा आदिवासी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हर घंटे एक अपराध होता है और राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के मुताबिक यह आंकड़े 2014 से दोगुने हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जगजाहिर है कि मोदी सरकार के संविधान-विरोधी राज में दलित, आदिवासी, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक वर्ग के खिलाफ लगातार अत्याचार हो रहे हैं तथा गरीब और वंचित हैं वो मनुवाद का दंश झेल रहें हैं। कांग्रेस पार्टी 140 करोड़ भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होने देगी और भाजपा आरएसएस की संविधान विरोधी सोच का मुकाबला करती रहेगी।

# बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस से निकला धुआं

**मुंबई,**31 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित बेस्ट की एक लीज वाली इलेक्ट्रिक बस की ओवरहेड बैटरी से धुआं निकलने लगा। इसके बाद यात्रियों को बाइकुला इलाके में उतारकर बस को खाली किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। बस मार्ग संख्या-126 पर चल रही थी और जजामाता उद्यान की ओर जा रही थी। घटना मंगलवार दोपहर करीब 1.15 बजे बाबासाहेब आंबेडकर रोड पर हुई। एक सूत्र ने बताया कि हो सकता है कि बस किसी निर्माणाधीन पुल के ऊपरी हिस्से से टकराई हो। लेकिन धुएं की सही वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि बस का निर्माण ओलेक्ट्रा ने किया था। इस महीने की शुरुआत कुर्ला में एक बड़ा बस हादसा हुआ था। इस बस का निर्माण भी इसी कंपनी ने किया था। बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) अपनी ज्यादातर ई-बसें निजी ठेकेदारों से वेट-लीज आधार पर किराए पर लेती है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि एक फोन कॉल आने के बाद दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। अधिक जानकारी का इंतजार था।

**सुरक्षित बाहर निकाले गए सभी यात्री**

# मध्य प्रदेश के उज्जैन में सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मृत्यु

**भोपाल,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। उज्जैन से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित महिदपुर तहसील में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। साथ ही 14 लोग घायल हो गए। हादस पिकअप के पलटने से हुआ। सभी लोग पिकअप में सवार थे और श्रमिक बताए जा रहे हैं। मटर तोड़ने के लिए लिए खेत जा रहे थे। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। उसके पहले ही ग्रामीणों ने पिकअप के नीचे दबे मजदूरों को जेसीबी के माध्यम से पिकअप हटाकर बाहर निकाल लिया था। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह पिकअप में सवार होकर 24 श्रमिक महिदपुर तहसील से मटर तोड़ने के लिए रतलाम जा रहे थे। तभी डेलची गांव में सुबह करीब 8:30 बजे स्पीड तेज होने के चलते पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलटी खा गया। हादसे में काफी श्रमिक पिकअप के नीचे दब गए। गनीमत रही कि जल्द से जल्द क्षेत्र के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को बचाने के प्रयास शुरू कर दिए। जेसीबी की मदद से पिकअप को सीधा करवाने के साथ ही यहां फंसे मजदूरों को अस्पताल भिजवाने में मदद भी की। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से गंभीर घायलों को उज्जैन जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जबकि अन्य घायलों का उपचार महिदपुर अस्पताल में जारी है।



**पिकअप के पलटने से हुआ हादसा**

### मुख्यमंत्री ने मजदूरों की मृत्यु पर जताया दुख

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन जिले के ग्राम डेलची-बुजुर्ग के समीप मजदूरों को रतलाम ले जा रहे पिक अप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई तीन मजदूरों की असामयिक मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने जिला प्रशासन उज्जैन को मृतकों के परिजन को नियमानुसार आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजन को इस गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने और घायलों को पूर्णत: शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## सार संक्षेप

### मनोज श्रीवास्तव बने मप्र राज्य के निर्वाचन आयुक्त

**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव मध्य प्रदेश के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस संबंध में मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से विधिवत आदेश जारी कर दिया गया। श्रीवास्तव नई जिम्मेदारी एक जनवरी 2025 को यानी बुधवार को संभाल लेंगे। उनका कार्यकाल अधिकतम छह वर्ष या 66 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक रहेगा। इसके पहले श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य पद से त्यागपत्र दिया, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया।

### गुजरात के 'वीर मेघमाया' पर स्मारक डाक टिकट जारी

**अहमदाबाद।** गुजरात के बलिदानी संत 'वीर मेघमाया' पर भारतीय डाक विभाग ने मंगलवार को स्मारक डाक टिकट जारी किया। उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने वीर मेघमाया विश्व मेमोरियल फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर के चेयर मैन एवं पूर्व सांसद डॉ. किरीट सोलंकी एवं निदेशक डाक सेवाएं मीता बेन संग उक्त डाक टिकट क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद में आज जारी किया। पांच रुपए का यह डाक टिकट और इसके साथ जारी प्रथम दिवस आवरण और विवरणिका देश भर के डाकघरों में स्थित फिलेटलिक ब्यूरो में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### मेरे खिलाफ अभियान चला रही भाजपा : प्रियांक खरगे

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मंगलवार को कहा कि भाजपा एक ठेकेदार सचिन पंचाल की आत्महत्या के मामले में उनके खिलाफ अभियान चला रही है। इन अभियानों में सबूतों की कमी है। प्रियांक की ओर से बयान तब सामने आया, जब भाजपा ने उनके खिलाफ कलबुर्गी जिले में पोस्टर लगाए। इन पोस्टरों में ठेकेदार की आत्महत्या को प्रियांक से जोड़ा गया है।

### श्रीरंगम मंदिर में 'पागल पाथु' उत्सव शुरू

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के श्रीरंगम में विश्व प्रसिद्ध श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, 108 'दिव्यदेशम' (भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर) में मंगलवार को 'पागल पाथु' उत्सव धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हुआ। बताया गया कि यह 108 दिव्यदेशों में प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण मंदिर है। जुलूस के देवता 'भगवान नामपेरुमल' 'पांडियन क्राउन' से सजे हुए और रत्नों और कीमती पत्थरों से जड़ित कवच पहने हुए, मंदिर के पुजारियों और वैदिक विद्वानों द्वारा कृष्ण यजुर्वेद और अन्य वैदिक भजनों के पाठ के बीच एक सुनहरी पालकी पर सुबह मंदिर परिसर के अंदर अर्जुन मंडपम

# जम्मू-कश्मीर में इस साल 75 आतंकियों को मार गिराया गया

**जम्मू,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में इस साल अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने 75 आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें से ज्यादातर विदेशी थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस साल (2024 में) सुरक्षा बलों ने अलग-अलग आतंकवाद विरोधी अभियानों में 75 आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें 45 पाकिस्तानी थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों में स्थानीय आतंकवादियों की भर्ती लगभग शून्य है और इस साल 75 आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें 45 पाकिस्तानी मूल के थे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी पाकिस्तान भारतीय सीमा में आतंकवादियों को जम्मू-कश्मीर में घुसाने की हरसंभव कोशिश कर रहा है, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके सभी नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से दिसम्बर के बीच सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के अलावा विभिन्न मुठभेड़ों और अभियानों में 75 आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अभी भी आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में आतंकवादियों को भेजने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सतर्क सुरक्षा बलों ने उन्हें सफलतापूर्वक खत्म कर दिया है। कुल 75 में से 17 आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से घुसपैठ की कोशिश करते हुए मारे गए। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नौ मुठभेड़ों में सबसे अधिक 14 पाकिस्तानी आतंकवादी बारामुल्ला में मारे गए हैं।



# नकारात्मक राजनीति करती है भाजपा : अखिलेश यादव

## विपक्ष की छवि खराब करने की साजिश रचने का लगाया आरोप

लखनऊ, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नकारात्मक राजनीति करती है और विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए साजिश और षड्यंत्र करती है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान, नौजवान, गरीब, मध्यम वर्ग सब परेशान हैं।

इस सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था खराब कर दिया और कानून व्यवस्था ध्वस्त है। राज्य में कहने के लिए डबल इंजन की सरकार है, लेकिन भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी अपने चरम पर है, जिससे राज्य की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर जाना और समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है। भाजपा सरकार और इसके मुख्यमंत्री का कोई विजन नहीं है। भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग करती है।



किसान, नौजवान, गरीब, मध्यम वर्ग सब परेशान हैं : **अखिलेश यादव**

अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि संभल की घटना भाजपा सरकार ने जानबूझकर करायी है। संभल में प्रशासन ने निर्दोष लोगों की जान ली। प्रशासन और अधिकारी दबाव में काम कर रहे है। भाजपा सरकार फर्जी खबरों को बढ़ावा देती है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए दूसरों की छवि खराब करने का अभियान चलाती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बहुत षडयंत्रकारी पार्टी है। यह किसी की सगी नहीं है। इस की हर रणनीति चालाकी भरी रहती है, मौका मिलते ही अपना रंग दिखाती है। यादव ने कहा कि भाजपा जमीन पर कोई कार्य नहीं करती है। काम के बजाय सिर्फ उसका प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि 2013 में समाजवादी पार्टी की सरकार में महाकुंभ का सफल आयोजन किया गया था। समाजवादी सरकार में हुए महाकुंभ की देश के साथ विदेश में भी सराहना हुई थी।

### कुंभ को लेकर पूरी नहीं हो पाई तैयारी

इस बार कुंभ का पहला स्नान 13 जनवरी 2025 को है, लेकिन अभी तैयारी पूरी नहीं हो पाई। असुविधा और अव्यवस्था की भरमार है। महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन के साथ भी भाजपा सरकार खिलवाड़ कर रही है। इस सरकार का फोकस महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए सुविधा और सहूलियत मुहैया कराने के बजाय अपने प्रचार पर है। यादव ने कहा कि महाकुंभ एक पवित्र आयोजन है। यहां देश दुनिया के करोड़ों लोग बिना निमंत्रण और आमंत्रण के आते है और संगम में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। महाकुंभ में आने वाला हर श्रद्धालु बराबर होता है। भाजपा इसमें भी खास और आम बनाकर भेदभाव कर सामाजिक दूरी करने से बाज नहीं आ रही है।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने तक तेजस्वी यादव चुप नहीं बैठेंगे : राजद

**पटना,**31 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अभ्यर्थियों को जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तब तक नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव चुप नहीं बैठेंगे। सिंह ने मंगलवार को प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, मधु मंजरी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ जिस तरह से अन्यायपूर्ण व्यवहार और पुलिसिया दमन और अत्याचार की घटना हो रही है, यह राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन और चिंता का विषय बन गया है और इस मामले पर तेजस्वी छात्रों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। सिंह ने कहा कि जब बीपीएससी अभ्यर्थी सत्याग्रह पर थे तो उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। उनकी एक सूत्री मांग है कि पुर्न-परीक्षा ली जाए, लेकिन न तो बीपीएससी और न ही बिहार सरकार उनकी सुन रही है। जब इन लोगों ने तेजस्वी से आग्रह किया कि आप हमारे साथ आएं तो अभ्यर्थियों के चिंता और उनके मांगों के समर्थन में तेजस्वी कटिहार से चलकर कड़ाके की ठंड में रात्रि में ही गर्दनीबाग धरना स्थल पर आए।



■ बिहार सरकार नहीं सुन रही दुबारा परीक्षा कराने की मांग

### मामले पर नीतीश पूरी तरह से अचेत अवस्था में

शक्ति सिंह यादव ने कहा कि इस मुद्दे को तेजस्वी ने जनमानस का मुद्दा बनाने का और छात्रों के हित में जो आवाजें बुलंद की उसका असर दिल्ली तक सुनाई दे रहा है लेकिन इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह से अचेत अवस्था में हैं। राजद नेताओ ने कहा कि बेबी प्रोजेक्ट और सत्ता शिखंडी ने मामले को भटकाने के लिए सत्ता प्रतिष्ठान के इशारे पर आन्दोलनकारियों को गर्दनीबाग से गांधी मैदान लाकर उन्हें पिटवाने का काम किया और आन्दोलन को राजनीति का शिकार बनाने का प्रयास किया।

# केरल को मिनी-पाकिस्तान बताना निंदनीय : विजयन

**तिरुवनंतपुरम,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को महाराष्ट्र के मंत्री की राज्य को 'मिनी पाकिस्तान' बताने वाली टिप्पणी की निंदा की। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश नारायण राणे की अपमानजनक टिप्पणी जिसमें केरल को मिनी-पाकिस्तान कहा गया है, बेहद दुर्भावनापूर्ण और पूरी तरह से निंदनीय है। इस तरह की बयानबाजी धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव के गढ़ केरल के खिलाफ संघ परिवार द्वारा चलाए गए घृणा अभियान को दर्शाती है। विजयन ने कहा हम केरल पर इस वीभत्स हमले की कड़ी निंदा करते हैं और सभी लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ताकतों से संघ परिवार के घृणित प्रचार के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करते हैं। इससे पहले केरल को 'मिनी पाकिस्तान' बताने वाले नितेश राणे ने कहा था कि केरल में हिंदू आबादी कम हो रही है, जहां लव जिहाद के मामले बढ़ रहे हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए लागू होंगी नई योजनाएं : सूर्यवंशी

**भुवनेश्वर,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री सूरज सूर्यवंशी ने नए साल के लिए राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के एजेंडे को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। मंत्री सूरज सूर्यवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री उषा बजट में उच्च शिक्षा विभाग के लिए घोषित आवंटन ओडिशा के लिए नए साल का तोहफा है। हम इस बजट के तहत अगले वर्ष से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को पूरी तरह से लागू करेंगे। इसके अलावा, हम विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कौशल विकास, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू करेंगे।



यह कदम छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अहम रहेगा। कॉलेज यूनियन चुनाव आयोजित करने की मुख्यमंत्री की हालिया घोषणा का स्वागत करते हुए सूरज सूर्यवंशी ने इसे भी शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। आने वाले समय में ओडिशा में शिक्षा को और सशक्त बनाने के लिए कई अन्य योजनाएं और कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। यह कदम राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षक भर्ती से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी हम इस बार करेंगे। इसके साथ ही छात्रों के लिए आत्मरक्षा, कौशल विकास और मानसिक सशक्तिकरण के लिए एक योजना भी शुरू करने जा रहे हैं। कई योजनाओं को लागू कर दिया जाएगा, जिसका 2025 के आगामी शैक्षिक वर्ष से छात्रों को पूरा लाभ मिलेगा।

**चिंता** *नववर्ष पर मां वैष्णो देवी का आशीर्वाद पाने की चाहत रखने वालों में दिखी मायूसी*

# हड़ताल के कारण कई श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा की रद्द

**जम्मू, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। साल के अंतिम दिन वैष्णो देवी आकर नववर्ष पर मां का आशीर्वाद पाने की चाहत रखने वाले वे हजारों श्रद्धालु मायूस जरूर हो रहे हैं जिन्होंने पिछले सात दिनों से कटड़ा में रोपवे के मुद्दे पर चल रही हड़ताल के कारण अंतिम समय पर अपने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया था। पर इतना जरूर था कि इन तकलीफों को भी झेलने के बाद कटड़ा पहुंच रहे श्रद्धालु उत्साहित जरूर हैं।**

रोपवे के मुद्दे पर हड़ताल और बंद को अब एक जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। श्राइन बोर्ड के अधिकारी जहां तक की अब उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी इस मुद्दे में कदम पीछे हटाने से इनकार करते हुए कहा है कि रोपवे तो बनकर ही रहेगा पर प्रभावित लोगों से बात की जा सकती है। हजारों श्रद्धालु नए साल के मौके पर माता के दरबार में हाजिरी देने पहुंचे हैं। हालांकि हड़ताल के कारण कई श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। यह भी सच्चाई है कि सात दिनों से चल रही हड़ताल के कारण यात्रा में आने वालों का आकंड़ा जबरदस्त ढलान पर है और संघर्ष समिति के नेताओं के साथ सरकारी तौर पर कोई बातचीत का सिलसिला भी शुरू नहीं हो पाया है। संघर्ष समिति के सदस्य रोपवे के कार्य को रोकने के साथ ही अब दोमेल से कटड़ा तक बन रहे 6 लेन के राजमार्ग के काम को भी स्थगित करने की मांग इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि यह वन संपदा को नुक्सान पहुंचाने के साथ साथ बस स्टैंड को स्थानांतरित करने की बात करता है जो हजारों कटड़ावासियों के पेट पर कुठाराघात की तरह है। हड़ताल के 1 जनवरी तक बढ़ा दिए जाने के उपरांत भी इसके जल्द समाप्त जाने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। दरअसल 31 दिसम्बर और 1 जनवरी के दो दिनों में ही पूरे वर्ष में सबसे ज्यादा श्रद्धालु आते हैं। इन दिनों यात्रा 50 हजार प्रतिदिनन के बीच रहती है, लेकिन पिछले 7 दिन से बंद व हड़ताल से यात्रा का प्रतिदिन आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच चल रहा है। हालांकि बंद के बावजूद आने वाले श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। इस बीच, हिरासत में लिए गए संघर्ष समिति के सदस्यों को रिहा करने की मांग को लेकर कटड़ा मुख्य बस स्टैंड पर स्थानीय आठ युवाओं की भूख-हड़ताल जारी है और अन्य लोग उनके समर्थन में बैठे हैं। अब संघर्ष समिति के उन सदस्यों के परिवार भी मैदान में कूद गए हैं जिन्हें पुलिस ने 7 दिनों से हिरासत में लिया हुआ है और कथित तौर पर उनसे किसी को मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के त्रिकुटा पहाड़ियों में प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ कटड़ा जो माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है, जहां 7वें दिन भी हड़ताल जारी रही रहा। हड़ताल के समर्थन में आठ युवाओं ने उपवास रखा हुआ है, जो कटड़ा में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए 18 लोगों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इन युवाओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मेडिकल चेकअप किया।



■ रोपवे मुद्दे पर कटड़ा में सातवें दिन रही हड़ताल

# दुनिया रंग-बिरंगी

**सोशल मीडिया के रिस्क को उजागर करता है 'स्वाइप क्राइम' : निहाल निश्चल**

**मुंबई।** अभिनेता निहाल निश्चल ने डेटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया को लेकर बढ़ती चिंताओं पर अपने विचार साझा किए। अभिनेता ने इनसे होने वाले जोखिमों पर भी प्रकाश डाला और फैंस को सतर्क भी किया। सीरीज 'स्वाइप क्राइम' में अपनी भूमिका के बारे में एक्टर ने बात की। निहाल ने ऑनलाइन डेटिंग के डार्क साइड और डिजिटल कनेक्शन के संभावित खतरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शो का उद्देश्य इन मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दर्शकों से इस दुनिया में अधिक सतर्क रहने को लेकर सतर्क भी किया। उन्होंने कहा कि डेटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया अब हर किसी के जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। यह आज के समाज की वास्तविकता है।

चूहों पर किए गए प्रीक्लिनिकल अध्ययन में खुलासा

## एस्ट्रोजन महिलाओं को शराब का बना सकता है आदी



- महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में शराब का किया अधिक सेवन
- महिलाओं में अत्यधिक शराब की प्रवृत्ति बढ़ाता है एस्ट्रोजन का उच्च स्तर

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। चूहों पर किए गए एक प्रीक्लिनिकल अध्ययन में सोमवार को सामने आया कि एस्ट्रोजन का बढ़ा स्तर महिलाओं को शराब का आदी बना सकता है। वेइल कॉर्नेल मेडिसिन के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में एक प्रीक्लिनिकल अध्ययन के अनुसार, महिला सेक्स हार्मोन एस्ट्रोजन महिलाओं के शराब सेवन की प्रवृत्ति को कंट्रोल करता है।

नेचर कम्युनिकेशन्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा हुआ है कि एस्ट्रोजन का उच्च स्तर महिलाओं में अत्यधिक शराब की प्रवृत्ति बढ़ाता है और ये खोज उनके बर्ताव को समझने में मदद कर सकता है।

विश्वविद्यालय में फार्माकोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर और वरिष्ठ लेखक डॉ. क्रिस्टन प्लील ने कहा कि महिलाओं में शराब पीने के व्यवहार के पीछे क्या कारण है, इसके बारे में हम बहुत कम जानते हैं, क्योंकि शराब के सेवन के अधिकांश अध्ययन पुरुषों पर किए गए हैं।

फिर भी हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में शराब का अधिक सेवन किया है। प्लील ने कहा कि इस अत्यधिक सेवन के कारण वे पुरुषों की तुलना में शराब के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती हैं।

विशेषज्ञ ने कहा कि कई अध्ययनों से पता चलता है कि शराब पीने की आदत शराब के हानिकारक प्रभावों को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि इन निष्कर्षों से महिलाओं में शराब सेवन विकार के उपचार के लिए नए तरीके खोजे जा सकते हैं।टीम ने एस्ट्रोजन की संभावित भागीदारी का आकलन करने के लिए, सबसे पहले मादा चूहों के ओस्ट्रस चक्र (महिलाओं में मासिक धर्म चक्र के समान) के दौरान हार्मोन के स्तर की निगरानी की और फिर उन्हें शराब दी।

नतीजों से पता चला कि महिलाओं में सर्कुलेटिंग (परिसंचारी) एस्ट्रोजन का उच्च स्तर उन्हें उन दिनों की तुलना में बहुत अधिक शराब पीने के लिए प्रेरित करता है, जब उनका एस्ट्रोजन कम होता है। डॉ. क्रिस्टन प्लील ने बताया कि जब एक फीमेल शराब की बोतल से पहला घूंट लेती है, तो उसके न्यूरॉन्स बेकाबू हो जाते हैं। अगर वह उच्च-एस्ट्रोजन अवस्था में हो, तो वे और भी ज्यादा बेकाबू हो जाते हैं। उन्होंने अध्ययन के आधार पर बताया कि अतिरिक्त न्यूरल गतिविधि का असर चूहों पर दिखा। स्पष्ट हुआ कि जब एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ा तो उन्होंने शराब का अधिक सेवन किया। खासतौर पर शराब शुरुआती 30 मिनट के भीतर यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी।

## नया साल



## जश्न में सोसाइटियों में मनाया गया उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नए साल का जश्न सोसाइटियों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सोसायटीज में बॉनफायर के साथ ही डीजे पर लोग जमकर थिरके। लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टे सोसायटी ने 'नववर्ष शुभारंभ उत्सव' के साथ नए साल का शानदार स्वागत किया। दो दिवसीय आयोजन क्लब रिट्रीट में हुआ, जहां दर्शकों ने फैशन, डांस, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। टैलेंट हंट, बच्चों के लिए विशेष गतिविधियां की गईं और शॉपिंग जोन ने हर आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित किया। शाम को डीजे के शानदार म्यूजिक ट्रैक्स ने सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया। आयोजक सुप्रिया पांडे व अशोक चौधरी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को मनोरंजन और खुशी के साथ जोड़ना था। फैशन शो, ग्रुप डांस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एसकेए मेट्रोविले और ग्रीनआर्क सोसायटी में लोगों ने जमकर मस्ती की। इस दौरान डीजे पर डांस के साथ ही बॉनफायर के दौरान लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। उधर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ सिटी मॉल में भी लोगों ने नए साल का जश्न मनाया। डिस्को से लेकर रेस्टोरेंट्स तक में म्यूजिक और शानदार पकवानों का आनंद लोगों ने लिया। मॉल को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए सजाया गया था। सैकड़ों की संख्या में लोग यहां घूमते नजर आए।



## डीएसपी रंजन कुमार ने पेश की मानवता की मिसाल



- घायल बच्चे को पहुंचाया अस्पताल

**मोतिहारी,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। आमतौर पर पुलिस का नाम आते ही कड़क आवाज और रौबदार चेहरे का एहसास होता है, जो समाज से अक्सर दूर रहता हो। लेकिन, पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज के डीएसपी ने पुलिस के रूप में एक अनोखी तस्वीर पेश की है। दरअसल, डीएसपी रंजन कुमार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क हादसे में घायल एक माह के बच्चे और उसके परिजनों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। स्थानीय लोग भी पुलिस उपाधीक्षक के इस कदम की जमकर सराहना कर रहे हैं।

बताया गया कि अरेराज के दामोदरपुर निवासी जयप्रकाश शुक्ला अपनी पत्नी अमरीता देवी और छोटी पुत्री के साथ इलाज करवाने मोतिहारी गए थे। मोतिहारी से अपने एक माह के बच्चे का इलाज कराकर वापस घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार पशुरामपुर चौक के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में सभी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

उसी समय मोतिहारी से अरेराज के डीएसपी रंजन कुमार वापस लौट रहे थे। उन्होंने कार में घायलों को देखा। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और घायलों को बाहर निकाला। एक भाड़े की गाड़ी का इंतजाम कर सभी को एबी अस्पताल, बोरिंग चौक पहुंचाया। उन्होंने एक माह के घायल बच्चे को खुद गोद में उठाकर अपने साथ अस्पताल लाए और भर्ती कराया। स्थानीय लोग डीएसपी रंजन कुमार के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा कर रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि उनका मानवीय और तत्परता से भरा यह कार्य पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने का उदाहरण बन गया है।

## माधुरी दीक्षित के लिए यादगार रहा 2024



- बोलीं- 'हर सबक की आभारी'

**मुंबई,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। साल 2024 खत्म होने को है और सितारे साल 2025 का स्वागत बाहें फैलाकर करने को तैयार हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के लिए 2024 कभी न भूल पाने वाला साल है। सोशल मीडिया पर सक्रिय माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर साल की हाइलाइट्स को कैमरे में कैद करते हुए एक वीडियो मोंटाज साझा किया, जिसमें सीखे गए सबक, खुशियों और छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पलों के साथ नजर आईं। उन्होंने उन पलों का आभार जताया, जिन्होंने उनके साल को खुशियों से भर दिया। वीडियो मोंटाज में माधुरी दीक्षित परिवार और दोस्तों के साथ ही शो और फिल्मों के शूटिंग सेट पर मस्ती करती नजर आईं। क्लिप को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कि हर सीख, खुशी और छोटे पल के लिए आभारी हूं, जिसने 2024 को यादगार बनाया। नया साल मुबारक।

वीडियो के साथ अभिनेत्री ने अमेरिकी अभिनेता, गायक-गीतकार जो कीरी के गाने 'एंड ऑफ बिगिनिंग' को भी जोड़ा। माधुरी सोशल ने हाल ही में पति डॉ. श्रीराम नेने के एक वीडियो को रीपोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, 'अपने आप को परिवार और दोस्तों के साथ रखें और खुशियां आएंगी। मजबूत रिश्ते एक खुशहाल जीवन का रहस्य हैं। इसलिए इस विकेंड अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और तनाव मुक्त रहें।' दीक्षित हाल ही में अनीस बज्मी की 'भूल भुलैया 3' में नजर आई थीं।

## विदेशी ग्रामीण इलाके में परिवार के साथ समय बिताती कैमरे में कैद हुईं सोनम कपूर



**मुंबई,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर नए साल का जश्न खास अंदाज में मनाने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री न्यू ईयर पर परिवार और बढ़िया खाने के साथ विदेशी ग्रामीण इलाके में बिता रही हैं, जिसकी झलक उन्होंने दिखाई। पिछली बार मूवी 'ब्लाइंड' में नजर आईं सोनम कपूर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ कनेक्ट रहने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देतीं।

सोनम ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह खाने के टेबल के पास बैठी हैं। दूसरी तस्वीर में बहन रिया कपूर के साथ पोज देती नजर आईं।

रिया ने भी कई तस्वीरें अपने पेज पर शेयर कीं। सोनम कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अपकमिंग फिल्म 'बैटल फॉर बिटोरा' में दिखाई देंगी। फिल्म अनुजा चौहान की इसी नाम की किताब पर आधारित है। साल 2010 में पब्लिश उपन्यास पर बन रही फिल्म में सोनम कपूर लीड रोल में दिखाई देंगी।

जानकारी के अनुसार, सोनम की बहन रिया कपूर ने पुस्तक के फिल्म अधिकार हासिल कर लिए हैं और इस प्रोजेक्ट का निर्माण अनिल कपूर फिल्म्स कंपनी बैनर करेगा। फिल्म एक एनीमेशन स्पेशलिस्ट की कहानी बताती नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े अपडेट्स को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट आने बाकी हैं।

## फिल्म की सफलता के लिए स्क्रिप्ट कितनी जरूरी : असीम अरोड़ा

**मुंबई,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्मों के लिए साल 2024 मिला-जुला रहा। 'स्त्री 2', 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3' जैसी फिल्मों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, वहीं 'जिगरा', 'खेल खेल में' और 'मैदान' जैसी फिल्में छाप छोड़ने में विफल रही। इसी बीच, 'द साबरमती रिपोर्ट' के लेखक असीम अरोड़ा ने लेखन को लेकर बात की। इस बारे में पूछे जाने पर 'द साबरमती रिपोर्ट' के लेखक असीम अरोड़ा ने कहा कि हमें 'दंगल', 'पठान', 'थ्री इडियट्स', 'रंग दे बसंती' और 'भाग मिल्खा भाग ' जैसी गुणवत्तापूर्ण मास फिल्मों के रास्ते पर आत्मविश्वास से चलना चाहिए और ऐसी फिल्मों का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बहुत अच्छा कर रहे थे और दर्शक, बॉक्स ऑफिस सब बढ़िया चल रहे था। हमें आने वाले साल में भी इसी तरह आगे बढ़ना चाहिए।

असीम अरोड़ा ने बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड की हालिया कमाई में कमी पर भी अपनी राय जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस बात से सहमत हूं कि महामारी (कोविड) से पहले की बहुत सी ऐसी रचनाएं हैं, जो कारगर नहीं रहीं। क्योंकि महामारी के दौरान दर्शकों को अलग-अलग तरह की कहानियां सुनने को मिली। रीमेक भी इसी वजह से कामयाब नहीं हो रहे हैं। मेरा मानना है कि हम इस दौर से और भी मजबूती से उभरेंगे। लेखक ने आगे बताया कि उनके अनुसार एक ऐसी फिल्म जिस पर हमें न सिर्फ गर्व होना चाहिए बल्कि उससे सीखना भी चाहिए और वह है शाहरुख खान की 'पठान'। अपनी हालिया रिलीज 'द साबरमती रिपोर्ट' के बारे में बात करते हुए असीम अरोड़ा ने कहा कि फिल्म की आलोचनात्मक और व्यावसायिक सफलता से खुश और आश्वस्त होने की बात कही। उन्होंने कहा कि एकता कपूर के साथ काम करना एक मजेदार अनुभव रहा। मुझे पक्का पता था कि उनके साथ सह-निर्माता बनने से यह सुनिश्चित होगा कि प्रोडक्ट सुरक्षित हाथों में है और मुझे निर्माण में पर्याप्त भूमिका मिलेगी। असीम अरोड़ा ने अपने प्रोडक्शन हाउस मोरल ऑफ द स्टोरी के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा कि मैं 2025 में एक निर्माता के रूप में और आगे बढ़ना चाहता हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि एक स्क्रिप्ट दर्शकों को पसंद आए। मुझे लगता है कि यह एक सफल निर्माता का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। मशहूर लेखक आनंद एल राय ने हाल ही में फिल्म निर्माण के बारे में बात की थी।

## फक्कर के साथ धूम मचाने के लिए तैयार हैं सिंगा

**मुंबई,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। पंजाबी सनसनी सिंगा अपनी प्रोडक्शन कंपनी बॉस बॉय प्रोडक्शन के तहत बनाई गई अपनी पहली फिल्म फक्कर के साथ डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंगा, एक गायक, गीतकार, अभिनेता, लेखक, संगीतकार, निर्माता, और निर्देशक के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। सिंगा फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। 2025 में कदम रखते हुए, सिंगा अपनी प्रोडक्शन कंपनी बॉस बॉय प्रोडक्शन के तहत बनाई गई अपनी पहली फिल्म फक्कर के साथ डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी पूरी रचनात्मकता का इस्तेमाल किया है, इसे खुद लिखा, निर्देशित और परिकल्पित किया है।सिंगा 2025 को अपने करियर का एक निर्णायक साल मानते हैं। उनका कहना है कि, जबकि पंजाबी सिनेमा कॉमेडी के लिए जाना जाता है, उन्होंने कुछ ऐसा बनाने की चाह रखी जो सच में अनोखा और प्रभावशाली हो, इसका परिणाम है फक्कर। सिंगा ने कहा, फिल्म में दर्शकों के लिए एक गहरा संदेश है और मैं चाहता हूं कि फक्कर 2025 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बने। मैंने इस फिल्म में अपना दिल और जान लगा दिया है। मैं चाहता हूं कि यह पूरे भारत में गूंजे, ठीक वैसे ही जैसे दक्षिण भारतीय फिल्मों ने सिनेमा को फिर से परिभाषित किया है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह मेरा सपना है, एक दृष्टि है जिसे मैंने कड़ी मेहनत से साकार किया है। सिंगा ने कहा कि जहां मैं अपनी फिल्म फक्कर पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, वहीं मैंने बैकग्राउंड में कुछ शानदार म्यूजिक प्रोजेक्ट्स पर भी काम किया है।

## अनुपम खेर की दोस्ती पाकर धन्य हुए विवेक रंजन



**मुंबई,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'द कश्मीर फाइल्स' के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर अनुपम खेर के साथ पोस्ट शेयर कर खुद को धन्य बताया। निर्देशक ने बताया कि खेर साहब न केवल एक बेहतरीन अभिनेता, बल्कि बेहतरीन इंसान भी हैं। 'द दिल्ली फाइल्स' की शूटिंग में व्यस्त विवेक रंजन अग्निहोत्री सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और अक्सर विभिन्न मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं। अपने खास दोस्त अनुपम खेर के साथ सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा कि खेर साहब सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक ऐसे दोस्त हैं जो परिवार की तरह हैं। चाहे ऑनस्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन, आपकी गर्मजोशी और समझदारी हर पल को कभी ना भूलने वाला बना देती है। मैं वाकई धन्य हूं कि आप मेरे साथ हैं!

शेयर की गई तस्वीरों में अनुपम खेर और विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ निर्देशक की पत्नी और निर्माता पल्लवी जोशी भी दिखाई दीं। विवेक रंजन और अनुपम खेर 'द कश्मीर फाइल्स' और 'द वैक्सीन वॉर' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विवेक रंजन की अपकमिंग फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' में भी अनुपम खेर नजर आएंगे। 'द दिल्ली फाइल्स द बंगाल चैप्टर' का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है। फिल्म की निर्माता अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी हैं।

वर्ष 2024 में फिल्म

## संगीत व मनोरंजन जगत की कई अजीम शख्सियतों ने कहा अलविदा




**मुंबई,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। फिल्म, संगीत और मनोरंजन जगत के लिए वर्ष 2024 ऐसे तो कई मायनों में कई उपलब्धियों भरा वर्ष साबित हुआ, लेकिन श्याम बेनेगल, जाकिर हुसैन, प्रभा अत्रे, अमीन सयानी, पंकज उधास, शारदा सिन्हा, कुमार साहनी समेत कई अजीम शख्सियतों के चले जाने से एक ऐसा रिक्त स्थान हो गया जिसकी कमी शायद हीं कभी पूरी हो सके।

भारतीय सिनेमा जगत के महान फिल्मकार दादा फाल्के से सम्मानित श्याम बेनेगल का 23 दिसम्बर को निधन हो गया। उन्होंने न सिर्फ समानान्तर सिनेमा को पहचान दिलायी बल्कि स्मिता पाटिल, शबाना आजमी और नसीरउद्दीन साह समेत कई सितारों को फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित किया।श्याम बेनेगल ने अपने करियर की शुरूआत बतौर कॉपीराइटर मुंबई की विज्ञापन एजेंसी से की। वर्ष 1962 में श्याम बेनेगल ने अपनी पहली डाक्यूमेंट्री फिल्म गुजराती में बनायी। श्याम बेनेगल ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर निर्देशक वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म 'अंकुर' से की। अपने शानदार करियर में श्याम बेनेगल ने 'भारत एक खोज' और -संविधान' सहित विभिन्न मुद्दों, डॉक्यूमेंट्री और टेलीविजन धारावाहिकों पर फिल्में बनायीं।श्याम बेनेगल को कई बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 1976 में उन्हें पद्मश्री और वर्ष 1991 में पद्म भूषण से सम्म्मानित किया गया। वर्ष 2005 में श्याम बेनेगल भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए गए। विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में 15 दिसम्बर को निधन हो गया। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। उन्हें ग्रैमी अवॉर्ड सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।वर्ष 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें 'ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट' में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इन्विटेशन मिला था।

किराना घराने की प्रमुख गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित प्रभा अत्रे का 13 जनवरी को निधन हो गया।दुनिया भर में शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रभा अत्रे को सात दशक के समृद्ध करियर के दौरान 1990 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2022 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।अपने करियर के आरंभ में उन्होंने कुछ समय के लिए गायन मंच अभिनेत्री के रूप में काम किया, तथा कथक में औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए मराठी रंगमंच के क्लासिक नाटकों में भूमिकाएं निभाईं। अपनी जादुई आवाज और मस्त अंदाज से बरसों दुनिया के कई देशों के श्रोताओं के दिलों पर राज करने वाले अमीन सयानी का 20 फरवरी को निधन हो गया है। रेडियो की दुनिया में आवाज के जादूगर कहे जाने वाले अमीन सयानी देश के ऐसे पहले रेडियो स्टार रहे हैं, जिनका बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी सम्मान करते थे। एक जमाना था जब अपने 'बिनाका गीत माला' कार्यक्रम के माध्यम से आवाज के इस शहंशाह ने अपने नाम और काम की धूम मचा दी थी। रेडियो सुनने का शौक रखने वालों के कानों में आज भी सयानी की आवाज में नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं गूंजता है। अमीन सयानी को 1952 में रेडियो सीलोन पर 'बिनाका गीतमाला' पेश करने का मौका मिला और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यह शो 1952 से 1994 तक 42 वर्षों तक भारी लोकप्रियता हासिल करता रहा। गजल की दुनिया के बेताज बादशाह पंकज उधास का 26 फरवरी को निधन हो गया। पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरूआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म 'कामना' से हुई। उनके मशहूर गानों की लिस्ट में 'जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके', 'चिट्ठी आई है', 'चांदी जैसा रंग है तेरा, सोने जैसे बाल', 'न कजरे की धार, न मोतियों के हार' जैसे गाने शामिल हैं।

## नए साल पर लाइफस्टाइल को लेकर संकल्प कैंसर जोखिम को करेगा कम

**अधिक वजन, कोलोरेक्टल और किडनी कैंसर सहित कई कैंसर का खतरा**

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। 2025 में लाइफस्टाइल को लेकर किया गया रेजोल्यूशन जिंदगी के लिए बूस्टर डोज साबित हो सकता है। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को आपके पास फटकने से रोक सकता है। जीवनशैली को लेकर किए गए छिटपुट बदलाव सेहत के लिए नेमत साबित हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ और अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के मुताबिक भी अच्छे लाइफस्टाइल को अपना कर हम कैंसर रिस्क को कम कर सकते हैं। इससे कुछ कैंसर को बढ़ने से रोका जा सकता है।ग्लोबल कैंसर ऑब्जरवेटरी की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल 1 करोड़ 90 लाख कैंसर केस रिपोर्ट होते हैं। भारत कैंसर के मामलों में तीसरे नंबर पर है। विशेषज्ञों की राय लगभग एक सी है। सब यही मानते हैं कि कैंसर से बचना है तो लाइफस्टाइल को दुरुस्त कीजिए। इसमें आहार भी आता है। क्या हैं वो उपाय जो किसी को भी विभिन्न तरह के कैंसर से बचा सकते हैं? आहार के अलावा और कौन सी आदतें हैं जिन्हें छोड़ अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखा जा सकता है? गुरुग्राम स्थित फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. निरंजन नाइक कहते हैं बैलेंस डाइट, नियमित व्यायाम, तम्बाकू का कम सेवन, शराब से बच और स्मोकिंग को तौबा कह कैंसर रिस्क को कम किया जा सकता है। बड़े बुजुर्ग भी कहते आए हैं 'जैसा अन्न वैसा तन्न'। मतलब साफ है जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए अच्छा आहार जरूरी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अच्छा आहार का मतलब फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से भरपूर आहार होता है। वो इसलिए क्योंकि इनमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और खनिज की मात्रा अच्छी खासी होती है जो कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। एक खास बात का ख्याल रखना होता है। वो ये कि प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और रेड मीट को ज्यादा नहीं खाना चाहिए। प्रोसेस्ड मीट (जैसे, सॉसेज, हॉट डॉग) और रेड मीट के अत्यधिक सेवन का संबंध कोलोरेक्टल और अन्य कैंसर से है। सलाह यही है कि पौधे आधारित खाद्य पदार्थों और लीन प्रोटीन स्रोतों का विकल्प चुना जाए।

ऑन्कोलॉजिस्ट्स की राय है कि वजन को नियंत्रित करना भी जरूरी है। अधिक वजन या मोटापे से स्तन, कोलोरेक्टल और किडनी कैंसर सहित कई कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। संतुलित आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ वजन बनाए रखने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

नियमित व्यायाम से भी कैंसर को रोका जा सकता है। डॉ नाइक के मुताबिक नियमित व्यायाम वजन कंट्रोल करता है, इम्यूनिटी बढ़ाता है और ये सभी कैंसर के जोखिम को कम करते हैं। प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट मध्यम व्यायाम करने का टार्गेट फिक्स कर लेना चाहिए। इसके अलावा दैनिक शारीरिक गतिविधि में थोड़ी सी भी वृद्धि, जैसे कि चलना, बागवानी करना, या सीढ़ियां चढ़ना, समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। अगर कोई ये सोचता है कि धूम्रपान सिर्फ फेफड़ों पर ही अटैक करता है तो वो कुछ हद तक भुलावे में है।



# वार्षिक राशिफल 2025

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

रायपुर बुधवार 01 जनवरी , 2025 | देशबन्धु

## मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )

मेष राशि वाले लोगों के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत अनुकूल रहने की अच्छी संभावना बन रही है। इस वर्ष घर में किसी की शादी हो सकती है। जिन लोगों को संतान प्राप्ति नहीं हुई है, उनके संतान प्राप्ति के योग बन सकते हैं। लव लाइफ की बात करें तो, इस वर्ष की शुरुआत में अच्छे योग बनेंगे और आपकी केमिस्ट्री बेहतर होगी। इस पूरे वर्ष आपको अपनी रिलेशनशिप को इंप्रूव करने पर ध्यान देना होगा। मैरिड लाइफ खुशहाल रहेगी। कपल को एंजॉय करने का पूरा मौका मिलेगा। आपसी बॉन्डिंग बेहतर होगी और एक दूसरे से लाभ भी होगा। वर्ष की शुरुआत में पारिवारिक जीवन में तनाव बढ़ सकता है। इस वर्ष आपके खर्चों की अधिकता रहेगी, जिसका असर आपकी जेब पर दिखाई देगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव दिखाई देगा, लेकिन इस साल आप अच्छा धन कमाने में कामयाब रहेंगे। अभी एक से अधिक काम से आपके पास धन प्राप्ति के रास्ते बनेंगे। इस वर्ष आप कोई बड़ी प्रॉपर्टी भी खरीद सकते हैं, जिससे आपको अच्छा लाभ भी मिलेगा। आप अपनी बातों के जरिए किसी से भी अपना काम निकलवाने में कामयाब रहेंगे। कॅरियर के लिहाज से समय अच्छा रहेगा। बिजनेस में भी अच्छा सपोर्ट मिलेगा। बिजनेस पार्टनर से निकटता बढ़ेगी। बिजनेस में अच्छा लाभ होगा। जॉब करने वाले लोगों को इस वर्ष बड़ी पोस्ट पर काम करने का मौका मिल सकता है और आपको सैलरी में इंक्रीमेंट भी मिल सकता है। इस वर्ष वर्कप्लेस पर कुछ लोग आपके लिए प्रॉब्लम क्रिएट कर सकते हैं, उनकी तरफ से चौकन्ना रहना ही अच्छा होगा। इस वर्ष धार्मिक यात्रा करने के बड़े योग बनेंगे। लंबी यात्रा से आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी और आपका सामाजिक स्तर ऊंचा हो जाएगा।

## सिंह- ( मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू )

सिंह राशि वाले लोगों के लिए साल 2025 की शुरुआत अच्छी रहेगी। मैरिड लाइफ में तनाव के बीच प्यार की कोपलें फूटेंगी और आपका रिश्ता प्रेम और रोमांस से भरा रहेगा। वर्ष के मध्य में तनाव दिखाई देगा, लेकिन फिर स्थितियां सामान्य हो जाएंगी। आपको इस वर्ष अचानक बड़े बदलावों का सामना करना पड़ सकता है। यह आपकी लाइफ के लिए ट्रांसफॉर्मेशन का साल होगा। कुछ बड़े बदलाव आपके जीवन जीने के ढंग को बदलकर रख देंगे, जिससे आपको नए सिरे से कुछ सोचने की आवश्यकता पड़ेगी, लेकिन यह आपको कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करेगा। पारिवारिक सदस्यों के बीच सुखद वार्ता होगी। एक-दूसरे के साथ संबंध बेहतर रहेंगे। संतान की प्रगति देखकर आप काफी खुश होंगे। आपका आत्मबल अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए साल की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। आपसी टकराव होने के योग बनेंगे। अभी अहं का टकराव भी हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी। आप अपने अनुभव का लोहा मनवाने में कामयाब रहेंगे। आपकी बुद्धिमानी और हाजिर जवाबी आपको सफलता प्रदान करेगी। नौकरीपेशा लोगों को विशेष लाभ हो सकता है। वर्ष के दूसरे चरण में प्रमोशन के अच्छे योग बनेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में आपको कुछ सावधानियां रखनी होंगी, नहीं तो सेहत से जुड़ी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। संतान का स्नेह मिलेगा। आप अपनी बुद्धि का इस्तेमाल अपने करियर को आगे बढ़ाने में पूरी तरह से कर पाने में सफल रहेंगे। इससे आपकी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी होगी। आप अपनी पसंद का कोई व्यापार भी शुरू कर सकते हैं। फाइनेंशियल मैटर में खर्च ज्यादा होंगे और आपको धन बचाने में समस्या हो सकती है, जिसका असर आपकी सेविंग्स पर पड़ सकता है।

## तुला- ( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते )

तुला राशि वाले लोगों के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत अच्छी रहेगी। सेहत में सुधार होगा, लेकिन ज्यादा पार्टी करने की वजह से पेट में दिक्कत हो सकती है। आपको जॉब करने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि आप वर्कप्लेस पर कुछ ज्यादा क्रोध में दिखाई देंगे। किसी से झगड़ा भी कर सकते हैं। इस साल आपको किसी भी विरोधी से परेशान होने या घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अपने आप ही वे पीछे हट जाएंगे और आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। वर्ष की शुरुआत में आपमें किसी भी तरह का रिस्क लेने की जबरदस्त क्षमता होगी। अपने बिजनेस के लिए किसी भी स्तर तक रिस्क लेने में सक्षम होंगे, जिससे बिजनेस के लिए ग्रोथ का नया रास्ता खुलेगा। कुछ नए कॉन्ट्रैक्ट साइन हो सकते हैं और कुछ नई डील फाइनल हो सकती है। वर्ष की शुरुआत में आपकी वाणी में बड़ी मिठास रहेगी, जिससे आपके कार्य पूर्ण होने लगेंगे। लव लाइफ के लिए इस वर्ष की शुरुआत अच्छी रहेगी। रिश्ते में आप काफी रोमांटिक रहेंगे और अपने रिश्तों को शादी में बदलने की भी पूरी कोशिश करेंगे। गृहस्थ जीवन के लिए वर्ष की शुरुआत कमजोर रहेगी। उसके बाद धीरे-धीरे स्थितियां आपके पक्ष में पलटने लगेंगी। आपको अपने ससुराल के लोगों से अच्छी ट्यूनिंग रखने का लाभ होगा। आप और आपके लाइफ पार्टनर के बीच अच्छी केमिस्ट्री रहेगी और रोमांस के योग भी बनेंगे। स्टूडेंट्स की बात करें, तो अभी आपको कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। अभी आपका कंसंट्रेशन काफी वीक होगा और आपको इसे संभालने पर ध्यान देने की जरूरत होगी, नहीं तो पढ़ाई में आपको दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। विदेश जाने में दिक्कतें होंगी, लेकिन वर्ष के बीच में जाकर स्थितियां आपके पक्ष में होंगी और आप विदेश जाने में सफल हो सकते हैं। इस वर्ष आपको अपनी ईटिंग हैबिट पर ध्यान देना होगा, नहीं तो आपकी फिगर खराब हो सकती है और आप किसी बीमारी की चपेट में भी आ सकते हैं।

## धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे )

धनु राशि वाले लोगों के साल 2025 की शुरुआत मध्यम रहने वाली है। वर्ष की शुरुआत में आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा। यात्रा करते समय या ड्राइविंग करते हुए अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें। साल की शुरुआत में कोई चोट लग सकती है या एक्सीडेंट हो सकता है, इसलिए वाहन चलाने में सावधानी बरतें। हेल्थ रिलेटेड प्रॉब्लम्स पर आपको ध्यान देना ही होगा, क्योंकि इससे आपको काफी लाभ मिलने वाले हैं। नौकरीपेशा लोगों को अभी अपने कार्यस्थल पर काफी प्रयास करने की जरूरत होगी। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन अभी आपका काम में मन नहीं लगेगा, जिससे कार्यस्थल पर आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साल के पहले चरण में आपके विरोधी थोड़े मजबूत हो सकते हैं, इसलिए आपको भी मजबूत रहने की कोशिश करनी होगी। बिजनेस करने वाले लोगों को वर्ष की शुरुआत में गवर्नमेंट सेक्टर से अच्छा आर्डर मिल सकता है। आपको ओवरसीज बिजनेस से भी अच्छे रिजल्ट मिलने की उम्मीद करनी चाहिए। इस साल के दूसरे चरण में आपके बिजनेस में अच्छी ग्रोथ हो सकती है। विवाहितों की बात करें, तो साल की शुरुआत में अहं को एक किनारे रखना जरूरी होगा। इससे आपके रिलेशनशिप में खटास पड़ सकती है, लेकिन उसके बाद का समय अच्छा रहेगा और आप अपनी मैरिड लाइफ को एंजॉय कर पाएंगे। लव लाइफ की बात करें, तो यह वर्ष आपसे बहुत ज्यादा डिमांड करेगा। वर्ष की शुरुआत में आपके प्रिय को कोई हेल्थ इश्यू परेशान कर सकता है, उसके बाद आप उनके साथ कहीं यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके रिलेशनशिप के लिए एक अच्छी फाउंडेशन बनाएगा और आप एक दूसरे पर विश्वास रख पाएंगे। वर्ष के बीच में आपको अपने रिलेशनशिप में कोई बेहतर रिजल्ट मिल सकता है। स्टूडेंट्स की बात करें, तो अभी उन्हें कठिन परिश्रम भी करनी होगी। आप जितना पसीना बहाएंगे, उतने ही बेहतर रिजल्ट आपको मिल सकते हैं। वर्ष की शुरुआत में विदेश जाने का मौका आपके हाथ लग सकता है।

## वृष- ( इ, उ, ऐ, ओ, वा, वी, वु, वे, वो )

वृषभ राशि वाले लोगों के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी कई इच्छाएं पूरी होने की कतार में हैं, इसलिए इस साल आपको काफी खुशी मिलेगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। आपका आत्मबल बढ़ता रहेगा और आपकी ख्वाहिशों के पूरा होने से आपको जीवन में खुशी प्राप्त होगी। आप अपनी बेहतर निर्णय क्षमता से अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर तरीके से हैंडल कर पाएंगे और उनके बीच अच्छा बैलेंस मेंटेन कर पाएंगे। परिवार में भाइयों से मनमुटाव होने की संभावना बन सकती है, इसलिए अपने साहस का दुरुपयोग न करें और उसे दुस्साहस न बनने दें। प्रेम संबंधों में इस वर्ष परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आप और आपके प्रिय के बीच अंडरस्टैंडिंग की कमी हो सकती है और बिना वजह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे आपके रिश्ते में दरार पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बिजनेस गतिविधियों के लिए वर्ष की शुरुआत सर्वोत्तम रहेगी। आपके द्वारा किए गए निवेश से आपको अच्छा धन लाभ होगा, लेकिन आपका रिस्क लेने का तरीका थोड़ा ज्यादा होगा, जो आपके लिए समस्या जनक हो सकता है, इसलिए आपको सतर्क रहना होगा। इस साल आपकी इनकम बढ़ेगी, इसलिए आप अपनी योजनाओं को सही दिशा में आगे ले जा सकते हैं। वर्कप्लेस पर आपको बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, जिससे जॉब में आपकी सिचुएशन इंप्रूव होती चली जाएगी। कई बार आपको समय से ज्यादा वक्त तक ऑफिस में रुकना पड़ सकता है, लेकिन इसे सिर दर्द न समझें, क्योंकि वर्ष के मध्य में आपको इसका लाभ नजर आएगा। स्टूडेंट्स की बात करें तो, उनके लिए यह साल कठिन मेहनत वाला है। आप जितना ज्यादा ध्यान केंद्रित करेंगे, उतना ही अपनी पढ़ाई में अंदर तक उतर पाएंगे। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो, समस्या उत्पन्न हो सकती है। साल का दूसरा चरण आपके लिए धन वृद्धि में सहायक बनेगा और आप अपने खर्चों को भी कंट्रोल करने में सफल रहेंगे।

## सामान्य एवं ऐच्छिक अवकाश

### सार्वजनिक अवकाश

| | |
|---|---|
| 13 जनवरी | मां शाकंभरी जयंती एवं छेरछेरा |
| 26 फरवरी | महाशिवरात्रि |
| 14 मार्च | होली |
| 25 मार्च | भक्त माता कर्मा जयंती |
| 31 मार्च | ईद-उल-फितर |
| 10 अप्रैल | महावीर जयंती |
| 14 अप्रैल | डा् अंबेडकर जयंती |
| 18 अप्रैल | गुड फ्राइडे |
| 12 मई | बुद्ध पूर्णिमा |
| 07 जून | ईद-उल-जुहा (बकरीद) |
| 11 जून | कबीर जयंती |
| 24 जुलाई | हरेली |
| 09 अगस्त | विश्व आदिवासी दिवस |
| 09 अगस्त | रक्षाबंधन |
| 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस |
| 16 अगस्त | कृष्ण जन्माष्टमी |
| 26 अगस्त | हरितालिका (तीज पर्व) |
| 06 सितम्बर | ईद-ए-मिलाद (मिलाद-एन-नबी) |
| 02 अक्टूबर | दशहरा (विजयादशमी) |
| 02 अक्टूबर | महात्मा गांधी का जन्मदिन |
| 27 अक्टूबर | छठ पूजा |
| 05 नवम्बर | गुरू नानक जन्म दिवस |
| 18 दिसम्बर | गुरूघासीदास जयंती |
| 25 दिसम्बर | क्रिसमस दिवस |

**निम्नलिखित अवकाश के दिन रविवार होने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किये गये है।**

| | |
|---|---|
| 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस |
| 06 अप्रैल | रामनवमी |
| 06 जुलाई | मोहर्रम |

### ऐच्छिक अवकाश

| | |
|---|---|
| 01 जनवरी | नववर्ष दिवस |
| 03 जनवरी | माता सावित्री बाई फुले जयंती |
| 04 जनवरी | लुई ब्रेल का जन्म दिवस |
| 06 जनवरी | गुरू गोविन्द सिंह का जन्म दिवस |
| 07 जनवरी | राजिम भक्तिन माता जयंती |
| 10 जनवरी | विश्व हिन्दी दिवस |
| 13 जनवरी | छेरछेरा एवं माता शाकांभरी जयंती |
| 14 जनवरी | मकर संक्रांति/पोंगल |
| 14 जनवरी | हजरत अली का जन्म दिवस |
| 20 जनवरी | शहीद गैंदसिंह का शहादत दिवस |
| 23 जनवरी | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती |
| 03 फरवरी | बसंत पंचमी/माँ परमेश्वरी जयंती |
| 12 फरवरी | राजिम मेला माघ पूर्णिमा एवं संत रविदास जन्म दिवस |
| 14 फरवरी | शब-ए-बारात |
| 19 फरवरी | छत्रपति शिवाजी जयंती |
| 13 मार्च | होली (होलिका दहन) |
| 19 मार्च | रंग पंचमी |
| 20 मार्च | वीरांगना अवंतिबाई का बलिदान दिवस |
| 28 मार्च | जमात-उल-विदा |
| 02 अप्रैल | गुहा निषादराज जयंती |
| 11 अप्रैल | हाटकेश्वर जयंती |
| 12 अप्रैल | धरती पूजा (खद्दी पर्व) |
| 24 अप्रैल | श्रीमद् वल्लभाचार्य जयंती |
| 25 अप्रैल | सेन जयंती |
| 30 अप्रैल | परशुराम जयंती |
| 02 मई | शंकराचार्य जयंती |
| 29 मई | छत्रसाल जयंती/महाराणा प्रताप जयंती |
| 04 जून | महेश नवमीं (ज्येष्ठ शुक्ल) |
| 24 जून | वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस |
| 27 जून | रथयात्रा |
| 19 जुलाई | डॉ. खूबचंद बघेल का जन्म दिवस |
| 29 जुलाई | नाग पंचमी |
| 14 अगस्त | हरछठ |
| 15 अगस्त | पारसी नववर्ष |
| 23 अगस्त | पोला |
| 27 अगस्त | गणेश चतुर्थी |
| 30 अगस्त | नवाखाई |
| 03 सितंबर | ढोल ग्यारस |
| 05 सितंबर | ओणम |
| 06 सितंबर | अनंत चतुर्दशी |
| 17 सितंबर | विश्वकर्मा जयंती |
| 20 सितंबर | प्राणनाथ जयंती |
| 22 सितंबर | अग्रसेन जयंती |
| 30 सितंबर | दशहरा (महाअष्टमी) |
| 01 अक्टूबर | दशहरा (महानवमीं) |
| 04 अक्टूबर | डॉ. सैयदना साहब का जन्म दिवस |
| 07 अक्टूबर | महर्षि वाल्मिकी जयंती/महाराजा अजमोढ़ देव जयंती/टेकचन्द जी महाराज का समाधि उत्सव/कुवॉर पूर्णिमा "करम परब" (त्यौहार) |
| 10 अक्टूबर | करवाचौथ व्रत |
| 21 अक्टूबर | दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) |
| 23 अक्टूबर | भाई दूज (दीपावली) |
| 28 अक्टूबर | भगवान सहस्त्रबाहु जयंती |
| 01 नवम्बर | नामदेव जयंती |
| 25 नवंबर | गुरु तेगबहादुर का शहीदी दिवस |
| 04 दिसंबर | दत्तात्रेय जयंती |
| 10 दिसंबर | शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस |

**महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती 23 फरवरी, भाई-दूज (होली) 16 मार्च, गुडी पड़वा/चौतीचांद 30 मार्च, बैशाखी 13 अप्रैल, सर्व पितृमोक्ष अमावस्या 21 सितंबर, दीपावली (दक्षिण भारतीय) 19 अक्टूबर को रविवार होने के कारण इन्हें पृथक से ऐच्छिक अवकाश की सूची में शामिल नहीं किया गया है।**

## मकर- ( भो, जा, जी, जु, खी, खू, खे, खो, ग,गी )

मकर राशि वालों के लिए साल 2025 की शुरुआत आपके लिए काफी परीक्षाण वाला साबित होगा। आपकी सेहत कमजोर रह सकती है। व्यवाहिरक मुद्दे सामने आ सकते हैं। आप ज्यादा क्रोध में आकर अपने लोगों से दूरी बना सकते हैं और उन्हें ऐसा कुछ कह सकते हैं, जिससे वह आपसे दूर हो जाएंगे। ऐसे में रिलेशनशिप के लिए साल की शुरुआत कमजोर रहेगी। आपको अपने बिहेवियर पर पूरा ध्यान देना होगा। वर्ष की शुरुआत में विदेश जाने में सक्सेस मिल सकती है। इस वर्ष आपको काफी खर्चों का वहन करना पड़ेगा और यह आपके लिए समझदारी से निर्णय लेने वाला समय होगा। जॉब करने वाले लोगों को इस वर्ष की शुरुआत में अच्छी सेविंग्स करने का मौका मिलेगा। कामकाज में आपके परफॉर्मेंस की तारीफ होगी। बिजनेस करने वाले लोगों को वर्ष की शुरुआत में अपनी बिहेवियर पर ध्यान देना होगा। अपने बिजनेस पार्टनर और अपने अंदर काम करने वाले लोगों का साथ अच्छा व्यवहार ही आपको सफल बना सकता है। बिजनेस के लिए वर्ष की शुरुआत कमजोर है। हालांकि, उसके बाद की स्थितियां आपके पक्ष में होंगी। स्टूडेंट्स के लिए इस साल का पहला चरण काफी अच्छा है, और आपको एजुकेशन में काफी अच्छी चीजें देखने और समझने को मिल सकती है, जिनका आपको आगे चलकर बहुत बेनिफिट होगा। वित्तीय स्थिति की बात करें, तो वर्ष की शुरुआत में आपके पास अच्छी इनकम होगी। कुछ खर्चे यात्रा पर होंगे, लेकिन इनकम अच्छी होगी और बैंक बैलेंस भी सुधरेगा। आपको फाइनेंशियली अच्छा स्टेटस मिल पाएगा, जिसको आप समय-समय पर एंजॉय भी करेंगे। आपकी फैमिली का सपोर्ट आपके साथ बना रहेगा। भाइयों के साथ भी आपकी ट्यूनिंग अच्छी रहेगी। लव लाइफ के लिए वर्ष की शुरुआत अच्छी है। आप अपने प्रिय के साथ अपनी फिलिंग्स को अच्छी तरह शेयर करेंगे और उन्हें अपनी फीलिंग से अवगत भी कराएंगे।

## मिथुन- ( का, की, कू, घ, ड., छ, के, को, हा )

वर्ष 2025 की शुरुआत में मिथुन राशि वाले लोगों के धार्मिक रहने की संभावना बन रही है। धर्म कर्म के कार्यों में आपका मन ज्यादा लगेगा। आपका मन पूजा करने, तीर्थ स्थान की यात्रा और उनके दर्शन करने में लग सकता है। इस वर्ष पारिवारिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिवार के लोगों में आपस में खींचतान बनी रह सकती है। आपसी तालमेल की कमी होने के कारण परिवार में अशांति हो सकती है। अभी यात्राएं भी होंगी, जहां कुछ नए अध्याय लिखे जाएंगे और कुछ नए लोगों से आपके संपर्क जुड़ेंगे। हालांकि, इससे शारीरिक तौर पर समस्याएं भी हो सकती हैं। वैवाहिक जीवन के लिए साल की शुरुआत कमजोर रहेगी। आपसी खींच ?तान और लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना बन सकती है, लेकिन साल का दूसरा चरण और बेहतर होने की संभावना है। लव लाइफ के लिए साल की शुरुआत बेहतर रहेगी। आपसी ट्यूनिंग बेहतर होने के कारण आपकी रिलेशनशिप में सुधार होगा। अभी लंबी यात्रा के योग बनेंगे और आप अपने प्रिय के साथ अच्छा वेकेशन प्लान कर सकते हैं। वर्ष की शुरुआत में आपकी बात करने का तरीका कुछ अजीब हो सकता है, जो आपके अपनों को दुखी कर सकता है। आपकी वाणी में मिठास की जगह कड़वाहट बढ़ सकती है और आप अकारण क्रोध भी दिखा सकते हैं। इससे आपके अपने आहत हो सकते हैं। स्टूडेंट्स की बात करें, तो उनके लिए यह साल कुछ कर दिखाने का मौका लेकर आएगा। आपको अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका मिलेगा, जिससे आपको अपनी पढ़ाई में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। इस साल विदेश यात्रा के भी योग हैं। आप दूरस्थ स्थानों की यात्रा पर भी जा सकते हैं। अगर आपने अपनी संतान को लेकर कुछ सपने पाल रखे हैं, तो वे अब पूरे हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में अच्छी सफलता अर्जित कर सकते हैं।

## कुंभ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा )

कुंभ राशि वाले लोगों के लिए साल 2025 की शुरुआत अच्छी रहने वाली है। विवाहितों के लिए साल की शुरुआत अच्छी है। प्रेम और रोमांस होगा, लेकिन सेकंड हाफ में तनाव बढ़ सकता है। आपको अपने लाइफ पार्टनर की हेल्थ का भी ध्यान रखना होगा। लव लाइफ के लिए वर्ष की शुरुआत कमजोर है। आपको काफी सावधानी से चलने की जरूरत है, नहीं तो आप कहेंगे कुछ और वे समझेंगे कुछ, जिससे प्रॉब्लम होगी। साल के दूसरे चरण में सुधार होगा और आपका रिश्ता आगे बढ़ेगा। शनि देव की कृपा से आपके काम बनेंगे। धन की कोई कमी नहीं रहेगी और आप हर चुनौती का सामना कर पाएंगे। आपके लिए जो भी होगा, वह आपकी हिम्मत से ज्यादा बड़ा नहीं होगा और इसलिए आप हर चैलेंज को एक्सेप्ट करते हुए आगे बढ़ेंगे। वर्ष की शुरुआत में गवर्नमेंट सेक्टर से बड़े बेनिफिट मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने बॉस का पूरा सपोर्ट मिलेगा। वे आपका फेवर करेंगे और आपको इंक्रीमेंट भी दे सकते हैं। गवर्नमेंट जॉब करने वाले लोगों को उनकी चॉइस का ट्रांसफर भी मिल सकता है। ऑफिस में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को कंट्रोल कर अपने काम में और अच्छी तरह परफॉर्म करने के लिए लगातार एफर्ट लगाते रहेंगे, जिससे आपकी परफॉर्मेंस दिन प्रतिदिन बेहतर होती जाएगी। आप काफी मेहनत करेंगे। बिजनेस करने वाले लोग कुछ नई डील पर ध्यान देंगे। गवर्नमेंट सेक्टर से संपर्क स्थापित करने में भी आपको सक्सेस मिल सकती है, जिससे गवर्नमेंट सेक्टर से भी बिजनेस के लिए नए मौके मिल सकते हैं। इस वर्ष ओवरसीज बिजनेस भी फायदा होगा। जहां तक आर्थिक स्थिति की बात है, तो इस वर्ष आपको अच्छा धन लाभ होगा। आपने अभी तक जो एफर्ट लगाए थे, उनसे जो अर्निंग होगी, उसको आप अच्छी तरह से इनवेस्ट करेंगे। कुछ नई-नई सेविंग्स स्कीम में भी पैसे लगाएंगे, तो कुछ म्युचुअल फंड में और स्टॉक मार्केट में भी निवेश करेंगे।

## कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, ड़ी, डू, डे, डो )

कर्क राशि वाले लोगों के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत अनुभव प्राप्त करने वाला साबित होगा। इस समय आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। हालांकि, साल की शुरुआत में मानसिक तनाव के कारण परेशानी होगी, लेकिन मार्च के बाद स्थिति में सुधार होगा। आपके कार्यों में आ रही प्रॉब्लम्स भी दूर होंगी और आपके व्यापार में भी उन्नति होगी। आपने लंबे समय से अपने मन में कुछ बातों को दबा रखा था, अब मन में चल रही विचारधाराओं को साकार रूप देने का समय आ गया है। आप अपने व्यापार में विस्तार के लिए नई-नई यात्राएं करेंगे। लंबी यात्राओं में आपके नए कांटेक्ट बनेंगे, जो आपके बिजनेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में एक मार्गदर्शक के रूप में दिखाई देंगे। नौकरीपेशा लोगों को भी इस वर्ष अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में किसी बड़े पद पर आपको प्रमोशन हो सकता है। स्वास्थ्य के लिहाज से देखें, तो साल की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी, इसलिए आपको सेहत से जुड़ी प्रत्येक समस्या पर ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों की बात करें तो, साल का पहला चरण उनके लिए ज्यादा अच्छा है। इस समय उन्हें अपनी प्रतिभा के मुताबिक बेहतर से बेहतर करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको पढ़ाई में अच्छी सफलता मिलेगी। दोस्तों से मनमुटाव आपकी परेशानी का कारण बन सकता है। परिवार में भी भाइयों से आपकी कहा-सुनी हो सकती है, जिससे आपका तनाव बढ़ सकता है। समय रहते ही आप इन समस्याओं को जानकर इनका हल निकाल लेंगे, जिससे आपको सफलता प्राप्त होगी। आर्थिक रूप से भी वर्ष 2025 आपके लिए सफलता वाला साबित होगा। आपके पास धन की कोई कमी नहीं रहेगी। आपका बैंक बैलेंस भी बढ़ेगा और आप नई-नई फाइनेंशियल स्कीम में इन्वेस्टमेंट कर पाएंगे।

## कन्या- ( टो, पा, पी, पू, प, ण, ठ, पे, पो )

कन्या राशि वाले लोगों को साल 2025 की शुरुआत में मानसिक तनाव और बेचैनी महसूस होगी। कार्यों में सफलता न मिलने से आपके मन में निराशा हो सकती है। आपको अपने घर के लोगों के साथ ईगो क्लैश से बचना चाहिए। गृहस्थ जीवन में भी कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे आप और आपके लाइफ पार्टनर के बीच सब कुछ नॉर्मल नहीं रहेगा। इन स्थितियों से बचने के लिए आपको काफी प्रयास करने होंगे। इस समय बिजनेस से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय लेने से परहेज करें, लेकिन लंबी यात्रा से आपको लाभ होगा। भाग्य का सपोर्ट भी मिलेगा, जिससे साल के दूसरे चरण में आपके रुके हुए काम बनने शुरू हो जाएंगे और आपके कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब करने वाले लोगों को ओवर कॉन्फिडेंट होने से बचने की जरूरत है। खुद पर भरोसा रखें। इस वर्ष आर्थिक लाभ होने के योग बनेंगे, लेकिन वर्ष की शुरुआत में खर्च अधिक होगा। सेहत को लेकर ढीलाई न बरतें और अपनी सेहत का ध्यान रखें। मार्च के बाद से बिजनेस में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट से बेनिफिट मिलने के योग बनेंगे। स्टूडेंट को हायर एजुकेशन में अच्छी सक्सेस मिलेगी, जिससे उनका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। फ्रेंड सर्कल का सपोर्ट मिलेगा। इस साल शुरुआत में फैमिली लाइफ के लिए कुछ चुनौतियां रहेंगी, उसके बाद धीरे-धीरे स्थितियां सामान्य हो जाएंगी। आपको अपने फैमिली मेंबर का भी सपोर्ट मिलेगा। वर्ष के सेकंड हाफ में आपको जॉब में प्रमोशन मिलने की स्थिति बनेगी। इस वर्ष जितना हो सके, मेंटल स्ट्रेस से खुद को दूर रखें, इससे यह बेनिफिट होगा कि आप हर काम को और बेहतर तरीके से कर पाएंगे। अक्टूबर के बाद से आपकी इनकम में तेजी आएगी। लव लाइफ के लिए साल का दूसरा चरण ज्यादा बेहतर रहेगा। आपकी लव मैरिज होने के योग भी बनेंगे। इस वर्ष आप अनेक मामलों में लकी साबित होंगे और उससे आपको अपने कामों में सक्सेस मिलेगी।

## वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू )

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए वर्ष की शुरुआत अच्छी रहेगी। आप अपनी बुद्धि और ज्ञान से ज्यादातर कार्यों में सफलता प्राप्त कर पाएंगे। मैरिड लाइफ में आपको अपने लाइफ पार्टनर का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप उनके साथ नई जगह की यात्रा करेंगे। तीर्थ स्थलों के दर्शन करने भी जा सकते हैं। इस वर्ष आपको अपनी लाइफ पार्टनर का पूरा सुख मिलेगा और आपकी मैरिड लाइफ इंप्रूव होगी। हालांकि, प्रेम संबंधों में आपको थोड़ी सावधानी रखनी होगी। अपने पार्टनर की लाइफ में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप करना आपके लिए नुकसानदायक होगा। उन्हें आपकी यह बात अच्छी नहीं लगेगी, परिणामस्वरूप वे आपसे दूर हो सकते हैं। अगर आप उनसे थोड़ा स्पेस देकर बात करते हैं, तो आप देखेंगे कि वह अपने आप ही आपकी और खींचेंगे और आपकी केमिस्ट्री काफी बेहतर होगी। साल की शुरुआत में अच्छा रोमांटिक टाइम मिलेगा। जॉब करने वाले लोगों के लिए वर्ष की शुरुआत अच्छी है। आपको जॉब के नए मौके मिल सकते हैं, जिससे आपको अच्छी आय भी हो सकती है। अगर आप गवर्नमेंट सर्विस में हैं, तो आपके प्रमोशन के योग बनेंगे, लेकिन उससे पहले आपका ट्रांसफर भी हो सकता है। वर्ष की शुरुआत में आपको अपने सहकर्मियों से अच्छा व्यवहार करने की जरूरत है, अन्यथा प्रॉब्लम हो सकती है। इस साल आपके व्यापार में भी प्रगति होगी। बिजनेस की अच्छी ग्रोथ होगी। कुछ नामचीन लोगों से आपको अच्छे काम की प्राप्ति होगी और आपका बिजनेस ऊंचाइयों से बातें करेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से देखें, तो अभी आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत होगी। वर्ष की शुरुआत से लेकर वर्ष के मध्य तक स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव की स्थितियां बनी रह सकती हैं। अगर आपने अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा, तो आप किसी बड़ी प्रॉब्लम में फंस सकते हैं। विद्यार्थियों की बात करें, तो उनके लिए यह साल अच्छा है। वे अपनी तेज दिमाग का लाभ उठा सकते हैं।

## मीन- ( दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )

मीन राशि वाले लोगों के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत कुछ कमजोर रह सकती है। आपके जीवन में काफी उतार-चढ़ाव आने वाले हैं। इसके लिए आपको अभी से तैयार रहने की जरूरत है। आपको इस वर्ष की शुरुआत से ही अपनी पर्सनल लाइफ, हेल्थ और आर्थिक स्थिति, तीनों पर ध्यान देना होगा, क्योंकि इन तीनों ही क्षेत्र में आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य की बात करें, तो वर्ष की शुरुआत से ही आपको उसपर ध्यान देना होगा। आपके पैरों में दर्द, एड़ी और पिंडली में प्रॉब्लम, आंखों की समस्या, कोई इंफेक्शन और लिवर रिलेटेड इश्यू परेशान कर सकते हैं। भले ही शुरुआत में ये इश्यू छोटे हों, लेकिन अगर आप इनको इग्नोर करेंगे, तो आपको बड़ी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक रूप से देखें, तो साल की शुरुआत में काफी खर्चे होंगे, जिसका असर आपकी सेविंग्स पर देखने को मिल सकता है। इसलिए आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर भी ध्यान देना होगा और प्रॉपर वेल्थ मैनेजमेंट से अपने इश्यूज को संभालना होगा। मैरिड लाइफ के लिए वर्ष की शुरुआत कुछ कमजोर रहेगी। आपस में समस्याएं बढ़ेंगी। आप और आपके लाइफ पार्टनर के बीच मिसअंडरस्टैंडिंग कुछ ज्यादा होने की वजह से आपका वैवाहिक रिश्ता कुछ कमजोर हो जाएगा। ऐसी स्थिति में थोड़ी सी सावधानी जरूरी होगी। परिवार के किसी बुजुर्ग व्यक्ति का सपोर्ट आपके काम आएगा, जो न केवल आपके रिश्ते को बचाएगा, बल्कि इंप्रूव करने में भी मदद करेगा। लव लाइफ के लिए वर्ष की शुरुआत कमजोर है। आप और आपके प्रिय के बीच मिसअंडरस्टैंडिंग से ज्यादा ईगो से जुड़े इश्यूज रहेंगे, वे ज्यादा क्रोध दिखाएंगे और आपको परेशान करेंगे, इससे आपके रिश्ते की डोर कुछ कमजोर पड़ सकती है। करियर के मामले में कुछ सावधानी रखनी होगी। जॉब करने वाले लोगों को वर्ष की शुरुआत में शानदार सफलता मिलेगी, तो बिजनेस करने वाले लोगों को कुछ परेशानियां झेलनी पड़ सकती है। बिजनेस पार्टनर से अलगाव हो सकता है।

रायपुर, बुधवार 1 जनवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नया साल, कई सवाल

पुराने साल की ठिठुरी हुई परछाइयां सिमटीं
नए दिन का नया सूरज उफ़ुक़ पर उठता आता है।
**-अली सरदार जाफ़री**

तेजी से बदलती दुनिया में बहुत सी परंपराएं, मान्यताएं, रिवाज़, उत्सव मनाने के तरीके भी बदलते जा रहे हैं। हालांकि नए साल के आगमन और स्वागत का जोश वैसा ही बरकरार है, बल्कि अब उसमें कुछ और इजाफा हो गया है। पहले दीवारों पर लगे कैलेंडरों के बदलने और नए साल के आने पर काफी दार्शनिक किस्म की बातें होती थीं, अब भी होती हैं, लेकिन अब दीवारों से कैलेंडर गायब होते जा रहे हैं। मोबाइल और स्मार्ट वॉच ने कैलेंडरों की उपयोगिता सीमित कर दी है। वैसे कैलेंडर तो साल में एक बार बदला जाता है, मोबाइल और स्मार्ट वॉच बदलने के लिए साल का इंतजार नहीं करना पड़ता। उनका नया संस्करण जब आ जाए और जेब जब इजाज़त दे दे, शौकीन लोग इन्हें भी कपड़ों की तरह बदल लेते हैं। उपभोक्तावाद बिन बुलाए मेहमान की तरह जिंदगी के हर पहलू में अपनी दखलंदाजी कर चुका है। नए साल के जश्न में भी इसी उपभोक्तावाद के दर्शन होते हैं। जिसकी जेब जितनी भारी होती है, उतनी खातिरदारी वह नए साल की करता है।

अब विचारणीय पहलू यह है कि आखिर हर साल के आखिरी दिन रात 12 बजने के 10 सेंकड पहले दीवानों की तरह दस, नौ, आठ, सात की उल्टी गिनती पढ़कर घड़ी की दोनों सुइयों को एक जगह टिका देखते हुए या मोबाइल पर शून्य, शून्य, शून्य, शून्य देखकर जो हैप्पी न्यू ईयर का नाद किया जाता है, उसके ठीक अगले ही पल से हमारी जिंदगी में क्या बदलाव आ जाता है। समय अपनी चाल से चलता है, 12 बजकर एक मिनट होते हैं, लोग एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं कि उन्होंने अपनी जिंदगी का एक साल और देख लिया। इसके बाद कुछ लोग रात भर जश्न मनाते हैं और नए साल की दोपहर को उनकी सुबह होती है। कुछ लोग अपने-अपने ईश्वर को याद करके आभार व्यक्त करते हैं। व्हॉट्सऐप के इस दौर में नए साल पर शुभकामना संदेशों का आदान-प्रदान थोक में होता है। नए साल के लिए नयी प्रतिज्ञाएं, नए सिरे से बहुत से लोग लेते हैं, ताकि उनकी जिंदगी में बेहतर बदलाव आ सके।

दरअसल नए साल की सार्थकता इसी में है कि हम जहां थे, वहां से कुछ आगे बढ़ सकें। जैसा कवि भवानी प्रसाद मिश्र ने लिखा था,

कुछ लिख कर सो, कुछ पढ़ कर सो,
तू जिस जगह जागा, उस जगह से बढ़कर सो।

लेकिन अभी हम दुनिया पर निगाह दौड़ाएं या देश को ही देख लें, तो लगता है कि आगे बढ़ने की तमन्ना होने के बावजूद पैर पीछे की तरफ ही सरक रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थमा नहीं है, इजरायल फिलीस्तीन में जो नरसंहार कर रहा है, उसे रोकने की कोई कोशिश नहीं हो रही। अमेरिका की सत्ता में चेहरे बदल गए, लेकिन नीतियां वही हैं। पूरी दुनिया में कट्टरपंथ, नफरत, लालच के लिए अधिक जगह बनती जा रही है। नैतिक मूल्यों और विचारों के लिए जगह कम हो गई है। भारत भी इनमें अछूता नहीं है।

गुजरे साल कई नामी-गिरामी हस्तियों ने दुनिया से विदा ली। उद्योगपति रतन टाटा, तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन, निर्देशक श्याम बेनेगल, मलयाली लेखक एमटी वासुदेवन और हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का निधन 2024 में हुआ। संस्कार कहते हैं कि मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन बीते साल के आखिरी दिनों में भारत ने यह भी मुमकिन होते हुए देख लिया। डा. सिंह की अंत्येष्टि से लेकर उनके अस्थि विसर्जन तक आरोप-प्रत्यारोप का खेल चला। भाजपा सरकार ने ससम्मान डा. सिंह का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया, ऐसे आरोप लगे तो बदले में भाजपा ने कांग्रेस पर सवाल उठाए कि उसका कोई बड़ा नेता अस्थि विसर्जन में शामिल क्यों नहीं हुआ। नए साल पर क्या राजनीति के इस ओछेपन से देश को मुक्ति मिल पाएगी। सवाल यह भी है कि क्या नए साल में युवाओं के लिए नयी उम्मीदें बाकी रहेंगी या अब उम्मीद पालने, सपने देखने को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाएगा। क्या महंगाई से लोगों को राहत मिलेगी, क्या किसानों को सरकार इस नए साल में एमएसपी देगी। महिलाएं, दलित, आदिवासी, मजदूर, गरीब क्या इन वर्गों के लिए घोषणापत्रों के अलावा भी सम्मान की जगह बन पाएगी। देश को कितने ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है, क्या इसका आकलन वास्तविक स्थिति और रुपए की कीमत के आधार पर किया जाएगा या मनमाने दावे किए जाते रहेंगे। देश की संवैधानिक संस्थाओं, न्यायपालिका की साख और उसके लिए निर्णयों की कद्र क्या नए साल में होगी या पहले की तरह बुलडोजर, कुदालों और फावड़ों का इंसाफ चलेगा। ढहाने और खोदने की राजनीति में हम गड्ढों में धर्म को तलाश रहे हैं या धर्म को गड्ढे में धकेल रहे हैं, क्या इस पर कोई विमर्श नए साल में होगा।

एक आखिरी सवाल 2014 से 2024 तक दस साल में जो अच्छे दिन नहीं आ पाए, क्या 2025 के 365 दिनों में कभी कोई दिन अच्छे दिनों वाला दिखेगा। बहरहाल, उम्मीद पर दुनिया कायम है और इसी उम्मीद पर नया साल भी टिका है।

देखिए पाते हैं उश्शाक़ बुतों से क्या फ़ैज़।
इक बरहमन ने कहा है कि ये साल अच्छा है।।
**मिर्ज़ा ग़ालिब**

# जाते-जाते बहुतों को बेनकाब कर गये मनमोहन सिंह

अपनी कार्य कुशलता और उत्कृष्ट स्वभाव का स्वयं उदाहरण बन चुके पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जाते-जाते बहुतों को बेनकाब कर गये, जिनमें भारतीय जनता पार्टी सहित अनेक कांग्रेस विरोधी दल, कई स्वयंसेवी संगठन और देश का मुख्यधारा का मीडिया है। मनमोहन सिंह के निधन के बाद जिस प्रकार से उनके बारे में बातें हो रही हैं; और जो व्यवहार हो रहा है, वह यह भी बतलाता है कि किस प्रकार से भारत व्यक्तियों एवं परिस्थितियों को पहचानने में गलतियां करता है। वैसे तो अनेक लोगों एवं देश में पहले की परिघटनाओं को समझने-परखने के मामलों में यह होता आया है, लेकिन जिस तरह से मनमोहन सिंह जाते-जाते इन्हें बेपर्दा कर गये हैं, वह भारतीय मानस की बहुत अच्छी पड़ताल करता है।

मनमोहन सिंह कई मायनों में अलग तरह के प्रधानमंत्री थे। सिर्फ इसलिये नहीं कि वे गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आये थे या कांग्रेस के वे उन गिने-चुने पीएम में से रहे जो नेहरू-गांधी परिवार से सम्बद्ध नहीं थे। उनके पास एक बेहतरीन कार्य अनुभव था जिसके बल पर उन्होंने पहले 1991 से 1996 तक वित्त मंत्री रहते और फिर 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश को आर्थिक संकटों से उबारा था। कांग्रेस के खिलाफ जहर उगलने वाली विचारधारा ने जब लोगों को बतलाया कि पिछले 60 वर्षों में देश में कुछ भी नहीं हुआ था, तो उसे एक पीढ़ी ने मान भी लिया क्योंकि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी का काल तो उन्होंने देखा नहीं था, पीवी नरसिंहा राव का समय भी वे भूल गये थे जिस दौरान मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे और देश ने आर्थिक उत्थान देखा था। मनमोहन सिंह का पीएम का कार्यकाल वे भूले नहीं थे, लेकिन उनके दिमाग पर एक कुत्सित प्रचार तंत्र ने बताया था कि वह सरकार घोटालेबाज व भ्रष्ट थी। 2014 से आये नये निज़ाम का सारा वक्त लोगों को यही याद दिलाने में बीता। इसलिये अब तक संसद की सारी कार्रवाइयों में वर्तमान दौर की उपलब्धियों पर चर्चा नहीं होती वरन पिछली सरकारों के कथित भ्रष्टाचारों पर बातें होती हैं जिन्हें कभी सिद्ध नहीं किया जा सका। उल्टे ज्यादातर में वे आरोप गलत ही साबित हुए हैं।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी, खासकर उसके शीर्ष नेतागण अलग-अलग वक्त में कांग्रेस के विभिन्न नेताओं के बारे में एक स्थायी विमर्श के रूप में यह कहते सुने जाते हैं कि 'कांग्रेस ने इसका सम्मान नहीं किया' या 'उसका सम्मान नहीं किया।' नेहरू के खिलाफ कभी सरदार पटेल को खड़ा किया जाता रहा तो कभी सुभाषचन्द्र बोस को। यह साबित करने के लिये उसे करोड़ों रुपये फूंककर गुजरात में पटेल और इंडिया गेट पर बोस की मूर्ति लगाने से भी गुरेज़ नहीं रहा। हाल के वर्षों में भाजपा ने एक नया नरेटिव चलाया कि 'पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को कांग्रेस ने महत्ता नहीं दी', पर इसी पांसे को जब मनमोहन सिंह के नाम से फेंका गया तो वह उल्टा पड़ गया क्योंकि हाल की पीढ़ी ने खुद ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें (मनमोहन) पूरे दस साल अपमानित करते हुए देखा है। वह भूला-बिसरा अध्याय नहीं था। हाल की महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक बदहाली के बरक्स लोग पहले से ही मोदी-काल की तुलना मनमोहन-काल से करते पाये गये हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर मीम्स और कार्टून बनाये जाते हैं। रसोई गैस, पेट्रोल, रुपये की गिरती कीमत सहित बढ़ते दाम, सरकारी कम्पनियों का मोदी के मित्र कारोबारियों की झोलियों में डालना, बढ़ती बेकारी आदि का तुलनात्मक अध्ययन वैसे तो लम्बे समय से जारी रहा लेकिन सिंह साहब के जाते ही इसकी बाढ़ आयी हुई है। अब हर कोई उनके आर्थिक कदमों की सराहना कर रहे हैं।


डॉ. दीपक पाचपोर

**मनमोहन सिंह कई मायनों में अलग तरह के प्रधानमंत्री थे। सिर्फ इसलिये नहीं कि वे गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आये थे या कांग्रेस के वे उन गिने-चुने पीएम में से रहे जो नेहरू-गांधी परिवार से सम्बद्ध नहीं थे। उनके पास एक बेहतरीन कार्य अनुभव था जिसके बल पर उन्होंने पहले 1991 से 1996 तक वित्त मंत्री रहते और फिर 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश को आर्थिक संकटों से उबारा था।**

सम्भवत: डॉ. सिंह की हो रही वाहवाही ने मोदी को चिंतित कर दिया होगा क्योंकि वे दस वर्षों से उन्हें बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते थे। संसद हो या उसके बाहर की कोई भी सभा, मोदी का एजेंडा नेहरू के व्यक्तित्व को कोसना तथा मनमोहन के आर्थिक फैसलों की आलोचना करना रहा था। इसके लिये मोदी ने असत्य कथन की सारी सीमाएं लांघी। उन्होंने मनमोहन सिंह के एक बयान को तोड़-मरोड़कर यह तक कहा था कि 'वे देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का मानते थे।' हालांकि उसमें मोदी पूर्णत: गलत साबित हुए थे क्योंकि मूल बयान वैसा था ही नहीं। संसद में मनमोहन सिंह सरकार को भ्रष्ट साबित करने के लिये मोदी यह तक कह गये कि 'पूर्व पीएम रेनकोट पहनकर नहाते थे।' मनमोहन सिंह के निधन के तत्काल बाद से उनके कदमों की जिस तरह से प्रशंसा हुई वह शायद मोदी व भाजपा के लिये चिंता की बात रही होगी। इसलिये मोदी को राष्ट्र के नाम विशेष संदेश प्रसारित कर उनकी तारीफ करनी पड़ी। पहले भाजपा का प्रसार तंत्र उन्हें 'एक परिवार का नौकर', 'मौन मोहन' या 'रिमोट से चलने वाला पीएम' कहती थी, परन्तु अब जब उनके मजबूत एवं जनहित के फैसले सामने आ रहे हैं तो वह विमर्श जनता के बीच उतारने का साहस भाजपा व उसका प्रचार तंत्र अब तक नहीं जुटा पा रहा है। 'कांग्रेस ने उनका महत्व नहीं पहचाना', यह कहना तो दूर की बात है।

इसके बावजूद डरी हुई सरकार ने मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि प्रधानमंत्रियों (पूर्व भी) के लिये निर्धारित राजघाट की बजाये निगम बोध घाट पर करना तय किया तो इसकी जबर्दस्त आलोचना हुई जो यह बतलाता है कि जनता का नज़रिया उन्हें लेकर पूरी तरह से बदल गया है। उनकी मौत ने न सिर्फ भाजपा के लिये मुश्किलें खड़ी कीं वरन दूसरी अनेक पार्टियों को भी कठघरे में खड़ा किया है। विशेषकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी को, जिसने मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जन लोकपाल आंदोलन खड़ा कर इस सरकार को इतना बदनाम किया कि उसका लाभ भाजपा ले गयी और खुद आंदोलनकारियों का संगठन एक राजनीतिक दल (आप) बन गया। आज आप पार्टी भी मानती है कि मनमोहन सिंह के साथ भाजपा अच्छा सुलूक नहीं कर रही है, लेकिन वह इसका पश्चाताप नहीं कर रही है, और न ही इसके लिये माफ़ी मांग रही है, कि उसने एक अच्छी-भली सरकार को गिराने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस आंदोलन के पुरोधा अण्णा हजारे अब 'मनमोहन सिंह को देश हित में काम करने वाला पीएम' बता रहे हैं, तो वहीं आप के अन्य नेता उनके आर्थिक निर्णयों की तारीफ कर रहे हैं। वैसे तो जिस तत्कालीन सीएजी विनोद राय की रिपोर्ट में कथित कोयला घोटाला पाया गया था, उसे काफी पहले सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन किसी ने भी अपने किये पर क्षमा नहीं मांगी। ऐसे सारे तत्वों, संगठनों तथा सियासी दलों को भी जाते-जाते मनमोहन सिंह बेनकाब कर गये।

मुख्यधारा का मीडिया भी कम दोषी नहीं, जिसने यह पहचानने की भूल की कि जन लोकपाल आंदोलन एक जनहित में कार्यरत सरकार को गिराने की भाजपायी साजिश थी जो पूर्ववर्ती सरकार को हराने में दो बार नाकामयाब रही। उसने इस आंदोलन में घुसकर अपना उद्देश्य हासिल किया। इसलिये उसे मनमोहन सिंह की सरकार को बार-बार भ्रष्ट साबित करना ज़रूरी सा हो गया था। विनोद राय की रिपोर्ट गलत होने पर भी मीडिया खामोश रहा जबकि उसे भाजपा-आप की आलोचना करनी थी। दिवंगत डॉ. साहब और कई को बेपर्दा करेंगे। वे कह गये हैं- 'इतिहास उनके प्रति ऐसा निष्ठुर नहीं होगा जैसा आज का मीडिया है।'

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# अमेरिका भक्ति की सीमा तय हो

नए साल पर पहली चर्चा खुशखबरी की ही होनी चाहिए. तो खुशखबरी यह है कि बाहर गए भारतीयों द्वारा बीते साल में बाहर की कमाई में से बचत करके देश में पैसा भेजने के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर आ गया है और दूर-दूर तक उसे चुनौती मिलती नज़र नहीं आ रही है क्योंकि उसके लिए चुनौती बनने वाला चीन काफी पीछे हो गया है। बाहर गए भारतीयों ने इस साल 129.1 अरब डालर की रकम अपने बंधु-बांधवों और देश को भेजी जो वैश्विक हिसाब का 14.3 फीसदी है। चीन का नंबर अब काफी पीछे है और उसका हिस्सा मात्र 5.3 फीसदी का हो गया है जबकि अभी हाल तक वह कभी भी दस फीसदी से नीचे नहीं गया था। भारत के बाद मैक्सिको का नंबर आता है पर अंग्रेजी जानने वाले ऐसे 'मजदूरों' के मामले में पाकिस्तान ही हमारे बाद है जिसका हिसाब और भी पीछे है। विदेशी मजदूरी/कमाई के इस हिसाब का महत्व तब और साफ दिखता है जब हम पाते हैं कि हमारी जीडीपी में इसका हिस्सा 3.3 फीसदी का हो जाता है और हमारे लिए तो नहीं लेकिन दुनिया के काफी देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा इस कमाई के नीचे ही है।


अरविन्द मोहन

**सिर्फ भक्त ही नहीं यहां के भगवान लोगों के लिए भी अभी तक यह समस्या ध्यान देने लायक नहीं बनी है। वे कभी पुजारी तो कभी ग्रंथी की तनख्वाह या मंदिर/मस्जिद का खेल करके अमेरिका से भी खराब सामाजिक स्थिति का संदेश दुनिया को दे रहे हैं, वे उन रोहिंग्या शरणार्थियों को भी चुनाव में मुद्दा बना रहे हैं जिन्हें आधिकारिक रूप से शरणार्थी बनाया गया है।**

हमारे लिए भी यह कमाई काफी महत्वपूर्ण खासकर विदेशी मुद्रा की कमाई के लिहाज से भी। और चीन की घटती कमाई पर ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि एक तो अंग्रेजी के चलते उसके बीपीओ क्षेत्र में हमारे जितने 'मजदूर' उपलब्ध भी नहीं हैं। दूसरे वहां युवा आबादी का अनुपात तेजी से कम होने लगा है। और तीसरी वजह उसका खुद का एक बड़ी आर्थिक ताकत बनने से अपने सारे कामगार हाथों को काम उपलब्ध कराना है। दूसरी ओर हम हैं जिसके डालर कमाने वाले 'मजदूरों' में अंग्रेजी ज्ञान काफी बड़ी ताकत है और बीपीओ क्षेत्र से होने वाली कमाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बन गई है। अरब जगत या अन्य देशों में शारीरिक श्रम करके कमाई करने वाले कम नहीं हैं पर भारत में कंप्यूटर क्रांति का मतलब सेवा क्षेत्र से कमाई बढ़ाना है और इस 'सेवा' का लाभ अमेरिका और यूरोप समेत किस-किस देश को कितना मिला है इसका हिसाब लगाने की फुरसत भी हमें नहीं है पर डालर में कमाई के चलते इसकी मात्रा और महत्व दोनों काफी अधिक हैं। मुश्किल यह है कि आज अचानक इस कमाई पर ग्रहण उपस्थित हो गया है।

सो पहली खुशखबरी से भी ज्यादा महत्व की चेतावनी यही कि हमारे बीपीओ कारोबार के लिए सबसे बड़ा बाजार अमेरिका अकारण वीज़ा के नियमों में बदलाव करके भारतीय पेशेवर कम्प्यूटरकर्मियों का अपने यहां काम करना मुश्किल कर रहा है। कई महीने पहले जब डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के क्रम में वीसा नियम सख्त करने और 'अवैध' प्रवासियों को भगाने की बात उठाई तब से यह मामला अमेरिका, पूरी दुनिया और वहां काम कर रहे भारतीयों के बीच सर्वोच्च प्राथमिकता का मुद्दा बना हुआ है लेकिन हमारी सरकार और उसकी एजेंसियां कान में तेल डालकर सोई पड़ी हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन(मागा) नाम से पहचान वाले ट्रम्प भक्त हुड़दंग मचाए हुए हैं जबकि ट्रम्प की जीत को अपने जीत बताने वाले भारतीय भक्त इस सवाल पर चुप्पी साधे हुए हैं तो अमेरिकी भक्त लगभग जातीय दंगा शुरू कराने वाली भाषा बोलने लगे हैं। क्योंकि वहां सरकार बदल चुकी है और डोनाल्ड ट्रम्प बस आने ही वाले हैं। ऐसे-ऐसे अपमानजनक और डरावने वीडियो क्लिप भारत तक पहुंचने लगे हैं जिनसे लगता ही नहीं कि अमेरिका कोई सभ्य समाज है। हम जानते हैं कि ट्रम्प के परम सहयोगी और टेसला के मालिक एलन मस्क ने भी उनकी इस राय से सहमति जताई थी और लगातार वीज़ा नियमों में बदलाव की वकालत करते रहे हैं। नई सरकार पर उनकी छाप के अंदाजे से यह भी घबराहट का विषय बन गया था।

अब कारण जो भी रहे हों पर साल जाते जाते मस्क ने अपनी बात थोड़ी हल्की की तब काफी सारे लोगों ने राहत की सांस ली। मस्क ने कहा कि वीज़ा प्रणाली में गड़बड़ियां हैं और इन्हें दूर किया जा सकता है। अब अवैध ढंग से घुसपैठियों की वकालत कौन करेगा लेकिन वे वीज़ा-पासपोर्ट वाले तो हैं नहीं। जो लोग वीज़ा, खासकर एच-1 बी वीसा लेकर गए हैं उनमें अवैध लोग कैसे जा सकते हैं? यह समझ से परे है और फिर उनके खिलाफ आग उगलने का क्या कारण है यह समझना मुश्किल है। हर काम में कमाई करने का अभ्यस्त अमेरिका हर वीज़ा के लिए 35 हजार डालर की फीस वसूलता है और रेजिडेंसी के स्पांसरशिप के लिए 50 हजार डालर की फीस लेता है। ये लोग अपनी मौजूदगी और बौद्धिक/शारीरिक श्रम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में कितना या कैसा योगदान देते हैं (क्योंकि सब बुलाए हुए लोग हैं) वह हिसाब अलग है लेकिन उनकी अमेरिका में तैनाती कराने में ही हमारी साफ्टवेयर कंपनियों का हाल खराब होता है। अब क्या होगा यह कहना मुश्किल है लेकिन इतना ते लग रहा है कि एक बार फिर उनका ही मुंडन प्रमुख रूप से होने वाला है और अगर अमेरिका वीज़ा या वर्क परमिट को महंगा करता है तो इसका वैश्विक असर होगा।

कहना न होगा कि सिर्फ भक्त ही नहीं यहां के भगवान लोगों के लिए भी अभी तक यह समस्या ध्यान देने लायक नहीं बनी है। वे कभी पुजारी तो कभी ग्रंथी की तनख्वाह या मंदिर/मस्जिद का खेल करके अमेरिका से भी खराब सामाजिक स्थिति का संदेश दुनिया को दे रहे हैं, वे उन रोहिंग्या शरणार्थियों को भी चुनाव में मुद्दा बना रहे हैं जिन्हें आधिकारिक रूप से शरणार्थी बनाया गया है और जिनके प्रति सरकार की जवाबदेही तय है। असल में सबका ध्यान देश की आर्थिक राजधानी का चुनाव जीतने के बाद राजधानी दिल्ली के नन्हे एसेम्बली के चुनाव पर है जिसके अधिकारों पर सभी शक करते रहे हैं। उनका मुकाबला असल में 'मागा' (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) से है। ट्रम्प भक्तों का अगेन तो बहुत कम दिनों के फासले का है। हमारे मेक इंडिया ग्रेट अर्थात भारत महान वालों को यह भी तय करना है कि वे किस भारत की बात कर रहे हैं। शायद उनको इससे कोई लेना-देना भी है, यह नहीं लगता।

## आपके पत्र

### नए साल के जश्न में बड़ी संख्या में लोग पर्यटक स्थलों पर पहुंचे

31 दिसम्बर को अलविदा कहकर नए साल के जश्न में डूबे युवाओं की खुशियां सातवें आसमान पर है। पर्यटक स्थलों पर जमावड़ा देखने को मिला। 31 दिसम्बर को सेलिब्रेशन के लिए अपने दोस्तों के साथ हिल स्टेशनों की तरफ रुख किया गया। उत्तराखंड के नैनीताल, मसूरी ,ऋषिकेश, चकराता और धनोल्टी की तरफ पर्यटक रवाना हुए हैं। एक तरफ बर्फबारी हो रही है। मौसम खराब है दूसरी तरफ जश्न मनाने पहुंच रहे हैं। इन शहरों में होटलें बुक हो चुकी है। नए साल के आगमन पर पूरी दुनिया में जश्न मनाया जा रहा है। वही हिल स्टेशन पर लोगों का पहुंचना नए साल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 31 दिसम्बर को उत्तराखंड में होटलों की बुकिंग की जा रही है और अपने दोस्तों के साथ जश्न मनाने पहुंचे हैं। उत्तराखण्ड सरकार ने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे खोलने के लिए निर्देश दिए हैं। इन स्टेशनों पर पुलिस की बड़ी व्यवस्था है। ट्रैफिक पुलिस और राज्य पुलिस की व्यवस्था चाकचौबंद है। नए साल में जहां खानपान की महफ़िल सजेगी, वहीं लोगो की खुशियां भी बढ़-चढ़ देखने को मिल रही है। गढ़वाल में पुलिस की सक्रियता रहेगी। 24 घण्टे पुलिस तैनात रहेगी। कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो,उसके लिए पुलिस व्यवस्था दुरुस्त की गई है। दिल्ली, लखनउ शिमला और कश्मीर में पर्यटक जश्न मनाने पहुंचे हैं। मनुष्य नवीनता प्रेमी है। सुबह उठते ही नया सूरज देखकर आनन्दित होता है। नए खिले फूल और नयी ताजी हवा से मन प्रसन्न हो उठता है। आज नया वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। मित्र, स्वजन, परिचित एक दूसरे को नये वर्ष की बधाइयां दे रहे हैं। 31 दिसम्बर जो अतीत व्यतीत बन गया, उसके विषय में कुछ सोचना-विचारना व्यर्थ है किंतु जो नया साल हमारे सामने आ रहा है वह हमारे हाथ में है। लोग बीते वर्ष की बिदाई करके नये आने वाले वर्ष का अभिनंदन करने हिल स्टेशन पर एकत्रित हुए हैं। इसकी शुभकामनाएं करते हैं कि इस नव वर्ष को आप अपने पुरुषार्थ, अपनी प्रतिभा और अपनी उदात्त संकल्पशीलता के बल पर सुंदर से सुंदर, महत्वपूर्ण बना सकते हैं। जीवन का स्वर्णिम वर्ष बना सकते हैं। सुंदर राष्ट्र के निर्माण की ईंट बना सकते है। आज जिसके लिए हम बीज बोते हैं,वह फसल कल काटी जाएगी। भविष्य के मंदिर की नींव आज ही रखी जायेगी इसलिए आज हमारा है,भविष्य का निर्माण हमारे हाथ में है। आज बधाइयां, शुभ कामनाएं दी जा रही है वह मामूली चीज नहीं है। वह हमारे भविष्य का निर्माण करने नींव का काम कर सकती है। सज्जनों की शुभकामनाएं किसी ऋषि के वरदान से कम नहीं होती। शुभकामनाएं शुभ वायुमंडल का निर्माण करती है, शुभ प्रेरणाएं जगाती और नई ऊर्जा प्रदान करती है। ये शुभकामनाएं आपको सावधान करती है कि आपका आने वाला कल मंगलमय हो, इसलिए परिवार समाज राष्ट्र और समस्त विश्व के कल्याण में योगदान दे सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### नया साल और नौजवान

*'यह सोचना शायद गलत नहीं है कि हमारे वर्ग-विभाजित समाज में खाई लगातार बढ़ रही है और उसका सीधा असर युवजनों पर पड़ रहा है। हमने युवाओं के लिए ऐसे तमाम साधन जुटा लिए हैं जिनमें मशगूल रहते हुए वे अपने समय की सच्चाईयों से कट जाएं। दूसरी तरफ वे व्यवस्थाएं भ्रष्ट या नष्ट कर दी गई हैं जहां युवा पीढ़ी एक मंच पर आकर एक-दूसरे से रूबरू हो सके और परस्पर समझ विकसित कर सके। इस बात को यूं समझा जा सकता है कि पिछले तीस-चालीस साल में देश में कोई बड़ा छात्र आन्दोलन नहीं हुआ। जिन छात्रसंघों के माध्यम से नवयुवा आगे आते थे उनको निष्प्रभावी बनाने के लिए हर संभव कोशिश की गई है। राजनीतिक दलों के भी जो छात्र अथवा युवा संगठन हैं उनमें भी वैचारिक आधार पर चर्चाएं नहीं होतीं, बल्कि अराजक वातावरण निर्मित करने के लिए नौजवानों को उकसाया जाता है।'*

*'यह स्थिति भविष्य के प्रति चिंता उपजाती है। हम जानते हैं कि वर्चस्ववादी ताकतें युवाओं को भरमाने के लिए नित नए उपाय करती रहेंगी। यह तो खुद नयी पीढ़ी के सोचने की बात है कि वह मृगमरीचिका के पीछे न दौड़े। जिन्हें वोट देने का अधिकार मिल चुका है उनसे इस समझदारी की अपेक्षा तो करना ही चाहिए। हम भरोसा करना चाहते हैं कि आज नहीं तो कल देश के नौजवान वस्तुस्थिति को समझेंगे और मिल-जुल कर एक नया समाज बनाने के लिए अग्रसर होंगे। इन्हीं विचारों के साथ नौजवानों को 2015 की शुभकामनाएं।'*

**(देशबन्धु सम्पादकीय 1 जनवरी 2015)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/12/blog-post_31.html

## पावन प्रसंग

### स्वयं को बदलने का साहस

हम जैसा सोचते हैं. वैसा करें तथा यथार्थ में जीवन को स्वर्गीय बनाएं, यही सारे अध्याम का विषय है। जिसकी चेतना में जाग्रति है, समयानुसार स्वयं को बदलने का साहस है, जो जीवन से एक ही कामना रखता है कि कैसे मैं एक ऊंचे, सच्चे, आदर्श ध्येय की प्राप्ति की दिशा में बढ़ें-वहीं आगे बढ़ पाता है। जो बाधाओं से नहीं घबराता है, जिसे पता है मुझे कहां जाना है, ऐसा व्यक्ति यदि निश्चित कर ले कि हमें पथ की गरिमा के अनुरूप चलना है तथा आदर्श एवं उन्नत जीवनक्रम को पहचानना है तो स्वत: ही उसकी सारी समस्याएं एवं व्यामोह समाप्त होने लगते हैं। यही आदर्श जीवन का प्रतिसूचक है एवं इस मार्ग पर चल कर महानता अर्जित की जा सकती है।

देखने में लगता है कि किसी भी उत्कृष्ट ध्येय की प्राप्ति हेतु एक अनिवार्यता मेहनत एवं लगन है, परन्तु वास्तव में उससे उन्नत चीज है-किसी सही लक्ष्य के पीछे दौड़ लगाना जिससे जीवन का परिष्कार हो सके। आत्मा को सुख-शांति एवं प्रेम की अनुभूति हो सके इसके लिए चाहिए उसकी शक्तियों का किसी ऐसे महान लक्ष्य के लिए लग पड़ना, जो लोक कल्याण से संबद्ध हो, जिससे आत्मा की उत्कृष्ट अवस्था पूर्णता प्राप्त की जा सके। ऐसे ही लक्ष्य को पाने में मनुष्य की ललक एवं लिप्सा कार्यरत रहती है तथा उसे दैवी अनुदान अपनी ही आत्मा के अभिसिंचन से प्राप्त होती है इसे कहते हैं पात्रता का विकास। जो मनुष्य की अंतरात्मा की चाह को, उसकी सुषुप्त क्षमताओं को पहचान कर तथा उसे उद्देश्य का भलीभांति ज्ञान करा ऊपर उठाती है। मनुष्य की तड़पन इसलिए है; क्योंकि वह कोई छोटी महत्वाकांक्षा को लेकर पैदा नहीं हुआ है, उसे सीधा परमात्मा से मिलता है और यह छोटा कार्य नहीं।

इसके लिए दीर्घकालिक पुरुषार्थ तथा आत्मा अर्पण की भावना को अपनाना पड़ता है तथा संतोषजनक परिणामों को प्राप्त करने में देरी नहीं करनी होती। जीवन का निर्वाह किसी प्रकार होता रहे, परंतु आदर्श एवं उच्चकोटि की विचारणा हेतु हमें संघर्ष के उस महान पथ से गुजरना होता है, जिसे जवन साधना कहते हैं। जीवन सधता है तो किसी एक माने में नहीं, बल्कि उसका परिष्कार, उसकी आत्मा का दिग्दर्शन तथा उसे हर्षोल्लास से जीने की पद्धति भी हमें प्राप्त होती है। उसके बिना जीवन में कोई भी परिष्कार का क्रम उन्नत स्थिति को प्राप्त नहीं कर पाता। जिसका जीवन सुधरा,संवरा एवं परिष्कृत भावना को प्राप्त हुआ है, केवल वही समझता है कि जीवन की असल में कीमत क्या है। उसे किस रीति- नीति से जिया जाना है तथा उसे आचरण की शुद्धता द्वारा प्राणों से अभिपूरित कर तथा दैवी मनोभावना लिए परिपूर्ण अवसर कैसे दिया जाना है?

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## वेनेजुएला नें लगाया टिकटॉक के खिलाफ 1 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**कारकास,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। टिकटॉक और विवादों का पुराना नाता है। कई देशों में इस चीनी एप के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। इस लिस्ट में अब वेनेजुएला का नाम भी जुड़ गया है जहां कि शीर्ष अदालत ने टिकटॉक पर 1 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि इस प्लेटफॉर्म पर खतरनाक चैलेंज के वायरल होने के कारण तीन किशोरों की मौत हो गई और 200 से अधिक अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हो गए। सुप्रीम ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस ने टिकटॉक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह, युवा यूजर्स को टारगेट करने वाले हानिकारक कंटेंट के प्रसार को रोकने के उपायों को लागू करने में नाकाम रहा।

# विभाजित नहीं एकजुट दुनिया, 2025 को बनाएं नई शुरुआत का साल : गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नए साल के लिए अपने संदेश में 2025 को एक नई शुरुआत का वर्ष बनाने का आह्वान किया। यूएन प्रमुख गुटेरेस ने कहा पूरे 2024 में आशा की किरण खोजना मुश्किल रहा। युद्धों के कारण पीड़ा, विस्थापन, असमानताएं और विभाजन देखने को मिला, जिससे तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है।

यूएन प्रमुख ने कहा कि दुनिया ने अभी-अभी घातक गर्मी का एक दशक सहा है और रिकॉर्ड में सबसे गर्म दस साल पिछले 10 वर्षों में आए हैं, जिनमें 2024 भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह रियल टाइम में जलवायु परिवर्तन है। हमें बर्बादी की इस राह से बाहर निकलना होगा और हमारे पास खोने के लिए समय नहीं है। यूएन प्रमुख ने देशों से अपील की कि वे उत्सर्जन में कमी लाकर और नवीकरणीय भविष्य की ओर बदलाव का समर्थन करके दुनिया को एक सुरक्षित



**पूरे 2024 में आशा की किरण खोजना मुश्किल रहा, युद्धों के कारण जिससे तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है : एंटोनियो गुटेरेस**

मार्ग पर ले जाएं। यह जरूरी है और संभव भी है।

गुटेरेस ने कहा कि यहां तक कि सबसे अंधेरे दिनों में, मैंने आशा की शक्ति को देखा है। उन्होंने प्रगति के लिए आवाज उठाने वाले कार्यकर्ताओं और सबसे कमजोर लोगों की मदद करने के लिए बड़ी चुनौतियों को पार करने वाले मानवीय नायकों की सराहना की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएन प्रमुख ने कहा कि उन्हें वित्तीय और जलवायु न्याय के लिए लड़ रहे विकासशील देशों में भी आशा दिखाई देती है।

उन्होंने यह भी कहा कि सितंबर में अपनाया गया फ्यूचर पैक्ट (भविष्य के लिए समझौता) एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य निरस्त्रीकरण के माध्यम से शांति स्थापित करने, वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार लाने तथा मानवाधिकारों, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करना है। गुटेरेस ने कहा कि 2025 में क्या होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। लेकिन मैं उन सभी लोगों के साथ खड़ा होने की प्रतिज्ञा करता हूं जो सभी के लिए अधिक शांतिपूर्ण, समान, स्थिर और स्वस्थ भविष्य बनाने के लिए काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि हम सब मिलकर 2025 को एक नई शुरुआत का साल बना सकते हैं। दुनिया को विभाजित नहीं, बल्कि एकजुट राष्ट्रों के रूप में।

## गाजा में इजरायली हमलों से आम जनजीवन हुआ तबाह : संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र।** मानव सेवा के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने कहा है कि इजरायल की स्वास्थ्य देखभाल और आपातकालीन सेवाओं पर हमला, मानवीय मदद तक पहुंच को मुश्किल बना रहा है और गाजा में नागरिकों पर हमले उनके जीवन के जरूरी साधनों को नष्ट कर रहे हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी जारी की। इससे पहले डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने बताया था कि उत्तरी गाजा के कमल अदवान अस्पताल पर इजरायली हमले और शुक्रवार को अस्पताल के निदेशक हुसाम अबू सफिया को हिरासत में लेने के बाद संकट बढ़ गया है। एक्स पर एक पोस्ट में घेब्रेयेसस ने कहा कि गंभीर मरीजों को अब बंद पड़े इंडोनेशियाई अस्पताल में ले जाया गया है। अभी यह पता नहीं है कि सफिया को कहां ले जाया गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने उनकी तुरंत रिहाई की मांग की है। घेब्रेयेसस ने कहा कि उत्तरी गाजा में हो रही अराजकता के बीच डब्ल्यूएचओ और उसके साझेदारों ने सोमवार को इंडोनेशियाई अस्पताल में जरूरी दवाइयां, स्वच्छता सामग्री, खाना-पानी पहुंचाया और 10 गंभीर मरीजों को अल-शिफा अस्पताल में भेजा। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण के दौरान चार मरीजों को हिरासत में ले लिया गया। हम इजराइल से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं कि उनकी स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों और अधिकारों का सम्मान किया जाए।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 1 जनवरी, 2025 पौष शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

वृषभ - सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है।

मिथुन - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क - व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

सिंह - प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या - आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

तुला - नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप के मन पर उदासी छायी रहेगी।

वृश्चिक - निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे।

धनु - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर - कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे। वाणी पर संयम रखें। दुर्घटना का भय बना रहेगा।

कुंभ - आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मनदु:ख होने से घर का वातावरण दूषित होगा।

मीन - आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज ब्रिक्स का आधिकारिक भागीदार बन जाएगा थाईलैंड

**बैंकॉक,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड एक जनवरी 2025 को ब्रिक्स का आधिकारिक तौर पर भागीदार देश बन जाएगा। थाई विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 28 दिसंबर 2024 को थाईलैंड को 2024 के लिये ब्रिक्स के अध्यक्ष रूस की ओर से सूचित किया गया था, जिसमें पुष्टि की गई थी कि थाईलैंड एक जनवरी 2025 से भागीदार देश के रूप में ब्रिक्स में शामिल होगा।

मंत्रालय के मुताबिक, इस सहयोग से ब्रिक्स सदस्य देशों के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जो मुख्य रूप से व्यापार, निवेश और पर्यटन पर केंद्रित होगा और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने में मदद करेगा। मंत्रालय के अनुसार, ब्रिक्स के साथ थाईलैंड की साझेदारी भी देश की बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। बैंकॉक ब्रिक्स, आसियान, एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) और एशिया सहयोग वार्ता जैसी अन्य क्षेत्रीय संस्थाओं के बीच 'पुल निर्माता' बनने के लिए तैयार है। थाईलैंड के साथ, आठ और देश, यानी बेलारूस, बोलीविया, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, क्यूबा, युगांडा, मलेशिया और उज्बेकिस्तान आधिकारिक तौर पर एक जनवरी 2025 से ब्रिक्स भागीदार बन जाएंगे।

## आज दुनिया की आबादी 8.09 अरब तक पहुंचने का अनुमान



**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। नए साल के पहले दिन 1 जनवरी 2025 को दुनिया की आबादी 8.09 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। 2024 में, भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश रहा, जिसकी अनुमानित जनसंख्या 141 करोड़ थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुमान के अनुसार, 2024 में दुनिया की जनसंख्या में 7.1 करोड़ से अधिक लोगों की वृद्धि की हुई है। ब्यूरो ने कहा कि 1 जनवरी 2025 को अनुमानित विश्व जनसंख्या 8,092,034,511 है, जो नए साल 2024 से 71,178,087 (0.89 प्रतिशत) अधिक है।

जनवरी 2025 के महीने में दुनिया भर में हर सेकंड लगभग 4.2 जन्म और 2 मौतें होने की उम्मीद है। इस साल 0.9 प्रतिशत की उछाल 2023 की तुलना में थोड़ी कम थी, जब दुनिया भर में कुल मानव आबादी 7.5 करोड़ बढ़ गई थी। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो जनसंख्या घड़ी के लिए अल्पकालिक अनुमानों को अपडेट करने के लिए प्रत्येक वर्ष के अंत में जनसंख्या अनुमानों की संशोधित श्रृंखला का इस्तेमाल करता है। ब्यूरो का कहना है कि हर कैलेंडर महीने के अंदर रोजाना जनसंख्या परिवर्तन को स्थिर माना जाता है।

## बलूचिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान शुरू

**इस्लामाबाद,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को सात दिवसीय पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। दरअसल, बलूचिस्तान इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांत है, जहां 2024 में इसके 27 मामले सामने आए हैं। प्रांतीय आपातकालीन संचालन केंद्र (ईओसी) के अनुसार, 11,600 से अधिक टीमें पांच वर्ष से कम आयु के 26 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के अभियान में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पोलियो टीमों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बलूचिस्तान ईओसी समन्वयक इनामुल हक ने माता-पिता, मीडिया और नागरिकों से पोलियो रोधी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया है। इस अभियान में घर-घर जाकर टीकाकरण करना और सार्वजनिक स्थानों पर निश्चित केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश नौसैनिक गठबंधन का एक्शन

**सना,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी और ब्रिटिश नौसैनिक गठबंधन ने यमन के होदेइदाह प्रांत पर दो हवाई हमले किए। हमलों में प्रांत के दक्षिण-पश्चिम स्थित अट-तुहैता जिले को निशाना बनाया गया। यह जानकारी हूती मीडिया ने दी है।



हूती मीडिया ने हालांकि और अधिक विवरण नहीं दिया लेकिन जिले के निवासियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि शक्तिशाली विस्फोटों ने उनके घरों को हिलाकर रख दिया। यूएस सेंट्रल कमांड ने अभी तक घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक हूती ग्रुप के अल-मसीरा टीवी ने बताया कि संगठन, नियमित रूप से इजरायल के खिलाफ रॉकेट और ड्रोन हमले कर रहा है। इससे पहले 27 दिसंबर को गठबंधन ने हूती ग्रुप के कब्ज़े वाली यमन की राजधानी सना पर हवाई हमला किया था, जिसमें शहर में फर्स्ट आर्मर डिवीजन को निशाना बनाया गया था। फर्स्ट आर्मर डिवीजन हूती ग्रुप की एक मिलिट्री साइट है। हवाई हमले ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया, और टारगेटेड साइट्स पर एम्बुलेंसों के दौड़ने की आवाज़ें सुनी गईं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी...**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा ग्यारहवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। समिति के समन्वयकों के साथ आयोजित बैठकों में निरंतर चल रही गतिविधियों के विषय में अपडेट एवं आवश्यकता के अनुसार दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

**दो सत्रों में होगा उपाधि और पदक वितरण**

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 की विभिन्न परीक्षाओं (स्नातक, स्नातकोत्तर व पत्रोपाधि) में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही वे शोधार्थी जो 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2024 के मध्य पीएचडी उपाधि हेतु पात्र गए हैं, शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह की रिहर्सल हेतु विद्यार्थियों को समारोह स्थल पर 11 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

**पारंपरिक वेशभूषा में होगा उपाधि वितरण**

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में भारतीय संस्कृति के अनुरूप वेशभूषा का चयन किया गया है। ग्यारहवें समारोह में छत्तीसगढ़ की स्थानीयता को प्रदर्शित करने के लिए कोसा को विशेष रूप से शामिल किया गया है। दीक्षांत शोभायात्रा के सम्मानीय सदस्यों, स्वर्ण मंडित पदक प्राप्त करने वाले एवं पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक वेशभूषा रखी गई है।

**दीक्षांत हेतु 19 समितियों का गठन**

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह की विस्तृत तैयारियों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु विभिन्न 19 समितियों का गठन किया गया है। दीक्षांत समारोह के संयोजक प्रो. मनीष श्रीवास्तव, सह-संयोजक प्रो. एम.एन. त्रिपाठी एवं डॉ. संपूर्णानंद झा को बनाया गया है।

**प्रदेश के शहरों को साफ, सुंदर...**

समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए अच्छी गुणवत्ता की उत्कृष्ट मूर्ति स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल परिसर का इस तरह निर्माण करें कि शहर में इसकी विशेष पहचान और दर्शनीय स्थल बनें। उन्होंने प्रदेश के 12 शहरों में बनाए जा रहे नालंदा परिसर के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र काम प्रारंभ करने को कहा। साव ने अधिकारियों से कहा कि नालंदा परिसर का शानदार और आइकॉनिक निर्माण होना चाहिए। नालंदा परिसर और अटल परिसर का निर्माण सरकार के महत्वाकांक्षी कार्य हैं। उन्होंने आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को खुद इनकी मॉनिटरिंग करने और प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## आज का इतिहास

1664-छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरू किया।
1862-'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया।
1877-इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया भारत की साम्राज्ञी बनी।
1915-महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया।
1941-भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के ख्याति प्राप्त हास्य अभिनेता असरानी का जन्म।
1949-कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई।
1955-भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया गया।
1959-बिहार की राजनीतिज्ञ तथा लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी का जन्म।
1964-भारतीय थल सेना के प्रथम थल सेनाध्यक्ष राजेन्द्र सिंहजी जडेजा का निधन।
1978-हिन्दी फ़िल्मों की अभिनेत्री विद्या बालन का जन्म।
1978-बम्बई (अब मुंबई) में एयर इंडिया के जंबो जेट बोइंग-747 विमान हादसे में 213 लोगों की मौत हुई।
1992-भारत और पाकिस्तान ने पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला-बदली की।
1993-चेकोस्लोवाकिया का दो स्वतंत्र गणराज्यों- चेक एवं स्लोवाक के रूप में विभाजन।
1994-'उत्तरी अफ़्रीका मुक्त व्यापार समझौता' (नाफ्टा) व्यापारिक बना।
1995-विश्व व्यापार संगठन अस्तित्व में आया।
1996-सिंगापुर एशिया में जापान के बाद दूसरा विकसित देश बना।
1997-भारत-बांग्लादेश के मध्य जल बंटवारे की संधि प्रभावी।
1999-यूरोप के 11 देशों की साझी मुद्रा यूरो का प्रचलन प्रारम्भ।
2000-न्यूजीलैंड से 860 कि.मी. पूर्व दिशा में स्थित मोरिओरी चैटहैम द्वीप पर सहस्त्राब्दी की प्रथम किरण पड़ी।
2001-कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर पर कोलकाता हुआ।

**तैयारी** *क्वाड ने एकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की फिर से की पुष्टि, कहा*

## एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ क्वाड

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका का रणनीतिक गठबंधन चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) सहयोग के 20 साल पूरे कर रहा है। वर्ष 2004 में भारतीय महासागर में आए भूकंप और सुनामी के जवाब में स्थापित किया गया क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो खुले, स्थिर और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में आसियान की महत्ता और एकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बयान के अनुसार 20 साल पहले (2004) में हिंद महासागर में आए भूकंप और सुनामी के जवाब में, हमारे देशों ने इतिहास के सबसे बड़े आपदाओं में से एक से प्रभावित लाखों लोगों की मदद के लिए एकजुट होकर काम किया। हम उन लोगों की यादों का सम्मान करते हैं और बचे हुए लोगों का मान रखते हैं। इसमें उल्लेख किया गया कि चार देशों के 40,000 से अधिक आपातकालीन प्रतिक्रिया कर्मियों ने मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने के लिए मिलकर काम किया, जो क्वाड के मिशन का एक अभिन्न हिस्सा बना हुआ है।

बयान में आगे कहा गया है, मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति हमारी आधारभूत प्रतिबद्धता मजबूत बनी हुई है। हम पूरे क्षेत्र में



**आपदा राहत से रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हम, क्वाड ने पिछले कुछ वर्षों में अपने दायरे को व्यापक बनाया है : क्वाड सदस्य**

आपदाओं के लिए तैयारी करने और तत्काल तथा प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करना जारी रखेंगे।

क्वाड ने पिछले कुछ वर्षों में अपने दायरे को व्यापक बनाया है और जटिल क्षेत्रीय तथा वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया है। हाल की पहलों में जलवायु परिवर्तन से निपटना, समुद्री क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देना, आतंकवाद का मुकाबला करना और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना शामिल है।

बयान में कहा गया, आपातकालीन स्थिति में शुरू हुआ क्वाड अब सकारात्मक परिणाम देने वाली पूर्ण साझेदारी में विकसित हो गया है। हमारे देश अब चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला का समाधान करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भागीदारों के साथ सहयोग करते हैं।

बयान में कहा गया कि चार साझेदारों के रूप में, हम एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को साझा करते हैं जो शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हो, जो प्रभावी क्षेत्रीय संस्थाओं द्वारा समर्थित हो। हम आसियान की एकता के साथ-साथ हिंद-प्रशांत पर आसियान दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाने और लागू करने के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं।

## सुडोकू 6782

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 8 | 3 | 5 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 6 | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | 1 | | 7 | 9 | | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| | | 7 | | 8 | 3 | | 2 | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | 3 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 7 | 8 | | | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6782

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, फिल्म, पुस्तक या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को निकाल देता है (सेंसर)
४. देर करना, देर होना
६. किरण
७ वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
१२. किसी विशेष संकल्प के लिए किया गया उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, उजागर, प्रगट (उर्दू):
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट(उर्दू)
२२. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**
१. मध्यान्ह
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतन वृद्धि की सलिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6781

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | ल्ली | २ क | टू | ■ | ■ | ३ अ | द्धा | ४ गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | ५ वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| ६ घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | ७ रि | क्त | ह | ८ स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ९ ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | १० वै | त | ११ नि | क | ■ | ■ | १२ उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | १३ नि | मि | त्त | ■ | य |
| १४ सी | ता | १५ प | ति | ■ | पु | ■ | १६ म | १७ लि | न |
| घा | ■ | द | ■ | १८ प्र | ण | १९ त | ■ | हा | ■ |
| २० सा | द | र | ■ | ता | ■ | २१ र | म | जा | २२ न |
| दा | ■ | २३ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### उत्तर कोरिया बना रहा चार हजार टन वजनी युद्धपोत

**सोल,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने एक चार हजार टन वजनी फ्रिगेट का निर्माण शुरू किया है। यह वर्टिकल लॉन्चिंग सिस्टम से लैस है। दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार, प्योंगयांग अपने परमाणु और मिसाइल हथियारों को आगे बढ़ाना चाहता है।

उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने किम जोंग-उन की एक शिपयार्ड का दौरा करने के दौरान की तस्वीरें शेयर की थीं, जहां नए युद्धपोत का निर्माण किया जा रहा है। इसके एक दिन बाद यह आकलन सामने आया है। उत्तर कोरिया के पश्चिमी बंदरगाह शहर का जिक्र करते हुए एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि उत्तर कोरिया नैम्फो में 4 हजार टन का फ्रिगेट बना रहा है। जहाज के आकार से, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह (जहाज से जमीन पर मार करने वाली) मिसाइल ले जाने में सक्षम है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि उत्तर कोरिया को इस पोत का निर्माण पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। पोत को परिचालन के लिए तैनात करने में 10 साल से ज्यादा का समय लग सकता है। उत्तर कोरिया का अब तक का सबसे बड़ा जहाज 1,500 टन का फ्रिगेट है, जो जहाज से जहाज पर मार करने वाली मिसाइल से लैस है।

# कभी राजिम नगरी की पहचान रहे संत कवि पवन दीवान



**संत कवि पवन दीवान जन्मजयंती पर विशेष : गणेश साहू**

राजिम, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कभी राजिम नगरी की पहचान रहे संत कवि पवन दीवान का जन्म किरवई गाँव में 01 जनवरी 1945 को ब्राम्हण परिवार में हुआ था। बचपन से ही विनोदी स्वाभाव के पवन दीवान को सन्यास दीक्षा के बाद स्वामी अमृतानंद सरस्वती के रूप में संत समाज में पहचान मिला। ठहाकों की गूंज से क्षेत्रवासी और प्रदेशवासी उनकी उपस्थिति का अहसास पा जाते थे। छत्तीसगढी भाषा में श्रीमद् भागवत पुराण की रोचक कथाओं के लिए वे छत्तीसगढ और खासकर राजिम क्षेत्र में घर-घर और गाँव-गाँव इतने प्रसिद्ध थे कि हर उम्र के लोगों की जुबान पर धर्म चर्चा में बस उनका ही नाम तब हुआ करता था।

स्वामी जी को राजिम अंचल ही नही बल्कि पूरे छत्तीसगढ की गरीबी बहुत सालती थी और वे काफी दु:खी भी हो जाया करते थे। इसलिए समय की नजाकत को भापते हुए उन्होंने राजनीति के माध्यम से कुछ करने की ठानी और 1977 में राजिम सीट से जीतकर विधानसभा में प्रवेश किया। जेल मंत्री रहते उन्होंने अपने उसी अभियान को गति देने काबिल कास्त कृषिभूमि का आवंटन और पट्टा वितरण का अभियान पूरे प्रदेश में अनेकों जगह शुरू किया। जो उनकी आंतरिक पीडा को समझने के लिए काफी है। किसानों की समस्याओं के निदान के लिए वे कोई भी प्रयास छोडने के पक्षधर नही रहे। यहां तक की सरकारी अफसरों से दुर्व्यवहार का आरोप भी उनपर लगाया गया जिसे वे हंसते-हंसते यू ही पचा जाते।

राजिम उनका कर्मभूमि रहा लेकिन शुक्ल बंधुओं की उपस्थिति के कारण उनका राजनैतिक कद को कमतर आंका गया और उन्हे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने से बारबार रोका गया। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे अर्जुनसिंह के गुट वे शामिल होकर राजिम विधानसभा तो नही बल्कि महासमुंद लोकसभा से दो बार संक्षिप्त कार्यकाल के लिए सांसद जरूर चुने गए बावजूद कुछ बडा करने की उनका स्वप्न कभी पूरा ना हो सका। बतौर सांसद क्षेत्र में जितने सामुदायिक भवन, पुल और पुलिया का निर्माण और गाँव-गाँव बिजली पहुचाने का भागीरथी प्रयास किया गया वह आज भी एक मिशाल है। अनेकों गाँवों का कायापलट उन्होने सांसद रहते किया। हाँ, जरूर उन्हे वे कभी भुना नही पाये, जैसे कि उनके प्रतिद्वंद्वीयों ने जमकर भुनाया। सच्चे और सीधे ही नही मनमौजी प्रवृति के स्वामी जी हमेशा अक्खड साधू ही रहे और राजनीति में होकर भी राजनीति के गुर वे कभी सीख ना पाये जिस कारण प्रतिद्वंद्वी हमेशा उनपर बीस ही साबित हुए और इस तरह से उनके राजनैतिक जीवन की नृशंस हत्या करने की भरसक चेष्ठा की गई जिसमें हमेशा प्रतिद्वंद्वी सफल भी रहे। इस तरह से स्वामी जी का राजनैतिक जीवन कभी परवान नही चढ पाया। गुरूमुख सिंह होरा ही नही बल्कि उन जैसे अनेकों नेताओं को राजनैतिक जीवन वे दे गए जो कभी स्वप्न में विधायक एवं सांसद ना हो सकते थे। राजिम नगर पंचायत और राजीवलोचन महोत्सव का शुभारंभ उनके ही सतत प्रयासों का प्रतिफल है जिसे आज कोई भी इंकार नही कर सकता है। राजिम की बिजली को गुल होने से रोकने में उनका प्रयास अद्वितीय रहा जिसके परिणाम स्वरूप 33 के.वी. सबस्टेशन बनाकर धर्म नगरी होने की लाज रखी गई।

श्रीमद् भागवत कथा के वे इकलौते टीकाकार थे जिन्होंने ठेठ छत्तीसगढी भाषा में कथा का रसपान कराते थे जिससे कथा इतना रसीला और सुस्वादु हो जाता था कि जनता ठगी और मंत्रमुग्ध हो बैठे रहने मजबूर रहते थे। जनता को जगाने का प्रयास वे अपनी कथा-कहानियों के माध्यम से निरंतर करते रहते थे। जनता से जुडाव में आज का कोई भी राजनैतिक नेता और धार्मिक नेता उनके सामने नही ठहरता है। समस्या बताने पर वे सीधे खेत और खलिहान में नंगे पैर पहुँच जाया करते थे और स्पाट में ही उनका निराकरण करते थे ऐसा मिशाल दुर्लभतम है। ऐसे जननेता थे संत कवि पवन दीवान।

अति कोमल ही नही अपितु कवि हृदय होने एवं साधुओं जैसी अक्खडता होने के कारण जीवन के अंतिम दिनों में वे बिना सहयोगी के नितांत अकेले हो गये थे। राजिम आश्रम की जगह पर जन्मभूमि किरवई स्थित अपने आश्रम में एकांतवास करते हुए वे किसी तरह एक कमरे में अपना दिन काटा करते थे। सदा भीड भाड और खचाखच भरे लोगो से घिरे रहने वाले स्वामी जी को नितांत अकेलापन भारी खटकता था जिस कारण उन्हे ब्रेन हैमेज जैसी त्रासदी से गुजरते हुए मार्च 2016 में महाप्रयाण कर गये।

चंद्रखुरी रायपुर का आज का कौशिल्या माता का मंदिर तब बनाने वे काफी प्रयासरत रहे। छत्तीसगढी भाषा और छत्तीसगढ प्रदेश से उनका सदैव गहरा लगाव रहा और जिसके उत्थान के लिए वे आजन्म प्रयासरत रहे।

छत्तीसगढ की शान रहे पवन दीवान को लोग प्रेम से पवन नही यह आंधी है और छत्तीसगढ का गाँधी है जैसे उपनामों से भी संबोधित करते थे। छत्तीसगढी के साथ हिन्दी संस्कृत व अंग्रेजी के वे मर्मज्ञ थे। सभी भाषाओं में उनकी बराबर पकड थी। कवि हृदय स्वामी जी नारी उत्थान की दिशा में भी प्रवचन दिया करते थे और अनेक कुरीतीयों से समाज को बाहर निकालने का अथक प्रयास वे करते रहते थे। जिस कारण पुरूषों ही नही महिलाओं में भी वे काफी लोकप्रिय थे। संत परम्परा का निर्वहन उनके द्वारा किया जाकर छत्तीसगढ की पहचान को जीवंत रखने का कार्य वे आजीवन करते रहे।

संत तो वे थे ही एक अच्छे वक्ता और कवि भी स्वामी जी रहे है। कविताओं को संकलित कर एक पुस्तक के रूप में पिरोया गया है जिसे पढकर और समझकर कोई भी आंदोलित हो सकता है। अपने धार्मिक प्रवचनों में मानव जीवन के सभी आयामों को छूते सभी विषयों पर अपनी राय रखते और लोगों को कुप्रथा और कुरूतीयों से बाहर निकलने आव्हान करते वे पाये जाते थे। स्वामी जी इतने प्रभावी वक्ता थे कि कोई भी उनकी अपील को अनसुना नही कर पाते थे। इस तरह राजिम क्षेत्र ही नही अपितु सम्पूर्ण छत्तीसगढ में एक नये ऊर्जा का संचार वे कर गये जिसका नतीजा ही आज का समृद्ध होता छत्तीसगढ पूरे देश में अपना खास स्थान बनाने में सफ्ल सिद्ध हुआ है। आज का छत्तीसगढ नि:संदेह सपनों का प्रदेश बनने की दिशा में बडी छलांग लगा पा रहा है जो संत कवि प0 जी को बेहतरीन श्रद्धांजलि है।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोना ऐसोसिऐटस कंपनी पार्टनर शिप फर्म है। जिसमे सुदर्शन गुप्ता पिता पी.आर. गुप्ता एवं श्रीमति मीनाक्षी साहा पति श्री प्रदीप कुमार साहा पार्टनर थे। परन्तु कुछ कारण वश श्रीमति मीनाक्षी साहा उपरोक्त कंपनी से इस्तीफा दे दी है उसके बदले नये पार्टनर के रूप मे श्री कोल्ली गुना सांई तेजा पिता श्री कोल्ली श्रीनिवास को जोड़ा गया है। जनसाधरण को सूचित किया जाता है मोना एसोसिएट मे सुदर्शन गुप्ता एवं कोल्ली गुना सांई तेजा पार्टनर होगें ।

सो सूचना जाने

**कोल्ली गुना सांई Mona AssociatesPartner**
**सुदर्शन गुप्ता Mona Associates Partner**
**मोबाइल नं. 89669-80642**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

### निविदा सूचना क्रमांक-16

क्रमांक/2914/वलेलि/ग्रायांसेवा/2024-25

राजनांदगांव, दिनांक 30.12.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 14.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सतनाम समाज भवन निर्माण कार्य सांकरादाहरा विकास खण्ड छुरिया | 8.75 | प्रथम बार | 14.01.25 |
| 2 | सतनाम भवन निर्माण कार्य सोनेसरार विकास खण्ड डोंगरगांव | 8.39 | प्रथम बार | 14.01.25 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 31.12.2024 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 14.01.2025 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव

जी-242504978

## न्यायालय तहसीलदार सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )
### राजस्व मामले में नोटिस/सूचना

रा.प्र.क्र. 20241214900010 अ/6 वर्ष 2024-25
साकिन-कामता प.ह.नं. 18, तहसील सिमगा
प्रति,

1. भागवत पुरी पिता खेमराज पुरी 2. सीमा पिता खेमराज पुरी 3. लता पिता खेमराज पुरी 4. रूखमणी पिता खेमराज पुरी
कास्तकार ग्राम कामता प.ह.नं. 18 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

आवेदिका कांति पिता त्रिलोचन पति हेमपुरी कास्तकार ग्राम कामता तहसील सिमगा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता वास्ते नाम विलोपित किये जाने बाबत् प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कामता प.ह.नं. 18 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 578/3, 594/2, 594/3, 594/4, 597, 1382/4 रकबा क्रमशः 0.235, 0.1210, 0.1300, 0.2400, 0.0690, 0.0160 हे. कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 0.8110 हे. कृषि भूमि भागवतपुरी, सीमा, लता, रूपखमणी पिसरान खेमराजपुरी गायत्री पति खेमराजपुरी एवं कांति, प्रीति पिसरान त्रिलोचन के शामिल नाम पर दर्ज है। सहखातेदार प्रीति पिता त्रिलोचन की मृत्यु दिनांक 04-12-2023 को अविवाहित नि:संतान अवस्था में हो चुकी है। प्रीति के कोई विधिक वारिसान नहीं है, समस्त राजस्व अभिलेखों से प्रीति का नाम विलोपित किये जाने निवेदन किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त भूमि, प्रकरण में आप आवश्यक पक्षकार हैं। प्रकरण में पेशी दिनांक 16-01-2025 को प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय में सुनवाई हेतु नियत है।

अत: प्रकरण में नियत तिथि 16-01-2025 को प्रात: 11.00 बजे आप स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब, आपत्ति आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि को अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 26-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/778/लो.नि.वि./न.पा./2024 बालोद, दिनांक 31/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 15 वे वित्त आयोग मद से प्राप्त मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 19 हसीना बेगम से अजय यादव घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 3.44 | 750.00 | 07.01.2025 सायं 5.00 बजे तक |
| 2 | वार्ड क्रमांक 19 सोहन लाल से सखन साहू घर, दानेश्वर लाल एवं पुराना गार्डन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 8.35 | 750.00 | |
| 3 | वार्ड क्रमांक 19 अजय यादव घर से खिलेश सोनकर घर तक 3 आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 3.98 | 750.00 | |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती हैं।

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

### Notice Inviting Tender

समान प्रकार के कार्य करने के अनुभव व अहर्ता रखने वाले संस्थाओं से Offline निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | निविदा क्रं. / दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/24. 12.2024 | Construction of RCC Approach bridge for Intake well site 46 m long and x.z m width shall be provided from the bank exicting approach bridge at Mahanadi River Saradih Barrage (Village-Ghouthala Chhote) Sarangarh AWSS | 18.81 | 14100/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.01.2025 सायं 5.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

जी-242504948

## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
### नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष - 2024-25

क्रमांक /487/रा.वि.बा./2024
दुर्ग दिनांक-30-12-2024

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि छ.ग. नगर पालिक निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों की उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन से 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

क्र.1. हस्तांतरिती का नाम श्री दिनेश कुमार चावडा आ. स्व. दयाराम चावडा निवासी- संतराबाडी वार्ड क्र. 25, दुर्ग, हस्तांतरण कर्ता का नाम श्री राकेश कुमार गुप्ता आ. स्व. अर्जुन कुमार गुप्ता निवासी - संतराबाडी वार्ड क्र. 25, दुर्ग, मोहल्ला संतराबाडी दुर्ग, परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक महात्मा गांधी मार्केट अग्रसेन चौक शॉपिंग काम्प्लेक्स स्थित दुकान क्रमांक 38 दुर्ग, नामांतरण का आधार क्रय- विक्रय।

सील

बाजार अधिकार
नगर पालिका निगम, दुर्ग

## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
### नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष - 2024-25

क्रमांक /488/रा.वि.बा./2024
दुर्ग दिनांक-30-12-2024

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि छ.ग. नगर पालिक निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों की उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन से 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

क्र.1. हस्तांतरिती का नाम श्री अशोक चावडा आ. स्व. दयाराम चावडा निवासी- संतराबाडी वार्ड क्र. 25, दुर्ग, हस्तांतरण कर्ता का नाम श्रीमती पुष्पादेवी गुप्ता ध.प. जवाहर गुप्ता निवासी - संतराबाडी वार्ड क्र. 25, दुर्ग, मोहल्ला संतराबाडी दुर्ग, परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक महात्मा गांधी मार्केट अग्रसेन चौक शॉपिंग काम्प्लेक्स स्थित दुकान क्रमांक 01 दुर्ग, नामांतरण का आधार क्रय- विक्रय।

सील

बाजार अधिकार
नगर पालिका निगम, दुर्ग

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I,Namita Tiwari D/o Hridya nand Tiwari resident of 12B, 16, Near Jawahar lal hospital, hospital Sector, Bhilai West Durg Chhattisgarh- 490009 have changed my old name Namita Tiwari D/o Hridya nand Tiwari so in future I should be recognized by my new name that is Namita Mishra W/o shweat Kumar mishra in all Government and other documents.

**Namita Mishra**
**12B. 16, Near Jawahar lal hospital, hospital Sector, Bhilai West Durg Chhattisgarh- 490009**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् नारायणपुर, जिला - नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष 07781-252278 Emall-cmonarayanpur@rediffmail.com

क्रमांक/2029/मु.न.अ./न.पा.परि./2024 नारायणपुर, दिनांक 31/12/2024

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगरपालिका परिषद् नारायणपुर में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से त्री लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है -

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि | - | 21/01/2025 सांय 5.30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि | - | 23/01/2025 सांय 5.30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि | - | 28/01/2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि | - | 28/01/2025 सांय 5.30 बजे तक |

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.11 आश्रम वार्ड में मूत्रालय निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 2.00 | 2000.00 | 02 माह | समक्ष श्रेणी | 750,00 |
| 2 | वार्ड क्र. 08 में जगदीश मंदिर के समीप सांस्कृतिक भवन में नवीन सुविधा कार्य (पार्षद निधि) | 2.25 | 2250.00 | 01 माह | समक्ष श्रेणी | 750.00 |
| 3 | वार्ड क्र.11 में मूत्रालय निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 1.25 | 2000.00 | 02 माह | समक्ष श्रेणी | 300.00 |
| 4 | वार्ड क्र. 02 डी.एन.के. में सांस्कृतिक भवन संधारण कार्य (पार्षद निधि) | 1.25 | 2000.00 | 01 माह | समक्ष श्रेणी | 300.00 |
| 5 | वार्ड क्र.02 डी.एन.के. में सांस्कृतिक शेड मरम्मत एवं संधारण कार्य (पार्षद निधि) | 1.00 | 2000.00 | 01 माह | समक्ष श्रेणी | 300.00 |
| 6 | वार्ड क्र. 07 में भवानी चौक में स्थित भवन में मरम्मत एवं संधारण कार्य (पार्षद निधि) | 4.50 | 4500.00 | 02 माह | समक्ष श्रेणी | 750.00 |
| 7 | वार्ड क्र.14 साकड़ीबेड़ा में सांस्कृतिक मंच निर्माण (पार्षद निधि) | 2.25 | 2250.00 | 02 माह | समक्ष श्रेणी | 750.00 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् नारायणपुर

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्रं. 0778-2323633, E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण) (जोखिम एवं व्यय पर)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी एवं उच्च' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा के निम्नलिखित ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रमांक | नि.सू.क्रं. /दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/ 27.12.2024 | 163519 | धमधा | भरनी | 12.57 |

नोट :- उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 04.01.2025 से देखे जा सकते है तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 22.01.2025 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी खण्ड,
लोक दुर्ग (छ.ग.)

जी-242504955

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार जयदीप आ. श्री आर. के. सावलानी निवासी-म.न. 13/सी, नेहरू नगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये गये अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी लैण्ड मार्क डेवलपर्स भिलाई प्रायवेट लिमिटेड डायरेक्टर रविन्द्र सिंह कुशवाहा आ. स्व. टी. पी. एस. कुशवावहा निवासी आनंद नगर, स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूखण्ड एवं भवन जो वाके मौजा-मोतीलाल नेहरु नगर, (पश्चिम) आवासीय योजना अंतर्गत भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूखण्ड क्रं. 01. ब्लाक क्रं. 78 ए, क्षेत्रफल 18 मी. × 30 मी. 540 वर्गमीटर स्थित है जिस पर भूतल एवं प्रथमतल पर मकान निर्मित है। सीमा उ. सड़क, द. सड़क एवं खुली भूमि, पू. भूखण्ड क्र. 02, प. सड़क एवं खुली भूमि, स्थित है। उसे खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

अत: उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात् की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने

स्थान- दुर्ग
दिनांक-30/12/2024

**भवदीय**
**गैंदलाल यादव / डी.आर. यादव**
**अधिवक्ता**
**ओम सांई नमन् एसो. जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शॉप नं. 17 जी.ई.रोड गंजापारा दुर्ग ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9165904884**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार श्रीमती रिद्धि सावलानी ध.प. श्री जयदीप सावलानी निवासी म.न. 13/सी, नेहरु नगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये गये अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी श्रीमती शिल्पा खुराना ध.प.श्री अनुपम पटनायक निवासी-क्या. नं. 02/बी. सड़क साउथ पार्क ऐवेन्यू, सेक्टर-09, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूखण्ड एवं भवन जो वाके मौजा मोतीलाल नेहरु नगर, (पूर्व) आवासीय योजना अंतर्गत भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूखण्ड क्र. 01, ब्लाक क्रं. 51, क्षेत्रफल 15 मी. × 24 मी. = 360 वर्गमीटर स्थित है जिस पर भूतल एवं प्रथमतल पर मकान निर्मित है। सीमा उ.-भूखण्ड क्र. 07. द. सड़क, पू., सड़क, प. भूखण्ड क्र. 02 एवं 03 का भाग स्थित है। उसे खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

अत: उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात् की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने

**भवदीय**
**गैंदलाल यादव / डी.आर. यादव**
**अधिवक्ता**
**ओम सांई नमन् एसो. जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शॉप नं. 17 जी.ई.रोड गंजापारा दुर्ग ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9165904884**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 ( धनेली ) तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. )
### आम-सूचना

दिनांक 27.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधा शर्मा पिता/पति मंत कुमार निवासी महासमुंद की ग्राम घेन्दरी प.ह.नं. 30 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 164/3 रकबा 0.7850 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक 07/तह./2024 आदेश दिनांक 06.11.2024 के परिपालन में दिनांक 15.01.2024 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 30 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 ( धनेली )**

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.

(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/o THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, RAIPUR Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in

### NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

E-tenders are invited **experience & Eligible Class-'A' or 'B' electrical contractors** for following work. Normally the period of contract will be **17 months** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further **12 Months** at the same rate, terms & condition on mutual understanding between CSPDCL & contractor. GST will be paid Extra.

| S. N | Tender No. | Name of work | Contract value (GST Extra) | EMD Amount (online) |
|---|---|---|---|---|
प्राधिकरण की डॉ.खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री गोविन्द शर्मा पिता श्री मुन्शी राम शर्मा को ब्लॉक 06 में भूखण्ड क्रमांक एफए-11 क्षेत्रफल 538 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 27/12/24 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17101/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर (पत्रकार कालोनी क्रमांक 01) योजना के अन्तर्गत श्रीमती सुषमा तिवारी पति स्व. विवेक तिवारी को भूखण्ड क्रमांक 20 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड / मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12.24 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17102/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री नरेश जादवानी पिता स्व. पोपटमल जादवानी द्वारा भूखण्ड क्रमांक डी-243/4 (कार्नर), डी-244/4 क्षेत्रफल क्रमशः 2526, 1500 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री- होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत दान विलेख (बिना प्रतिफल के, पिता द्वारा पुत्र को प्रदत्त) के माध्यम से दिनांक 06.12.2024 को दानग्रहिता श्री अनिल जादवानी पिता श्री नरेश जादवानी निवासी डी-243 देवेन्द्र नगर, सरस्वती विद्यालय के बगल में, सेक्टर 04, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दान कर दिया गया है।

दानग्रहिता श्री अनिल जादवानी पिता श्री नरेश जादवानी द्वारा पंजीकृत दान विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अतः उक्त भूखण्ड के अभिलेख में दानग्रहिता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12.24 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17065/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री परमजीत सिंह पिता श्री केशोराम को ब्लॉक 12 में भूखण्ड क्रमांक एसएस 2-16 क्षेत्रफल 269 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12-24 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17064/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री रमेश शर्मा पिता श्री मंशीराम शर्मा को ब्लॉक 12 में भूखण्ड क्रमांक एसएस-15 क्षेत्रफल 269 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12.2024 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 16784/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 23/12/24**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास (हीरापुर) योजनांतर्गत श्रीमती अनिता बिशोई उर्फ अनिता प्रधान पति- स्व. सत्यनारायण बिशोई द्वारा फ्लैट क्रमांक ओ-112 (भूतल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा भूखण्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 14.06.2019 को प्राप्त कर उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती शहनाज पति- मोहम्मद अलीम पता- ई.डब्ल्यू.एस.-302, आर.डी.ए. कॉलोनी, हीरापुर, रायपुर छ.ग. को दिनांक 20.11.2024 को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा विक्रय किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त फ्लैट हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 23-12-24 को जारी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17017/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री अभिनव टेटे पिता श्री टीन्ट्स टेटे को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक डी-54 रकबा 161 वर्गमीटर सेक्टर 04 में आबंटित हैं। क्रेता श्रीमती निशा स्वामी श्रीवास्तव पति श्री प्रशांत श्रीवास्तव एवं श्री प्रशांत श्रीवास्तव पिता श्री अरविंद श्रीवास्तव दोनों निवासी-मकान नंबर जी-7, न्यू पंचशील नगर, सिविल लाईन, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त भूखण्ड को 18.11.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12.24 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17030/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की मठपुरैना योजनान्तर्गत भूखंड क्रमांक 275 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट श्री अब्दुल मोबीन कादरी पिता स्व. अब्दुल सत्तार को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भूखंड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु दिनांक 11.12.2024 को कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखंड को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17019/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की शहीद वीर नारायण सिंह परिसर (अभ्युदय परिसर) योजना के अंतर्गत श्री संजय कुमार पाण्डेय पिता श्री एस.बी. पाण्डेय को दुकान क्रमांक 14 (भूतल) क्षेत्रफल 77.04 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12.24 को जारी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17032/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री अमृत लाल कालरा पिता श्री नाथू राम कालरा द्वारा भूखण्ड क्रमांक डी-114 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 19.12.2024 को क्रेता श्री श्याम कुमार भाटिया पिता श्री ईश्वर दास भाटिया निवासी प्लॉट नंबर 318, स्ट्रीट नं. 04, न्यू सिंधी पंचायत भवन के सामने, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री श्याम कुमार भाटिया पिता श्री ईश्वर दास भाटिया द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अतः उक्त मकान के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 31.12.2024 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NATWAR LAL JAIN S/O PARMANAND JAIN resident of E-27 SEC-1 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my son old name UJJAWAL JAIN S/O NATWAR LAL JAIN so in future I should be recognized by my son new name that is UJJWAL JAIN S/O NATWAR LAL JAIN in all Government and other documents.

**NATWAR LAL JAIN**
**E-27 SEC-1**
**DEVENDRA NAGAR**
**RAIPUR (C.G)**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VISHRAM PRASAD S/O NATHURAM SAHU resident of H.No.C-3, SAI VILLA COLONY, BHATAGAON ,RAIPUR, DISTRICT- RAIPUR-492013 have changed my old name VISHRAM PRASAD S/O NATHURAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is VISHRAM PRASAD SAHU S/O NATHURAM SAHU in all Government and other documents.

**VISHRAM PRASAD SAHU**
**HNO.C-3, SAI VILLA**
**COLONY, BHATAGAON**
**,RAIPUR, DISTRICT-**
**RAIPUR-492013**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MINAL GHURIYA S/O RAKESH KUMAR GHURIYA resident of 12 NORTH AVENUE RAILWAY TRACK LINE CHOUBEY COLONY RAIPUR CHHATTISGARH 492001 have changed my old name MINAL GHURIYA S/O RAKESH KUMAR GHURIYA so in future I should be recognized by my new name that is MEENAL GHURIYA S/O RAKESH KUMAR GHURIYA in all Government and other documents.

**MEENAL GHURIYA**
**12 NORTH AVENUE RAILWAY TRACK LINE**
**CHOUBEY COLONY**
**RAIPUR CHHATTISGARH**
**492001**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KUNNATH PUTHAN VEDU SANTOSH KUMAR S/O KODAKAT NARAYAN UNNI NAIR resident of 06 VIP ESTATE NEAR ASHOKA RATAN KHAMARDIH SADDU RAIPUR (C.G.) 492007 have changed my old name KUNNATH PUTHAN VEDU SANTOSH KUMAR S/O KODAKAT NARAYAN UNNI NAIR so in future I should be recognized by my new name that is SANTOSH KUNNATH PUTHAN S/O KODAKAT NARAYAN UNNI NAIR in all Government and other documents.

**SANTOSH KUNNATH PUTHAN**
**06 VIP ESTATE NEAR**
**ASHOKA RATAN KHAMARDIH**
**SADDU RAIPUR(C.G) 492007**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAKESH GHURIYA S/O EDANDAS GHURIYA resident of 12 NORTH AVENUE RAILWAY TRACK LINE CHOUBEY COLONY RAIPUR CHHATTISGARH492001 have changed my old name RAKESH GHURIYA S/O EDANDAS GHURIYA so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH KUMAR GHURIYA S/O EDANDAS GHURIYA in all Government and other documents.

**RAKESH KUMAR GHURIYA**
**12 NORTH AVENUE RAILWAY TRACK LINE**
**CHOUBEY COLONY**
**RAIPUR CHHATTISGARH**
**492001**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

क्रमांकः 2024213400019
विषय-ब-121 सन् 2024-2025
बोरियाखुर्द प.ह.नं. 00071
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-असलम खान, श्रीमती मंजुषा दौडिया, अनावेदक पक्षकार-शासन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. असलम खान पिता रहीन खान निवासी कांशी नगर तेलीबांधा रायपुर, 02. श्रीमती मंजुषा दौडिया पति रवि दौडिया निवासी श्यामनगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में ऋष्ा पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-108/25 रकबा 0.0050 हे., भूमि में राजस्व रिकार्ड में आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि आवेदकगण के आधिपत्य एवं स्वामित्व हक की भूमि है। उक्त भूमि का नामांतरण पश्चात् आवेदिका को ऋष्ा पुस्तिका अप्राप्त है। अतः आवेदकगण द्वारा ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित दावा/ आपत्ति दिनांक 14/01/2025 को इस न्यायालय में पेश कर सकतें है। उक्त नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ग्राम तूता प.ह.नं. 15
रा.प्र.क्रं. 20241211100062/
अ-6 (अ)/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण चरणजीत सिंह ओबेराय, जसपाल सिंह ओबेराय पिसरान स्व. भगवंत सिंह ओबेराय निवासी सिविल लाईन साडा कल्याण रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम तूता प.ह.नं. 15 रा.नि.म. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा न00 645/19 रकबा 0.049 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में अनावेदक आनंद राम साहू के नाम पर दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम एवं रकबा 0.0610 हे. आवेदकगण द्वारा पंजीकृत बैनामा के अनुसार रकबा सुधार किये जाने बाबत् आवेदन अनुविभागीय अधिकारी रा. अभनपुर के समक्ष पेश किया गया। जो जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ। तत्संबंध में रा.प्र.क्र. 2024121 11100062/अ-6-अ/2024-25 विचाराधिन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 15/01/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 31/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार अभनपुर

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 17034/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 31/12/24**

प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना के अन्तर्गत श्रीमती मंजू आशपिल्या पति श्री हरीश कुमार आशपिल्या को भूखण्ड क्रमांक सी-87सी/5 क्षेत्रफल 2850 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ........ को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक प्रशांत पाण्डेय पिता स्व. राम निहाय पाण्डेय निवासी ब्राम्हणपारा आजाद चौक रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 214/22 रकबा 0.0090 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 06.12.2024 के परिपालन में दिनांक 10.01.2025 को 2 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-3, कोटा**

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर
### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक मलकीत कौर पति करनैल सिंह निवासी हीरापुर रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 233/12 रकबा 0.0110 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26.06.2024 के परिपालन में दिनांक 10.01.2025 को 4 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-3, कोटा**

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ई.कोर्ट क्रं./202412110200123/ब-121/2024
ग्राम-धनेली, दो प.ह.नं. 81
तहसील व जिला रायपुर
रायपुर, दिनांक 27.12.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दीपा शर्मा पति महेश शर्मा निवासी-बी-401, ओम काम्पलेक्स, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम-धनेली-दो, प.ह.नं. 81, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-97/10, 97/7 कुल रकबा 0.1250 हे. भूमि वर्तमान में श्रीमती दीपा शर्मा पति महेश शर्मा के नाम पर दर्ज है। आवेदिका को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया था। आवेदिका को प्राप्त ऋण पुस्तिका क्रमांक-पी-1698167 है। उपरोक्त ऋण पुस्तिका की मूल प्रति गुम हो चुका है काफी खोजबीन करने के बावजूद भी आवेदिका को उक्त ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुई अतः आवेदिका को उक्त भूमि का शासकीय एवं अन्य कार्यों हेतु ऋष्ा पुस्तिका की आवश्यकता है। अतः आवेदिका द्वारा डूप्लिकेट ऋष्ा पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13/01/2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00060 भाठागांव के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-202425440722400063

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00060 के अंतर्गत ग्राम भाठागांव के वर्तमान भूमिस्वामी नगीना पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, अनिल कुमार बंजारे पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, दिनेश कुमार बंजारे पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, विपीन बंजारे पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, श्रीकांत बंजारे पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, संध्या पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, श्रीमती टेमबाई बंजारे पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, शीला पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद, निशा पिता/पति-नेकराम बंजारे पता-सा. लामीडीह पिथौरा महासमुंद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1058/17 (0.0190) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनिल कुमार बंजारे पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, नगीना पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, दिनेश कुमार बंजारे पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, संध्या पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, विपीन बंजारे पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, शीला पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, श्रीकांत बंजारे पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी, निशा पिता/पति-स्व. नेकराम बंजारे पता-भण्डारपुरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार, रायपुर

# खेल जगत

## सुधांशु मित्तल ने खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी किया



**नई दिल्ली।** खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार कहा कि आगामी 13 जनवरी से भारत और नेपाल के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। श्री मित्तल ने आज यहां खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि पहला मुकाबला भारत और नेपाल के बीच 13 जनवरी को इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में शाम सात बजे होगा। विश्वकप के लिए पुरुष और महिला टीमों को चार-चार वर्गों में बांटा किया गया। पुरुष वर्ग के ग्रुप ए में भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान है। ग्रुप सी में बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड है जबकि ग्रुप डी में इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और केन्या को रखा गया है। वहीं महिला वर्ग के ग्रुप ए में भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया हैं।

# पंत की आलोचना विफलता के लिए करें, आउट होने के तरीके के लिए नहीं : मांजरेकर

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने ऋषभ पंत का बचाव करते हुए आलोचकों से विकेटकीपर-बल्लेबाज के आउट होने के तरीके के बजाय उनके परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। यह टिप्पणी

■ पंत की आलोचना केवल उनकी विफलताओं के लिए की जानी चाहिए, न कि उनके विफल होने के तरीके के लिए : मांजरेकर



मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के विवादास्पद शॉट चयन के मद्देनजर आई है, जिसने भारत के पतन और अंततः 184 रन की हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान, जब भारत मैच बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था, तब पंत ट्रेविस हेड की गेंद पर जोखिम भरा छक्का लगाने के प्रयास में गिर गए। गलत समय पर शॉट लगाने के कारण वह आउट हो गए और भारतीय बल्लेबाजी क्रम चरमरा गया, जिसके कारण वे 5वें दिन के अंतिम 91 ओवरों में टिक नहीं पाए। भारत की हार ने उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पीछे कर दिया, जिससे भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को नुकसान पहुंचा, जिससे पंत के शॉट चयन की व्यापक आलोचना हुई। हालांकि, मांजरेकर ने एक बारीक दृष्टिकोण पेश किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि पंत की आलोचना उनके आउट होने के तरीके के बजाय बड़े स्कोर बनाने में उनकी विफलता के लिए की जानी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर, मांजरेकर ने पंत की प्रभावशाली टेस्ट साख को उजागर किया, साथ ही उनके आउट होने के तरीके का अधिक विश्लेषण करने के खिलाफ चेतावनी दी। मांजरेकर ने पोस्ट किया, पंत की आलोचना केवल उनकी विफलताओं के लिए की जानी चाहिए, न कि उनके विफल होने के तरीके के लिए। टेस्ट में उनका औसत 42 है और किसी भारतीय द्वारा खेली गई कम से कम 3 बेहतरीन पारियां हैं! 42 टेस्ट में, उन्होंने 6 शतक और 7 नाइंटीज बनाए हैं। वह एक महान खिलाड़ी है, जो पर्याप्त रन नहीं बना पा रहा है और यही इसका सार है। मांजरेकर की टिप्पणी ने मैच विजेता के रूप में पंत के रिकॉर्ड को रेखांकित किया, जिन्होंने अपने युवा करियर में कई बार दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक प्रदर्शन भी शामिल है। मौजूदा सीरीज में पंत का योगदान निराशाजनक रहा है, बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने चार मैचों (सात पारियों) में 22 की औसत से सिर्फ 154 रन बनाए हैं। सीरीज में उनका उच्चतम स्कोर 37 रन रहा, जो उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बिल्कुल विपरीत है। पंत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में थे, वे न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की पिछली सीरीज में तीन मैचों में 261 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस साल की शुरुआत में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ उनके शानदार शतक ने 21 महीने बाद टेस्ट में उनकी वापसी को और बढ़ा दिया।

# 2025 में भारतीय शटलरों की नजरें ऑल इंग्लैंड, विश्व चैम्पियनशिप पर

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। 2024 में मिले-जुले नतीजों का सामना करने के बाद, भारतीय शटलर नए साल के लिए उत्साह के साथ तैयार होंगे क्योंकि सीजन की शुरुआत मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के साथ हुई है, लेकिन मुख्य फोकस सबसे प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ अन्य बड़े आयोजनों पर होगा। भारतीय शटलरों ने 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में कुल पांच खिताब जीते हैं। पांच खिताबों में से एक-एक पुरुष और महिला एकल में, दो पुरुष युगल में और एक महिला युगल में है। नए सत्र की शुरुआत एशियाई स्विंग के साथ होगी क्योंकि सुपर 1000 टूर्नामेंट, मलेशिया ओपन, 7 जनवरी को कुआलालंपुर में शुरू होगा, इसके बाद इंडियन ओपन होगा, जो एक सुपर 750 इवेंट है, जो 14-19 जनवरी को देश की राजधानी में निर्धारित है। इंडोनेशिया मास्टर सुपर 500 (21 से 26 जनवरी) और थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 (28 जनवरी से 2 फरवरी) एशियाई सर्किट का समापन करेंगे, जिसके बाद यूरोप में मुकाबले शुरू होंगे। यूरोपीय लेग की शुरुआत बर्मिंघम के यूटिलिटा एरिना में 11 से 16 मार्च तक चलने वाले दुनिया के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित बैडमिंटन टूर्नामेंट ऑल



■ भारतीय शटलरों ने 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में कुल पांच खिताब जीते हैं

■ बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण एकमात्र भारतीय हैं, जो दो बार ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं

इंग्लैंड ओपन से होगी। भारतीय शटलर लंबे समय से ऑल इंग्लैंड ओपन में भाग ले रहे हैं, लेकिन 1980 से 2024 के बीच पांच फाइनल में पहुंचने के साथ अब तक केवल दो खिताब ही जीत पाए हैं। बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण एकमात्र भारतीय हैं, जो दो बार ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं, पहली बार 1980 में, जब उन्होंने प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया था। अगले वर्ष, उन्होंने टूर्नामेंट में अपना दूसरा फाइनल खेला, लेकिन अपने पुरुष एकल खिताब का बचाव करने में सफल नहीं हो सके। 21 साल के लंबे इंतजार के बाद, पुलेला गोपीचंद 2001 में ऑल इंग्लैंड ओपन जीतने वाले दूसरे भारतीय बने।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल 2015 में ऑल इंग्लैंड के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं और उपविजेता रहीं, जबकि लक्ष्य सेन गोपीचंद के बाद 21 साल में पुरुष फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बने। हाल ही में शादी के बंधन में बंधने वाली पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की गतिशील पुरुष युगल जोड़ी और 2022 और 2023 में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली होनहार महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद सहित स्टार शटलर इस खिताब को जीतने और 24 साल के इंतजार को खत्म करने का प्रयास करेंगे। पूर्व चैंपियन सात्विक और चिराग 2024 में टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद चीन के निंगबो में 8 से 13 अप्रैल तक होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पुरुष युगल खिताब बरकरार रखने का लक्ष्य रखेंगे।

## फ्रिट्ज, गॉफ ने यूएसए के लिए यूनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**पर्थ,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। टेलर फ्रिट्ज़ और कोको गॉफ़ ने मंगलवार को क्रोएशिया के खिलाफ़ 3-0 की जीत के साथ यूएसए को यूनाइटेड कप क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचा दिया। फ्रिट्ज़ ने बोर्ना कोरिच पर 6-3, 6-2 से आसान जीत हासिल की, जिससे यूएसए ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा और क्वार्टर फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जहां उनका सामना नए साल के दिन चीन से होगा। इसके बाद गॉफ़ ने डोना वेकिच पर एक प्रभावशाली जीत दर्ज की और फिर फ्रिट्ज़ के साथ मिलकर हफ्ते की अपनी दूसरी मिश्रित युगल जीत हासिल की। फ्रिट्ज़ ने अपनी एकल जीत के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि मैं पहले की तुलना में बिल्कुल अलग खिलाड़ी हूं। यह जीत हासिल करना बहुत अच्छा है, खासकर दूसरे दिन (जहां मैं था) एक सेट और ब्रेक अप (ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ़) के बाद। गॉफ ने वेकिच को 6-4, 6-2 से हराकर सीजन के पहले यूनाइटेड कप में अमेरिकी टीम को लगातार दूसरे राउंड-रॉबिन मुकाबलों में दूसरी जीत दिलाई। गॉफ ने मैच के बाद कहा कि मैं आज अपने खेल से बहुत खुश हूं। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है और ओलंपिक में हार से दुखी हुई, इसलिए मैं आज इसे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा के रूप में सोच रही थी।

# भारतीय गेंदबाजों ने कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में खामी को उजागर किया : ओ' कीफ

■ भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केरी ओ' कीफ ने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में चिंता जताई है, उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल समाधान नहीं किया गया तो उनके फॉरवर्ड डिफेंस में खामियां उनके होनहार टेस्ट करियर को पटरी से उतार सकती हैं। ओ' कीफ की आलोचना कोंस्टास के एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ संघर्ष के बाद आई है, जहां इनस्विंगिंग डिलीवरी के खिलाफ उनकी कमजोरी उजागर हुई थी। जबकि इनस्विंगिंग डिलीवरी ने कोंस्टास को परेशान किया है, ओ' कीफ का मानना है कि असली समस्या उनकी फॉरवर्ड डिफेंस तकनीक में है। फॉक्स क्रिकेट पर बोलते हुए, ओ' कीफ ने समझाया, भारतीय रणनीतिकारों ने सैम कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में एक समस्या की पहचान की है। यह खामी अब वैश्विक मंच पर उजागर हो गई है और संभवतः दुनिया भर की गेंदबाजी इकाइयों द्वारा इसका



लक्ष्य बनाया जाएगा। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें जल्दी ही परख लिया, हालांकि कोंस्टास बचाव करने के बजाय आक्रमण करके बचने में सफल रहे। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने शुरू में आउटस्विंगर फेंकी और फिर कोंस्टास को तैयार किया, लेकिन फिर एक घातक इनस्विंगर फेंकी जिससे उनके स्टंप उखड़ गए। ओ' कीफ ने कहा कि सैम का अगला कंधा पूरी तरह से ढीला हो जाता है और वह सिर्फ अपने हाथों से खेलता है। वह गेंद को अपने शरीर से दूर धकेलता है। गैप बनता है और बुमराह उसमें से निकल जाता है। उसे बहुत ज्यादा आमंत्रण की जरूरत नहीं है।

## अभिषेक और प्रभसिमरन ने 298 रनों की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी की

**अहमदाबाद,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। पंजाब की ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने मंगलवार को अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक शानदार साझेदारी करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 298 रनों की शानदार साझेदारी की और 2022 में बंगाल के सुदीप घरामी और अभिमन्यु ईश्वरन द्वारा टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी की बराबरी है। अभिषेक और प्रभसिमरन की आक्रामक साझेदारी ने पंजाब की पारी के लिए ठोस नींव रखी। प्रभसिमरन ने सबसे पहले अपना शतक पूरा किया, उन्होंने 95 गेंदों पर 125 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल थे। उनके जोड़ीदार अभिषेक ने और भी शानदार प्रदर्शन किया और मात्र 96 गेंदों पर 170 रन बनाए। उनकी पारी में 22 चौके और आठ गगनचुम्बी छक्के शामिल थे, जिसका सौराष्ट्र के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उनकी शानदार पारी ने पंजाब को 32वें ओवर में 300 के



पार पहुंचा दिया, जिससे टीम एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। सलामी बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने अपनी पारी का अंत पांच विकेट पर 424 रन के विशाल स्कोर पर किया। यह स्कोर अब विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में संयुक्त रूप से पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है, जो 2022 में नागालैंड के खिलाफ मध्य प्रदेश के 424 रन की बराबरी करता है। पंजाब टूर्नामेंट के इतिहास में 400 रन का आंकड़ा पार करने वाली नौवीं टीम भी बन गई।

**सार संक्षेप**

### दिल्ली ने त्रिपुरा को 64 रनों से हराया

**हैदराबाद।** तेजस्वी दहिया (114) की शतकीय और सनत सांगवान (54), सुमित माथुर (नाबाद 47), और अर्पित राणा (41) की शानदार पारियों के बाद प्रिंस यादव (चार विकेट) और ईशांत शर्मा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दिल्ली की टीम ने मंगलवार को त्रिपुरा को 64 रनों से पराजित किया। दिल्ली के 306 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र एक रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। बिक्रमकुमार दास (शून्य) और जीवनजोत सिंह (एक) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद श्रीदम पॉल और कप्तान मनदीप सिंह ने तीसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 26वें ओवर में मयंक गुसाईं ने मनदीप सिंह (46) को आउट किया। इसके बाद ईशांत शर्मा ने श्रीदम पॉल (64) को पवेलियन भेज दिया। बिक्रमजीत देबनाथ (45), रजत डे (32), मणिशंकर मुरासिंह (22), राणा दत्ता(20) रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के आगे त्रिपुरा की पूरी टीम 49.2 ओवर में 242 रन पर ढ़ेर हो गई।

### उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को चार विकेट से हराया

**विजयनगरम।** शिवम मावी (चार विकेट ) और रिंकू सिंह (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (116) की शतकीय और अभिषेक गोस्वामी (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को विजय हजारे ट्रॉफी में ग्रुप डी के मुकाबले में चंड़ीगढ़ को चार विकेट से हरा दिया।

# पूर्व इंग्लैंड फुटबॉल कोच साउथगेट नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित

**लंदन,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष सीनियर फुटबॉल मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 के लिए नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया है। एफए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड को चार प्रमुख टूर्नामेंटों में ले जाने और दो यूरो फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद, साउथगेट को नाइटहुड से सम्मानित किया गया है, इससे पहले 2019 में उन्हें ओबीई बनाया गया था। गैरेथ ने इस साल की शुरुआत में लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया, स्पेन के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 फाइनल के बाद 102 मैचों में 61 जीत, 24 ड्रॉ और 17 हार के साथ। यह



■ गैरेथ लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया

उनके द्वारा इंग्लैंड के लिए खिलाड़ी के रूप में 57 कैप और दो गोल तथा सीनियर टीम मैनेजर के रूप में नियुक्ति से पहले इंग्लैंड के पुरुष अंडर-21 के प्रभारी के रूप में 37 मैच खेलने के अतिरिक्त है। एफए अध्यक्ष डेबी हेविट ने कहा कि फुटबॉल एसोसिएशन में हम सभी की ओर से, मैं सर गैरेथ को इस अत्यंत योग्य सम्मान के लिए बधाई देता हूं। एक खिलाड़ी, कोच और परिवर्तन-निर्माता के रूप में खेल में अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने अंग्रेजी फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे अब तक के सबसे महान मैनेजरों में से एक, सर गैरेथ की चार प्रमुख टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय कोचिंग उपलब्धियों में दो लगातार यूरो फाइनल शामिल हैं, जो हमारे घर से दूर सर्वश्रेष्ठ पुरुष विश्व कप प्रदर्शन की बराबरी करते हैं और पांच साल से अधिक समय तक दुनिया के शीर्ष पांच में स्थान बनाए रखते हैं।

# जोकोविच ने ब्रिस्बेन में दूसरे दौर में प्रवेश किया

**ब्रिस्बेन,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। नोवाक जोकोविच ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में शानदार जीत के साथ एकल मुकाबले में वापसी की, उन्होंने पैट राफ्टर एरिना में ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड रिंकी हिजिकाता को 6-3, 6-3 से हराया। अक्टूबर के बाद से अपना पहला एटीपी एकल मैच खेलते हुए, सर्बियाई खिलाड़ी ने अपने ट्रेडमार्क सटीकता और लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए अपने 2025 एकल सत्र की शानदार शुरुआत की। डबल्स में जीत के लिए निक किर्गियोस के साथ साझेदारी करने के एक दिन बाद, जोकोविच ने अपने एकल ओपनर में शानदार प्रदर्शन किया। 75 मिनट के



दौरान, उन्होंने अपने बेदाग बेसलाइन खेल और अचूक सर्विस से हिजिकाता को पछाड़ दिया, और अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत अंक जीते। 37 वर्षीय खिलाड़ी को एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा, जो उनके प्रभुत्व को रेखांकित करता है। जोकोविच ने कोर्ट पर अपने साक्षात्कार के दौरान कहा कि मैं हमेशा खुद से कोर्ट पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करता हूं। जाहिर है, जीत तो जीत ही होती है।नए सत्र की शुरुआत जीत के साथ करना बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि हिजिकाता आज रात अपने प्रदर्शन के लिए तालियों की गड़गड़ाहट के हकदार हैं, उन्होंने वाकई शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुझे जीत के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर कर दिया। हिजिकाता ने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए उम्मीद की किरण दिखाई, लेकिन जोकोविच के लगभग दोषरहित डिफेंस को भेदने में संघर्ष किया। सर्बियाई खिलाड़ी ने प्रत्येक सेट में दो बार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और पूरे सेट में नियंत्रण में रहे।

**सुडोकू 6782 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |

# धोनी, पंत, अय्यर फोकस में, आईपीएल 2025 का एक और रोमांचक सीजन का वादा

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। वर्ष 2024 का समापन सोमवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से भारत की 184 रन की शर्मनाक हार के साथ अपने क्रिकेट सीजन के अंत के साथ हो रहा है, नए साल में प्रशंसकों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीज़न सहित कई रोमांचक और मनोरंजक मैच देखने को मिलेंगे, जो 14 मार्च से शुरू होने वाला है और इसका फ़ाइनल 25 मई को होगा। नए संस्करण की शुरुआत से पहले, 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी अपनी टीमों को मज़बूत करने के लिए नवंबर में नीलामी में गई थीं। 639.15 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड खर्च के साथ, टीमों ने 62 विदेशी खिलाड़ियों सहित 182 खिलाड़ियों को अपनी टीमों में शामिल किया। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज और दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) द्वारा 27 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदे जाने के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, जबकि श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स से 26.75 करोड़ रुपये के सौदे के साथ दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। स्टार जोड़ी के अलावा, ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर (कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया), तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स द्वारा 18 करोड़ रुपये में



■ 639.15 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड खर्च के साथ, टीमों ने 62 विदेशी खिलाड़ियों सहित 182 खिलाड़ियों को अपनी टीमों में शामिल किया

खरीदा गया), स्पिनर युजवेंद्र चहल (पंजाब किंग्स द्वारा 18 करोड़ रुपये में खरीदा गया), इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर (गुजरात टाइटन्स द्वारा 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया), विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल द्वारा 14 करोड़ रुपये में खरीदा गया), तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, जोफ्रा आर्चर और जोश हेजलवुड (मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा क्रमशः 12.50 करोड़ रुपये में खरीदा गया) सऊदी अरब के जेद्दा में दो दिवसीय बोली के शीर्ष खरीद थे।

**आईपीएल 2025 सीज़न के लिए सभी टीमें:**

चेन्नई सुपर किंग्स: रुतुराज गायकवाड़, मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, एमएस धोनी, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, आर. अश्विन, खलील अहमद, नूर अहमद, विजय शंकर, सैम करेन, शेख रशीद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजपनीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ.

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह, वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, एनरिक नॉर्टजे, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनिथ सिसौदिया, अजिंक्य रहाणे, अनुकूल रॉय, मोइन अली, उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, ईशान किशन, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, अथर्व ताइदे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ब्रायडन कार्स, कामिंडु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

**पंजाब किंग्स :** शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहल वढेरा, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मार्को जानसन, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई , हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन, प्रियांश आर्य, एरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, प्याला अविनाश, प्रवीण दुबे.

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल, कुलदीप, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेज़र-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, विप्रज निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान, आयुष बदौनी, ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, आवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज़ अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**Notice U/s 72 of The Indian Partnership Act, 1932**

Notice is hereby given that pursuant to reconstitution the Partnership firm "B. M. Foods" on 28.03.2013, Shri Anil Kumar Agrawal has joining the Partnership firm and 1) Shri Subhash Agrawal has retired from the partnership firm from said date and the registered office of firm shall be at Office. Village Bhithikala, Bilaspur Road, Ambikapur, Distt Sarguja (C.G.) 492001

Date: 31.12.2024

For, B. M. foods
Partner

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पवन अग्रवाल पिता श्याम सुंदर अग्रवाल निवासी लालगंगा विहार, आमापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करता हूं कि मैनें अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम, **पवन कुमार अग्रवाल** पिता श्याम सुंदर अग्रवाल रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम, **पवन कुमार अग्रवाल** पिता श्याम सुंदर अग्रवाल से ही जाना पहचाना जावें।

**पवन कुमार अग्रवाल**
लालगंगा विहार, आमापारा
जिला रायपुर (छ.ग.) 492001

**समक्ष नोटरी महोदय, पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं मोहम्मद इन्साद, पिता मोहम्मद हारून रशिद, उम्र 45 वर्ष, जाति मुस्लिम, निवासी ग्राम लुड़ेग, पोस्ट लुड़ेग, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) की निवासी हूं। तथा निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता कि-

1/ यह कि मेरे पुत्र अबूबकर का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश मोहम्मद अबूबकर दर्ज किया गया है जिसे सुधार कर वास्तविक नाम अबूबकर दर्ज करने हेतु शपथ पत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई है।

2/ यह कि मेरा पुत्र सरस्वती शिशु मंदिर लुड़ेग वर्ष 2024-25 में नियमित छात्र के रूप में अध्ययनरत है उक्त सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अबूबकर दर्ज किया गया है उक्त कारणों से मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में दर्ज मोहम्मद अबूबकर के स्थान पर वास्तविक नाम अबूबकर दर्ज करने हेतु मेरे द्वारा शपथ पत्र निष्पादित कर दिया जो सनद रहे व समय पर काम आयें।

दिनांक-21/11/2024
मुहर शपथकर्ता

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों व 35 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति आदेश जारी



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशानुसार राज्य के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 06 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 12 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 05 चिकित्सा अधिकारियों, बस्तर संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. अमिताभ लालजी साहू, जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ. क्षमा चोपड़ा, जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ. निकिता खेस, जिला अस्पताल जांजगीर, डॉ. अनु आनी जॉन, जिला अस्पताल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, डॉ शोएब खान जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ नील माधव गवेल, जिला अस्पताल रायगढ़ व डॉ महिमा निधि जॉर्ज शास. चिकित्सा महाविद्यालय जिला रायगढ़ में पदस्थापना की गई है।

रायपुर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ भारती ठाकुर, डॉ. हरिश चौधरी, डॉ अजीत कुमार पटेल, डॉ. ओजस्वी गौतम, डॉ अनूप कुमार मेहर, डॉ. शिवेन्द्र सिंह मरई शामिल हैं।

बिलासपुर संभाग हेतु जारी आदेश में डॉ. ऋक्षा जोगी, डॉ अरशद आलम, डॉ जीनत शेख, डॉ प्रतीक्षा सिंह, डॉ. लता गुप्ता डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ तेजस्विनी सोनी, डॉ. राजेश्वर प्रसाद कश्यप, डॉ. विरेन्द्र कुमार सार्वा, डॉ राजेन्द्र कुमार साहू, डॉ. सुयश आंचल, डॉ. अनुराग यादव, सरगुजा संभाग हेतु जारी आदेश में डॉ अभिषेक जायसवाल, डॉ. निहारिका कुशवाहा, डॉ. अंकिता बड़ा, डॉ आकांक्षा मिंज, डॉ. अनुराग सिंह यादव का नाम है।

दुर्ग संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ. प्रखर जंघेल, डॉ. मुकेश कुमार वर्मा, डॉ नेहा रामटेके, डॉ अस्मिन निशा, डॉ शेमोन सिंह ठाकुर, डॉ. सूर्य प्रताप सिंह ठाकुर हैं।

बस्तर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ. प्रीति भवानी, डॉ. कविता नाग, डॉ. वैशाली साहू, डॉ. मेहुल पटेल, डॉ गिरधर गोपाल यादव व डॉ अतुल राज खटीक को पदस्थ किया गया है।

# सोंहपुर में टाटा मैजिक पलटने से 12 वर्षीय छात्र की मौत, 5 बच्चे घायल



**बालोद/गुरुर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोंहपुर में टाटा मैजिक वाहन के पलटने से 12 वर्षीय एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच बच्चे घायल हो गए हैं। यह घटना मंगलवार को प्रात: 7 बजे ग्राम सोहपुर में तालाब के पास की है। दोपहर 12 बजे गुरुर स्थित मर्च्यूरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया। घटना की जानकारी पर गुरुर एसडीएम प्राची ठाकुर, तहसीलदार हनुमंत प्रसाद श्याम, बीएमओ डॉ. सुनील भारती भी मौके पर पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक टाटा मैजिक वाहन में लगभग 12 बच्चे ग्राम निपानी में स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय जा रहे थे, इस वाहन में ग्राम बेलौदी के 12 वर्षीय छात्र कुणाल साहू भी बैठे थे।

### घटना के बाद पालको मे नाराजगी

टाटा मैजिक वाहन गुरुर विकासखंड के ग्राम सोन्हपुर से गुजर रहा था, तभी तालाब के पास पहुंचा था कि यह वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी।

वाहन में दबने से कक्षा सातवीं का छात्र कुणाल साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच घायल बच्चों को गंभीर चोट लगने पर गुरुर एवं धमतरी के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज होने की जानकारी है। घटना के समय वाहन चालक शराब के नशे में था, जिन्हें गुरुर पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने ले आई है। घटना के बाद से गांव, स्कूल सहित क्षेत्र में एक तरफ शोक की लहर है तो दूसरी तरफ वाहन चालक के खिलाफ पालकों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

# महतारी वंदन योजना का अनुचित लाभ ले रही शिक्षिका पर एफआईआर दर्ज

**महासमुंद** 31 दिसंबर (देशबंधु)। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर महतारी वंदन योजना का अनुचित लाभ ले रही शिक्षिका श्रीमती नीलम गोस्वामी पर एफआईआर दर्ज किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कल रात उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ड्डग्राम पंचायत घड़ारी के सचिव रमाकांत गोस्वामी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती नीलम गोस्वामी जो की शिक्षक है के नाम पर महतारी वंदन योजना का फार्म गलत जानकारी देकर भरा गया एवं अनैतिक तरीके से उनकी पत्नि जो कि ग्राम केशवा में पदस्थ है के खाते में राशि प्राप्त किया गया है। किसी भी शासकीय सेवक को गलत जानकारी देकर अनुचित लाभ प्राप्त करना शासकीय नियमों के विपरीत है। कलेक्टर श्री लंगेह ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है, पात्र हितग्राहियों के अलावा जो भी इसका अनुचित तरीके से लाभ लेने का प्रयास करेंगे उन पर सख्त का रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो पात्र हितग्राही है उसे ही लाभ मिलना सुनिश्चित हो, जो भी अनुचित तरीके से लाभ ले रहे है उन पर सख्त कारवाई की जाएगी ज्ञात है कि कल जिला पंचायत सी ई ओ द्वारा ग्राम पंचायत के सचिव रमाकांत गोस्वामी के उक्त कृत्य के कारण निलंबित किया गया है।

# छग में धर्मांतरण बड़ी समस्या,जशपुर से रायपुर तक निकालेंगे पदयात्रा: जूदेव

**रायपुर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। 651 धर्मान्तरित परिवारों की सनातन धर्म में घर वापसी के बाद अखिल भारती घर वापसी के प्रमुख प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा

ईसाई मिशनरियों द्वारा कई वर्षों से सक्ती एवं आसपास के जिलों में धर्म परिवर्तन का विष फैलाया जा रहा है।धर्मान्तरण से चुनाव प्रभावित हो रहा है. पूरे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल रही है। यह अत्यंत गंभीर और चिंता का विषय है।उन्होंने कहा प्रदेश में धर्मांतरण बड़ी समस्या है।

राजधानी में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा दूसरी बड़ी समस्या डीलिस्टिंग की है। वनवासी भाई हैं। उन्हें लाभ मिले, इसके लिए मैं बड़ा प्रदर्शन करूंगा।कुछ धर्मांतरित लोग कन्वर्ट हो रहे हैं और इसका लाभ भी उठा रहे हैं। डीलिस्टिंग होना बहुत जरूरी है। वनवासी समाज जो कन्वर्ट हो गया है उसका आरक्षण बंद होना चाहिए।इसके लिए जशपुर से लेकर रायपुर तक मैं पदयात्रा भी करूंगा।



### ■प्रदेशभर में होगा बड़ा आंदोलन

अमित जोगी को लेकर प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। उनकी स्थिति आप देख रहे हैं।जब वो खुद ही क्रिप्टो क्रिश्चन है वो मेरे पर लांछन लगा रहे हैं। ये काम मेरे पिता ने तब से शुरू किया, जब भाजपा नहीं थी। आप अपने आप को सनातनी हिंदू कहते हैं, आपका खुद ही आईडेंटी का पता नहीं है। पंजाब के सीएम चन्नी साहब भी हिंदू हैं, लेकिन वो कुछ और काम करते हैं।ये सभी लोग हिंदू समाज को खोखला कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध प्रदेशभर में एक बड़ा आंदोलन करूंगा।

प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक समस्या है। खासकर जनजातीय क्षेत्र धमांतरण के लिए अतिसंवेदशील हो गया है।ईसाई मिशनरीज भोले-भाले प्रकृति पूजक समाज को भ्रमित कर मतांतरित करा रहे हैं। मिशनरीज धर्म परिवर्तन के लिए प्रोजेक्ट चला रहे हैं।गरीब लोग मतांतरित होकर अपने मूल संस्कृति को छोड़ रहे हैं।उन्हें असभ्य और सनातन धर्म वोरोधी बनाया जा रहा है, जो समाज और देश के लिए खतरनाक है।

जूदेव ने कहा, आज जनजातीय समाज की पहचान पर भी संकट आ गया है। कई गांवों में मूल संस्कृति के साथ जी रहे जनजाति और मतांतरित वर्ग में तनाव देखने को मिल रहे हैं. बस्तर और छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों में पिछले वर्ष कई घटनाएं भी हुई थी। छत्तीसगढ़ शांति का टापू कहा जाता था, लेकिन ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मान्तरण के माध्यम से परिवार और समाज को तोड़ा जा रहा है। वनवासी बंधुओं को आरक्षण का हक् मिले इसलिए डीलिस्टिंग बहुत जरूरी है।धर्मांतरण के बाद भी क्षद्म रूप से हिंदू धर्म में बने रहना और सभी प्रकार का लाभ लेना अपराध है इनकी छटनी होनी चहिए।

**देशबन्धु पाठकों के लिए**

माह दिसम्बर 2024 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4.00 | = 124.00 |
| कुल 31 दिन | | 124.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 जनवरी 2025 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

**NECC**

| 01.01.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 550 | 78 | 160 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 180 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा
दर्जन अंडा 85 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### नये थाने देंगे अधिक सुरक्षा

छत्तीसगढ़ में नये पुलिस स्टेशन खुलने जा रहे हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार के दृष्टिकोण से अधिकाधिक थाने खुलने चाहिये ताकि शांतिप्रिय नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। जनसंख्या के घनत्व का अनुपात देखें तो राज्य भर के ज्यादातर पुलिस स्टेशनों पर काम का काफी दबाव है। अधिक थाने खुलने से उन पर से मामलों का बोझ घटेगा। ग्रामीण एवं आदिवासी इलाकों में, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी नये थाने खुल रहे हैं जो लोगों को महफ़ूज महसूस करने में सहायक होंगे। इस निर्णय के अंतर्गत 14 जिलों में 30 नये थाने खुलने जा रहे हैं। इनमें 17 उन क्षेत्रों में होंगे जो माओवाद से पीड़ित हैं। राजधानी रायपुर को भी एक नया पुलिस स्टेशन मिलने जा रहा है। आशा है कि इससे प्रदेश में नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा अपराधों पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी। बढ़ती जनसंख्या के साथ ही सरकार को इस बात का आकलन करते रहना होगा कि किन इलाकों में पुलिस बल बढ़ाने या नये पुलिस स्टेशनों की आवश्यकता है। इसके अनुरूप उसे कदम उठाते रहने चाहिये।

पुलिस मुख्यालय ने इस आशय का एक परिपत्र भी पुलिस अधीक्षकों को जारी किया है जिसके अनुसार रायपुर में राजातालाब नूरानी चौक क्षेत्र के लिये नया थाना होगा। अन्य नये पुलिस स्टेशन बलौदाबाजार, महासमुन्द, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा एवं जशपुर के विभिन्न क्षेत्रों में खोले जा रहे हैं जिनकी संख्या एक या उससे अधिक भी है। जिन नक्सल प्रभावित जिलों को नये पुलिस स्टेशन प्राप्त हो रहे हैं, वे हैं- बस्तर व बीजापुर (2-2), कांकेर (1), कोंडागांव (1), नारायणपुर (6), एवं सुकमा (5) हैं। इस प्रकार देखें तो ये सभी थाने उन क्षेत्रों में खुल रहे हैं जहां इनकी सख्त ज़रूरत है। कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए इन स्थानों का निर्धारण किया गया है साथ ही जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग का भी ध्यान रखा गया है। जहां तक माओवाद से पीड़ित क्षेत्रों में नये थानों की बात है तो कहा जा सकता है कि इन इलाकों में लोगों के मन में सरकार के प्रति भरोसा कायम करना ज़रूरी है। इन सभी क्षेत्रों में नक्सली अपनी हिंसक कार्रवाइयां करते हैं। क्षेत्र में या नज़दीक में ही पुलिस बल की तैनाती होने से आदिवासियों एवं ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना आयेगी।

सभी थानों के अधिकारियों-कर्मचारियों पर मामलों का भारी दबाव होता है। मामले अधिक होने से उनकी विवेचना ठीक से नहीं हो पाती। इसका असर यह होता है कि अपराधी तत्वों तक पुलिस की या तो पकड़ नहीं होती अथवा उनके खिलाफ़ मामले कमजोर बनते हैं। नये थाने पहले से कार्यरत पुलिस स्टेशनों के मामलों का बोझ कम करेंगे। नागरिकों की थानों से दूरी घटने का अत्यंत सकारात्मक असर होगा। इसलिये राज्य सरकार को चाहिये कि वह पर्याप्त संख्या में थाने खोले।

## उल्टा पुल्टा

एक आदमी मुर्गे का फर्म चलाता था उसने किसी फौजी रिश्तेदार को दावत पर बुलाया। रिश्तेदार दो मुर्गे खा गया फिर भी उसका पेट नहीं भरा, उसकी नजर और मुर्गों पर थी। रिश्तेदार (आंगन में एक बूढ़े मुर्गे को देखकर)- देखो, ये मुर्गा किस शान से लड़खड़ा रहा है

आदमी (चिढ़कर)- शान क्यों न हों? इसके दो बेटे एक फौजी अधिकारी की सेवा जो कर चुके हैं।

# आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय भवनों के पहुंच मार्ग का 150 लाख की लागत से होगा निर्माण



**जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना प्रथम दायित्व : किरण देव**

**जगदलपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक किरण देव के सक्रियता के चलते नव वर्ष में जनता को सौगात देते हुए जगदलपुर विधानसभा के आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय भवन में पहुंच मार्ग निर्माण कार्यों का लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति प्राप्त हुई है। आड़ावाल पुलिस आवासीय भवन में 1.250 किलोमीटर निर्माण कार्य लागत 74.15 लाख रूपये एवं परपा पुलिस आवासीय भवन में 1.250 किलोमीटर लागत 75.95 लाख रूपये, कुल 150 लाख रूपये की लागत से आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय कालोनी में सड़क निर्माण कार्य किया जायेगा। विदित हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी थी। जिस पर श्री देव ने जनमानस की भावना को पूर्ण रूप देते हुये सड़क निर्माण कार्य 150 लाख रुपये की लागत से पूरा होगा और जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य किया जाएगा। आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय कॉलोनी में सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग रही, जो आज विधायक के सक्रियता से पूरी हो रही है। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होगा और जनता को यह सौगात मिलेगी। किरण देव ने कहा कि जनता के मांग की अनुरूप लगातार जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी है। देवतुल्य जनता के मांग के अनुरूप उनकी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना हमारा प्रथम दायित्व है। हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य कर रही है। नव वर्ष पर जगदलपुर क्षेत्र की जनता को एक सौगात प्राप्त हुई है जिसके लिए हम हमारे सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव का जगदलपुर विधानसभा की जनता की ओर से सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। वही आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय कॉलोनी के निवासियों ने 150 लाख रूपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्री देव का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

# सेवानिवृत्ति के साथ ही शासकीय सेवकों को पीपीओ जारी करने की अनुकरणीय पहल : कलेक्टर



**सेवानिवृत्त हुए 16 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने प्रदान किया पेंशन प्राधिकार पत्र**

**जगदलपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने जिला कार्यालय के आस्था कक्ष में आयोजित समारोह में कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवाकाल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास गत डेढ़ वर्ष से किया जा रहा है। लगातार समय-सीमा की बैठक में समीक्षा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने के बाद अब प्रक्रिया सतत हुई है। यह अनुकरणीय परम्परा अनवरत रूप से चलती रहे यही कोशिश रहेगी। इसके लिए कोषालय और कोष, लेखा एवं पेंशन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। साथ ही दोनों कार्यालय द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों का पीपीओ जारी करने की दिशा में सक्रियता के साथ पहल किया जा रहा है। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में माह दिसम्बर 2024 में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सिन्धी समाज आज मनाएगा विश्व बहराणा साहिब दिवस



**जगदलपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। सिन्धी समाज के हर त्योहार की शुरुआत वरुण देवता इष्टदेव साईं झूलेलाल की अराधना स्तुति से की जाती हैं। सिंधु संस्कृति को याद करते हुये उसे संरक्षित रखने के उद्देश्य से ही समूचे विश्वास में फैले सिन्धी समाज ने 1 जनवरी को विश्व बहराणा दिवस मानते आ रहा। श्री गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने बताया कि सिन्धी समाज की भावी पीढ़ी को सिन्धी भाषा, बोली, संस्कृति, सभ्यता का ज्ञान प्राप्त हो। इसी मकसद से यह विश्व सिंधु बहराणा साहिब दिवस का आयोजन गत वर्ष से शुरू किया गया हैं। श्री गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी के सचिव संतोष बसरानी ने जानकारी दी। विश्व सिंधु बहराणा साहिब दिवस की शोभायात्रा के साथ छेज डांडिया नृत्य भी करेंगे। विश्व बहराणा साहिब की शोभायात्रा सिन्धी गुरुद्वारा से निकल कर झूलेलाल मार्ग होते हुये मैन रोड, गोल बाजार, सिरहासार चौक, बलिराम कश्यप चौक होते हुये महादेव घाट पहुंचेंगे, जहां पल्लव, अरदास, पश्चात ज्योत का विसर्जन किया जाएगा। सिन्धी पंचायत के सचिव हरेश नागवानी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी, सिन्धी पंचायत, नवयुवक मंडल, सुहिणी सोच, भारतीय सिंधु सभा, सेवा समर्पण, जय झूलेलाल टीम के समस्त पदाधिकारी के साथ सभी सिन्धी समाज सदस्यों की उपस्तिथि रहेगी।



जगदलपुर। नव वर्ष 2025 के आगमन अवसर पर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे कार्यक्रमों के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस दल अपने दो पहिया वाहनों में सुसज्जित होकर तैयार हैं।

# ठेकेदार अवधेश के टेण्डर में शामिल होने पर लगी रोक

- पीडब्ल्यूडी में ब्लेक लिस्टेड करने की अनुशंसा
- जिले के किसी निविदा में नहीं हो सकेंगे शामिल
- कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी सचिव को लिखी चिट्ठी

**दंतेवाड़ा,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं ठेकेदार अवधेश गौतम को सड़क निर्माण कार्यो में अनियमितता पाए जाने कारण आगामी किसी भी टेण्डर प्रक्रिया में शामिल होने पर रोक लगा दी गई है। इस आशय का पत्र कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की ओर से सभी कार्यालय प्रमुखों को भेजा गया है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के सचिव को पत्र लिखकर ब्लेक लिस्टेड करने की अनुशंसा भी की गई।

कुआकोंडा ब्लाक में विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य मड़कामीरास से हिरोली हेल्थ सेंटर तक साढ़े तीन किलोमीटर भाग-1 एवं हिरोली हेल्थ सेंटर से हिरोली कैंप डोकापारा तक साढ़े तीन किलोमीटर भाग-2 में प्राप्त शिकायत की जांच जिला स्तर पर गठित जांच दल द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यो में अनियमितता पायी गई। इसमें श्री गौतम प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं और उनके विरूद्ध वसूली की कार्रवाई भी प्रक्रियाधीन है, इस वजह से ठेकेदार श्री गौतम को जिला स्तर पर किसी भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने पर रोक लगायी गई है। इसके साथ ही कलेक्टर की ओर से पीडब्ल्यूडी सचिव रायपुर को पत्र लिखकर श्री गौतम को ब्लेक लिस्टेड करने की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में जानकारी दी गई है कि हिरोली से डोकापारा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण एवं प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जांच रिपोर्ट के अनुसार ठेकेदार श्री गौतम से ज्यादा भुगतान की राशि 2 करोड़ 1 लाख 6 हजार 117 रूपए की रिकवरी करते हुए काली सूची में नाम दर्ज करने की अनुशंसा प्राप्त हुई थी।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा में भी यह मामला गूंजा था, जिसमें ठेकेदार अवधेश गौतम पर कार्रवाई का ऐलान कर पांच अफसरों के निलंबन की भी घोषणा की गई थी। भाजपा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक अजय चन्द्राकर ने यह मामला उठाया था।

# खंड चिकित्सा अधिकारियों की आपातकालीन बैठक



**आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए, मोतियाबिंद ऑपरेशन की संख्या में भी करें वृद्धि : डॉ. बसाक**

**जगदलपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खंड चिकित्सा अधिकारियों की आपातकालीन बैठक की। 31 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधीश द्वारा स्वास्थ्य विभाग की कार्यक्रमों की समीक्षा में पाई जा रही कमियों को लेकर तत्काल सुधार हेतु मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश जारी किए। इसी निर्देश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक द्वारा सीएमएचओ कार्यालय के सभा कक्ष में सभी सातों विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारियों की आपात बैठक आहूत की। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश और कार्ड बनाने के शिविर में संबंधित क्षेत्र के कार्यकर्ता सुपरवाइजर बीपीएम ,बीटीईओ को मानिटरिंग करने की हिदायत दी गई। इसी तरह सिकल सेल की जांच में भी अपेक्षाकृत कमी होने के कारण इसमें और ज्यादा काम करने की सलाह दी गई। एनसीडी कार्यक्रम के जांच में अपेक्षाकृत कमी पाए जाने पर एनसीडी केस के रजिस्ट्रेशन और जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जे एस वाई कार्यक्रम में भी सभी बचे केस का भुगतान को पूरा करने के निर्देश द्वारा दिए गए। सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों से उसकी जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द जेएसवाई केस के हितग्राहियों को भुगतान करवाने हेतु निर्देशित किया गया इसी तरह मोतियाबिंद केस के ऑपरेशन में भी मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन केस की संख्या बढ़ाने की निर्देश दिए गए। एचआरपी केस की जानकारी लेते हुए इसमें ज्यादा से ज्यादा जोखिम वाले केस को रेफरल सेंटर तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए गए। प्रत्येक ब्लॉक में चल रहे एनआरसी केंद्र की भी समीक्षा की गई। इसी तरह टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए निश्चय निरामय कार्यक्रम 100 दिवसीय अभियान में सभी चार बीमारियों को खोज करते हुए उसकी जानकारी और रिपोर्ट समय पर जिला कार्यालय में या ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री करने हेतु निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डीपीएम डॉक्टर रीना, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर सी मैत्री, डॉक्टर मनोज सिंह डब्लूएचओ कोऑर्डिनेटर (एनटीडी) बस्तर क्षेत्र, खंड चिकित्सा अधिकारीगण डॉक्टर जे,एल दरियो, नानगूर, डॉक्टर नारायण नाग, बस्तर, डॉक्टर हरीश मरकाम बकावंड, डॉ,पी, एल मंडावी, डॉक्टर टेकाम बड़े किलेपाल, डॉक्टर अजय पांडे तोकापाल, बसंत पंडा जिला सलाहकार, मलेरिया पृथ्वी साहू, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत और के डी मरकाम जिला डाटा मैनेजर बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सीएमएचओ द्वारा सभी बीएमओ को अपने अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियों को सीधे जिला कार्यालय में किसी भी समस्या को लेकर उपस्थित होने पर रोक लगाते हुए अपने सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति लेने के निर्देश दिए।

# प्राथमिकता से योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की करें पहल : कलेक्टर



**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**जगदलपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि सातों विकासखण्ड के चिन्हांकित गांव में नियद नेल्लानार योजना के तहत की जा रही सर्वे कार्य में सभी अधिकारी प्राथमिकता से योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की पहल करें। सभी विभाग के अधिकारी अपने अधीनस्थ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को डोर टू डोर सर्वे कार्य में शामिल होकर कार्य सम्पादित करने हेतु सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने उक्त निर्देश मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के तहत शामिल नए योजनाओं का सर्वे कार्य की डाटा एन्ट्री करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आत्म समर्पित नक्सल या नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्ति-परिवार को योजनाओं का लाभ देने के संबंध में कृषि, एनआरएलएम, वन अधिकार, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, आवास योजना, कौशल विकास, स्वच्छ भारत मिशन के तहत योजनाओं का लाभ देने में प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्लिंथ लेवल पर पहुंचे निर्माण कार्य को लिंटल-रूफकास्ट तक जल्द पूर्ण करवाएं। हितग्राही के द्वारा भवन निर्माण के लिए दी गई राशि का उपयोग भवन निर्माण में नहीं करने पर उसका आरआरसी प्रकरण दर्ज करवाने के निर्देश दिए। प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत आवासों की भौतिक प्रगति हेतु समस्याओं का त्वरित निराकरण कर योजना को प्रगति देने कहा। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो में प्रोगेस करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेग्रीगेशन शेड को जल्द-जल्द पूर्ण करवाएं, ताकि ओडीएफ मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा सके। मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों में लेबर की संख्या बढ़ाकर विकासखण्ड की क्षमता के आधार पर काम को गति दें।

बैठक में कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए दुकानों में गुड़, चना, शक्कर, की राशि जमा करवाकर भण्डारण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। धान खरीदी कार्य की समीक्षा के दौरान पीडीएस बारदाना की उपलब्धता, नॉन और खाद्य निगम में जमा योग्य चावल, धान उठाव की स्थिति, मिलरवार धान उठाव जमा चावल एवं जमा हेतु शेष चावल की भी संज्ञान लिए। उन्होंने प्रतिदिन 3 हजार मैट्रिक टन का उठाव करवाने तथा अनलोडिंग के लिए हमालों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग से संबंद्ध विभाग आपसी समन्वय से धान खरीदी कार्य को संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से उनके क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्रों की बफर लिमिट की जानकारी भी ली। इसके अलावा ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति, उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में कम पाई गई सामग्री की राशि जमा करवाने की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग से रबी वर्ष के लिए किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य पूर्ति, मत्स्य पालन और पशुधन विकास विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरणों में ऋण सुविधा हेतु सहकारिता बैंक में प्रस्तुत प्रकरणों का निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग से जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के निर्माण हेतु तहसील व एसडीएम स्तर पर ऑनलाइन एन्ट्री की स्थिति की समीक्षा किए। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत की जा रही विकास कार्यो की तृतीय पक्ष परिक्षण की समीक्षा किए और संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को निर्माण कार्य की सत्यापन कर प्रगतिरत कार्य की गुणवत्ता पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए आयोजित शिविर में अधिक से अधिक को लाभ देने के साथ-साथ कार्ड निर्माण हेतु ग्रामीणों की घर में उपस्थिति के दौरान कार्ड बनवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस हेतु आपरेटर की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। सिकलसेल जांच व रिपोर्ट आफ लाईन रिपोर्ट करने तथा ऑनलाइन एन्ट्री करवाने कहा। सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नहीं करने पर नाराजगी जाहिर किए इसके लिए सीएमएचओ कों सप्ताहवार समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से बच्चों को योजना का लाभ देने के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढाने के निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों की, कौशल विकास के तहत नक्सल प्रभावितों को प्राथमिकता से प्रशिक्षण दिलवाने, निजी खातेदार सह-खातेदार एवं आधार प्रविष्टि तथा नक्शा बंटाकन की समीक्षा किए। बैठक में समय-सीमा के अन्य विभाग के प्रकरणों पर चर्चाकर निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, प्रवीण वर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बीडीएफ उत्पाद में कीड़े कलेक्टर-एसपी तक मामला



- संवेदनशील पत्रकारों ने की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग
- भ्रामक जानकारी परोस रहे बीडीएफ संचालक
- कलेक्टर ने मंगायी रिपोर्ट, एसपी ने दिये कार्रवाई के संकेत

**दंतेवाड़ा,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। बीडीएफ (बस्तर डेयरी फर्म) कंपनी के द्वारा निर्मित केशर लस्सी के बन्द डिब्बो से कीड़े निकलने का एक वीडियो दंतेवाड़ा जिले में पिछले दिनों वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पत्रकारो ने अपने-अपने मीडिया संस्थानों में पड़ताल करने के बाद खबर को प्रकाशित करवाया। खबर मानव जीवन से जुड़ी हुई थी। यही वजह है कि मीडिया संस्थानों ने खबर प्रमुखता से छापा और इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने भी स्क्रीन पर जगह दी।

अब इस मामले को लेकर बीडीएफ के मालिक इमरान नगरिया पत्रकारों पर तोहमत मढ़ रहे हैं। इमरान नगरिया सोशल मीडिया में पत्रकारों द्वारा इंजेक्शन से कीड़े इंजेक्ट करने का बेबुनियाद दावा कर रहे हैं। इस आरोप से नाराज जिले के श्रमजीवी पत्रकार संघ ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा है। पूरे मामले की जांच करवाने के लिए कहा है। साथ ही बीडीएफ के उत्पादों की लागातार सैंपलिंग करवाकर जांच करने का आग्रह किया है। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आजाद सक्सेना और जिले के दर्जनों पत्रकार मौजूद थे। इस प्रकरण को कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने पत्रकारों के सामने ही खाद्य अधिकारी से पूरे मामले की जानकारी ली है। खाद्य अधिकारी सुष्मित देवांगन से पूछा केसर लस्सी में कीड़े वाले मामले की जांच में क्या हुआ है ? इस पर खाद्य अधिकारी ने कहा नोटिस दी गई है। कलेक्टर ने दो टूक कहा एक नोटिस हो चुका है, जो भी विधिवत कार्रवाई होती है अब उसे करें और सूचित करें। साथ ही जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। इधर खबर लिखे जाने तक बताया जा रहा है जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष खाद्य अधिकारी ने प्रस्तुत कर दी है।

इसी मामले को लेकर पत्रकारों ने एसपी गौरव राय से भी मुलाकात की। पत्रकारों ने कहा जिस तरह सोशल मीडिया में निष्पक्ष पत्रकारो को बीडीएफ के मालिक इमरान नगरिया >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जैविक प्रमाणीकरण महोत्सव जिले की बड़ी उपलब्धि

**दंतेवाड़ा,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मांई दंतेश्वरी की नगरी दंतेवाड़ा के लिए बीत रहा साल 2024 कई खट्टे-मिठे अनुभवों के साथ स्मृति पटल पर अंकित होने जा रहा है। अब से कुछ घंटे बाद ही जिला नववर्ष 2025 में प्रवेश कर जाएगा। आशा, आकांक्षा, और उम्मीदों की अंजलि के साथ मांई दंतेश्वरी को प्रणाम करते सुखी, समृद्ध और शांति के साथ विकसित दंतेवाड़ा की कामना लोग कर रहे हैं।

2024 में राजनीति और प्रशासन दोनों ही क्षेत्र में कई आश्चर्यजनक घटनाएं हुई। पूर्व कलेक्टर विनीत नंदनवार के कार्यकाल में कई वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें हुई। दंतेश्वरी कारीडोर से लेकर कई मामलों में वे सवालों के घेरे में आए और सरकार बदलते ही उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद विदाई हो ही गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने 4 जनवरी को जिले की कमान संभाली और अस्थिर तथा लगभग अराजक हो चुके प्रशासन तंत्र को सुधारने में अपनी पूरी ऊर्जा लगा दी। श्री चतुर्वेदी के कार्यकाल के शुरूआती 6 महीने सिस्टम को ठीक करने में गुजरे, इस दौरान उन्हें कोई अप्रिय और कठोर निर्णय भी लेने पड़े, जिसकी वजह से उनकी छवि एक सख्त और तेज तर्रार कलेक्टर के रूप में निर्मित हुई। मेल, मुलाकात के लिए पर्ची सिस्टम खत्म हुआ। सबसे सार्वजनिक मुलाकात का दौर शुरू हुआ। प्रशासन में कसावट आयी और हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान के मामले में उन्होंने कई पारदर्शी व्यवस्था की शुरूआत भी की। किसी नये नवाचार की जगह उन्होंने सरकारी योजनाओं का ही लाभ जरूतमंद तक पहुंचाने पूरे प्रशासन तंत्र को दक्ष किया। इस दौरान कई बार शब्दों की मर्यादा भी टूटी। इसके बावजूद साफ-सुथरे और ईमानदार प्रशासन तंत्र की स्थापना में इससे मदद भी मिली।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ऑन लाईन समय सीमा बैठक की शुरूआत कर डिजिटल प्रशासन को मजबूत किया। दुर्गम क्षेत्रों में समस्या निवारण शिविर के माध्यम से प्रशासन की पहुंच बनायी। शाला त्यागी बच्चों को नवीन शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने बाल मित्र पुस्कालय की शुरूआत की। प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर बनने प्रेरित किया गया। सरकारी कोचिंग संस्थाओं में इंट्रेंस एग्जाम के साथ एक्जिट एग्जाम की शुरूआत हुई। एनडीए जैसी परीक्षा में यहां के बच्चे ने सफलता पायी, यह बेहतर एकेडमिक माहौल का ही परिणाम है। पालक शिक्षक मेगा बैठक में भी शिक्षा का वातावरण बना। जिले में ऐसा पहली बार हुआ जब डीएमएफ के कार्यो की मंजूरी सार्वजनिक की गई। भर्ती विज्ञापन के फ्लेक्स जिले भर में चौक-चौराहे पर लगाए गए। करोड़ों के टेण्डर भी अब सार्वजनिक रूप से लगाए जाने लगे।



इस बार यह बात भी काफी चर्चा में रही कि खनिज नियमों के उल्लंघन को लेकर अगस्त महीने में एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना पर दंतेवाड़ा कलेक्टर की ओर से 16 अरब 20 करोड़ 49 लाख 52 हजार 482 रूपए की पेनाल्टी लगाई गई। इस बारिश में एनएमडीसी के चेक डेम टूटने से करीब 7 करोड़ की क्षति हुई। यह क्षति राशि एनएमडीसी किरन्दुल से वसूली गई और प्रभावितों को वितरित किया गया। यह जुलाई की बात है। इसी तरह अगस्त में रक्षा बंधन पर दंतेवाड़ा की तीन बेटियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की, यह भी एक बड़ी उपलब्धि रही। सितंबर महीने में दंतेवाड़ा के पोन्दूम में 6 माह के मासूम के अपहरण का मामला पुलिस के लिए बेहद चुनौती पूर्ण रहा। अपहृत बालक को धमतरी जिले से बरामद किया गया। इस मामले को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने लंबा आंदोलन भी किया था। इस बार राज्यपाल शिक्षक सम्मान से शिक्षिका मधु और नेहा नाथ सम्मानित हुई।

- साल 2024 : सख्ती के साथ पारदर्शी हुआ दंतेवाड़ा प्रशासन
- सूर्खियों में रही कलेक्टर मयंक की विशिष्ट कार्यशैली

साल 2024 में जिले के पर्यटन केन्द्रों को संवारने कार्य योजना बनी। खासकर बारसूर, फूलपाड़ और दंतेश्वरी शक्तिपीठ के लिए विशेष फोकस रहा। इधर जिले में कृषि के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने काफी प्रयास हुए। जैविक खेती प्रमाणिकरण का महोत्सव मनाया गया। जावंगा में 5 दिसंबर को आर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश की कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार सहित अनेक जैविक कृषि के जानकार और महत्वपूर्ण लोग शामिल हुए। इसमें जिले में जैविक खेती के क्षेत्र में हुए कार्यो का जिक्र हुआ तथा राज्य की जैविक कृषि अवधारणा के लिए दंतेवाड़ा के महत्वपूर्ण योगदान को भी सराहा गया। जिला अस्पताल में मोतियाबिंद आपरेशन के दौरान हुई लापरवाही का मामला भी काफी चर्चा में रहा। यह नवंबर की बात है। संक्रमित आपरेशन थियेटर में सर्जरी के बाद 17 मरीजों की आंखों में संक्रमण हुआ। एम्स में मरीजों का दोबारा ऑपरेशन हुआ। इस मामले में नेत्र सर्जन समेत तीन को निलंबित किया गया। दो को बर्खास्त किया गया, लेकिन सिविल सर्जन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

राजनीति के क्षेत्र में साल 2024 उथल-पुथल भरा रहा। विधायक चैतराम अटामी की लोकप्रियता का ग्राफ इस साल बड़ी तेजी से गिरा। रेस्ट हाउस को विधायक बंगला बनाने के नाम पर उनकी काफी किरकिरी हुई। कुछ खास लोगों से ही घिरे रहने के आरोप भी उन पर लगे। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की प्रशासन में उपेक्षा भी चर्चा का विषय रही। कुछ पदाधिकारी अधीक्षक हटाने, बनाने तक ही सीमित होकर रह गए, कार्यकर्ता भी हाशिये में रहे। सत्ता में होने के बावजूद उनकी स्थिति विपक्ष की तरह रही। इस साल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का तीन बार दंतेवाड़ा प्रवास हुआ। महिला दिवस पर उन्होंने एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लिया। यह मार्च की बात है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी का दंतेवाड़ा से विशेष स्नेह अभी भी बना हुआ है। इसके चलते प्रशासन में उनके समर्थकों का एक बड़ा दबदबा भी है। इधर कांग्रेस, इस साल खामोश रही। कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर वह सरकार और प्रशासन को नहीं घेर पायी। सड़क हादसे में जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा घायल हो गई। इसी तरह जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम भी हादसे के शिकार हुए। कांग्रेस की कमजोर भूमिका की एक बड़ी वजह ये दोनों घटनाएं भी रहीं। नये साल में कांग्रेस और भाजपा दोनों को नगरीय तथा पंचायत चुनाव का सामना करना है। दोनों के लिए यह चुनाव किसी परीक्षा से कम नहीं। नए साल में कांग्रेस-भाजपा दोनों को नया जिला अध्यक्ष भी मिलने वाला है। कुल मिलाकर नव वर्ष में दंतेवाड़ा का प्रशासन सख्त तेवर के साथ आम जनों के लिए सौम्य तथा शालीन होगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है और राजनीति के क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस दोनों अपनी-अपनी भूमिका को समझ पायेंगे, यह आशा भी की जा रही है।

## सराहा आंगनबाड़ी सहायिकाओं को किया गया सम्मानित



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी में देश के भविष्य को कुपोषण मुक्त करने प्रयासरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं का काम विशेष रूप से सराहा गया। सामाजिक संगठन गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने कार्यक्रम आयोजित कर खुर्सीपार के वार्ड नंबर 43, 44, 46, 47 और 48 आंगनवाड़ी केंद्र की इन सहायिकाओं के उत्साहवर्धन के साथ इन सभी का सम्मान किया। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि ये सभी सहायिकाएं न सिर्फ बच्चों के कुपोषण को दूर करने अपना योगदान दे रही हैं बल्कि सुकन्या योजना, मातृ वंदन योजना और महतारी वंदन योजना जैसे शासकीय कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में भी अपना विशेष सहयोग देते आ रही हैं। उनकी इन सेवाओं को रेखांकित करते हुए जीई फाउंडेशन ने इन सभी को सम्मानित किया। इनमें प्रमुख रूप से सोमा चौरसिया, अनिता, सुजाता वैद्य, पूजा, संजू कश्यप, संतोषी निर्मलकर, गीता देवी निषाद, भारती यादव, मंजू दिवाकर, पुष्पा चावला, माधुरी देवी, अनीता डाहरे और संतोषी को शॉल भेंटकर फाउंडेशन ने इनकी विशिष्ट सेवाओं का उल्लेख किया। इस सम्मान के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने जीई फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

## शिव ज्ञान गंगा महोत्सव कल से



**भिलाईनगर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व जागृति मिशन सिविक सेंटर के द्वारा सुधांशु महाराज के आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रेस वार्ता मे संदीप खेमका ने दी। उन्होंने बतया की सुधांशु महाराज का 2 जनवरी को नगर आगमन हो रहा है। महाराज को राज्य तिथि का दर्जा प्राप्त है। विश्व जागृति मिशन भिलाई दुर्ग मंडल द्वारा 2 से 5 जनवरी तक चलने वाले चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव आयोजन किया गया है। ग्राम परसदा में गुरुवर का एक विशाल आश्रम ब्रह्मलोक आश्रम निर्मित है। विशाल कार्य इस आश्रम में श्री कैलाश मानसरोवर शिखर का भव्य निर्माण कार्य किया जा रहा है। 108 फीट ऊंचाई 160 फीट लंबाई एवं 100 फीट चौड़ाई के इस शिखर में 7 तालों का निर्माण किया जा रहा है। भूतल पर शिव परिवार बिराजेंगे, प्रथम तल पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे, द्वितीय तल पर नवदुर्गा माता बिराजेगी और सबसे ऊपरी तल पर मां वैष्णो देवी का दरबार सजाया जाएगा। शिखर के सामने मानसरोवर झील का निर्माण भी किया जावेगा। सद्गुरु की अद्भुत परिकल्पना है कि इस पावन निर्माण के पूर्ण होने के बाद हम कैलाश मानसरोवर का प्रत्यक्ष अनुभव और आनंद प्राप्त कर सकेंगे। वर्तमान में सात चरण तक बनाया जा चुका है और चारों तरफ पहाड़ का निर्माण जारी है। इस निर्माण कार्य की सहायता के उद्देश्य से ही आगामी 2 जनवरी से 5 जनवरी तक गुरुदेव जयंती स्टेडियम के समीप स्थित मैदान में आ रहे हैं। 2 जनवरी को संध्याकालीन सत्र में शाम 5 बजे से और फिर तीन.चार और पांच जनवरी को प्रात: कालीन सत्र में सुबह 9 बजे से और संध्या कालीन सत्र में शाम 5 बजे से गुरुदेव प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और सांसद सहित विशेष जनों शामिल होने जा रहे हैं। उनके प्रोटोकॉल के तहत ही पंडाल का निर्माण भी कराया गया है। अन्य प्रदेश से आने वालों के रहने और आवास की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है। प्रवचन स्थल पंडाल के समीप में ही प्रवचन पश्चात निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जनवरी को कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर जयंती स्टेडियम में समाप्त होगी। प्रेसवार्ता मे अध्यक्ष चम्मन लाल बंसल, महासचिव जयशंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव देवांगन, दिनेश लोहिया, सुनील चौरसिया उपस्थित थे।

## 107 सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय शीघ्र ही उपयोग होंगे

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2 अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की पांचवी बैठक के अनुशंसा अनुसार निगम भिलाई क्षेत्र में सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत, उन्नयन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रण की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात 107 शौचालयों का मरम्मत, उन्नयन का कार्य 362.52 लाख की लागत से किया जा रहा है। उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आदेश जारी किया गया है। शौचालय के मरम्मत, उन्नयन हेतु सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति की सीमा के अंदर निर्माण कार्य किया जाएगा। किसी भी प्रकार का सारवान परिवर्तन सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जाएगा। अनुमोदित निविदा प्रारूप के अनुसार समय पर जारी निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा। संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी कार्य की गुणवत्ता एवं मानदण्ड सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय अनुसार पूर्ण करेगी। प्रथम किश्त की जारी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, भौतिक स्थिति, सत्यापित फोटोग्राफ्स प्राप्त होने पर आगामी किश्त की राशि प्रदान की जावेगी। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ शौचालय मरम्मत के पूर्व एवं पश्चात किये गये कार्यो का जीयो टेग फोटोग्राफ्स प्रेषित करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन तथा नोडल एजेंसी सूडा द्वारा समय.समय पर जारी निर्देशो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

## चाइनिज मांझा बेचने वाले पर लगा जुर्माना

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। पतंग के साथ चाइनिज मांझा बेचने वालों पर रिसाली निगम नजर रख रहा है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दुकानों में दबिश दी रही है। भारी मात्रा में चाइनिज मांझा जब्त किया गया। दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। राजस्व विभाग को सूचना मिली थी कि निगम क्षेत्र के कुछ दुकानदार चोरी छिपे पतंग के साथ मांझा बेच रहे है। इस आशय की पुष्टी करने दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान लक्ष्मी बुक डिपो और लक्ष्मी इंटर प्राइजेस में मांझा पाया गया। दोनो प्रतिष्ठान के खिलाफराजस्व विभाग की टीम ने 500-500 रूपए जुर्माना वसूल किया। दबिश के दौरान राजस्व विभाग के मंगल कुर्रे, रवि श्रीवास्तव, विवेक रंगनाथ, टिकेन्द्र वर्मा, टेकराम आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीया है कि चाइनिज मांझा बेचने पर राज्य शासन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। जिस पर उक्त कार्यवाह की जा रही है।

## हाईवा की ठोकर से श्रमिक की मौत



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नंदिनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बानबरद गांव स्थित एक डामर प्लांट में आद मंगलवार को हादसा हो गया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर यहां हाइवा की चपेट में आ गया था जिससे उसकी मौत हुई। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशत हो गए। मृतक के परिजनों के साथ जमकर हंगामा हुआ। नंदिनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को मुआवजा दिलाया इसके बाद मामला शांत हुआ। नंदिनी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बानबरथ से डोंगरिया रोड में एक डामर प्लांट स्थित है। यहां मंगलवार दोपहर 12 बजे के करीब वहां काम कर रहा मजदूर अशोक कोसरे 45 साल हाइवा की चपेट में आ गया। हाइवा उसके ऊपर से गुजर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाइवा में डामर लोड हो रहा था। इसी दौरान उसने जैसे ही उसे बैक किया बाएं तरफ डामर समेटने में लगा मजदूर अशोक कोसरे उसकी चपेट में आ गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मजदूर के परिजन वहां पहुंच गए। नंदिनी पुलिस ने पहुंचकर शव को उठाने की कोशिश की तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने और हंगामा करते रहे। इसके बाद प्लांट का मालिक वहां पहुंचा और उसने लोगों को समझाया कि ये महज एक दुर्घटना है। प्लांट संचालक ने तत्काल अपने पास से 60 हजार रुपए मुआवजे के रूप में परिजनों को दिया। शेष मुआवजा बाद में देने का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए शव को उठाकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही कम्पनी में सनसनी फैल गई। पुलिस घटना का जांच शुरु कर दी है।

## अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन अवधि में उपस्थित हो : आयुक्त

**भिलाईनगर**, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभागीय कार्यो के सुचारू संचालन में कसावट लाने अधिकारी, कर्मचारियो के लिए आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के कार्यावधि के संबंध में पूर्व जारी आदेश को अधिकृमित करते हुए राज्य के मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा समस्त मैदानी कार्यालयों हेतु कार्य अवधि सुबह 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयुक्त पाण्डेय ने आदेश में निगम भिलाई के मुख्य एवं जोन कार्यालय में कार्यरत समस्य अधिकारी, कर्मचारियों को आदेश दिए है। सभी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें और सौंपे गये दायित्वो का निर्वहन करे। विभागीय नस्तियों को अपने टेबल पर जमा न होने दे, शीध्र उसका आगे बढ़ावें। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। आयुक्त से संबंधित नस्तियों को समय अवधि के अंदर प्रस्तुत किया जाए। मैं भी नस्तियों का त्वरित निराकरण करूगां। किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कर्मियों के विरूद्व नगर निगम अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।



## जामुल में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा आयोजित



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र जामुल शिवपुरी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंचल अनेक टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं सभापति चुम्मन वर्मा ने किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने मैदान पर उतरकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि मैं स्वयं एक कबड्डी खिलाड़ी रहा हूं। आप सबको हमारे भारत के प्राचीन खेल कबड्डी के मैदान में देखकर काफी भावुक हो रहा हूं, क्योंकि हमारा कबड्डी का खेल प्रचलित रूप में न होकर विलुप्त सा होता जा रहा है क्योंकि पहले कबड्डी की प्रतियोगिता हर गांव, हर कसबा, हर शहर में होता था लेकिन अब कुछ चुनिंदा जगहों पर हो रहा है लेकिन आप जैसे उत्साहित खिलाड़ी हमारे पारंपरिक खेल को बनाये रखे हैं इसके लिए आप सभी को एवं आयोजन समिति को बहुत बहुत शुभकामनाऐं देता हूं। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त टीम बिलासपुर को राशि 10000 रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम हथबंद को 7000 रूपये, तृतीय टीम कोटा को 5000 रूपये, चतुर्थ टीम जामुल को राशि 3000 रूपये का एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार का वितरण मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश सिंह ठाकुर, तिलेश्वर देवांगन पार्षद वार्ड-18, युवराज वैष्णव पूर्व पार्षद वार्ड-17, गज्जू साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, गैंदलाल चौहान सहित आयोजन समिति के दीपक सारथी, नरेश सारथी, ताकेश साहू, कैलाश जंघेल, दुर्गेश वर्मा, शिव जंघेल, राहुल बंधे, दीपक निर्मलकर, मिथलेश साहू, प्रभाकर साहू, चेतन, जतिन, हार्वेश, कुलेश्वर, यश कुमार उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सेवानिवृत्ति के साथ ही शासकीय ...

अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि दिसम्बर माह में सेवानिवृत्त 26 शासकीय सेवकों में से 16 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष शासकीय सेवकों का आवश्यक कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ जारी किया जाएगा। इस दौरान जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त शासकीय सेवक और उनके परिजन मौजूद थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति हो रहे शासकीय सेवकों ने भी अपने अनुभव को साझा किया और शासन-प्रशासन के द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजन को सराहनीय पहल निरूपित करते हुए आभार व्यक्त किए।

### बीडीएफ उत्पाद में कीड़े...

द्वारा दुष्प्रचारित किया गया है, उससे हम सभी पत्रकार आहत हुए हैं। इस प्रकरण में सभी पक्षों को बुलाकर पूछताछ की जाए। घटना से जुड़े पूरे घटनाक्रम की बरीकी से जांच करवा कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इन सभी बिदुओं को सुनने के बाद एसपी गौरव राय ने जांच के आदेश किए है। इस प्रकरण की जांच कोतवाली थाना प्रभारी को दी गई है। इतना ही नहीं गौरव राय ने स्पष्ट शब्दों में कहा मामले की जांच जल्द से जल्द करें।

उल्लेखनीय है कि बीडीएफ प्रोडक्ट केसर लस्सी में कीड़े निकलने का वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियों की पत्रकारों ने पूरी पड़ताल की। वीडियो जिले के स्थानीय दुकान के संचालक सौरभ गुप्ता ने बनाया था। पत्रकारों को उसने बताया कि बीडीएफ के केसर लस्सी उत्पाद से कीड़े निकले हैं। एक ग्राहक को जब केसर लस्सी में पहली शिकायत आई। इसके बाद उसने लगातार पांच डिब्बे खोले सभी में कीड़े निकले। सौरभ ने बताया कि उसने केसर लस्सी बीडीएफ के आउट लेट से खरीदी थी। बनाए गए वीडियो आउटलेट के संचालक श्रृषभ तोमर को भेजा और उत्पाद भी भेज दिए। श्रृषभ तोमर ने यह वाक्या बीडीएफ के संचालक इमरान नगरिया को बताया। उसने इस बात को सुनते ही सभी केसर लस्सी के उस बैच नंबर डिब्बे उठवा लिए।

**ये है वो सुलगते सवाल**

बीडीएफ कंपनी ने साक्ष्यों को छिपाने के लिए 9 लस्सी के डिब्बो को खाद्य टीम पहुँचने से पहले ही क्यों हटवा दिया ? खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट अभी नही आई है, इससे पहले ही खुद लैबोट्री के संचालक बन सोशल मीडिया पर डेमों दिखा कर उपभोक्ताओं को भ्रामक जानकारी परोस रहे हैं। क्या इंजेक्शन से कीड़े इंजेक्ट करने का कोई साक्ष्य बीडीएफ के मालिक इमरान नगरिया के पास मौजूद है ? यदि था तो फ्रेश केशर लस्सी के डिब्बे में इंजेक्ट कर दिखाना चाहिए था।

## पं. शुक्ल को भिलाई बिरादरी ने दी पुष्पांजलि



सभा में पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पं. रविशंकर शुक्ल की 67 वीं पुण्यतिथि पर आज मंगलवार को सेक्टर.9 स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष प्रात: 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कड़ी में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक कांग्रेस नेता अरुण वोरा, पूर्व मेयर सुश्री नीता लोधी, सीजू एंथोनी, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व पार्षद प्रभूनाथ मिश्रा, श्रीमती रत्ना नारंग, हेमंत बंजारे, मोहन लाल गुप्ता, अशोक गिरी, जावेद खान, कोर्मा राव, राजेश गुप्ता, जी. पी. शुक्ला, चंद्रशेखर गवई, आर. डी. कोरी, शेख अकरम, प्रदीप जंघेल, श्रीमती मायारानी शुक्ल, संतोष दीक्षित, आशीष मिश्रा, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज समाज के राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष गुरू प्रसाद तिवारी, श्रीमती विजिया मिश्रा, स्वदेश शुक्ला, श्याम तिवारी, आलोक शुक्ला संयंत्र के महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी, अभिजीत भौमिक सहित अनेक उपस्थित थे। मनोज मिश्रा ने प्रारंभ में पुष्पांजलि कार्यक्रम का संयोजन और संचालन किया। वरिष्ठ पत्रकार अशोक पंडा ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। उल्लेखनीय है कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना में पं. रविशंकर शुक्ल ने आधारभूत भूमिका निभाई थी। पं. जगन्नाथ शुक्ल, श्रीमती तुलसी देवी के पुत्र के रूप में 2 अगस्त 1876 में सागर में जन्मे पंय रविशंकर शुक्ल बचपन से ही मेधावी रहे। 50 वर्ष के अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में पं.शुक्ल ने अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

## महिलाओं के लिए वाहन चालन प्रशिक्षण




**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान प्रशिक्षण केंद्र नवा रायपुर के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिएए नि:शुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका उद्घाटन सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में आयुक्त निगम रिसाली मोनिका वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी कमल नारायण साहू, महाप्रबंधक, शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, उप प्रबंधक के के वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही इस उद्घाटन कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारी बुधेलाल सोनी, मंडावी एवं प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी। मुख्य अतिथि मोनिका वर्मा ने सभी प्रशिक्षु महिलाओं से अपील की कि वे मन लगाकर और एकाग्र होकर ड्राइविंग सीखें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कमल नारायण साह ने महिलाओं को ड्राइविंग के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी और इस कौशल को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। पुष्पगुच्छ से अतिथियों का अभिनंदन करने के पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में शिवराजन ने इस प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन के के वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन छत्रपाल देशलहरा ने किया।

# मामलों को लटकाने की मानसिकता गलत : कलेक्टर



- निराकरण में देरी के लिए जिम्मेदार होंगे अफसर
- समय सीमा बैठक में कड़े तेवर
- जिला प्रमुखों को कड़े निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा समय सीमा की बैठक में लंबित रहे आवेदनों पर दो-टूक निर्देश देते हुए कहा गया कि जिन आवेदनों और मांगों का विभागीय अथवा अन्तर्विभागीय समन्वय से समाधान हो सकता है। उन्हें अनावश्यक लंबित रखना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। अत: आवेदनों पर संतुष्टि परक समाधान पर अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आवेदनों का पूरी निष्ठा और तत्परता से समयबद्ध निराकरण करें। यह देखा गया है कि जनहित से जुड़े हुए कई मांग और समस्याओं का हल अन्तर्विभागीय समन्वय से किया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को स्वयं पहल करते हुए प्रयास करना आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी होने पर तुरंत संज्ञान में लिया जायेगा।

इस क्रम में कलेक्टर ने नगरपालिका और नगर पंचायतों तथा जनपद पंचायतों से कचरा प्रबंधन के संबंध में अब तक किए गए कार्यवाही की जानकारी चाही। और आगामी समय-सीमा की बैठक तक ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का विलंब होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार रहेगें। इसके अलावा समय-सीमा बैठक में जिले में स्कूल छात्र,छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य और प्रदाय की अद्यतन प्रगति, टेकनार रोड की साफ सफाई के लिए कार्य योजना के तहत कार्मिकों की नियुक्त,जल जीवन मिशन के तहत जिले के हर जल प्रमाणीकरण की स्थिति,अपूर्ण टंकियों का निर्माण एवं एफएचटीसी की प्रगति, 500 मीटर से अधिक तल के बोर खनन के लिए प्राक्कलन तैयार किया जाने, जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान की प्रगति पर संतोष जताते हुए मिशन मोड पर जारी रखने को कहा। इसके अलावा श्रम विभाग को निर्देश दिए गए कि जिले से अन्य प्रदेशों के विभिन्न स्थानों में गए श्रमिकों के गंभीर स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर तुरंत प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करे। ताकि ऐसे श्रमिकों तात्कालिक राहत मिल सके। इसके साथ ही जिले में मोतियाबिंद, सिकल सेल, हाई बीपी, ओरल कैंसर सरवाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, की स्क्रीनिंग, जिले के अन्य विभागों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित कार्य के लिए डीडी का भुगतान, ग्राम पंचायत दुगेली माड़कापारा का कृषि भूमि को बंदोबस्त कराये जाने, जिले अतंर्गत 34 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित सोलर पॉवर बैटरी बैकों को आवश्यकता अनुरूप चिन्हांकित कर पृथक से कंट्रोल रूम बनाने हेतु सर्वे जैसे विभिन्न विषयवस्तुओं की गहन समीक्षा की गई। समय-सीमा बैठक में ही डीएमएफ के तहत प्रगतिरत कार्यों के सबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने सराहा मड़ानार के छात्रों द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को

**कोण्डागांव** 31 दिसम्बर (देषबन्धु)। कोंडागांव जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ानार के छात्रों ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्री वोकेशनल प्रशिक्षण प्राप्त कर लकड़ी की अद्भुत कलाकृतियां बना रहे हैं। इन विद्यार्थियों ने सोमवार को मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रि मंडल के सदस्यों से मंत्रालय स्थित कार्यालय में भेंट की। भेंट के दौरान छात्रों ने लकड़ी से बनाए गए नाम पट्टिका और चित्र मुख्य मंत्री, विधान सभा अध्यक्ष और मंत्रियों को उपहार में दिए। इस दौरान मुख्य मंत्री विष्णु देव साय ने अपनी कार्यालय मेज पर नाम पट्टिका तुरंत लगवाने के साथ मंत्रियों को भी अपने कक्ष में लगाने का आदेश दिया। मुख्य मंत्री ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, बच्चों का जज्बा और लगन बस्तर की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्य मंत्री ने बच्चों की कलात्मक क्षमताओं का श्रेय नई शिक्षा नीति 2020 को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य शिक्षा को रुचिकर और रोजगारोन्मुख बनाना था, जो इन बच्चों के कार्यों में झलकता है। यह पहल शिक्षा और कला को रोजगार से जोड़ने का बेहतरीन उदाहरण है। नई शिक्षा नीति ने न केवल उनकी कलात्मक क्षमता को निखारा है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर भी प्रदान किया है।



नई शिक्षा नीति से मड़ानार के छात्रों को मिल रहा एक नई पहचान

**ऑनलाइन मार्केट में उपलब्ध कलाकृतियां**

मार्गदर्शक शिक्षक शिवचरण साहू ने बताया कि यह कला बच्चों को प्री वोकेशनल प्रशिक्षण के तहत सिखाई गई है। छात्र कशिक, खिलेंद्र बघेल ने नाम पट्टिका और सागर सोरी ने पोर्ट्रेट और संविधान की उद्देशिका तैयार की, शिक्षक ने बताया कि इस कला से साल भर में करीब तीन लाख रुपए की आय होती है। ये कलाकृतियां अमेज़न, मीशो और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं। विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने शिक्षक शिवचरण साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें मोदी 2.0 पुस्तक भेंट करने के साथ ही शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला और बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध घटित अपराध में कोण्डागांव पुलिस द्वारा पीड़ित जनता के लिए लगातार त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर लगातार बलात्कार करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किए जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए फरसगांव पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिए गए होने के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई जानकारी में बताया गया है कि प्रार्थिया ने 26 दिसम्बर 2024 को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2023 मई, जून में ग्राम नौकाबेड़ा के रहने वाले गणेश पिता लक्ष्मीनाथ नेताम तकरीबन 25 वर्ष द्वारा प्रार्थिया को प्यार करता हूँ, शादी करूंगा कहकर अपने खेत में बने लाडी लेजाकर और प्रार्थिया के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया, इसके बाद बदनाम करने की धमकी देकर प्रार्थिया के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करता रहा था। जब प्रार्थिया शादी के लिए बोली तब आरोपी द्वारा पीड़िता के मोबाईल नम्बर को ब्लेक लिस्ट में डाल देने के साथ ही अपने घर से भाग गया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 376 (2) (ड) भादंवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, रूपेश कुमार डाण्डे (ऑप्स) के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में विवेचना के दौरान आरोपी गणेश नेताम पिता लक्ष्मीनाथ नेताम 26 वर्ष निवासी नौकाबेड़ा बड़ेपारा थाना फरसगांव के विरूद्ध गिरफ्तार करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से 31 दिसम्बर के 13.40 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी, सउनि. पिताम्बर कठार, आरक्षक अजरंग बघेल, आरक्षक अजय मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।





**जगदलपुर।** बस्तर जिला पुलिस अलर्ट, पूरे जिले में जारी ड्रंक एंड ड्राइव की चेकिंग। नए साल को लेकर हो रही गाड़ियों की चेकिंग। चालकों को दी जा रही हिदायत। शराबी वाहन चालकों पर हो रही कार्रवाई। देर रात तक होती रहेगी कार्रवाई।

## नए साल के जश्न में डूबे युवा वर्ग

**लवन,** 31 दिसंबर। वर्ष 2024 के आज अंतिम दिन एवं नव वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर नगर सहित अंचल के लोगों में तरह-तरह के प्रतियोगिता आयोजित कर जश्न मनाएं जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौक चौराहे गलियों में युवा वर्ग के लोग डांस प्रतियोगिता का आयोजन कर गए वहीं आज देर शाम तक नगर के मटन मुर्गा मछली दुकानों में भीड़ देखने को मिली जहां लोग 31ह्यह्न मनाने के लिए खरीदारी करते दिखे नगर के युवकों ने मुख्य मार्ग पर गुब्बारा लगाते हुए दिखे इसके अलावा जगह-जगह दीवारों में नववर्ष की स्वागत पर अनेक प्रकार के नारे एवं सायरी लिखे। लवन नगर के अलावा अंचल के ग्राम सरखोर अहिल्दा मर्दा करदा धाराशिव तुरमा भालूकोना आदि ग्रामों में भी नवयुवक वर्ग नव वर्ष में उत्साह के लिए जगह-जगह नाच गान का भी आयोजन किये। देर शाम रात्रि तक नव वर्ष की जश्न मनाने लोगों की भीड़ में रोड में देखने को मिली जानकारी के अनुसार कई लोग मातागण तुरतुरिया धमनी पैसर चांगोरी शिवनाथ नदी आदि स्थान में ग्रुप के साथ पहुंचकर आनंद लेने के लिए पहुंचे हैं।

## प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे : अनुपम



**लवन,** 31 दिसंबर। लवन मंडल के नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षा अनुपम बाजपेई ने आज कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की प्रत्येक योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक वर्ग लोगों को मिले इस आशा से योजनाओं को जानकारी देने जन-जन तक पहुंचाया जाएगा श्री वाजपेई ने कहा कि युवा मोर्चा के दायित्व को संभालते हुए लवन मंडल के 50 ग्रामों का भ्रमण किए हैं और अब प्रदेश की भाजपा सरकार योजना चाहे स्वास्थ्य विभाग का हो रोजगार उन्मुख हो मकान निर्माण का हो या पंचायत के माध्यम से गली निर्माण ऐसे सभी योजनाओं का जानकारी गांव का पहुंचकर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिए हैं संगठन को मजबूती लाने और सरकार के कार्यों का सही मूल्यांकन के लिए लोगों तक चर्चा करेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इस क्षेत्र में विधायक कांग्रेस का है तो क्या हुआ सरकार तो भाजपा का है और सरकार के कार्यों के संपादन के लिए भारतीय जनता पार्टी मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक स्वर में तैयार है।

# दाढ़िया में हुए विविध आयोजन

**कोण्डागांव,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में बसे ग्राम दाढ़िया में समाज को नई दिशा देने व ग्राम विकास में कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कर्मचारी अनुदान समिति और युवा समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिनेश कोर्राम, सरपंच अनिरुद्ध नेताम और गणमान्यजनों के द्वारा 100 मीटर दौड़ के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें अंचल के ग्रामीणजनों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। आयोजन में 100 मीटर दौड़, खो-खो, मटका फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, आलू दौड़, रस्सा खींच कराया गया। इनमें महिलाओं के साथ-साथ बच्चों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम प्रदाय किया गया। इस अवसर पर रात्रिकालीन भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साल के अंतिम दिवस व नये वर्ष के आगमन के अवसर पर ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते रहे हैं। मुख्य अतिथि खेमचंद नेताम ने ऐसे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम दाड़िया के लिए यह एक नई मिसाल है, जहां कर्मचारियों की एकता ग्राम विकास में भागीदारी के लिए सदैव कृत संकल्पित है, इस ग्राम में मंत्रालय के एएसओ से लेकर सीमा पर तैनात जवान, शिक्षक, इंजिनियर और अन्य विभागों में सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं और सभी, वर्ष के अंतिम दिवस पर ग्राम में आकर एकता का परिचय देते हैं। ये सभी समाज में बच्चों की शिक्षा, लोगों के स्वास्थ्य हेतु आर्थिक सहयोग और रोजगार में मार्गदर्शन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही अन्य सहयोग में भी आगे रहते हैं। इस आयोजन में कर्मचारी अनुदान समिति के संरक्षक मानसिंह ठाकुर, शैलेश मरकाम, शुकलदई मरकाम, तुलसी नेताम, मिलचंद ठाकुर, ग्राम पटेल सखाराम मरकाम, लक्ष्मीनाथ, समिति के उपाध्यक्ष दिनेश शार्दुल, राजू राम मरकाम, सदस्य रामसिंह मरकाम, विनोद नेताम, शिवराज नेताम, जयलाल मरकाम, धामीलाल मरकाम, संजय मरकाम, सतीश मरकाम, सोमलाल मरकाम, कृष्णा नेताम, कार्तिक ठाकुर, प्रभु नेताम, अनिल मरकाम, विनोद मरकाम, सुनील मरकाम, टिवेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र नेताम, सुरेंद्र नेताम, रविंद्र मरकाम, विजय नेताम, राकेश मरकाम, छबिलाल मरकाम, ललेश्वरी ठाकुर, चौकदई शार्दुल, सियाबती नेताम, रामकुमार नेताम, नीलम सिंह नेताम, रीना शार्दुल, राजेंद्र ठाकुर, ललेंद्र नेताम, हरीश मरकाम युवा संगठन से योगेश मरकाम, पार्थिव ठाकुर, पूनम नेताम और ग्रामीणजनों का विशेष सहयोग रहा। बताए गए जानकारी अनुसार दाड़िया एक ऐसा गाँव है जहां लगभग प्रत्येक घर में एक सदस्य सरकारी नौकरी में है और अधिकारी-कर्मचारियों का ग्राम विकास में भागीदारी देना एक आदर्श पहल है।



ग्राम विकास में भागीदारी पर कर्मचारी अनुदान समिति के तत्वावधान में

# रासेयो इकाई किबई बालेंगा ने बनजुंगानी में शिविर लगाकर श्रमदान किया

**कोण्डागांव,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला व तहसील कोण्डागांव के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किबईबालेंगा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बन जुगानी में आयोजित किया गया है। परियोजना कार्य में डॉ.डी.एल.पटेल, कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा वि.वि.बस्तर के निर्देशक प्रो.एस.बी.कनौजे जिला संगठन कोंडागांव के मार्गदर्शन और बलदेव मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने ग्रामीण युवाओं के साथ मिलकर नाला में चेक डैम का गेट बंदकर पानी रोकने, पंचायत भवन के आसपास, हेंड पम्पों के आसपास, गलियों और साप्ताहिक बाजार स्थल की साफ-सफाई, साप्ताहिक बाजार स्थल के पास नवीन हैण्ड पम्प में सोखता गड्ढा निर्माण, सुशासन दिवस हेतु अटल स्तम्भ में रंग रोगन, दो स्नान घर में चुना पोतई, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने झंडा रोहण हेतु स्तंभ निर्माण, रोड़ में मुरम डालकर समतलीकरण तथा स्लोगन लेखन जैसे विभिन्न श्रमदान कार्य करके ग्राम में श्रमदान के प्रति ग्रामीणजनों को जागरूक किया गया। इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों का ग्राम पंचायत सरपंच दुकारु कोर्राम, जनपद सदस्य रीता कोर्राम और ग्रामीणजनों ने प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




# एमपीएल क्रिकेट स्पर्धा में स्टार इलेवन को हराकर नाइट राइडर्स ने जीती बाजी



**कोण्डागांव,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के विकास खंड फरसगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम मांदागांव में पांच दिवसीय एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन 25 दिसंबर से किया गया था जिसका समापन 29 दिसंबर को हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कोंडागांव एवं नारायणपुर जिले से लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अलग-अलग 10 टीम रॉयल स्ट्राइकर, वीर शिवाजी, स्टार इलेवन, रॉयल टाइटन, नाइट राइडर्स, सुपर किंग्स, रेड विंग्स, पावर हिटर्स, ब्लैक पैंथर्स, बस्तर सुपरजॉइंट टीम बनाकर लीग मैच खेला गया। समापन के दौरान नाइट राइडर्स टीम और स्टार इलेवन टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें स्टार इलेवन टीम को हराकर नाइट राइडर्स टीम ने जीत हासिल की। आयोजक समिति द्वारा नाइट राइडर्स टीम को प्रथम पुरस्कार में 10,000 नगद राशि, ट्रॉफी एवं टी शर्ट तथा उप विजेता स्टार इलेवन टीम को 5,500 नगद राशि ट्रॉफी एवं टी शर्ट प्रदान किया गया। इसके साथ ही अन्य सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट दिया गया। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि सोमनाथ नेताम जनपद सदस्य, विशेष अथिति पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमचंद देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि रैनुराम मरापी, भानूराम नाग, परमेश्वर सेठिया, श्रवण शार्दुल, देवेंद्र सेठिया, प्रताप प्रधान, सुरेंद्र राना सहित ग्राम के गायता, पटेल, गणमान्य नागरिक एवं आयोजक समिति, खिलाड़ी मौजूद रहे।

# शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें

**कोण्डागांव,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा 31 दिसंबर को समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के छात्रावासों और आश्रमों में चलाए जाने वाले 'स्वस्थ परिसर-स्वस्थ जीवन' अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत सभी छात्रावासों को मलेरिया मुक्त बनाने सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे, नियमित सफाई, टीकाकरण, सिकलसेल जांच और एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके अलावा योग व व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी।



कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने प्रधान मंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के दौरान शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाने की बात कहते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित कोई मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम और अपार आईडी बनाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शिक्षा विभाग को इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सक्षम आंगन बाड़ी उन्नयन कार्य के प्रगति की जानकारी ली। साथ ही प्रधान मंत्री मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा भी की। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अभा मजदूर संघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन

## अंबेडकर भवन में हुआ संपन्न



**बचेली,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। 29 दिसंबर को अखिल भारतीय मजदूर संघ के त्रिवार्षिक अधिवेशन डॉ भीमराव अंबेडकर भवन बचेली में आयोजित हुआ, डॉ भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति में माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके पश्चात्त बचेली के सचिव खदान मज़दूर संघ संतोष दास के द्वारा प्रस्ताव उद्बोधन में अपने कार्य की प्रगति का उल्लेख किया गया, तत्पश्चात मध्य क्षेत्र के संघटन मंत्री सुनील किरवई के द्वारा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया बहुत ही बारीकी से भारतीय मजदूर संघ की कार्यपद्धति को समझाया उन्होंने बताया की भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी को भीमराव अंबेडकर ने एस सी फेडरेशन का जनरल सेक्रेटरी बनाया था , ठेंगड़ी जी ने मजदूर हित उद्योग हित और राष्ट्र हित को ध्यान में रखकर 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर संघ की नींव रखी आज भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा मजदूर यूनियन है किरवई ने कहा कि भारत माता की जय और वंदे मातरम से कोई समझौता नहीं ये हमारा मूल मंत्र है, और राष्ट्र हित ही हमारा लक्ष्य है मजदूर हित के साथ राष्ट्र और उद्योग हित आवश्यक है वही कार्यक्रम में पहुंचे दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने मजदूर संघ को मजबूत करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

संपादकीय

## नये थाने देंगे अधिक सुरक्षा

*छत्तीसगढ़ में नये पुलिस स्टेशन खुलने जा रहे हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार के दृष्टिकोण से अधिकाधिक थाने खुलने चाहिये ताकि शांतिप्रिय नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। जनसंख्या के घनत्व का अनुपात देखें तो राज्य भर के ज्यादातर पुलिस स्टेशनों पर काम का काफी दबाव है। अधिक थाने खुलने से उन पर से मामलों का बोझ घटेगा। ग्रामीण एवं आदिवासी इलाकों में, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी नये थाने खुल रहे हैं जो लोगों को महफ़ूज महसूस करने में सहायक होंगे। इस निर्णय के अंतर्गत 14 जिलों में 30 नये थाने खुलने जा रहे हैं। इनमें 17 उन क्षेत्रों में होंगे जो माओवाद से पीड़ित हैं। राजधानी रायपुर को भी एक नया पुलिस स्टेशन मिलने जा रहा है। आशा है कि इससे प्रदेश में नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा अपराधों पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी। बढ़ती जनसंख्या के साथ ही सरकार को इस बात का आकलन करते रहना होगा कि किन इलाकों में पुलिस बल बढ़ाने या नये पुलिस स्टेशनों की आवश्यकता है। इसके अनुरूप उसे कदम उठाते रहने चाहिये।*

*पुलिस मुख्यालय ने इस आशय का एक परिपत्र भी पुलिस अधीक्षकों को जारी किया है जिसके अनुसार रायपुर में राजातालाब नूरानी चौक क्षेत्र के लिये नया थाना होगा। अन्य नये पुलिस स्टेशन बलौदाबाजार, महासमुन्द, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा एवं जशपुर के विभिन्न क्षेत्रों में खोले जा रहे हैं जिनकी संख्या एक या उससे अधिक भी है। जिन नक्सल प्रभावित जिलों को नये पुलिस स्टेशन प्राप्त हो रहे हैं, वे हैं- बस्तर व बीजापुर (2-2), कांकेर (1), कोंडागांव (1), नारायणपुर (6), एवं सुकमा (5) हैं। इस प्रकार देखें तो ये सभी थाने उन क्षेत्रों में खुल रहे हैं जहां इनकी सख्त ज़रूरत है। कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए इन स्थानों का निर्धारण किया गया है साथ ही जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग का भी ध्यान रखा गया है। जहां तक माओवाद से पीड़ित क्षेत्रों में नये थानों की बात है तो कहा जा सकता है कि इन इलाकों में लोगों के मन में सरकार के प्रति भरोसा कायम करना ज़रूरी है। इन सभी क्षेत्रों में नक्सली अपनी हिंसक कार्रवाइयां करते हैं। क्षेत्र में या नज़दीक में ही पुलिस बल की तैनाती होने से आदिवासियों एवं ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना आयेगी।*

*सभी थानों के अधिकारियों-कर्मचारियों पर मामलों का भारी दबाव होता है। मामले अधिक होने से उनकी विवेचना ठीक से नहीं हो पाती। इसका असर यह होता है कि अपराधी तत्वों तक पुलिस की या तो पकड़ नहीं होती अथवा उनके खिलाफ़ मामले कमजोर बनते हैं। नये थाने पहले से कार्यरत पुलिस स्टेशनों के मामलों का बोझ कम करेंगे। नागरिकों की थानों से दूरी घटने का अत्यंत सकारात्मक असर होगा। इसलिये राज्य सरकार को चाहिये कि वह पर्याप्त संख्या में थाने खोले।*

उल्टा पुल्टा

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है? फिर क्या हुआ?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...

# राजधानीवासियों ने नए वर्ष का किया जोश-उमंग से स्वागत

- युवा-बच्चों, महिलाओं सहित बुजुर्ग भी उत्साहित
- जमकर फूटे पटाखे, डांस करते नजर आए लोग
- मंदिरों में भी उमड़ी भक्तों की भीड़





रायपुर, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। साल के अंतिम दिन के साथ वर्ष 2024 की बिदाई हो गई। रविवार और शीतकालीन अवकाश के कारण हर आयु वर्ग के लोगों को नए वर्ष का इंतजार रहा। घड़ी की सुईयां जैसे ही रात को 12 बजे एक हुई, लोगों ने नए वर्ष की शुभकामनाएं एक-दूसरे को मिठाईयां और केक खिलाकर गले मिले। युवाओं के साथ ही बच्चे महिलाएं और बुजुर्गों को भी नए वर्ष का इंतजार रहा।

राजधानीवासी अपनी जरूरत और इच्छाओं के अनुरूप विगत सप्ताहभर से नव वर्ष के आगमन की तैयारी में जुटे हुए थे। वर्ष के अंतिम दिन आज बाजारों में खाने-पीने के सामानों की भी जमकर खरीदी हुई। राजधानी के प्रमुख होटलों में नव वर्ष के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जहां क्षमतानुसार लोगों की संख्या भरपूर रही। दिन में लोग जहां नया रायपुर, जंगल सफारी, फन वर्ल्ड, मॉल में नजर आए वहीं शाम बाद रावणभाठा, ग्रास मेमोरियल सेंटर और भैसथान के रिक्त मैदान पर लगे डिजनीलैंड में भारी भीड़ रही। लोग देर रात तक सड़कों पर नजर आए वहीं युवकों ने शहर के चौक चौराहों पर बधाई और वेलकम संदेश लिखकर नए वर्ष का स्वागत किया। इस दौरान शहर में जमकर आतिशबाजी के साथ बम के धमाकों की गूंज सुनाई दी। वहीं हजारों श्रद्धालु एवं भक्तों ने शळहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना के साथ नया वर्ष मंगलमय रहने की कामना की।

### 3 जगहों पर छापामार कार्रवाई में जब्त की विदेशी मदिरा

नए साल पर होटल, होटल के बाद रिसॉर्ट और अब फार्म हाउस पार्टी का चलन हो गया है बदलते ट्रेंड से भली.भांति वाकिफ आबकारी विभाग ने राजधानी के समीप स्थित दो फार्म हाउस और क्लब में छापामार कर बड़े पैमाने पर विदेशी शराब जब्त की जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय और रायपुर संभागीय उड़नदस्ता ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 30 दिसंबर को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित आदित्य फार्म और भाटागांव स्थित महावीर फार्म में दबिश दी आदित्य फार्म में ब्लैक लेबल वोदका बडवाइजर बियर मिलाकर 7.300 लीटर शराब जब्त किया महावीर फार्म में 3.250 लीटर शराब और आर्क विला में व्हिस्की जब्त किया गया तीनों स्थान में मिली सामग्रियों पर छग आबकारी अधिनियम की धारा 34;1 34;2 और 36 के तहत कार्रवाई की गई।



### पीकर घूमने वालों पर नजर

नए साल 2025 को वेलकम करने के लिए सभी बेसबरी से इंतजार कर रहे है होटल्स, कल्ब और रेस्टोरेंट में रात की पार्टी की तैयारियां चल रही है,आज दिन ढलते ही लोग न्यू इयर के जश्न में डूब जाएंगे नए साल के जश्न की आड़ में हुड़दंग न्यूसेंस करने और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के लिए रायपुर पुलिस ने खास इंतजाम कर रखा है रायपुर पुलिस ने एक अनोखा पोस्टर जारी कर लोगों को चेताया है

### रायपुर पुलिस का डीजे लॉकअप

रायपुरवासियों के लिए राजधानी पुलिस ने खास पोस्टर जारी किया है जिसका उद्देश्य 31 दिसंबर को सुरक्षित तरीके से नए साल 2025 का जश्न मनाना है,पोस्टर में लिखा है कि जहां धड़कनें गर्म हैं,लेकिन बार ठंडे हैं पुलिस ने इंतजाम किया गया है,ड्रेस कोड भी बताया गया है,हेलमेट, सीटबेल्ट और सही निर्णय।

### 24 जगहों पर चेकिंग

रायपुर पुलिस आज हाई अलर्ट मोड में रहने वाली है एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस 24 जगह पर फिक्स बैरिकेड लगाकर एक.एक गाड़ियों की चेकिंग की जाएगी पुलिस ब्रिथ एनालाइजर से चेकिंग करेगीण् ड्रिंक एंड ड्राइव करता पाया जाएगा उसके खिलाफपुलिस वाहन जब्त और चालान जैसी सख्त कार्रवाई करेगी



## नए साल की 200 से ज्यादा पार्टियां 600 से ज्यादा पुलिस बल की रही तैनाती

राजधानी में 200 से ज्यादा स्थानों पर नए साल की पार्टियां आयोजित होंगी। इस दौरान जमकर नशा परोसा जाएगा। इसको देखते हुए पुलिस ने भी तगड़ी तैयारी कर रखी है। ऐसे होटलो रेस्टोरेंट और पबों परा नजर रखी जाएगीए जहां शराब के अलावा सूखे नशे का सेवन करने की आशंका है। इसके लिए पुलिस ने विशेष टीम बनाई है। बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोति करनेए नशा करके गाड़ी चलाने सड़क पर वाहनों की पार्किंगए ओवरटाइमए आदि की जांच की जाएगी। इसके लिए अलग.अलग जगह पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके लिए 600 से ज्यादा पुलिस वालों की ड्यूटी लगाई जाएगी।



उल्लेखनीय है कि अधिकांश होटलों.रेस्टोरेटों में पार्किंग की जगह नहीं रहती है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अपनी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं। तेलीबांधा के वीआईपी रोडए विधानसभा रोडए सिविल लाइनए मंदिरहसौदए माना आदि में कई होटलए पब और रेस्टोरेंट हैं। एएसपी शहर लखन पटले का कहना है कि सभी आयोजकों को अनुमति लेना होगा। सभी होटलए पब और रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक ली गई है। इस दौरान जो निर्देश दिए गए हैंए उनका पालन करना होगा। अन्यथा सत कार्रवाई की जाएगी। आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अनुमति पहले से लें। शामिल होने वाले सेलीब्रेटीए संया आदि की जानकारी पुलिस को देनी होगी। जानकारी नहीं देने वाले होटल संचालकों.आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नशेड़ियों और हुड़दंगियो पर नजर रखी जाएगी। चेकिंग पाइंटस में चौपहिया.दोपहिया वाहनों की चेकिंग की जाएगी। नशा करके चलने पर कार्रवाई की जाएगी।.वीआईपी रोड सहित अन्य मुय मार्गो में चेकिंग पाइंट लगाकर शराब का सेवन करके वाहन चलाने वालों की ब्रेथएनालाइजर से जांच की जाएगी। सभी बार होटल कैफे ढ़ाबा और रेस्टोरेंट में माननीय न्यायालय के निर्देशों के अनुसार डीजे पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।मुख्य मार्ग अथवा सर्विस रोड में वाहनों की पार्किंग कराते पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आउटर क्षेत्र के सभी बार होटलए ढाबा में 31 दिसंबर की रात्रि 12ण्30 बजे से 1 बजे तक बंद होंगे। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।.सार्वजनिक स्थानों अथवा चौपहिया वाहनों के अंदर बैठकर शराब का सेवन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।.कार्यक्रम स्थल में किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ जैसे हुक्का गांजा अथवा अन्य नशीली पदार्थ पाए जाने पर होटल.पब संचालकों के खिलाफकार्रवाई करने के साथ ही उनके लायसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। .टेक्नो पार्टियों के दौरान होटलों फार्महाउसए कैफेए ढाबों में सूखा नशे की बिक्री होने पर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# राजधानी में फिर पकड़ाया नकली पनीर का जखीरा



- फैक्ट्री में किया जा रहा था तैयार

रायपुर, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में लगातार दूसरे दिन नकली पनीर का जखीरा मिला है। दो दिन में रायपुर में 6250 किलो नकली पनीर पकड़ाया है। नए साल के पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। टीम को आज एक फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में नकली पनीर मिला है।

रायपुर के मेटल पार्क उरला स्थित एस जे मिल्क प्रोडक्ट पनीर फैक्टरी में आज खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मारा। यहां जांच के दौरान 3,750 किलो पनीर जब्त किया है। वहीं फैक्ट्री को गंदगी और सर्टीफिकेट के अभाव संचालित किया जा रहा था। मौके पर से टीम ने सैंपल लेकर जा रही है।इसकी जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ पांडेय ने बताया कि एस जे मिल्क प्रोडक्ट पनीर फ़ैक्टरी में खाद्य विभाग का छापा की कार्रवाई की गई है। 3,650 किलो मिलावटी पनीर ज़ब्त किया गया है. लगभग 2750 किलो पैकिंग पनीर के साथ 1000 किलो खुला पनीर जब्त किया गया है। जिसकी कुल कीमत 9,18,750 रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा 143 बोरी सॉलिड पाउडर जब्त किया गया है, जिसका वजन 3,575 किलों हैं और इसकी कीमत लगभग 12 लाख से ज्यादा है। सिर्फ सॉलिड मिल्क पाउडर से पनीर बनाया जा रहा है।

न्यूट्रीशन वैल्यू सर्टिफिकेट और मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं होना, अन हाइजीनिक कंडीशन, स्टॉक मेंटेनस रजिस्टर के साथ पेस्ट कंट्रोलर होने के आधार पर कार्रवाई जारी है। फिलहाल सैंपल लिया जा रहा है, सैंपल की जांच की जाएगी।जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इसके पहले बीरगांव के काशी एग्रो फूड्स में बिना दूध के कैमिकल एवं अन्य रसायन जैसे डालडा से नकली पनीर बनाकर पैक किया जा रहा था। यहां खाद्य विभाग ने 2500 किलोग्राम नकली पनीर मिला था। जिसके बाद फैक्ट्री को सील कर दिया गया था।

## पटवारियों की मांगों पर सरकार कर रही है विचार: टंकराम वर्मा



रायपुर, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि सुविधाओं की मांग को लेकर बीते पखवाड़े भर से काम बंद कर आंदोलन कर रहे पटवारियों की मांगों पर सरकार विचार कर रही है। जल्द समाधान निकलेगा।

शासन से आवश्यक संसाधन की मांग करते हुए पटवारी बीते 9 दिसंबर से काली पट्टी लगाकर काम कर रहे थे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर प्रत्येक सोमवार को काले कपड़े पहनकर काम करने की बात कही। इसके बाद 15 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग के बाद 16 दिसंबर से सभी वाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करते हुए पटवारी हड़ताल पर बैठे हैं।

पटवारियों के हड़ताल पर जाने से आम लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए सरकार ने अब मांगों पर विचार करने की बात कही है। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पटवारियों के संसाधनों के माँग पर सरकार विचार कर रही है।

स्थाई कार्यालय बनाने का भी विचार किया जा रहा है।इस संबंध में अगले वित्तीय वर्ष में आपदा प्रबंधन के मद से स्थायी कार्यालयों का रखे जाने का प्रस्ताव जाएगा।

संस्कृत विद्यामण्डलम वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी जारी

## 11वीं-12 वीं की परीक्षा 1 मार्च और 9 वीं-10 वीं की 3 से होगी शुरू

**रायपुर**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम द्वारा पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा की मुख्य परीक्षा 2025 एक मार्च से प्रारंभ होकर 26 मार्च तक चलेगी। 11वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक मार्च से तथा 9वीं और 10वीं की परीक्षाए 3 मार्च से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं प्रात: 9 बजे से दोपहर 12.15 तक आयोजित की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा अवकाश के दिनों में भी ली जाएंगी।

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9 वी) की मुख्य परीक्षा 3 मार्च को अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्यम, 5 मार्च को पौरोहित्यम्, ज्योतिष शास्त्रम्, प्रवचनम्, योगदर्शनम् और आयुर्वेद, 7 मार्च को नव्य व्याकरणम्, प्राच्य व्याकरणम्, शुक्ल यजुर्वेद, अथर्ववेद, साहित्यम्, ज्योतिषम्, पुराणेतिहासम् और दर्शनम्, 11 मार्च को हिंदी एवं अंग्रेजी, 17 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 21 मार्च को गणित, 24 मार्च को विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

कक्षा 10 वीं की परीक्षा 3 मार्च को गणित, 5 मार्च को विज्ञान, 7 मार्च को समाजिक विज्ञान 11 मार्च को नव्य व्याकरणम्, प्राच्य व्याकरणम्, शुक्ल यजुर्वेद, अथर्ववेद, साहित्यम्, ज्योतिषम्, पुराणेतिहासम्, दर्शनम्, 17 मार्च को हिंदी एवं अंग्रेजी, 21 मार्च को पौरोहित्यम्, ज्योतिष शास्त्रम्, प्रवचनम्, योगदर्शनम और आयुर्वेद, 24 मार्च को अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्यम की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

कक्षा 11 वीं की परीक्षा 1 मार्च को अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्यम, 4 मार्च को नव्य व्याकरणम्, प्राच्य व्याकरणम्, शुक्ल यजुर्वेद, अथर्ववेद, साहित्यम्, ज्योतिषम्, पुराणेतिहासम् और दर्शनम्, 6 मार्च को पौरोहित्यम्, ज्योतिष शास्त्रम्, प्रवचनम्, योगदर्शनम् और आयुर्वेद, 10 मार्च को हिंदी एवं अंग्रेजी, 12 मार्च को भूगोल, 18 मार्च को अर्थशास्त्र कला संकाय, अर्थशास्त्र वाणिज्य संकाय, भौतिकी शास्त्र, 22 मार्च को राजनीति शास्त्र, रसायन शास्त्र और व्यवसाय अध्ययन, 26 मार्च को इतिहास, जीव विज्ञान, गणित और लेखांकन की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

कक्षा 12 वीं की परीक्षा 1 मार्च को इतिहास, जीव विज्ञान, गणित, लेखांकन, 4 मार्च को राजनीति शास्त्र, रसायन शास्त्र, व्यवसाय अध्ययन 6 मार्च को अर्थशास्त्र कला संकाय, अर्थशास्त्र वाणिज्य संकाय, भौतिकी शास्त्र, 10 मार्च को भूगोल, 12 मार्च को हिंदी एवं अंग्रेजी, 18 मार्च को पौरोहित्यम्, ज्योतिष शास्त्रम्, प्रवचनम्, योगदर्शनम् और आयुर्वेद, 22 मार्च को नव्य व्याकरणम्, प्राच्य व्याकरणम्, शुक्ल यजुर्वेद, अथर्ववेद, साहित्यम्, ज्योतिषम्, पुराणेतिहासम् और दर्शनम्, 26 मार्च को अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्यम की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## कवासी लखमा अनपढ़ थे तो नहीं बनना था मंत्री : केदार

रायपुर, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के अनपढ़ वाले बयान के बाद अब मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसा है।उन्होंने कहा कि कवासी अगर अनपढ़ थे तो उन्हें मंत्री बनने से इनकार कर देना था।

ईडी की छापेमार कार्रवाई के बाद पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा था कि सुबह से रात तक ईडी की कार्रवाई चलती रही।एक भी कागज निवास से नहीं मिला। अधिकारियों ने मेरे अनपढ़ होने का फायदा उठाया।अधिकारियों ने जो कागज लाए उसमें दस्तखत करता रहा।



- बताएं किसने उन्हें मोहरा बनाकर किया इस्तेमाल

कवासी लखमा की सफाई पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कवासी अनपढ़ है ।ये बात उन्हें ईडी रेड के बाद पता चल रही है।

अनपढ़ वाले बयान पर मंत्री केदार कश्यप ने कवासी लखमा को घेरते हुए कहा कि अनपढ़ थे तो मंत्री बनने से इनकार कर देना था। कवासी बताएं, उन्हें मोहरा बनाकर किसने इस्तेमाल किया। आदिवासी झूठ नहीं बोलते, कवासी सच बोलकर दिखाएं।2500 करोड़ के घोटाले का असली चेहरा सामने लाएं।

छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने वाले दीपक बैज के बयान पर केदार कश्यप ने पलटवार किया है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्रियों के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता था। मंत्रियों को कोई जानकारी नहीं होती थी। कांग्रेस ने आपराधिक घटनाओं की ओर धकेलने का कार्य किया।कांग्रेस ने अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया।लेकिन अब विष्णुदेव साय की सरकार है।कानून से कोई नहीं बच सकता है।

## तरुण प्रकाश होंगे दपूमरे के नए महाप्रबंधक

रायपुर, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। सुश्री नीनु इटियेरा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ने 31 दिसंबर को अपनी 35 वर्षों की गौरवशाली रेल सेवा के पश्चात सेवानिवृत्ति हुई। 1988 बैच की भारतीय रेल परिचालन सेवा की अधिकारी सुश्री इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में 7 माह तक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान की। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद अब तरूण प्रकाश को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक बनाया जाएगा। इसकी अनुशंसा की जा चुकी है।



- नीनु इटियेरा सेवानिवृत्त

श्री तरूण प्रकाश रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक एवं विकास दपुमरे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करेंगे।

**नए साल के जश्न में डूबे युवा वर्ग**

**लवन,** 31 दिसंबर। वर्ष 2024 के आज अंतिम दिन एवं नव वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर नगर सहित अंचल के लोगों में तरह-तरह के प्रतियोगिता आयोजित कर जश्न मनाएं जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौक-चौराहे गलियों में युवा वर्ग के लोग डांस प्रतियोगिता का आयोजन कर गए।



# संथाल परगना बना चैंपियन, केरल उपविजेता और झारखण्ड फर्स्ट रनरअप

**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में चल रहीं 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। समापन समारोह के दौरान फुटबॉल के फाइनल मैच में संथाल परगना ने केरल को पेनाल्टी शूट में एक के मुकाबले चार गोलों से हराकर चैंपियन की ट्रॉफी जीती। केरल की टीम उपविजेता रहीं वहीं झारखण्ड की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी की प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बालक तीरंदाज और कर्नाटक की बालिकाएं छायी रहीं। इस पूरी प्रतियोगिता में फुटबॉल और तीरंदाजी के खेलों में लगभग 600 जनजातीय बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। अण्डमान, निकोबार से लेकर पूरे देश के लगभग 30 प्रांतों से जनजातीय खिलाड़ी इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हुए। पड़ोसी देश नेपाल से भी खिलाड़ियों के एक दल ने तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री एवं स्वागत समिति के अध्यक्ष केदार कश्यप और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कोटा स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बेहतरीन खेल दिखाने के लिए सभी का हौसला बढ़ाया। समापन समारोह में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, अखिल भारतीय खेल-कूद प्रमुख फूल सिंह लेप्चा, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष उमेश कच्छप और संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप, सचिव अनुराग जैन और स्वागत समिति के सचिव अमर बंसल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रवीण ढोलके, सह संगठन मंत्री सुभाष बडोले, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रोफेसर राजीव चौधरी, वनवासी विकास समिति महानगर रायपुर के अध्यक्ष रवि गोयल और सचिव राजीव शर्मा सहित सह खेल-कूद प्रमुख पंकज सिंह, श्रीमती संगीता चौबे,




डॉ. विजय साण्डिल्य, डॉ. आशुतोष साण्डिल्य, डॉ. मीना मूर्मू, टिशेन भगत गोपाल वियानी भी उपस्थित रहे।

- तीरंदाजी में कर्नाटक और पूर्वी उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन
- 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन
- विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

संभवत: जनजातीय खिलाड़ियों की यह विश्व की सबसे बड़ी प्रतियोगिता रू अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित इस 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल जोग ने कहा कि यह प्रतियोगिता 1991 से अनवरत आयोजित होती आ रहीं है और यह प्रतियोगिता विशुद्ध रूप से जनजातीय खिलाड़ियों की सहभागिता वाली विश्व की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। जोग ने यह भी बताया कि इससे पहले भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में केवल तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में ही 316 जनजातीय तीरंदाजों ने हिस्सा लिया था और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मेडल जीतने या खेल खेलने तक सीमित नहीं है बल्कि यह आयोजन खिलाड़ियों में राष्ट्रीय एकता की भावना और हम सबके एक होने के भाव को जगाने वाला है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि हमेशा कड़ी मेहनत करें, खेल से जुड़े रहें और लगातार अभ्यास करें ताकि आने वाले दिनों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन किया जा सके।

खेल की ना भाषा, ना कोई सीमा, केवल प्रतिभा ही पहचान रू समापन समारोह को वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एच के नागु ने भी संबोधित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेलों की ना तो कोई भाषा है, ना ही कोई सीमा। खेल प्रतिभा ही खिलाड़ी की पहचान है। नागु ने कहा शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ खेल जीवन संघर्ष के लिए भी हमें तैयार करते हैं। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा जनजातीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। नागु ने सभी विजेताओं को शुभकानाएं दी।

फुटबॉल के 22 मैच, 122 गोल, 9 मैचों का परिणाम टाई ब्रेकर या पेनाल्टी शूट से रू 24 वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में फुटबॉल के जनजातीय खिलाड़ियों ने अपना खूब जौहर दिखाया। पूरी प्रतियोगिता में फुटबॉल के 22 मैच कोटा स्टेडियम और यूनिवर्सिटी खेल मैदान पर खेले गये। जनजातीय खिलाड़ियों ने इन मैचों में 122 गोल दागकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल के प्रति खिलाड़ियों का समर्पण और उनकी कुशलता इसी से सिद्ध होती है कि पूरी प्रतियोगिता में 9 मैचों का परिणाम टाई ब्रेकर या पेनाल्टी शूट से हुआ। फुटबॉल के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक प्रतिभावों का प्रदर्शन किया। अंत में संथाल परगना ने चौंपियन्स ट्रॉफी जीती और केरल उपविजेता रहा। संथाल परगना के गोलकीपर विनय कुण्डू ने फाइनल मैच में पेनाल्टी शूट के 4 गोल बचाकर सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का मेडल प्राप्त किया वहीं संथाल परगना के ही खिलाड़ी विमल मराण्डी मेन ऑफ द टूर्नामेंट रहें। फाइनल मैच में केरल के खिलाड़ी अभिनंद को मेन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शंकर नगर रायपुर स्थित निवास में छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन किया। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने विधानसभा अध्यक्ष से भेंट कर उन्हें नववर्ष 2025 की बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए शानदार कैलेंडर प्रकाशन के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशंसा की। ज्ञात हो कि फेडरेशन द्वारा प्रतिवर्ष कैलेंडर का प्रकाशन कराया जाता है।जिसमे शासकीय अवकाश के साथ ही ऐच्छिक अवकाश का भी उल्लेख रहता है। कैलेंडर में जनहित से संबंधित महत्वपूर्ण दूरभाष नंबर भी दिया गया है। इस अवसर पर बी. पी. शर्मा, आर.के.रिछारिया, अभिषेक शर्मा, सत्येंद्र देवांगन, संतोष कुमार वर्मा, लिलेश्वर देवांगन आदि उपस्थित रहे।

## आज आएंगे प्रसिद्ध कथावाचक रमेश भाई

**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के जैनम मानस भवन में 2 जनवरी से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा की श्रीमद्भागवत कथा के लिए तैयारियों को आज अंतिम रुप दिया गया। मिरानी ग्रुप के द्वारा आयोजित इस कथा के लिए महाराजश्री बुधवार 1 जनवरी की शाम चार बजे पोरबंदर (गुजरात) से चार्टर प्लेन द्वारा रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है।



श्रीमद्भागवत कथा के लिए प्रस्तावित स्थल को पूरी तरह धार्मिक परिवेश में भव्य रुप से सजाया गया है। विशाल मंच धार्मिक सचित्रों से ओत-प्रोत है। अंदर हाल में करीब तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है और बाहर सुव्यस्थित डोम में भी दो हजार लोग बैठ सकेंगे। बड़े आकार का प्रोजेक्टर भी लगाया गया है ताकि वे कथा का सुविधाजनक श्रवण कर सकें। साउंड सिस्टम महाराजश्री के साथ चलने वाली टीम की ओर से लगाया गया है। काफी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे इसलिए जैनम मानस भवन के बाहर पार्किंग की चुस्त व्यवस्था की गई है जिससे तीन से चार हजार वाहन आसानी से पार्क हो सकेंगे। पेयजल व चाय की व्यवस्था भी श्रद्धालुओं के लिए रखी गई है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कथा स्थल का गूगल मैप भी जारी किया गया है।

- 2 से 8 जनवरी तक होगा श्रीमद्भागवत कथा
- जैनम मानस भवन में कथा की तैयारी पूरी

रोजाना शाम 4 से 7.30 बजे तक होगी कथा

कथा की शुरुआत 2 जनवरी 2025 को प्रात 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और पूज्य भाई श्री के द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। आस्था व धर्म संदेश चैनल पर कथा का सीधा प्रसारण भी होगा।

## प्रदेश की कानून व्यवस्था दिनों दिन बदतर होते जा रही : कांग्रेस

**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में एक बार फिर दो हत्याओं से आम आदमी डरा सहमा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रोज हत्याएं हो रही, चाकू मारे जा रहे, गोलियां चल रही, रायपुर में यह क्या हो रहा है मुख्यमंत्री जी। अपराधिक तत्व इतने बेखौफ हो गये है कि उनमें पुलिस का भय जरा भी नहीं बचा है। राह चलते किसी को भी चाकू मार दी जा रही, सड़कों पर खुलेआम हत्या हो रही है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है राजधानी में सरेआम गोलीबारी की पांच घटनाएं हो चुकी है। सरकार की नाकामी और पुलिस की लापरवाही का परिणाम है कि प्रदेश की राजधानी असुरक्षित हो चुकी है। राजधानी रायपुर चाकूपुर बन गया है। प्रदेश के लगभग सभी शहरों में रोज ही हत्याएं हो रही है।

श्री शुक्ला ने कहा कि जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी रायपुर में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं होता भयावह हत्या की एक दो घटनाएं न होती हो, अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार। पूरे प्रदेश में नागरिकों को भय के माहौल में जीवन जीना पड़ रहा है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गयी।

उन्होंने कहा कि सत्ता रूढ़ दल के जिम्मेदार पदो पर बैठे हुये लोग भी खराब कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित होने के बजाय सिर्फ सत्ता की मलाई चाटने में व्यस्त है। बेहद आपत्तिजनक है कि रोज हो रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करने सरकार और पुलिस को ताकीद करने के बजाय भाजपा नेता सरकार की विफलता पर ताली बजा रहे है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। जनता का सरकार पर से, पुलिस पर से भरोसा उठ गया है। विपक्ष के रूप में हमने सबसे ज्यादा सवाल कानून व्यवस्था को लेकर सदन से सड़क तक उठाया है, लेकिन सरकार है कि उसकी नींद नहीं टूट रही। विधानसभा घेराव किया, विधानसभा में सवाल उठाया, मुख्यमंत्री निवास घेरा, दर्जनों बार विरोध प्रदर्शन किया, पदयात्रा किया, लेकिन सरकार न जनता की आवाज सुन रही, न ही विपक्ष की आवाज।

## बी. एड शिक्षकों की सेवाएं यथावत रखने व समायोजन करने की मांगों का 'आप' ने किया समर्थन

**रायपुर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदेश के बीएड प्रशिक्षित युवक युवती लगातार अपनी सेवाओं को निरंतर रखते हुए शिक्षा विभाग में समायोजन की मांग के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं?। कड़ाके की ठंड में बस्तर और सरगुजा के बीएड प्रशिक्षित रायपुर पदयात्रा कर धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं। सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि महिलाएं अपनी गोदी में छोटी-छोटी बच्चों के साथ यहां आंदोलनरत है। किंतु छत्तीसगढ़ सरकार उनकी मांगों की उपेक्षा कर रही है। आज मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री गोपाल साहू के निर्देश पर आंदोलनकारियों के मांगों का तूता धरना स्थल पहुंचकर समर्थन किया। पार्टी के कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा, महासचिव रघुराज सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष पुनारद निषाद एवं जिला कोषाध्यक्ष शिव शर्मा, सहित प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर मांगों का समर्थन किया। आंदोलनकारियों की सभा को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने दावा किया कि नौकरी लगना मुश्किल है, लेकिन एक बार नौकरी लग गया तो नौकरी छूटना महा मुश्किल है। राज्य सरकार किसी भी बीएड प्रशिक्षित शिक्षक को उनकी सेवाओं का सम्मान करें ना कि उनकी सेवाएं समाप्त करें। तूता धरना स्थल में सुविधाओं के अभाव के बीच युवतियां भी दिन भर धरना स्थल में डटे हुए हैं। महिलाओं को किसी प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। श्री झा ने डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं ओपी चौधरी वित्त मंत्री को स्मरण कराया की विपक्ष में रहते हुए तूता धरना स्थल का विरोध किया जाता था। अब तूता धरना स्थल रायपुर नगर निगम सीमा में वापस लाकर नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरी करनी चाहिए।




## प्रदेश में 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 17.50 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 19 हजार 415 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए 58.35 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 32.57 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

- 17.50 लाख किसानों को 19 हजार 415 करोड़ रूपए का भुगतान
- 32.57 लाख मीट्रिक टन धान का हो चुका है उठाव

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 31 दिसम्बर को 63,831 किसानों से 2.87 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 84 हजार 702 से अधिक टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 74 हजार 761 टोकन जारी किए गए हैं।

## शिक्षकों के रिक्त पदों पर बीएड धारी शिक्षकों को नियुक्ति दी जाए

**रायपुर,** 31 दिसंबर। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बीएड धारी शिक्षकों को नौकरी से निकालने के बजाय शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति दे। न्यायालय का फैसला डीएड धारी शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर है। वैसे भी प्रदेश में 70000 से अधिक शिक्षकों का पद रिक्त है सरकार ने 33000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा किया था उस दिशा में अभी तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुआ है प्रदेश के बच्चे बिना शिक्षक पढ़ाई कैसे करेंगे ?उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले इन 2897 शिक्षकों को समान वेतन पर शिक्षा विभाग में समायोजित करें।

## निधन

### लाल सिंह वर्मा



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 31 दिसंबर। अर्जुनी निवासी लाल सिंह वर्मा उम्र 70 वर्ष का 30 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अनिल वर्मा, संदीप वर्मा के पिता तथा धर्मेंद्र सिंह वर्मा के बड़े भाई थे।

### सैय्यद ज्याउल हुसैनी



**धमतरी,** 31 दिसम्बर। जनाब सैय्यद ज्याउल हुसैनी पत्रकार साहब का इंतकाल मंगलवार 31 दिसम्बर को मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर में हो गया। वे अपने पीछे पत्नी अफरोज, बेटी अनीसा, मुनीज़ा हुसैनी, बेटा सैय्यद सलमान हुसैनी बहु, पोता छोड़ गए। जिनकी मय्यत आज बाद नमाज़ जोहर उनके सालेहवारपारा मकान से कब्रिस्तान जाएगी।

**नवा रायपुर प्रीमियर लीग**

## पुलिस मुख्यालय, वन विभाग ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की

**रायपुर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम राखी के खेल मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन में संचालनालय,मंत्रालय, निगम,बोर्ड, आयोग के कर्मचारी- अधिकारी हिस्सा ले रहे है। हर मैच को देखने बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित हो रहे है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा एवं सहसंयोजक जय कुमार साहू और संतोष कुमार वर्मा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है, साथ ही शासकीय कार्यों के बोझ से समय निकालकर मानसिक, शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि करना है। इस वर्ष आयोजन को लेकर नवा रायपुर के शासकीय कार्यालयों में अभूतपूर्व उत्साह है।

आज का पहला मैच राज्य सूचना आयोग और श्रम विभाग के मध्य खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए राज्य सूचना आयोग ने 8 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। जिसमें भूपेंद्र 26 और मुकेश 28 रन का योगदान रहा।श्रम विभाग के मूलचंद ने 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

श्रम विभाग की टीम 8 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 56 रन ही बना सकी।राज्य सूचना आयोग की ओर से धारदार बॉलिंग की गई, जिसके कारण टीम आसानी से यह मैच जीत गई। बेहतरीन क्षेत्ररक्षण भी एकतरफा जीत का प्रमुख कारण रहा।मुकेश ने आज उमदा प्रदर्शन कर शानदार कैच भी लिए। ।मुकेश को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।



**ग्रामोद्योग विभाग, राज्य सूचना आयोग की एनपीएल में शानदार वापसी**

दूसरा मैच पुलिस मुख्यालय और परिवहन विभाग के मध्य खेला गया। पुलिस मुख्यालय 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर धुंआधार बैटिंग करते हुए 76 रन बनाए। जिसमें कमल और बलराम का 36 रन का योगदान रहा।परिवहन विभाग की ओर से अनिल ने 21 रन देकर 2 विकेट लिए।

परिवहन विभाग की टीम 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 60 रन ही बना सकी।पुलिस मुख्यालय की ओर से अजय और राकेश के धारदार बॉलिंग के सामने परिवहन विभाग की टीम घुटने टेक दी। अजय ने घातक बॉलिंग करते हुए मात्र 13 रन देकर 3 विकेट लिए,वही राकेश 7 रन देकर 2 विकेट लिए। इस तरह परिवहन विभाग दूसरे राउंड के बाद पराजित हुए।अजय को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

तीसरा मैच उद्यानिकी विभाग और ग्रामोद्योग विभाग के मध्य खेला गया।उद्यानिकी विभाग ने आक्रामक बैटिंग करते हुए 8 ओवर में मात्र 1 विकेट के नुकसान पर 91 रन जड़े।जिसमें मनोज और धर्मेंद्र की जोड़ी ने 54 रन की भागीदारी निभाई।

ग्रामोद्योग विभाग ने 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 63 रन ही बना सकी।उद्यानिकी विभाग की ओर से उमेश ने 7 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उमेश के घातक गेंदबाजी के चलते ग्रामोद्योग की टीम लड़खड़ा गई।इस तरह उद्यानिकी विभाग इस मैच को जीतकर तीसरे राउंड में पहुंच गई। उद्यानिकी विभाग के उमेश को शानदार बॉलिंग करने के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

अंतिम मैच में वन विभाग और शिक्षा विभाग के मध्य रोमांचक मैच खेला गया। वन विभाग की टीम 8 ओवर में मात्र 1 विकेट के नुकसान पर 88 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।शिक्षा विभाग की ओर से सचिन ने 13 रन देकर 1 विकेट लिया।

शिक्षा विभाग ने 8 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 41 रन ही बना सकी। वन विभाग की ओर से भरत ने किफायती बॉलिंग करते हुए 7 रन 3 विकेट और विनोद 15 रन देकर 2 विकेट लिए। इस तरह वन विभाग इस मैच को आसानी से जीत लिए। वन विभाग के भरत को शानदार बॉलिंग के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आज के गरिमामय आयोजन के दौरान एनपीएल के सह संयोजक जय कुमार साहू,संतोष कुमार वर्मा,संजीत शर्मा, जगदीप बजाज,महेंद्र साहू, सोनाली तिड़के, सुरेश ढीढी,सुरेंद्र मार्कण्डेय, हीरा सिंह, राकेश चंद्राकर,विष्णु पाटेकर,राघव, रमन साहू सहित भारी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल दहला देंगी छत्तीसगढ़ की 5 डरावनी घटनाएं

**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। साल 2024 का अंतिम दिन है एक बार पीछे मुड़कर देखें तो कोरोना या महामारी जैसी आपदाओं से हम बचे रहे। यूं देखें तो साल औसत रहा3 अलबत्ता तीन.चार बड़े हादसे और हंगामे जरूर हुए जिन्होंने हमें झकझोर दिया। बेमेतरा बारुद की फैक्ट्री में विस्फोट बलौदाबाजार में बवाल और ट्रांसफार्मर गोदाम में आग ने चौंका दिया। वहीं आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज का जाना न केवल साल की बल्कि एक युग की बड़ी क्षति रही। भ्रष्टाचार का बोलाबाला रुका नहीं इतना जरूर हुआ कि पिछले दो.तीन सालों के काले मन वालों पर शिकंजा कसा गया और प्रदेश में सीबीआई तक की एंट्री हुई। बलौदाबाजार जिला मुख्यालय पर 10 जून को जो घटा उसने इसे राज्य के लिए काला दिन बना दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। माहकोनी में जैतखाम काटे जाने से नाराज सतनामी समाज ने इस दिन रैली निकाली थी। इस बीच अचानक भीड़ में से कुछ उपद्रवियों ने पेट्रोल बम फेंककर कलेक्ट्रेट में आग लगा दी। अंदर मौजूद अफसर.कर्मियों के लिए आगे कुआंए पीछे खाई वाली स्थिति थी। अंदर ऑफिस जल रहा था। दरवाजे के बाहर लाठी.डंडेए रॉड लिए भीड़।

## फूंके 257 गाड़ियां

कई अफसर.कर्मियों ने खिड़की तोड़ए दीवार फांदकर जान बचाई। 2 घंटे में भीड़ ने फायर ब्रिगेड की तीनों गाड़ियों समेत 257 गाड़ियां फूंक दी थी। ताज्जुब तो ये था कि उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था। मौजूदा कलेक्टर और एसपी की लापरवाही सामने आई। प्रदेशभर से भीड़ जुटने के बाद भी ठोस इंतजाम नहीं किए। भीड़ ने कलेक्ट्रेट में घुसने से पहले ही। मामले में अब तक 187 गिरफ्तारियां हो चुकी है। इनमें भिलाई विधायक देवेंद्र यादव भी हैं।

## 2024 के बड़े धमाके

### सीएसपीडीसीएल गोदाम में आगजनी तारीख 5.04.2024

रायपुर के गुढ़ियारी में सीएसपीडीसीएल के गोदाम में आग लग गई थी। यह घटना साल 2024 की भीषण आगजनी में बदल गई। आसपास रहने वाले हजारों लोग की जान घंटों मुश्किल में फंसी रही। आग से कार्यालय और आसपास के आवासीय इलाका भी प्रभावित हुआ था। राजधानी में अब भी ट्रासंफार्मरों की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रॉसफार्मर भेजने में समय लग रहा है। कार्रवाइ जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने पर ईई अजय गुप्ता स्टोर कीपर बसंत अग्रवाल और लाइनमैन अभिषेक अवधिया को सस्पेंड कर दिया गया है। 100 करोड़ से ज्यादा के नुकसान का अनुमान। इस घटना में 4000 से ज्यादा ट्रांसफार्मर जले। जबकि 60 मीट्रिक टन ट्रांसफॉर्मर ऑयल स्वाहा हो गया। आग पर काबू पाने के लिए 30 से ज्यादा दमकल गाड़ियां रातभर बुझाती रही।

## कवर्धा में दो बड़े हादसे में 32 लोगों की मौत

### पिकअप पलटने से 19 की मौत

20 मई कवर्धा जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास में 20 मई को तेज रतार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया था। इस हादसे में 19 लोगों की मौत और 7 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। मृतकों में 18 महिलाएं थीं।

### कुम्हारी में कर्मचारियों से भरी बस पलटी, 13 की मौत

भिलाई के कुहारी थाना क्षेत्र में केडिया डिस्टलरी कंपनी की कर्मचारियों से भरी बस 10 अप्रैल को 50 फीट गहरी खाई में गिरने से 13 कर्मचारियों की मौत हुई थी। वहीं 15 घायल हुए थे। वे केडिया डिस्टलरी कंपनी से छुट्टी के बाद बस में सवार होकर अपने घर जाने के लिए निकले।

### बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में धमाका तारीख 25.05.2024

बेमेतरा जिले के पिरदा की बारूद फैक्ट्री में सुबह ऐसा ब्लास्ट हुआ था कि फैक्ट्री में मौजूद लोगों के चिथड़े उड़ गए और 25 फीट गहरा गड्ढा बन गया। 12 लोग लापता हो गए। मलबे से श्रमिकों के कंकाल ही हाथ लगेए उनके कपड़ोंए चप्पल आदि सामान और डीएनए टेस्ट से लोगों का पता लगाने की कोशिश की गई। फैक्ट्री विरोध के बावजूद 20 वर्षों से चल रही थी।

## तीन जवानों की खुद की गन से मौत

10 फरवरी: छपरा.दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस में रायपुर स्टेशन पर खुद की गन से गोली चलने से रेलवे सुरक्षा एस्कॉर्ट के जवान की मौत हो गई। गोली एक यात्री के पेट को चीरते हुए कोच की छत पर जा लगी। 29 दिसंबररू नवा रायपुर के पुलिस मुयालय में तैनात कंपनी कमांडर अनिल सिंह गहरवार ने खुद की गन से आतमहत्या कर ली। इससे पहले भी मंत्री दयालदास बघेल के बंगले के सुरक्षा गार्ड ने खुद को गोली मार ली थी। 9 अप्रैलरू बैरक के बाहर सीएफ के जवान राकेश यादव ने अंधाधुंध फायरिंग कर पीएचक्यू में हड़कंप मचा दिया था।

## हादसे—हकीकत

### बिजली गिरी, 9 की मौत तारीख 08.09.2024

बिजली गिरी, 9 की मौत बलौदाबाजार के ग्राम मोहतरा में 8 सितंबर को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 7 लोगों की मौत हुई थी। सभी शाम को पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दिन तीजा पर्व के लिए आई बहन को घर छोड़ने जा रहे अभनपुर निवासी बरसात के कारण नवा रायपुर के करीब उपरवारा के पास रुके थे। तभी बिजली गिरी और भाई.बहन काल.कवलित हो गए।

### रायपुर में मर्डर तारीख 14.03.2024

रायपुर की युवती के टिकटॉक के जरिए दोस्ती कर प्रेम संबंध बनाया शादी की जिद करने पर मुंबई से प्रेमी ने रायपुर आकर ले ली जान। आखिरकार यूपी से प्रेमी को किया गिरफ्तार। डिलीवरी ब्वॉय बनकर आरोपी युवती से मिलने आता था।

### तीन बीटेक के छात्र की मौत तारीख 08.02.024

लोग वीडियो बनाते रहे और तीन इंजीनियरिंग छात्र खुटेरी लेक में डूब गए। ये तीनों कलिंगा यूनिवर्सिटी में बीटेक छात्र थे जो मंदिर हंसौद के खुटेरी लेक में नहाने गए थे। एक छात्र को बचाने में तीनों डूब गए।

### हाथ से छूटकर सालभर के बच्चे की दर्दनाक मौत तारीख 19.03.2024

रायपुर के सिटी सेंटर मॉल में तीसरी मंजिल से पिता के हाथ से छूटकर गिरे साल भर के बच्चे की गिरकर मौत की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया।

### एसी ब्लॉस्ट, दो की गई जान 26.10.2024

देवेंद्र नगर में इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के दतर में एसी ब्लॉस्ट हो गयाए कमरे धुआं भर गया और दरवाजा डिजिटल लॉक हो गया। इससे कंपनी के डायरेक्टर आरिफ मंसूर खान और कर्मचारी मुस्कान की मौत हो गई थी।

# रायपुर डबल मर्डर का खुलासा

## आपसी विवाद में दो की निर्मम हत्या



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के चंगोराभांटा में दो युवकों की पत्थर से हमला कर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है मृतकों में बजरंग दल के नेता और एक अन्य युवक शामिल हैंण् इस हत्याकांड से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है वहीं पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और कुछ ही घंटे में मामले का खुलासा कर दिया

**2 नाबालिग समेत 6 आरोपी गिरफ्तार**

## आपसी विवाद बना हत्या का कारण

जानकारी के अनुसार घटना 30.31 दिसंबर की दरमियानी रात की है डीडी नगर थाना क्षेत्र के काला पुतला चौक स्थित मैदान में कृष्णा यादव और सचिन बड़ोले बैठे थे उसी दौरान पास में आग जलाकर बैठे मोहल्ले के 6 युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी इसके बाद उन्होंने पत्थरों से हमला कर कृष्णा यादव और सचिन बड़ोले को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना डीडी नगर में धारा 103;2 3;5 बीएनएस का अपराध दर्ज किया गया घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने मामले की जांच के लिए एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की विशेष टीम को जिम्मेदारी सौंपी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर पोर्ते और क्राइम ब्रांच के एएसपी संदीप मित्तल के निर्देशन में टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की लगातार छापेमारी और पूछताछ के बाद पुलिस ने 6 आरोपियों को पकड़ाण् पूछताछ में आरोपियों ने त्वरित विवाद के चलते पत्थरों से हमला कर हत्या करना स्वीकार कियाण् पुलिस ने घटना में इस्तेमाल पत्थरों को भी जब्त कर लिया है

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

खाम सिंह साहू 47 वर्ष, निवासी शिव नगर चंगोराभाठा, दुर्गेश साहू 23 वर्ष, निवासी शिव नगर चंगोराभाठा, डालेंद्र साहू, 18 वर्ष, निवासी साकेत बिहार कॉलोनी, एवन कुमार साहू 18 वर्ष, निवासी शिव नगर चंगोराभाठा इसके साथ ही दो नाबालिग भी शामिल हैं

# ट्रक ने सड़क किनारे बैठे लोगों को रौंदा



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। सिलतरा इलाके में एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे बैठे 13 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई वहीं 11 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब तकनीकी खराबी के कारण ड्राइवर ने गाड़ी को सड़क किनारे पार्क कर दिया था। गाड़ी में सवार लोग नीचे उतरकर सड़क किनारे बैठे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हे रौंद दिया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा सोमवार की देर रात करीब डेढ़ बजे के लगभग धरसींवा थाना क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि धमतरी जिले का साहू परिवार नए साल से ठीक पहले अमरकंटक दर्शन करने गया था। रात में अमरकंटक से परिवार के लोग तूफान गाड़ी से वापस धमतरी लौट रहे थे। गाड़ी में महिलाओं और बच्चों को मिलाकर 13 लोग सवार थे। इसी दौरान सिलतरा ओवर ब्रिज के ऊपर गाड़ी में खराबी हो गई। गाड़ी के खराब होने पर चालक उसे बनाने का प्रयास कर रहा था। वहीं गाड़ी में सवार परिवार के कुछ लोग गाड़ी से नीचे उतरकर सड़क किनारे बैठ हुए थे। तभी रायपुर की तरफसे आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने तूफान गाड़ी और लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि गाड़ी की रिपेयरिंग करने के दौरान कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे थे। कुछ गाड़ी के अंदर थे। हादसे में दो बच्चे 12 साल की आरध्य साहू और 14 साल की मोनिका साहू ट्रक के टायर के नीचे आ गए। वहीं करीब 11 लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में लिना साहू, मोनिका साहू, माही साहू, निर्मल साह, निशा साहू, प्रार्थना साहू, ओम प्रकाश साहू, गीतांजली साहू, प्रेरणा साहू, दीक्षा साह, कृतेश साहू और ड्राइवर नरोत्तम साहू शामिल है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

**2 बच्चों की मौत 11 लोग घायल**

# 2 दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन की चोरी



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत ईदगाहभाठा पास कुछ व्यक्ति अपने पास 02 से 03 दोपहिया वाहन रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहें है। जिस पर आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों एवं वाहन की पतासाजी करते हुए चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम रोशन नाडार नीरज नायक लकेश टाण्डेकर जनक ताण्डी उर्फजॉनी अभिषेक पटेल एवं विक्की टाण्डेकर निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा सभी 06 से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल.मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सभी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वाहन को शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी करना बताया गया है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सभी 06 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 12 नग दोपहिया वाहन को जप्त किया गया एवं दोपहिया वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने साथी आरोपी विक्की टाण्डेकर एवं जनक ताण्डी उर्फजॉनी जो चित्रो ताण्डी निवासी भालूमूड़ा उड़ीसा के माध्यम से उड़ीसा में बिक्री करना बताया गया है। गिरोह के सदस्यों 4 आरोपी रोशन नाडार नीरज नायक लकेश टाण्डेकर एवं अभिषेक पटेल एवं विक्की टाण्डेकर को न्यायीक हिरासत में लिया गया है तथा 2 आरोपी विक्की टाण्डेकर एवं जनक ताण्डी उर्फजॉनी का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर चोरी की अन्य दोपहिया वाहनों के संबंध में पूछताछ में उनके द्वारा थबीरो बाघ सुधीर पटेल रोहित पटेल कुश भोई बैकुण्ठ बाघ निवासी जेरपाड़ा भालूमुड़ा उड़ीसा एवं अन्य को बिक्री करना बताया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की 15 सदस्यीय विशेष टीम को उड़ीसा रवाना किया गया जहां टीम के सदस्यो द्वारा लगातार ऑपरेशन चलाकर आरोपियों के निशानदेही पर कुल 15 नग दोपहिया वाहन भालूमुड़ा से बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है। सभी 06 आरोपियों के निशानदेही पर रायपुर एवं उड़ीसा से कुल 27 नग दोपहिया वाहना जप्त किया गया है। जिसमें आरोपियों के विरूद्ध थाना डी.डी.नगर आजाद चौक कबीर नगरए सरस्वती नगरए खम्हारडीह उरलाए मौदहापारा सहित अन्य थानों में अपराध पंजीबद्ध है जिसमें आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

**गिरोह के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार**

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने वाला युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत अवैध प्रतिबंधित मादक पदार्थो सहित प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप तथा सूखे नशे के तस्करी खरीदी.बिक्री नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम रायपुर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें उक्त टीम को इनवेस्टिगेशन सोर्स प्वाइंट डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित स्त्रोत के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। थाना न्यू राजेन्द्र नगर में पंजीबद्ध धारा 8, 21, 27, एन, डी, पी, एस एक्ट के प्रकरण में में पूर्व में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण में पूर्व में आरोपी प्रेम बघेल पिता फोटो बघेल उम्र 36 वर्ष सा. बुढी माता मंदिर के पास दुर्गा नगर थाना न्यूज़ राजेंद्र नगर रायपुर एवं किशोर हरपाल पिता पीटो वासो हरपाल उम्र 30 साल निवासी ग्राम तेरे थाना केगा जिला कांटाभांजी उड़ीसा हाल पता पाम बैलाजियों के सामने दुबे कॉलोनी मंदिर के पास थाना मावो पंडरी रायपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मों कुल 732 नगए बिक्री रकम तथा घटना में प्रयुक्त 02 नग मोबाईल फोन एवं 01 नग एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एल एस 5973 जुमला कीमती लगभग 1,50,000 रूपये जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

हिरासत में लिये गये आरोपियों से प्रकरण में बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेजेस के संबंध में कड़ाई से पूछताछ में करने पर उसके द्वारा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट धनेश कुमार साहू उर्फसंजय निवासी न्यू राजेन्द्र नगर नामक व्यक्ति को क्रय करना बताये जाने पर आरोपी धनेश कुमार साहू उर्फसंजय की पतासाजी कर गिरफ्तार कर उसके कब्जे 144 नग स्पास्मों टेबलेट जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

हिरासत में लिये आरोपियों से फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।

# शिवपुराण के सफल आयोजन पर देवांगन समाज के पदाधिकारी और सदस्यों का सम्मान



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। समाज के सहयोग से बड़े से बड़ा कार्यक्रम और बड़े से बड़ा आयोजन भी आसानी से संपन्न हो जाता है अंतर्राष्ट्रीय कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने में भक्तों के साथ कार्यकर्ताओं और देवांगन समाज के पदाधिकारी सदस्यों का व्यापक सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समाज के पदाधिकारीयो और सदस्यों का सम्मान समाज के ही सदस्यों के द्वारा किया गया। देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन कार्यक्रम को सफल बनाने वाले पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया तो वही भोजन शाला का दायित्व संभाल रहे सामाजिक सदस्य भीखम देवांगन ने राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मान किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन बताया कि जब तक समाज के प्रत्येक सदस्य सहयोग के लिए आगे नहीं आएंगे तब तक कोई भी सामाजिक धार्मिक कार्य करना कठिन हो जाता है अंतरराष्ट्रीय कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा के आयोजन में वैसे भी लाखों भक्तों की श्रद्धा और आस्था जुड़ी हुई है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाई कमल देवांगन के साथ समाज के सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ भक्तों ने तन मन के साथ पूर्ण सहयोग दिया वह सब बधाई के पात्र हैं इसलिए समाज के द्वारा उनका सम्मान किया गया।

इस संबंध में राधा कृष्ण की प्रतिमा देते हुए समाज के सदस्य और भोजनशाला के प्रभारी भीखम देवांगन ने कहा कि किसी कार्य को जब हम एकजुट होकर करें और संपूर्ण समाज के सदस्य उसे कार्यक्रम में अपनी थोड़ी–थोड़ी भी भागीदारी दे तो वह कार्यक्रम आसानी से संपन्न हो जाता है इतने बड़े आयोजन और लाखों भक्तों के आने जाने का क्रम लग रहा। पूरा कार्यक्रम बिना किसी रुकावट के संपन्न हो गया यह शिव कृपा है की सभी कार्यक्रम बेहतर ढंग से संपन्न हुआ इसलिए समाज की पदाधिकारी का सम्मान और आयोजक का सम्मान राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर किया गया। भगवान भोलेनाथ और बांके बिहारी का आशीर्वाद सभी पर बनी रहे इस भाव से सम्मान किया गया।

# ऑटो चालक पर चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार



**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। ऑटो चालक धीरज सिंह राजपूत पर किसी बात को लेकर हुए विवाद के चलते तीन युवकों ने उस पर रिंग रोड नंबर 2 में स्थित सुलभ के पास चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में उसे एम्स में भती किया गया है जहां उसकी हालत भी खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तीनों आरोपियो का गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी के भाई नीरज सिंह राजपूत ने आमानाका में अज्ञात हमलावरों के खिलाफमामला दर्ज कराया कि धीरज सिंह राजपूत सवारी आटो चलाता है और 30 दिसंबर को रिंग रोड नं 02 में काका ढाबा के आगे सुलभ के पास टाटीबंध में कोई अज्ञात व्यक्ति ने उस पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया है जिसे सीने में चोंट लगी और एम्स में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 109 बी.एन.एस 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज उसकी खोजबीन शुरु की गई। पुलिस ने घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों का अवलोकन किया गया जिस पर आरोपी सिविल लाईन निवासी दिनेश सोनी जो पूर्व में भी थाना आमानाका से धारा 327 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर पर उसे गिरफ्तार किया गया और कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य 02 साथी योगेश यादव एवं के जसवंत राव के साथ मिलकर चाकू से धीरज सिंह राजपूत पर वार करना स्वीकार किया। पुलि संलिप्त योगेश यादव एवं के जसवंत राव को भी पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा आहत के साथ किसी बात को लेकर तत्काल में हुये विवाद के कारण उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया है। घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने जप्त कर लिया।

# नए साल से पहले हिस्ट्रीशीटरों को समझाइश

**रायपुर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। नए साल को देखते हुए शहर के अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस ने दबाव बनाना शुरू कर दिया है। सोमवार को क्राइम ब्रांच में 50 से ज्यादा आदतन बदमाशोंए चाकूबाजों की परेड कराई गई। उन्हें उठक.बैठक कराकर दोबारा अपराध नहीं करने की चेतावनी दी गई। सभी अलग.अलग थाना क्षेत्र के बदमाश हैं। अब तक 200 से ज्यादा बदमाशों की परेड कराई जा सकी है।

**सोशल मीडिया पर भी है पुलिस की**

सोशल मीडिया में गुंडाए डॉन माफिया गैंगस्टर सहित अन्य कई विभिन्न नामों से अपनी आईडी बनाकर हाथ में चाकू.तलवारए एयर गनए पिस्टलनुमा लाइटर गन सहित अन्य हथियारों के साथ फोटो.वीडियो व रील्स बनाकर अपलोड करने वालों को भी चेतावनी दी गई है। सोशल मीडिया की भी निगरानी की जा रही है।

**उल्टा पुल्टा**

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है? फिर क्या हुआ?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...

# दुर्ग में डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिमा एवं प्रहलाद तिवारी की स्मृति में सड़क के नामकरण का निर्णय

## निगम एमआईसी की बैठक में कुल 12 प्रस्तावक पारित




**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज मेयर इन काउंसिल की बैठक में प्रस्तुत सभी 12 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में दुर्ग के पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रहलाद तिवारी के निधन उपरांत उनके नाम पर ब्राम्हणपारा की एक सड़क के नामकरण कानिर्णय लिया गया। इसी तरह एक अन्य प्रस्ताव में दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिमा दुर्ग में किसी महत्वपूर्ण स्थान में स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अन्य प्रस्तावों में लगभग 2 करोड़ से ज्यादा के व्यय से 16 सार्वजनिक सामुदायिक शौचलयों की मरम्मत व उन्नयन के कार्य को स्वीकृति बस स्टैंड के मुख्य भवन में एटीएम मशीन लगाने, क्रांतिवीर सुखदेव राज के निवास भवन का जीर्णोद्धार कर स्मारक बनाने व उनकी प्रतिमा लगाने, नगर निगम में वर्षो से सेवाएं दे रहे अभियंताओं को पदोन्नति देने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा राजस्व, स्वास्थ्य, बाजार लोक कर्म विभाग से जुड़े कुल 12 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक कीअध्यक्षता महापौर धीरज बाकलीवाल ने की। संचालन आयुक्त सुमित अग्रवाल ने किया। बैठक में सभापति राजेश यादव, सहित सभी एमआईसी प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में टायलेट केम्पेन के तहत 15 वें वित्त आयोग से 230.57 लाख रूपयों की लागत से शहर के 66 सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों के संधारण कार्य का निर्णय लिया गया है। बस स्टैंड के मुख्य भवन के भूतल में एटीएम मशीन शर्तो के अनुसार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विधायक यादव ने डिपरापारा तालाब पचरीकरण कार्य का लिया जायजा



■ ई रिक्शा में सवार होकर पहुंचे वार्ड तक

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। विधायक गजेन्द्र यादव ने आज ई रिक्शा में बैठकर डिपरापारा में तालाब पचरीकरण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य कर रही एजेंसी के अधिकारियों से कार्य की पूरी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि डिपरापारा वार्डवासियों की मांग पर विधायक श्री यादव ने तालाब में पचरीकरण कार्य की स्वीकृति दी थी। वार्डवासियों के आग्रह पर आज विधायक श्री यादव ने चल रहे निर्माण कार्य का मौका निरीक्षण कर पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि डिपरापारा के निवासियों ने पिछले दिनों विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर उनसे तालाब पचरीकरण की मांग की थी ताकि वार्ड के लोगों को दशगात्र सहित अन्य रस्मरिवाज पूरी करने में सुविधा मिले। श्री यादव ने इस मौके पर वहां कार्य ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सोमवार और शुक्रवार को मुख्यालय में ही रहें अधिकारी : कलेक्टर



■ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के आवेदन की समीक्षा

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में समय.सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा के साथ विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभागीय स्थापना सहित सभी देनदारियों का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित करें। देनदारियों जो आबंटन के अभाव में लंबित हो एवं अन्य लंबित देनदारियां के संबंध में जानकारियां उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने उक्त जानकारियां 3 जनवरी तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बंद योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि बंद योजनाओं की खाते में जमा राशि शासन को वापस होगी। उन्होंने अधिकारियों को खाते में जमा राशि शासन के पक्ष में जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले में सड़क दुर्घनाओं के रोकथाम पर जोर देते हुए रोड सेफ्टी अंतर्गत दुर्घटनाएं रोकने अधिकारियों को कारगर पहल करने कहा। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# चेतन हत्याकांड के 3 आरोपी जेल गये दो नाबालिग संप्रेक्षण गृह भेजे गये

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। सिविल लाईन वार्ड में 29-30 दिसंबर की दरम्यानी रात चेतन साहू हत्याकांड के सभी आरोपी को पद्मनाभपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें 3 आरोपी रोशनी लकड़ा, कुलेश्वर साहू, व आकाश देशलहरा को आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया। इनके अलावा दो नाबालिग आरोपी बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिये गये है।

पुलिस के अनुसार 29-30 दिसंबर की दरम्यानी रात महिला आरक्षक के पुत्र चेतन साहू (24) की उक्त आरोपियों द्वारा लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी गई है। मामला प्रेम त्रिकोण का बताया गया है।

# जिले में 3,53,310 मीट्रिक टन धान खरीदी

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 74,967 किसानों से 3,53,310.20 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। 30 दिसम्बर तक 81,317.38 लाख रूपए का धान खरीदा जा चुका है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफविपणन वर्ष 2024.25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी तक धान खरीदा जाएगा। अब तक 78,317.47 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही किसानों से लिंकिंग की राशि 22,717.95 की वसूली की जा चुकी है। जिले में अब तक 8,379.72 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

जल जीवन मिशन

# 20 एजेंसियों को चेतावनी, 5 को नोटिस, दो का अनुबंध निरस्त

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा उपरांत जल जीवन मिशन के कार्य में रूचि न लेने एवं समानुपातिक प्रगति न दे पाने वाले 20 एजेन्सियों को अंतिम चेतावनी दी गई है। दो एजेन्सी ;मेसर्स श्री राम ट्रेडर्स एंड इन्वेस्टर्स दुर्ग, मेसर्स गगन ट्रेडर्स, बेमेतरा का अनुबंध निरस्त किया गया। दोनों एजेन्सियों को ब्लैक लिस्ट कर भविष्य में जल जीवन मिशन के कार्यों में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया गया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शिवनाथ महोत्सव

■ शिव तांडव नृत्य एवं 51 हजार दीपों की महाआरती रहेगें प्रमुख आकर्षण

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कल 1 जनवरी 2025 को नववर्ष का स्वागत छत्तीसगढ़ मंच एवं वरूण जोशी द्वारा शिवनाथ महोत्सव के रूप में महाआरती, गीत संगीत, शिव तांडव नृत्य इत्यादि सुमधुर कार्यक्रमों के साथ किया जायेगा। यह जानकारी छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने दी।

नववर्ष का आगाज कल 1 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विविध रंगारंग कार्यक्रम होगें। शिवनाथ महोत्सव के आयोजक वरूण जोशी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कराये जाने वाले शिवनाथ ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤






# आज से मैत्री बाग में ऑनलाइन टिकिट सुविधा

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। 1 जनवरी बुधवार को मैत्री बाग एवं चिड़ियाघर पर्यटकों के दर्शनार्थ खुला रहेगा। नववर्ष के आगमन पर आस पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में पर्यटक, मैत्री बाग में मनोरंजन एवं पर्यटन के उद्देश्य आते है। पर्यटकों को टिकिट लेने संबंधी किसी भी प्रकार से असुविधा न होए इसे दृष्टिगत रखते हुए टिकिट खरीद का कार्य पेटीएम मशीन एवं टिकिट दोनों के द्वारा किया जाएगा। इस कारण यह सुविधा संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नववर्ष पर मैत्रीबाग में व्यापक जनसमूह उत्सव मनाने के लिए एकत्र होती है। इसे ध्यान में रखते हुए मैत्री बाग प्रबंधन और संयंत्र प्रबंधन सुरक्षाए साफ-सफाई और व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी करता है। मैत्री बाग प्रबंधन नववर्ष के अवसर पर आने वाले पर्यटकों से आग्रह करता है कि वे मैत्री बाग की साफ सफाई और सौंदर्य को बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। आमतौर पर देखा जाता है कि पिकनिक मनाने आए जनसमूह अति उत्साह में मैत्री बाग की हरियाली, पेड पौधे और अन्य सम्पत्तियों को कई बार क्षति भी पहुंचाते है या गंदगी फैलाते है। मैत्री बाग प्रबंधन का आमजन से अनुरोध है कि मैत्री बाग की साफ सफाई और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। कचराए कूड़ादान में डालेंए अन्यत्र न फेंकेए फूल न तोड़ेए चिड़ियाघरों के जानवरों को किसी भी तरह का खाद्य पदार्थ या कोई सामग्री न दें।

# पुरैना में डायरिया से एक महिला की मौत



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। रिसाली नगर पालिक निगम के अंर्तगत आने वाले वार्ड में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई। एक दिन पूर्व यानि 29 दिसम्बर को देर रात्रि नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 39 पुरैना में रहने वाली 39 वर्षीय महिला जिसका नाम लक्ष्मी चन्द्राकर बताया जा रहा है। गंभीर स्थित में जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुरैना क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें 30 दिसम्बर को इस वार्ड के 8 नये मरीज मिलने की बात कही जा रही है। जिन्हें अस्पताल लाकर उनका ईलाज शुरु किया गया। इसमें 5 मरीज को प्राथमिक जांच के बाद अस्पताल से छुट्टी कर दी। शेष 3 मरीज का ईलाज अस्पताल में शुरु किया गया। इसकी जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डा दिव्या श्रीवास्तव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ओर नगर निगम रिसाली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ओर निगम की टीम ने वार्ड में सर्वेक्षण कर क्लोरीन टेबलेट व ओ आर एस पैकेट व जिंक टेबलेट वितरण किया। आज मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया। जिसमें आज 31 दिसम्बर को 12 नये मरीज मिली है। बताया जा रहा है, कि सभी मरीजों के स्थानीय अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी से अनुसार सभी की स्थिति सामन्य बताई जा रही है। जिन्हें घर में रहने की सलाह दी गई है। रिसाली के वार्ड पुरैना में फैला डायरिया नियंत्रण में होने का दावा किया जा रहा है। घर घर सर्वे के दौरान आज मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घरो में जाकर स्वास्थ्य की जानकारी लेकर खिचड़ी ओर सादा भोजन पानी उबालकर ठंडा करके पीने सलाह दी गई है। लगभग सौ से ज्यादा घरो में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विजिट करने के साथ मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। टीम ने प्रभारी बी ई ईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 सैय्यद असलम, एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, एएनएम श्रीमती द्रौपदी, हेमलता निर्मलकर, की स्वच्छता टीम उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के विष्णु देवांगन, पी चेलम, सय्यैद रिजवान, रविशंकर सत्यार्थी, मितानीन के.एल. कुमारी, इंदिरावती वर्मा, दाशोदा, आर. रुद्रा सहित अनेक उपस्थित थे।

वार्ड वासियों के अनुसार उनके वार्ड में आने वाले पानी शुद्ध नही होने के कारण इसकी शिकायत संबंधित विभाग में की गई। वही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज इस वार्ड में कुछ लोगों के घरों से पानी की सम्पैल की जांच के लिये पानी एकत्रित किया है। वही निगर रिसाली की टीम ने भी साफ-सफाई पर विशेष अभियान शुरु कर दिया है।

# सेल को दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाण पत्र



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेल ने जनवरी 2025 से जनवरी 2026 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन प्राप्त किया है। सेल ने लगातार दूसरी बार यह प्रमाणन प्राप्त किया है। कंपनी को शुरू में दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए प्रमाणित किया गया था। कंपनी के प्रमुख मानव संसाधन पहलों में वर्क फ्रॉम अदर दैन वर्कप्लेस योजना के अलावा शहर आधारित कर्मचारियों के लिए फ्लेक्सिबल टाइमिंग, लिंक्डइन लर्निंग हब के माध्यम से खुद से सीखना, नैसकॉम के साथ उच्च स्तरीय आईटी और डिजिटल प्रशिक्षण, ई.पाठशाला के माध्यम से नवीनतम शिक्षण सामग्री तक पहुंच। कार्मिक सहायता कार्यक्रमों के तहत ई.परामर्श, डेलोइट के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि और वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए नेतृत्व कोचिंग आदि शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य उत्पादकता को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को भविष्य की तकनीकी प्रगति के लिए तैयार करना और उनकी क्षमता का पूरा उपयोग करना है। ग्रेट प्लेस टू वर्क कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से उत्कृष्ट कर्मचारी अनुभव प्रदान करने वाले संगठनों को मान्यता देता है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल को लगातार ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणन मिलना विश्वास, सहयोग, कार्मिक सशक्तिकरण पर आधारित कार्यस्थल वातावरण को बढ़ावा देने प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# सराहा आंगनबाड़ी सहायिकाओं को किया गया सम्मानित



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी में देश के भविष्य को कुपोषण मुक्त करने प्रयासरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं का काम विशेष रूप से सराहा गया। सामाजिक संगठन गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने कार्यक्रम आयोजित कर खुर्सीपार के वार्ड नंबर 43, 44, 46, 47 और 48 आंगनवाड़ी केंद्र की इन सहायिकाओं के उत्साहवर्धन के साथ इन सभी का सम्मान किया। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि ये सभी सहायिकाएं न सिर्फ बच्चों के कुपोषण को दूर करने अपना योगदान दे रही हैं बल्कि सुकन्या योजना, मातृ वंदन योजना और महतारी वंदन योजना जैसे शासकीय कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में भी अपना विशेष सहयोग देते आ रही हैं। उनकी इन सेवाओं को रेखांकित करते हुए जीई फाउंडेशन ने इन सभी को सम्मानित किया। इनमें प्रमुख रूप से सोमा चौरसिया, अनिता, सुजाता वैद्य, पूजा, संजू कश्यप, संतोषी निर्मलकर, गीता देवी निषाद, भारती यादव, मंजू दिवाकर, पुष्पा चावला, माधुरी देवी, अनीता डाहरे और संतोषी को शॉल भेंटकर फाउंडेशन ने इनकी विशिष्ट सेवाओं का उल्लेख किया। इस सम्मान के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने जीई फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# शिव ज्ञान गंगा महोत्सव कल से



**भिलाईनगर,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व जागृति मिशन सिविक सेंटर के द्वारा सुधांशु महाराज के आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रेस वार्ता मे संदीप खेमका ने दी। उन्होंने बतया की सुधांशु महाराज का 2 जनवरी को नगर आगमन हो रहा है। महाराज को राज्य तिथि का दर्जा प्राप्त है। विश्व जागृति मिशन भिलाई दुर्ग मंडल द्वारा 2 से 5 जनवरी तक चलने वाले चार दिवसीय शिव ज्ञान गंगा महोत्सव आयोजन किया गया है। ग्राम परसदा में गुरुवर का एक विशाल आश्रम ब्रह्मलोक आश्रम निर्मित है। विशाल कार्य इस आश्रम में श्री कैलाश मानसरोवर शिखर का भव्य निर्माण कार्य किया जा रहा है। 108 फीट ऊंचाई 160 फीट लंबाई एवं 100 फीट चौड़ाई के इस शिखर में 7 तालों का निर्माण किया जा रहा है। भूतल पर शिव परिवार बिराजेंगे, प्रथम तल पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे, द्वितीय तल पर नवदुर्गा माता बिराजेगी और सबसे ऊपरी तल पर मां वैष्णो देवी का दरबार सजाया जाएगा। शिखर के सामने मानसरोवर झील का निर्माण भी किया जावेगा। सद्गुरु की अद्भुत परिकल्पना है कि इस पावन निर्माण के पूर्ण होने के बाद हम कैलाश मानसरोवर का प्रत्यक्ष अनुभव और आनंद प्राप्त कर सकेंगे। वर्तमान में सात चरण तक बनाया जा चुका है और चारों तरफ पहाड़ का निर्माण जारी है। इस निर्माण कार्य की सहायता के उद्देश्य से ही आगामी 2 जनवरी से 5 जनवरी तक गुरुदेव जयंती स्टेडियम के समीप स्थित मैदान में आ रहे हैं। 2 जनवरी को संध्याकालीन सत्र में शाम 5 बजे से और फिर तीन.चार और पांच जनवरी को प्रात: कालीन सत्र में सुबह 9 बजे से और संध्या कालीन सत्र में शाम 5 बजे से गुरुदेव प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और सांसद सहित विशेष जनों शामिल होने जा रहे हैं। उनके प्रोटोकॉल के तहत ही पंडाल का निर्माण भी कराया गया है। अन्य प्रदेश से आने वालों के रहने और आवास की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है। प्रवचन स्थल पंडाल के समीप में ही प्रवचन पश्चात निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जनवरी को कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर जयंती स्टेडियम में समाप्त होगी। प्रेसवार्ता मे अध्यक्ष चम्मन लाल बंसल, महासचिव जयशंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव देवांगन, दिनेश लोहिया, सुनील चौरसिया उपस्थित थे।

# 107 सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय शीघ्र ही उपयोग होंगे

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2 अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की पांचवी बैठक के अनुशंसा अनुसार निगम भिलाई क्षेत्र में सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत, उन्नयन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रण की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात 107 शौचालयों का मरम्मत, उन्नयन का कार्य 362.52 लाख की लागत से किया जा रहा है। उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आदेश जारी किया गया है। शौचालय के मरम्मत, उन्नयन हेतु सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति की सीमा के अंदर निर्माण कार्य किया जाएगा। किसी भी प्रकार का सारवान परिवर्तन सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जाएगा। अनुमोदित निविदा प्रारूप के अनुसार समय पर जारी निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा। संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी कार्य की गुणवत्ता एवं मानदण्ड सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय अनुसार पूर्ण करेगी। प्रथम किश्त की जारी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, भौतिक स्थिति, सत्यापित फोटोग्राफ्स प्राप्त होने पर आगामी किश्त की राशि प्रदान की जावेगी। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ शौचालय मरम्मत के पूर्व एवं पश्चात किये गये कार्यो का जीयो टेग फोटोग्राफ्स प्रेषित करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन तथा नोडल एजेंसी सूडा द्वारा समय.समय पर जारी निर्देशो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

# चाइनिज मांझा बेचने वाले पर लगा जुर्माना

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। पतंग के साथ चाइनिज मांझा बेचने वालों पर रिसाली निगम नजर रख रहा है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दुकानों में दबिश दी रही है। भारी मात्रा में चाइनिज मांझा जब्त किया गया। दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। राजस्व विभाग को सूचना मिली थी कि निगम क्षेत्र के कुछ दुकानदार चोरी छिपे पतंग के साथ मांझा बेच रहे है। इस आशय की पुष्टी करने दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान लक्ष्मी बुक डिपो और लक्ष्मी इंटर प्राइजेस में मांझा पाया गया। दोनो प्रतिष्ठान के खिलाफराजस्व विभाग की टीम ने 500-500 रूपए जुर्माना वसूल किया। दबिश के दौरान राजस्व विभाग के मंगल कुर्रे, रवि श्रीवास्तव, विवेक रंगनाथ, टिकेन्द्र वर्मा, टेकराम आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीया है कि चाइनिज मांझा बेचने पर राज्य शासन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। जिस पर उक्त कार्यवाह की जा रही है।

# हाईवा की ठोकर से श्रमिक की मौत



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नंदिनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बानबरद गांव स्थित एक डामर प्लांट में आद मंगलवार को हादसा हो गया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर यहां हाइवा की चपेट में आ गया था जिससे उसकी मौत हुई। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशत हो गए। मृतक के परिजनों के साथ जमकर हंगामा हुआ। नंदिनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को मुआवजा दिलाया इसके बाद मामला शांत हुआ। नंदिनी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बानबरथ से डोंगरिया रोड में एक डामर प्लांट स्थित है। यहां मंगलवार दोपहर 12 बजे के करीब वहां काम कर रहा मजदूर अशोक कोसरे 45 साल हाइवा की चपेट में आ गया। हाइवा उसके ऊपर से गुजर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाइवा में डामर लोड हो रहा था। इसी दौरान उसने जैसे ही उसे बैक किया बाएं तरफ डामर समेटने में लगा मजदूर अशोक कोसरे उसकी चपेट में आ गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मजदूर के परिजन वहां पहुंच गए। नंदिनी पुलिस ने पहुंचकर शव को उठाने की कोशिश की तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने और हंगामा करते रहे। इसके बाद प्लांट का मालिक वहां पहुंचा और उसने लोगों को समझाया कि ये महज एक दुर्घटना है। प्लांट संचालक ने तत्काल अपने पास से 60 हजार रुपए मुआवजे के रूप में परिजनों को दिया। शेष मुआवजा बाद में देने का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए शव को उठाकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही कम्पनी में सनसनी फैल गई। पुलिस घटना का जांच शुरु कर दी है।

# अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन अवधि में उपस्थित हो : आयुक्त

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभागीय कार्यो के सुचारू संचालन में कसावट लाने अधिकारी, कर्मचारियो के लिए आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के कार्यावधि के संबंध में पूर्व जारी आदेश को अधिकृमित करते हुए राज्य के मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा समस्त मैदानी कार्यालयों हेतु कार्य अवधि सुबह 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयुक्त पाण्डेय ने आदेश में निगम भिलाई के मुख्य एवं जोन कार्यालय में कार्यरत समस्य अधिकारी, कर्मचारियों को आदेश दिए है। सभी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें और सौंपे गये दायित्वो का निर्वहन करे। विभागीय नस्तियों को अपने टेबल पर जमा न होने दे, शीध्र उसका आगे बढ़ावें। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। आयुक्त से संबंधित नस्तियों को समय अवधि के अंदर प्रस्तुत किया जाए। मैं भी नस्तियों का त्वरित निराकरण करूगां। किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कर्मियों के विरूद्ध नगर निगम अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।



# जामुल में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा आयोजित



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र जामुल शिवपुरी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंचल अनेक टीमों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं सभापति चुम्मन वर्मा ने किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने मैदान पर उतरकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि मैं स्वयं एक कबड्डी खिलाड़ी रहा हूं। आप सबको हमारे भारत के प्राचीन खेल कबड्डी के मैदान में देखकर काफी भावुक हो रहा हूं, क्योंकि हमारा कबड्डी का खेल प्रचलित रूप में न होकर विलुप्त सा होता जा रहा है क्योंकि पहले कबड्डी की प्रतियोगिता हर गांव, हर कसबा, हर शहर में होता था लेकिन अब कुछ चुनिंदा जगहों पर हो रहा है लेकिन आप जैसे उत्साहित खिलाड़ी हमारे पारंपरिक खेल को बनाये रखे हैं इसके लिए आप सभी को एवं आयोजन समिति को बहुत बहुत शुभकामनाऐं देता हूं। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त टीम बिलासपुर को राशि 10000 रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम हथबंद को 7000 रूपये, तृतीय टीम कोटा को 5000 रूपये, चतुर्थ टीम जामुल को राशि 3000 रूपये का एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार का वितरण मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश सिंह ठाकुर, तिलेश्वर देवांगन पार्षद वार्ड-18, युवराज वैष्णव पूर्व पार्षद वार्ड-17, गज्जू साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, गैंदलाल चौहान सहित आयोजन समिति के दीपक सारथी, नरेश सारथी, ताकेश साहू, कैलाश जंघेल, दुर्गेश वर्मा, शिव जंघेल, राहुल बंधे, दीपक निर्मलकर, मिथलेश साहू, प्रभाकर साहू, चेतन, जतिन, हार्वेश, कुलेश्वर, यश कुमार उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चे झूमे बड़ों ने भी याद किया अपना बचपन



**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। अंकित आईटी स्कूल खुर्सीपार का वार्षिक उत्सव विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक क्राफ्ट और मॉडल के माध्यम से पर्यावरण और जल संरक्षण, वायु प्रदूषण, ट्रैफिक कंट्रोल, मानव जीवन चक्र पर प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्य अतिथि मयंक अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, गुरुकुल अकादमी से के.सुरेश थे। दिव्या अग्रवाल ने बच्चों के इस प्रदर्शनी को बहुत ही अच्छी पहल बताया और उनका उत्साह बढ़ाया। और मयंक अग्रवाल ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तारीफ की। के. सुरेश ने स्कूल के पर्यावरण के मॉडल की तारीफ की। इस अवसर पर खेल विविध प्रतियोगिताए शिक्षिकाओं शेख शबनम और आंचल के मार्गदर्शन में हुई। खेलों में बच्चों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षिकाओं हिमांशी और ज्योति ने विशिष्ट योगदान दिया। क्राफ्ट और मॉडल की जिम्मेदारी साइना और शहनाज ने निभाई। स्कूल की प्रमुख रशीदा खातून की अहम भूमिका रही। यह जानकारी संस्था प्रमुख हुसैन अली ने दी।

# पं. शुक्ल को भिलाई बिरादरी ने दी पुष्पांजलि



## सभा में पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद

**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पं. रविशंकर शुक्ल की 67 वीं पुण्यतिथि पर आज मंगलवार को सेक्टर.9 स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष प्रात: 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कड़ी में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक कांग्रेस नेता अरुण वोरा, पूर्व मेयर सुश्री नीता लोधी, सीजू एंथोनी, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व पार्षद प्रभूनाथ मिश्रा, श्रीमती रत्ना नारंग, हेमंत बंजारे, मोहन लाल गुप्ता, अशोक गिरी, जावेद खान, कोर्मा राव, राजेश गुप्ता, जी. पी. शुक्ला, चंद्रशेखर गवई, आर. डी. कोरी, शेख अकरम, प्रदीप जंघेल, श्रीमती मायारानी शुक्ल, संतोष दीक्षित, आशीष मिश्रा, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज समाज के राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष गुरू प्रसाद तिवारी, श्रीमती विजिया मिश्रा, स्वदेश शुक्ला, श्याम तिवारी, आलोक शुक्ला संयंत्र के महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी, अभिजीत भौमिक सहित अनेक उपस्थित थे। मनोज मिश्रा ने प्रारंभ में पुष्पांजलि कार्यक्रम का संयोजन और संचालन किया। वरिष्ठ पत्रकार अशोक पंडा ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। उल्लेखनीय है कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना में पं. रविशंकर शुक्ल ने आधारभूत भूमिका निभाई थी। पं. जगन्नाथ शुक्ल, श्रीमती तुलसी देवी के पुत्र के रूप में 2 अगस्त 1876 में सागर में जन्मे पंय रविशंकर शुक्ल बचपन से ही मेधावी रहे। 50 वर्ष के अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में पं.शुक्ल ने अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

# लोकांगन के लिए19 लाख रुपए स्वीकृत

**भिलाईनगर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र वैशाली नगर विधानसभा के3 निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यो के लिए 53 लाख 45 हजार 458 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वैशाली नगर विधायक रकेश सेन द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त निगम भिलाई द्वारा की जाएगी। वार्ड-20 वैशाली नगर अंतर्गत लोकांगन में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 19 लाख 96 हजार 610 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नेहरू नगर पश्चिम अंतर्गत सियान सदन में चेनलिंक फेसिंग एवं टयूबलर पाल लगाने हेतु 8 लाख 50 हजार एवं सार्वजनिक अशोक उद्यान का सौंदर्यीकरण, विद्युतीकरण हेतु 24 लाख 98 हजार 848 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# महिलाओं के लिए वाहन चालन प्रशिक्षण




**भिलाईनगर,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान प्रशिक्षण केंद्र नवा रायपुर के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिएए नि:शुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका उद्घाटन सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में आयुक्त निगम रिसाली मोनिका वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी कमल नारायण साहू, महाप्रबंधक, शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, उप प्रबंधक के के वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही इस उद्घाटन कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारी बुधेलाल सोनी, मंडावी एवं प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी। मुख्य अतिथि मोनिका वर्मा ने सभी प्रशिक्षु महिलाओं से अपील की कि वे मन लगाकर और एकाग्र होकर ड्राइविंग सीखें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कमल नारायण साह ने महिलाओं को ड्राइविंग के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी और इस कौशल को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। पुष्पगुच्छ से अतिथियों का अभिनंदन करने के पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में शिवराजन ने इस प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन के के वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन छत्रपाल देशलहरा ने किया।

## नए साल के जश्न में डूबे युवा वर्ग

**लवन,** 31 दिसंबर। वर्ष 2024 के आज अंतिम दिन एवं नव वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर नगर सहित अंचल के लोगों में तरह-तरह के प्रतियोगिता आयोजित कर जश्न मनाएं जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौक-चौराहे गलियों में युवा वर्ग के लोग डांस प्रतियोगिता का आयोजन कर गए।

# अवैध प्लाटिंग कर शासन के नियमों की उड़ा रहे हैं धज्जियां

- नगर और क्षेत्र में दुर्ग भिलाई के भू-माफियाओं ने लोकल दलालों की सांठगाठ
- मामले में पटवारियों की मुख्य भूमिका, राजस्व अधिकारियों के मिलीभगत की आशंका

**साजा,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। साजा के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग की बाढ़ सी आ गई है, साजा क्षेत्र में सक्रिय दलालों ने रेरा के बनाए नियमों की धज्जियां उड़ा रही है,बड़े शहरों जैसे दुर्ग,भिलाई, रायपुर के बिग सिंडेकेट लोकल दलालों के मार्फत से मनचाहे दामों में जमीन बेच कर चांदी काट रहे है।

**साजा शहर में कालोनी बसाने का खेल**

साजा नगर में कालोनी बसाने के नाम पर अवैध प्लॉट कटिंग करके बेचा जा रहा है ,ये जमीन किसानों की कृषि भूमि थी जिसे कोलोनाइजर द्वारा खरीद कर लोकल दलालों के माध्यम सक्रिय दलाल समूह बनाकर जमीन खरीदने ग्राहक तलाशते हैं लेकिन ये दलाल इस बात से बेखबर है कि वे ग्राम एवं नगर निवेश विभाग से कालोनी डिवेलपमेंट हेतु अनुमति के बिना ही दलाली करने में जुटे है,इन्हे शायद इस बात का भी खबर नही कि उक्त मामले में प्रमाणित लाइसेंस की जरूरत होती है।

**ग्राम एवं नगर निवेश,रेरा के नियमों को ताक में रख कर रहे अवैध काम**

साजा नगरीय निकाय क्षेत्र में मास्टर प्लान और ग्रीन जोन भूमि पर नगर पंचायत में पंजीयन के बिना ही किसानों की खेती भूमि को एकड़ कीमत में खरीदकर फीट कीमत के साथ अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेची जा रही है उक्त कार्यों में रेरा के नियमों को दरकिनार किया गया है,मामले में पटवारियों के साथ राजस्व अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। इसके अलावा हर मामले में रुपयों की मांग करने वाले साजा क्षेत्र के पटवारियों की कार्यप्रणाली भी चर्चा का केंद्र है।

**कच्चा नक्शा बनाकर लूटने की साजिश**

कच्चा नक्शा बनाकर भूमि को दलालों द्वारा बिक्री करने का खेल भी चरम पर है इस मामले में पटवारियों को दलालों से मोटी रकम मिल जाती है,इसके अलावा नक्शा में जो रास्ता छोड़कर दिखाया जाता है उसे बाद में दूसरी पार्टी को फिर से बेच दिया जाता है,नियमानुसार नक्शे में नाली निकासी का प्रारूप होना चाहिए जबकि इसकी अनदेखी की जाती है,बिना डायवर्शन कृषि भूमि को 5 से 7 वर्षो से पड़त भूमि बताकर जबकि वह भूमि कृषि भूमि रहती है,को प्लाटिंग कर अवैध बिक्री की जाती है। पूरे क्षेत्र में ऐसे भूमि को कई टुकड़ों में बांटकर प्लॉटिंग करने का खेल भू माफियाओ द्वारा खेला जा रहा है।

**बड़ी कार्रवाई की जरूरत**

ऐसे भू माफियाओं पर राजस्व अधिकारियों की नजर नही पड़ रही या फिर और कुछ यह कहना जल्दबाजी होगी लेकिन इतना तो तय है कि सरकारी संरक्षण के बिना उक्त कार्य संभव नहीं है,लेकिन बड़ा प्रश्न है कि क्या ये खेल यूं ही चलता रहेगा या फिर उक्त अवैध कार्यों पर कार्यवाही की उम्मीद की जा सकती है।

## सेजस जंजगिरी में सुशासन सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कुम्हारी,** 31 दिसंबर। सेजेस जंजगिरी में सरकार गठन का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, न्यौता भोज, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी अनेक योजनाओं पर आकर्षक रंगोली तथा पोस्टर बनाया गया। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने पोस्टकार्ड में पत्र लेखन किया। मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता के द्वारा छात्राओं का प्रस्तुतीकरण मनमोहक रहा। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मिनी गोपीनाथन एवं श्रीमती दर्शना मेश्राम , श्रीमती सविता देवांगन के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के सभी स्टाफ का सहयोग रहा।



# ज्योति हा.से. इंग्लिश स्कूल ने मनाया क्रीड़ा वार्षिकोत्सव

**कुम्हारी,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। विद्या ज्योति हायर सेकेण्डरी इग्लिश मिडियम स्कूल द्वारा प्रति वर्ष के भॉति क्रीड़ा (खेलकूद) वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यकम में मुख्य अतिथि वार्ड क. 15 की पार्षद श्रीमती रागिनी निषाद एवं विशेष अतिथि के रुप में विद्यालय के पूर्व छात्र सौरभ दीवान डिप्टी कलेक्टर, दीपक पटेल चार्टर्ड अकांउटेंट एवं आयशा जायसवाल चार्टर्ड अकांउटेंट तथा विद्यालय के प्राचार्य फादर लीजो मैथ्यू उपस्थित रहे । कार्यकम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विद्यालय के चारो ग्रुप हाउस कैप्टन छात्र-छात्राओं के द्वारा लाईट मार्च से किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा छात्र -छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्यगान् प्रस्तुत किया गया । अतिथि द्वारा खेलकूद में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। चारो ग्रुप हाउस में यलो ग्रुप हाउस प्रथम ग्रीन ग्रुप हाउस द्वितीय, ब्लू ग्रुप हाउस तृतीय एवं रेड ग्रुप हाउस चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ग्रुप में ग्रीन हाउस को अनुशासन का खिताब मिला। कक्षा 11वीं के छात्र मीत खोडियार एवं कक्षा 10वीं के छात्र पीयूष तूरीयाकर को चैम्पियन आप द बॉय और कक्षा 11वीं की छात्रा गीतांजलि पटेल को चैम्पियन आफ गर्ल का खिताब मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रागिनी निषाद द्वारा विद्यालय के कैलेण्डर का विमोचन किया तथा उन्होने अपने उद्बोधन में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व को बताया। विशेष अतिथि सौरभ दिवान डिप्टी कलेक्टर ने भी खेल एवं स्वास्थ के बारे में बताते हुए बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात् विशेष अतिथि सौरभ दीवान द्वारा स्कूल क्रीड़ा ध्वज अवरोहन कर खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ इसमें विद्यालय के प्राचार्य द्वारा भी छात्रों को संदेश प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन में स्कूल के छात्र छात्राए व शिक्षक-शिक्षिकाएं अभिभावकगण सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम का आनंद उठाया । अंत में विद्यालय की छात्रा प्राची शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा कुंजल टॉक एवं छात्र समीर कुर्रे ने किया ।



# कलेक्टर अग्रवाल की पहल से सैय्यद अरफाक अली को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**गरियाबंद**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एक प्रकरण कर निराकरण करते हुए कलेक्टर अग्रवाल ने सैय्यद अरफाक अली को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। साथ ही उन्हें निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जानकारी के मुताबिक सैय्यद अरफाक अली को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेला में भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद सैय्यद अरफाक अली ने शासन प्रशासन का विशेषकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल का आभार जताया है।

# ईस्ट जोन बास्केटबाल प्रति. में हेमचंद यादव विवि को विजेता बनाने में कन्या महा. की 7 खिलाड़ियों की अहम भूमिका

**दुर्ग**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। बाबा भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर (बिहार) द्वारा एल. एन. मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित ईस्ट जोन विश्वविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने विजेता हाने का गौरव प्राप्त किया। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के लिए भी गौरव की बात है कि इस महाविद्यालय के सात खिलाड़ी इस टीम में सम्मिलित थीं, जिनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के कारण टीम विजयी हुई।

महाविद्यालय बी.ए. द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत कु. डी. अनुषा को प्रतियोगिता का उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार एवं उनकी बहन डी. कीर्ति को सर्वोच्च बॉस्केट अवार्ड से नवाजा गया। ज्ञात रहे कि डी. कीर्ति अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुकी हैं। डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि दोनों बहनों ने प्रतियोगिता में क्रमशः निम्न अंक अर्जित किए। बिहार के विरूद्ध डी. कीर्ति ने 06, रविशंकर के विरूद्ध 26, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 13, बी.एच. यू. 31, उत्कल के विरूद्ध 26। वहीं डी. अनुषा ने बिहार के विरूद्ध 16, रविशंकर के विरूद्ध 19, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 15, बी. एच. यू0 14, उत्कल के विरूद्ध 17। महाविद्यालय के अन्य खिलाडि़यों का प्रतियोगिता में योगदान – रीतिका निषाद, कुल 28 अंक, जन्नत अली कुल 32 अंक, अर्चना निषाद कुल 18 अंक, डी. अश्वनी कुल 20 अंक, ज्योति प्रजापति कुल 26 अंक अर्जित कर विजेता होने में अपना योगदान दिया।



**दो खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार**

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने बधाई दी एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाऐं दी। क्रीडा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम, विजय चन्द्राकर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### ट्रक ने स्कूटी सवार दम्पति को मारी ठोकर पत्नी की मौत

**दुर्ग,** 31 दिसंबर। 31 दिसंबर के करीबन 2 बजे मृतिका खुशबू टंडन पति उमेश टंडन,उम्र 34,वर्ष निवासी उमरपोती अपने परिवार के साथ स्कूटी क्रमांक छ्त्त 10क्क 0706 से कौड़ियां जाते समय ग्रीन चौक के पास रेलवे ओवरब्रिज में ट्रक क्रमांक छ्त्त 19क्कत्त 9686 के चालक द्वारा ठोकर मार कर एक्सीडेंट करने से मौके पर मृत्यु हो गई,जिसे मर्चुरी शिफ्ट किया गया,विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

### कांग्रेसजनों ने किया पुण्यतिथि पर पं.रविशंकर शुक्ल का स्मरण



**दुर्ग,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने आज एक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री वोरा ने पं.शुक्ल के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में किये गये कार्यो का स्मरण किया। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना में भी पंडित शुक्ल के योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे।

# आयुर्वेद के माध्यम से सफल चिकित्सा संभव हुआ 260 मरीज का उपचार

**डोंगरगढ़,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में धमधागढ़ दुर्ग से पधारे भगवान धनवंतरी के उपासक प्रसिद्ध नाडीवैध दिनेश साहू ने 260 मरीजों का नाडी परीक्षण कर नि:शुल्क उपचार किया। स्थानीय संस्था स्काउट गाइड फैलोशिप व मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस नि:शुल्क नाडी परीक्षण व उपचार शिविर का आयोजन किया गया। नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 से 9 बजे तक जीवन पद्धति पर आयुर्वेद का चमत्कार, खान-पान एवं जीवन शैली विषय पर 1 घंटे का व्याख्यान भी आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने किया। दूसरे दिन सुबह 5 बजे से खाली पेट नाडी परीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ जो सुबह 9 बजे तक चलता रहा पहले चिकित्सक दिनेश साहू ने आगंतुक मरीजों का नाडी परीक्षण कर रजिस्टर में वात पित्त कफ की स्थिति की एंट्री की। तत्पश्चात 11 बजे से खानपान के माध्यम से उनका उपचार प्रारंभ किया गया। शिविर में सभी मरीजों को उनकी नाडी के अनुसार भोजन पद्धति एवं जीवन शैली से बिना दवा के किस तरह निरोगी जीवन जिया जा सकता है के संबंध में रात्रि 11 बजे तक अनवरत उपचार चलता रहा। लगभग 260 लोगों ने अपनी नाडी का परीक्षण कराकर क्या खाना है कब खाना है जानकर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से बिना अंग्रेजी दवाई के जीवन में निरोगी रहने का प्रण लिया। सर्वाधिक मरीज ब्लड प्रेशर एवं शुगर की बीमारी के पहुंचे। चिकित्सक ने बताया कि मानव जीवन में किस तरह हम निरोग रहकर जीवन व्यतीत कर सकते हैं वह अपनी जीवन शैली पर ही निर्भर करता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त समय देकर उपचार उपलब्ध कराया। उन्हें कब क्या खाना है कैसे खाना है कितने समय तक खाना है समझाकर बताया गया। इस दौरान व्यवस्था में स्काउट गाइड फेलोशिप के देवेंद्र साखरे एवं गोपाल खेमुका के नेतृत्व में संजय सरजारे शंकर वर्मा गोविंद राव अजय बिंदल जसबीर बन्नोआना चंद्रशेखर साखरे जितेंद्र साखरे विजय सरजारे सोनाली सांगोडे अनुराधा वर्मा इंदिरा साखरे ए नलिनी राव सुधाकर सहारे सुनील बिसेन आयुष संगोडे मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी वरिष्ठ ट्रस्टी बबलू शांडिल्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारी निभाई। शिविर में अंबिकापुर, जशपुर ,महाराष्ट्र के भंडारा, खैरागढ़ व राजनांदगांव सहित क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से भी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए। श्री साखरे ने बताया कि इस तरह के शिविर स्काउट गाइड फैलोशिप द्वारा आगे भी आयोजित किए जाएंगे।



# जिले में ई अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत कार्रवाई को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा

**दुर्ग,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ई.अपशिष्ठ प्रबंधन पर जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल भिलाई के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, प्रधान पीठ नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश ई.अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम 2016 के अनुरूप ई.अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाना है। ई.अपशिष्ट के अनाधिकृत रूप से संग्रहण, विनिष्टिकरण, रिसायकलिंग एवं आगजनी को रोकना इसका उद्देश्य है। इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण, बिक्री, खरीदी और प्रसंस्करण के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट ही ई.अपशिष्ट है। एनजीटी द्वारा जारी नियम सभी उत्पादकों, निर्माताओं, उपभोक्ताओं थोक उपभोक्ताओं, डीलरों, नवीनीकरणकर्ताओं और ई.खुर्दा विक्रेताओं को लागू होगा। समिति द्वारा ई.अपशिष्ट उत्पादन की सूची तैयार करने ऐसे उत्पादकों की पहचान जिन्होंने ईपीआर प्राधिकरण प्राप्त नहीं किया है। उत्पादकों द्वारा एकत्रित ई.अपशिष्ट की मात्रा का सत्यापन एवं अपशिष्ट संग्रहण के लिए उपलब्ध कराई गई प्रणाली का सत्यापन ई.अपशिष्ट के अनाधिकृत ट्रेडिंग, डिस्मेल्टिंग एवं रिसायकलिंग की जांच तथा ई.अपशिष्ट के संग्रहण एवं निपटान को सुगम बनाने पर रायसुमारी की गई। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम.भार्गव, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे, पर्यावरण अधिकारी अनिता सावंत, नगरीय निकायों के आयुक्तए सभी एसडीएम और वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## निधन

### लाल सिंह वर्मा



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 31 दिसंबर। अर्जुनी निवासी लाल सिंह वर्मा उम्र 70 वर्ष का 30 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अनिल वर्मा, संदीप वर्मा के पिता तथा धर्मेंद्र सिंह वर्मा के बड़े भाई थे।

### सैय्यद ज्याउल हुसैनी



**धमतरी,** 31 दिसम्बर। जनाब सैय्यद ज्याउल हुसैनी पत्रकार साहब का इंतकाल मंगलवार 31 दिसम्बर को मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर में हो गया। वे अपने पीछे पत्नी अफरोज, बेटी अनीसा, मुनीजा हुसैनी, बेटा सैय्यद सलमान हुसैनी बहु, पोता छोड़ गए। जिनकी मय्यत आज बाद नमाज़ जोहर उनके सालेहवारपारा मकान से कब्रिस्तान जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### दुर्ग में डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिमा...

देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में एमआईसी प्रभारी मनदीप भाटिया ने दुर्ग में पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। निर्णय लिया गया कि इसके लिये उचित स्थान का चयन कर प्रतिमा स्थापित की जायेगी।

बैठक में पूर्व में जाति प्रमाण पत्र जो जारी किये गये थे उनमें से 25 प्रमाण पत्र मं लिपिकीय त्रुटि पाई गई थी। इन त्रुटियों में संशोधन कर दिया गया और अब संशोधित प्रमाण पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में नगर निगम के सहायक अभियंता को कार्यपालन अभियंता उपअभियंता राजेन्द्र ढवाले को सहायक अभियंता एवं गिरीश दीवान को भी सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत करने की अनुशंसा पारित की गई है। इसके अलावा रायपुर नाका मुक्तिधाम स्थित दूकान क्रमांक 2 के लिये आशीष वर्मा एवं गंजमंडी व्यवसायिक परिसर में दुकान क्रमांक 7 के लिये दसवीं बार निविदा जारी करने पर स्मिता पाटनी धर्मपत्नी विनीत पाटनी का आफर मिला है। इन दोनों प्रस्तावों में सामान्य सभा में भेजे जाने का निर्णय लिया है।

एमआईसी की बैठक में वार्ड क्रमांक 32 में शिक्षक नगर पानी टंकी निर्माण हेतु 15 वें वित्त आयोग से 178.60 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके लिये न्यूनचम निविदा बिलासपुर के सुनील कुमार जाजोरिया की दर 1 करोड़ 79 लाख रूपये की प्राप्त हुई है। इससे निगम मद से 0.40 लाख रूपये निगम मद से व्यय किये जाने का विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्ताव को भी अनुमति दी गई है। इसके अलावानगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन के प्रथम तल को व्यवसायिक उपयोग हेतु लीज में देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा गया नगर स्थित खेल मैदान के लिये पूर्व प्रस्तावित मैदान का स्थल की जगह गली नंबर 2 नीरज स्कूल के सामने निर्माण किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इसके लिये प्रभारी मंत्री मद से 5 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है।

क्रांतिवीर सुखदेव राज की स्मृति में स्मारक निर्माण : भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग प्रदेश जिला दुर्ग द्वारा जिसमें अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद तथा शहीदे आजम भगत सिंह के निकटतम सहयोगी रहे क्रांतिवीर सुखदेव राजए दुर्ग शहर के जिस भवन में दस वर्ष तक रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की तथा अंतिम सांस ली उक्त जर्जर भवन के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए जीर्णोद्धार कर स्मारक के रूप में विकसित करने तथा भवन के सामने कांतिवीर सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने अनुरोध किया गया हैं। उपरोक्तानुसार जर्जर भवन के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए जीर्णोद्धार कर कांतिवीर सुखदेव राज के स्मारक के रूप में विकसित करने तथा भवन के सामने कांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत प्रकरण को स्वीकृति मिली।

बैठक के दौरान अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, जमुना साहूएसत्यवती वर्मा, अनूप चंदानिया, हमीद खोखर, मनदीप भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, राजेन्द्र ढबाले, रमाकांत शर्मा,आरके बोरकर, थानसिंह यादव, पंकज चंद्रवंशी मौजूद रहें।

### आज रंगारंग कार्यक्रमों के साथ...

महोत्सव में छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकार पूर्वा श्रीवास्तव, पुष्पांजलि हिरवानी, श्रीजा दलाल, कार्तिका तिवारी, जया भारद्वाज, जानकी रमैया, मोहन चौहान, तुलसी सोनी, गुलाब चौहान, रमन सिंह, यूनुस चौहान, टी.डी.सिन्हा, नेहल चौहान, तरूण देशमुख व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें। प्रसिद्ध नृत्यांगना लीसा राजपूत शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत करेंगी।

शाम 6 बजे से 51 हजार दीयों की महाआरती की जायेगी। इलेक्ट्रानिक्स आतिशबाजी की जायेगी।

### विधायक ने किया ...

कर रहे मजदूरों से भी चर्चा कर उनकी तकलीफों को समझने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने श्रमिकों से श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड संबंधित जानकारी भी ली।

श्री यादव जब ई रिक्शा से डिपरापारा पहुंचे तो वार्डवासियों ने काफी उत्साहित होकर उनका आत्मीय भाव से स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता गणेश तिवारी, क्रांति गुप्ता, सूरज जातक राव, लोकनाथ साहू भी थे। इस अवसर पर वार्ड की ओर से गुलाब वर्मा, परदेशी अहिरवार, रमेश श्रीवास्तव, धर्मदास राजे, सिखोर अहिरवार, अनिकेत यादव, एवं राहूल दीक्षित उपस्थित रहें।

### सोमवार और शुक्रवार को ...

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने एमएसटीसी अंतर्गत वाहन पंजीयन और वाहन नीलामी के ऑक्शन की गतिविधियों में प्रगति लाने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सर्वविभाग प्रमुख अधिकारियों को सप्ताह के सोमवार एवं शुक्रवार को मुख्यालय में ही रहकर कार्यालयीन विभागीय कार्यों एवं आम जनता को भी समय देकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागों में पद रिक्त होने की स्थिति में अनुकम्पा नियुक्ति पर जोर देते हुए रिक्त पद की जानकारी से आवेदक को अवगत कराने और इस पद के विरूद्ध आवेदक की स्वीकृति लेकर नियुक्ति सुनिश्चित करने कहा है।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने अधिकारियों को शासन के आदेश से अवगत कराते हुए बताया कि डीएमएफसे विभागों में उपलब्ध कराए गए मानव संसाधन को बंद किया जाना है। यदि डीएमएफ से विभाग द्वारा मानव संसाधन की सेवाएं ली जा रही हो तो तत्काल बंद कराना सुश्चित करे। कलेक्टर ने क्रेडा द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को योजना में प्रगति लाने शासकीय सेवकों के निजी आवासों में सौर सिस्टम लगाने की पहल करने कहा। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया धीमी होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए नगरीय निकायों और जनपद सीईओ को निर्धारित लक्ष्य के मुबातिक प्रक्रिया में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान का उठाव की जानकारी ली। साथ ही उपार्जन केंद्रों से धान उठाव हेतु काटे गए डीओ टीओ के आधार पर मिलर्स से उठाव कराने डीएमओ को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम.भार्गव, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### 20 एजेंसियों को ...

है। कार्यपालन यंत्री उत्कर्ष पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों में रूचि न लेने वाले 5 एजेन्सियों को नोटिस जारी किया गया है तथा उनके आगामी समयावृद्धि प्रकरण में अर्थदण्ड लगाये जाने का निर्णय लिया गया है।

# एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर कल से

**साजा,** 31 दिसंबर। माहेश्वरी पंचायत, माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी युवा मण्डल साजा के संयुक्त तत्वाधान में माहेश्वरी भवन साजा में 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर वाईब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। उक्त शिविर के सबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए माहेश्वरी पंचायत साजा के अध्यक्ष रमेशकुमार राठी, माहेश्वरी महिला मण्डल की अध्यक्षा संगीता गांधी, माहेश्वरी युवा मण्डल के अध्यक्ष जितेशकुमार राठी ने बताया कि उक्त शिविर 2 से 7 जनवरी तक चलेगा। जिसमें सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम 3.30 बजे से 7.30 तक प्रत्येक मरीज का प्रतिदिन 15-20 मिनट इलाज किया जायेगा। शिविर में विभिन्न समस्याओं का चुंबकीय चिकित्सा एवं थैरेपी के माध्यम से उपचार किया जायेगा। जिसमें पुराना सरदर्द, सायटिका, आंख, कान, नाक, गले का रोग, लम्बाई बढ़ाना, घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सरवायकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ो का दर्द, लकवा (पैरालायसिस), मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरो में झुनझुनी आना आदि अनेक रोगों का ईलाज बिना दवाई द्वारा एक्यूप्रेशन सुजोक एवं वाईब्रेशन थैरेपी से किया जायेगा। पंजीयन की सुविधा मात्र 100 रूपये की शुल्क में इच्छुक लोग रमेशकुमार राठी, लक्ष्मीनारायण चांडक, संगीता गांधी, जितेश कुमार राठी (जीतू) के पास अपना पंजीयन करवा सकते हैं। यह शिविर स्वास्थ्य लाभ के लिए एक अद्भुत अवसर प्रदान करता हैं। आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य समस्याओ का समाधान प्राप्त करें। शिविर से सबंधित रजिस्ट्रेशन व अधिक जानकारी के लिए दिये गये मोबाईल नम्बर 7976684915 पर संपर्क कर सकते हैं।


साजा-धमधा विधानसभा
क्षेत्र के जन सेवक,लोकप्रिय विधायक
मा.श्री ईश्वर
साहू जी
जन्मदिन
की
1
जनवरी
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाये


राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के
यशस्वी लोकप्रिय, प्रखर वक्ता, ऊर्जावान सांसद माननीय
श्री संतोष पाण्डेय जी को
जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
आलोक श्रोती
विजय जैन
पिन्टू जोशी
प्रशांत कोड़ापे
हिमांशु सोनवानी


साजा-धमधा विधानसभा क्षेत्र के जन सेवक,लोकप्रिय विधायक
मा.श्री ईश्वर साहू जी को
जन्मदिन की
हार्दिक एवं बधाई
शुभकामनाये
1 जनवरी
नारद वर्मा
अध्यक्ष, परपोड़ी मंडल
विनीत : भारतीय जनता पार्टी परपोड़ी मंडल


JANUARY
1
साजा विधानसभा क्षेत्र के लोक प्रिय विधायक,जन-जन के नेता
मान. श्री ईश्वर साहू जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनायें
ओंकार सिंह बघेल
जिला उपाध्यक्ष
लोधी समाज बेमेतरा
श्रीमती चमेली बघेल
समाज सेवी
जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10
Print - Simmi Flex Dhamdha

# विभिन्न मांगों को लेकर ओबीसी महासभा के सदस्यों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बालोद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पंचायत राज एवं नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन कर ओबीसी को संख्या के बराबर आरक्षण प्रदान करने की मांग को लेकर ओबीसी महा सभा के अध्यक्ष राधेश्याम के नेतृत्व में रविवार को नया बस स्टेंड स्थित टैक्सी स्टैंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।




ओबीसी महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 क्रमांक 5 सन 2024 द्वारा प्रकाशित राजपत्र में मूल अधिनियम की धारा 11 की उप.धारा ;दोद्ध, धारा 11 क का उप.धारा के अधीन अनुसूचित जातियों तथा ध् अथवा अनुसूचित जनजातियों का कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से अधिक होने की स्थिति में अन्य पिछड़े वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश 2024 ;क्रमांक 3 सन 2024 छत्तीसगढ़ राजपत्र ;असाधारणद्ध क्रमांक 765 में मूल अधिनियम की धारा 13 की उप.धारा ;4 के खंड ;दोद्ध मूल अधिनियम की धारा 23 की उप.धारा ;3 के खंड ;दोद्ध, धारा 25 की उप.धारा ;2 के खंड ;दोद्ध, धारा 30 की उप. धारा 3 के खंड ;दोद्ध एवं मूल अधिनियम की धारा 32 की उप.धारा ;2 के खंड 2 के स्थान पर प्रतिस्थापित क्रमशः ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं राज्य में यदि अनुसूचित जातियों औरध्अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए 50 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से अधिक स्थान आरक्षित हो वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के साथ अन्याय है। चूंकि अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत ओबीसी समुदाय भी सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 16 4 में उचित आरक्षण का प्रावधान है एवं 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित नहीं है। 50 प्रतिशत सीमा निर्धारण संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह सिद्धांत भी प्रतिपादित किया गया है कि किसी क्षेत्र में निवासरत दूरस्थ क्षेत्र के व्यक्तियों की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को शिथिल कर सीमा बढ़ाई जा सकती है। राधेश्याम ने बताया कि ओबीसी समुदाय छत्तीसढ़ शासन से मांग करती है कि यदि ओबीसी आरक्षण में बढ़ोत्तरी नहीं कर सकती तो पूर्व से प्राप्त आरक्षण को कम भी न करें। 3 दिसंबर 2024 को पारित अध्यादेश को संविधान के अनुच्छेद 16 4 के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग को समुचित आरक्षण दिया जावे। अन्यथा ओबीसी महासभा चरणबद्ध उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिनकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन में चंद्रेश हिरवानी, यज्ञदेव सहित बड़ी सख्या में ओबीसी महा सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जर्जर भवन में संचालित हो रहा है पीपरछेड़ी का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कभी भी हो सकती है अनहोनी

**बालोद,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूरी तरह से जर्जर हो चुके भवन में पीपरछेड़ी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है कभी. भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। मरीज और स्वास्थ्यकर्मियों की जान हमेशा खतरे में रहती है। जर्जर हो चुकी भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपरछेड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल ऐसा है कि जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। बात इलाज की नहीं यहां जर्जर भवन की बात हो रही है। पिपरछेड़ी में चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। जान को खतरे में डालकर स्वास्थ्यकर्मी यहां काम करने को मजबूर है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं शासन प्रशासन को उक्त जर्जर भवन की स्थिति से अवगत कर समय पर संधारण कार्य अथवा नवीन भवन निर्माण की मांग के पश्चात भी जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो कभी भी स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी तथा प्रतिदिन आने वाले मरीजों के लिए




घातक साबित हो सकता है।

बता दे कि पीपरछेड़ी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आसपास के 21 ग्रामों के 25 हजार ग्रामीण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा का लाभ लेते हैं। प्रतिमाह डेढ़ से दो हजार ग्रामीण अपनी स्वास्थ्यगत समस्या लेकर यहां आते हैं जिन्हें समुचित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। विदित हो कि संस्थागत सर्वाधिक सुरक्षित प्रसव कार्य के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सम्मानित भी किया जा चुका है लेकिन स्वास्थ्य केन्द्र भवन की जर्जर स्थिति को देख अब आने वाले मरीज भी भयभीत होने लगे हैं। भवन की सुरक्षा के लिए अब तक बाउण्ड्रीवाल का निर्माण भी नहीं किया गया है जिसके चलते शाम ढलते ही असामाजिक तत्व परिसर में बैठकर नशापान करते नजर आते हैं वहीं बाउण्ड्रीवाल नहीं होने के कारण आसानी से मवेशियों का झुंड परिसर में विचरण करते रहते हैं। स्वास्थ्य केन्द्र में आने जाने के लिए अब तक सीसी रोड का निर्माण नहीं हो पाया है जिसके चलते बरसात के दिनों में मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को कीचड़ भरे रास्ते से होकर आवागमन करना पड़ता है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन तथा शासन से शीघ्र ही उपरोक्त समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक यशोदा



**खैरागढ़,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम भोथी में सतनामी समाज के द्वारा गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा शामिल हुई। विधायक यशोदा वर्मा ने पवित्र जैतखाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना की और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने अपना जीवन संपूर्ण मानव समाज के लिए समर्पित कर दिया था और समाज में फैली छुआछूत एवं अन्य बुराइयों को दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। गुरु घासीदास बाबा ने हम सबको सत्य अहिंसा प्रेम सद्भाव का रास्ता दिखाया था। उनका कहना था कि हमें मानव जीवन बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता गैंदलाल कुर्रे, नीलांबर वर्मा, सभापति विप्लव साहू, विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र सेन, ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह व कांग्रेसजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन जिला बेमेतरा का गठन

**थान खम्हरिया,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन जिला बेमेतरा का गठन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मंजू गोस्वामी रायपुर विशेष रूप से उपस्थित रही पूर्व अध्यक्ष अभ्भन सेन ने अपने 3 वर्ष की उपलब्धि को विस्तार से बताया तथा संगठन में हुई गतिविधियां की जानकारी दिया उसके बाद उपस्थित सभी जिला भर से आए कलाकार ने सर्वसम्मति से श्रीमती सुषमा साहू कृष्णा विहार बेमेतरा को अध्यक्ष चुना गया जिसमें उसके पश्चात श्रीमती साहू ने अपने संपूर्ण कार्यकारी का कार्यकारिणी का विधिवत विस्तार किया किया गया जिसमें निम्न पदाधिकारी बनाए गए कार्यक्रम गांधी भवन बेसिक स्कूल ग्राउंड मैदान में बेमेतरा में हुआ जिसमें




जिला संरक्षक शत्रुघ्न साहू संरक्षक अभ्भंन सेन महासचिव मनोज शर्मा कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा साहु जिला अध्यक्ष नरसिंह गोस्वामी ढोलिया नारायण निषाद कटई नवागढ़ ईश्वर सिन्हा नवागांव सोढ धन सिंह निषाद बेरला श्रीमती किरण दुबे चारभाटा श्रीमती भुवनेश्वरी विश्वकर्मा खाती संगठन सचिव गोविंद जायसवाल बेमेतरा प्रचार सचिव घनश्याम ठाकुर तेंदू भाटा मीडिया प्रभारी संजू जैन देवरबीजा अंकेक्षक हीराराम शाहू प्रवक्ता ओमप्रकाश ठाकुर छेलियापुर छिरहा सलाहकार राम कुमार टंडन शिक्षक बेमेतरा ईश्वर साहू कवि ठेलका महेंद्र चौहान नयापारा तेंदुआ कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम साहू कंदई हनुमान प्रसाद तिवारी संबलपुर राम कुमार ताम्रकार बेरला दिलीप टिकरिया पिरदा भिभौरी डॉक्टर खेमराम साहू चंदनू श्रवण साहू खाती नारायण पटेल चुहका विश्वनाथ साहू खाती बल्लू साहू पतोरा सेवक राम साहू करूवाजनेवा रामकुमार साहू जेवरा एन चंदू साहू चमारी रमुव चक्रधारी श्रवण साहू बरगा थान खम्हिरिया तथा बेमेतरा जिला में 14 मंडल अध्यक्ष भी बनाए गए हैं जिसमें मंडल अध्यक्ष कौशल सिंन्हा नरी दाढ़ी में अध्यक्ष हेमूराम चंद्राकर का नवागढ़ में भागवत निर्मलकर मारो में शिवनंदन राजपूत बेवरा में प्रमोद साहू घुरसेना राका मंडल पूनाराम पाठक बासनी सरदा में रघुवीर साहू बेरला भाटा सोरी यशराज साहू श्रीमती सत्यभामा पर्धनिया सिलघाट बेरला परपोडी महेंद्र साहू भटगांव देवकर अनिल गुप्ता नवकैसा देवकर कुमारी दामिनी मरकाम माटरा देवरबीजा आत्माराम पटेल तेंदू भाटा बनाए गए हैं तथा मंडल थान खम्हिरिया कौशाल दास वैष्णव हाडाहुडी कार्यक्रम के सफल बनाने विशेष योगदान ललित विश्वकर्मा ताराचंद रोशन दत्ता सभी को नियुक्त पत्र प्रदान किया गया नववर्ष की सभी को बधाई दी गई कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया।

# चलती बाइक से कूदी युवती गंभीर रूप से हुई घायल



**खैरागढ़,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। रश्मि देवी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ग्राम काँचरी निवासी संजना तोड़े उम्र 19 वर्ष को उसका दोस्त लालपुर निवासी आदित्य मार्कण्डेय उम्र 21 वर्ष अपने बाइक से उसके घर ग्राम काँचरी छोड़ने जा रहा था तभी ग्राम काँचरी के तालाब के पास युवती अचानक चलती गाड़ी से कूद गई जिससे उसके चेहरे और हाथ पैर में बुरी तरह से चोट लगी है। युवती को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया है। युवती गाड़ी से क्यों कूदी ये अभी साफ नहीं हो पाया है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का है जिसके चलते युवती व युवक के बीच विवाद हुआ है युवती चलती गाड़ी से कूद गई। यह तो तभी स्पष्ट हो पाएगा जब पुलिस इस विषय पर जांच करेगी और युवक तथा युवती से बयान लिया जाएगा। फिलहाल मामले की सच्चाई क्या है इससे सभी अनजान है।

# ग्रामीणों ने लोधी परिवार का किया हुक्का-पानी बंद

## बहिष्कार से त्रस्त परिजन पहुंचे एसपी कार्यालय

**खैरागढ़,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ जिले के ग्राम शिकारीटोला में दबंगों के द्वारा एक परिवार को बहिष्कृत कर दिया गया है, 7 माह पहले जातिगत समाज ने छोड़ा और अब गांव में भी बहिष्कार कर दिया है। इस परिवार को पानी से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी में बेहद परेशानी का सामना करना पड रहा है। ठेलकाडीह थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम शिकारीटोला के ग्रामीण मिलनराम वर्मा को 7 माह पहले समाज ने छोड़ा और अब गांव में भी दबंगो ने बहिष्कार कर दिया है। मामले को लेकर मिलन राम ने बताया कि उसके बड़े पुत्र मोतीलाल और गांव के हेमंत सेन दोनों मिलकर मई 2024 में शिकारीटोला निवासी हरदयाल सिन्हा का ट्रैक्टर ट्राली चोरी किया था जिसका जुर्म कबूल किया और जेल भी चला गया जिसे जमानत पर रिहा करवाया जिसकी पेशी न्यायालय में आज भी चल रही है। दोनो पक्षों के बीच आपस में समझौता हुआ की ट्राली का कागजात लाना फिर जो भी खर्चा होगा ट्राली को छुड़ाने में उसको देने कि बात तय कि गई थी लेकिन अब ट्राली मालिक हरदयाल सिन्हा ट्राली से सम्बंधित कोई भी कागजात थाने में पेश नहीं कर पा रहा है। इसी बात को लेकर हरदयाल सिन्हा ग्रामीणों का सहारा लेकर ट्राली की कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए देना करके जबरदस्ती दबाव बनाया। मिलन की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अर्थदण्ड देने से इंकार कर दिया जिसके कारण ग्रामीणों ने उसके परिवार का हुक्का पानी बंद कराकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा हैं। उसके परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए कोतवाल से गांव में मुनादी भी कराई गई है। पीड़ित परिवार ने खैरागढ़ एसपी कार्यालय पहुंच कर अपने परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।



# बालोदगहन में दो मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज




**गुरुर,** 31 दिसम्बर (देशबंधु)। नेशनल हाईवे 30 ग्राम बालोद गहन में दो मोटरसाइकिल में टक्कर होने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना 10 दिसंबर 2024 की शाम लगभग 7 की है लेकिन घटना की शिकायत पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ आज मामला दर्ज किया है। आज सोमवार की शाम 5 बजे पुलिस थाना पुरुर से जानकारी के मुताबिक घटना दिनांक को ग्राम कुरुद निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार ध्रुव अपने दोस्त तुलसीराम ध्रुव के साथ मोटरसाइकिल से राजा राव पठार ग्राम करेंझर से वापस गृहग्राम कुरूद जा रहे थे,तभी नेशनल हाईवे 30 में ग्राम बालोद गहन के पास पहुंचे थे कि सामने की तरफ से आ रहे अन्य मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए इनके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

घटना में जितेंद्र कुमार के सिर में, हाथ पैर में गंभीर चोट लगी थी। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना में मोटरसाइकिल को भी क्षति पहुंचा है। सोमवार की शाम 5 बजे पुलिस थाना पुरुर से जानकारी के मुताबिक इस घटना की शिकायत पर अन्य मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125 ए एवं 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी...

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा ग्यारहवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। समिति के समन्वयकों के साथ आयोजित बैठकों में निरंतर चल रही गतिविधियों के विषय में अपडेट एवं आवश्यकता के अनुसार दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

**दो सत्रों में होगा उपाधि और पदक वितरण**

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 की विभिन्न परीक्षाओं (स्नातक, स्नातकोत्तर व पत्रोपाधि) में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही वे शोधार्थी जो 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2024 के मध्य पीएचडी उपाधि हेतु पात्र गए हैं, शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह की रिहर्सल हेतु विद्यार्थियों को समारोह स्थल पर 11 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

**पारंपरिक वेशभूषा में होगा उपाधि वितरण**

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में भारतीय संस्कृति के अनुरूप वेशभूषा का चयन किया गया है। ग्यारहवें समारोह में छत्तीसगढ़ की स्थानीयता को प्रदर्शित करने के लिए कोसा को विशेष रूप से शामिल किया गया है। दीक्षांत शोभायात्रा के सम्मानीय सदस्यों, स्वर्ण मंडित पदक प्राप्त करने वाले एवं पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक वेशभूषा रखी गई है।

**दीक्षांत हेतु 19 समितियों का गठन**

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह की विस्तृत तैयारियों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु विभिन्न 19 समितियों का गठन किया गया है। दीक्षांत समारोह के संयोजक प्रो. मनीष श्रीवास्तव, सह-संयोजक प्रो. एम.एन. त्रिपाठी एवं डॉ. संपूर्णानंद झा को बनाया गया है।

### प्रदेश के शहरों को साफ, सुंदर...

समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए अच्छी गुणवत्ता की उत्कृष्ट मूर्ति स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल परिसर का इस तरह निर्माण करें कि शहर में इसकी विशेष पहचान और दर्शनीय स्थल बनें। उन्होंने प्रदेश के 12 शहरों में बनाए जा रहे नालंदा परिसर के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र काम प्रारंभ करने को कहा। साव ने अधिकारियों से कहा कि नालंदा परिसर का शानदार और आइकॉनिक निर्माण होना चाहिए। नालंदा परिसर और अटल परिसर का निर्माण सरकार के महत्वाकांक्षी कार्य हैं। उन्होंने आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को खुद इनकी मॉनिटरिंग करने और प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# कबीरधाम का नया सवेरा- विकास और सुशासन की ओर एक मजबूत कदम

**कवर्धा,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। वर्ष 2024, कबीरधाम जिले के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिले ने विकास के नए आयामो को छुआ है। एक ओर विकास के नए आयामो पर कबीरधाम प्रगति के पथ आगे बढ़ा है, वही दूसरी राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों ने कबीरधाम जिले के अंतिम व्यक्ति के च्अंत्योदयज्ज की परिकल्पनाओं को भी साकार किया है।

बुधवार को वर्ष 2025 का नया सूर्योदय होने जा रहा। बीते साल की उपलब्धियों को लेकर नया साल विकास की पहिये पहिये को और आगे बढ़ाएगा।

वर्ष 2024 का अंतिम दिन जैसे ही कबीरधाम जिले की धरती पर कदम रखता है, हम देखते हैं कि यह वर्ष जिले के लिए केवल एक साल नहीं, बल्कि विकास और समृद्धि का प्रतीक बनकर उभरा है। इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां जिले के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित हुई हैं। कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की स्वीकृति, कवर्धा में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 306.23 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति, और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 7544 आवासों की स्वीकृति, यह सब जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं। इसके अलावा, कृषि, जल जीवन मिशन, महिला सशक्तिकरण, और खेल गतिविधियों के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इन सभी योजनाओं और परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करना और जिले के लोगों को इसका लाभ पहुंचाना, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में संभव हो पाया है। यह वर्ष कबीरधाम के लिए एक नया सूर्योदय लेकर आया है, जहां विकास की नई खास बात यह है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जो खुद कबीरधाम जिले के निवासी हैं, ने अपने जिले के विकास में जिस तरह की भागीदारी निभाई है। वह न केवल उनके नेतृत्व की श्रेष्ठता को प्रमाणित करती है, बल्कि जिले की प्रगति की कहानी में उनके योगदान को भी अजेय बनाती है। किरण से हर क्षेत्र रोशन हो रहा है।

**रेलवे परियोजना का ऐतिहासिक कदम** - कबीरधाम जिले के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, जो विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह परियोजना न केवल जिले में बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगी, बल्कि जिले को अन्य प्रमुख शहरों से जोड़कर व्यापारिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना के शुरू होने से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी और साथ ही पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार** - कबीरधाम के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि यह रही कि कवर्धा में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 306.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। यह पहल जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की संयुक्त सोच और प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिन्होंने इस योजना को लागू करने के लिए



कड़ी मेहनत की। मेडिकल कॉलेज के निर्माण से न केवल जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि युवाओं के लिए चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

**कृषि क्षेत्र में ठोस कदम** - कबीरधाम जिले के किसान अब अपनी मेहनत का उचित मुआवजा पा रहे हैं, क्योंकि वर्ष 2023दृ24 में धान की खरीदारी के लिए 3100 रुपए प्रति चिंटल की दर सुनिश्चित की गई। इस वर्ष 6 लाख 1 हजार 565 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई, और 1318 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खातों में जमा की गई। इसके अलावा, कृषक उन्नति योजना के तहत 546 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने किसानों की बेहतरी के लिए यह सुनिश्चित किया कि उनके हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए। इस निर्णय से कबीरधाम के किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर है, और उनके जीवन में बदलाव आ रहा है। यह विकास के लिए उनका समर्पण और सूझबूझ ही है, जो जिले के किसान समुदाय को समृद्ध बना रहा है।

**महिला सशक्तिकरणः महतारी वन्दन योजना की सफलता** - कबीरधाम में महतारी वन्दन योजना के तहत 2,54,000 महिलाओं को जोड़कर उन्हें 1,000 रुपए प्रति माह की राशि दी जा रही है। अब तक 212.11 करोड़ रुपए की राशि महिला हितग्राहियों में वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की विशेष योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया है, ताकि समाज में उनकी स्थिति में सुधार हो सके। यह योजना न केवल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बल देती है, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करती है।

**सड़क, आवास और जल जीवन मिशन में क्रांतिकारी बदलाव** - प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में 7544 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही, जिले के 47 सड़कों (186.20 कि.मी.) के लिए 135.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जिले में बेहतर परिवहन सुविधाएं और पक्के घर उपलब्ध कराना है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

जल जीवन मिशन के तहत, जिले में 959 ग्रामों को पानी की आपूर्ति शुरू की गई है और 1062.18 करोड़ रुपए की राशि जल परियोजनाओं के लिए स्वीकृत की गई है। अब तक 163478 परिवारों को जल कनेक्शन मिल चुका है, जिससे जल संकट का समाधान हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ रहा है।

**खेल और युवा विकास के लिए बड़े कदम** - कबीरधाम के युवा अब अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जिले में 24 नए मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं, जिनकी कुल लागत 12 करोड़ 29 लाख रुपए है। यह पहल युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा।

**बदल रहा है कवर्धा नगर पालिका की तस्वीर** - कवर्धा नगर पालिका ने 26 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति दी है, जिसमें गौरवपथ, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम का जीर्णोद्धार शामिल हैं। इन कार्यों से न केवल शहर का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यहां के निवासियों को भी बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलेंगी।

**विष्णु देव साय के सुशासन और विजय शर्मा के संकल्पों से प्रगति के पथ पर कबीरधाम**- प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और विजय शर्मा के संकल्पों से प्रगति के पथ पर कबीरधाम तेजी से आगे बढ़ रहा है। कबीरधाम जिले के निवासी होने के कारण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जिले के विकास में विशेष योगदान रहा है। उनका व्यक्तिगत जुड़ाव और जिले के प्रति उनका समर्पण जिले के विकास की गति को और तेज कर रहा है। उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि जिले की जरूरतों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं और उन पर त्वरित कार्यवाही भी हो रही है। कबीरधाम जिले ने वर्ष 2024 में विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के नए आयाम स्थापित हुए है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिले ने जिस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। आने वाला नया वर्ष 2025 विकास की नई ऊंचाइयों और बुलंदियों को छुएगा, ऐसी जन भावनाओ की आशा और उम्मीद है।

संपादकीय

## नये थाने देंगे अधिक सुरक्षा

छत्तीसगढ़ में नये पुलिस स्टेशन खुलने जा रहे हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार के दृष्टिकोण से अधिकाधिक थाने खुलने चाहिये ताकि शांतिप्रिय नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। जनसंख्या के घनत्व का अनुपात देखें तो राज्य भर के ज्यादातर पुलिस स्टेशनों पर काम का काफी दबाव है। अधिक थाने खुलने से उन पर से मामलों का बोझ घटेगा। ग्रामीण एवं आदिवासी इलाकों में, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी नये थाने खुल रहे हैं जो लोगों को महफूज़ महसूस करने में सहायक होंगे। इस निर्णय के अंतर्गत 14 जिलों में 30 नये थाने खुलने जा रहे हैं। इनमें 17 उन क्षेत्रों में होंगे जो माओवाद से पीड़ित हैं। राजधानी रायपुर को भी एक नया पुलिस स्टेशन मिलने जा रहा है। आशा है कि इससे प्रदेश में नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा अपराधों पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी। बढ़ती जनसंख्या के साथ ही सरकार को इस बात का आकलन करते रहना होगा कि किन इलाकों में पुलिस बल बढ़ाने या नये पुलिस स्टेशनों की आवश्यकता है। इसके अनुरूप उसे कदम उठाते रहने चाहिये।

पुलिस मुख्यालय ने इस आशय का एक परिपत्र भी पुलिस अधीक्षकों को जारी किया है जिसके अनुसार रायपुर में राजातालाब नूरानी चौक क्षेत्र के लिये नया थाना होगा। अन्य नये पुलिस स्टेशन बलौदाबाजार, महासमुन्द, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा एवं जशपुर के विभिन्न क्षेत्रों में खोले जा रहे हैं जिनकी संख्या एक या उससे अधिक भी है। जिन नक्सल प्रभावित जिलों को नये पुलिस स्टेशन प्राप्त हो रहे हैं, वे हैं- बस्तर व बीजापुर (2-2), कांकेर (1), कोंडागांव (1), नारायणपुर (6), एवं सुकमा (5) हैं। इस प्रकार देखें तो ये सभी थाने उन क्षेत्रों में खुल रहे हैं जहां इनकी सख्त ज़रूरत है। कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए इन स्थानों का निर्धारण किया गया है साथ ही जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग का भी ध्यान रखा गया है। जहां तक माओवाद से पीड़ित क्षेत्रों में नये थानों की बात है तो कहा जा सकता है कि इन इलाकों में लोगों के मन में सरकार के प्रति भरोसा कायम करना ज़रूरी है। इन सभी क्षेत्रों में नक्सली अपनी हिंसक कार्रवाइयां करते हैं। क्षेत्र में या नज़दीक में ही पुलिस बल की तैनाती होने से आदिवासियों एवं ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना आयेगी।

सभी थानों के अधिकारियों-कर्मचारियों पर मामलों का भारी दबाव होता है। मामले अधिक होने से उनकी विवेचना ठीक से नहीं हो पाती। इसका असर यह होता है कि अपराधी तत्वों तक पुलिस की या तो पकड़ नहीं होती अथवा उनके खिलाफ़ मामले कमजोर बनते हैं। नये थाने पहले से कार्यरत पुलिस स्टेशनों के मामलों का बोझ कम करेंगे। नागरिकों की थानों से दूरी घटने का अत्यंत सकारात्मक असर होगा। इसलिये राज्य सरकार को चाहिये कि वह पर्याप्त संख्या में थाने खोले।

उल्टा पुल्टा

एक आदमी मुर्गे का फर्म चलाता था उसने किसी फौजी रिश्तेदार को दावत पर बुलाया। रिश्तेदार दो मुर्गे खा गया फिर भी उसका पेट नहीं भरा, उसकी नजर और मुर्गों पर थी।
रिश्तेदार (आंगन में एक बूढ़े मुर्गे को देखकर)- देखो, ये मुर्गा किस शान से लड़खड़ा रहा है
आदमी (चिढ़कर)- शान क्यों न हों? इसके दो बेटे एक फौजी अधिकारी की सेवा जो कर चुके हैं।

# गत वर्ष की तुलना में महिला अपराधों में आई कमी, किन्नर हत्याकांड में मिली बड़ी सफलता : एसपी अग्रवाल



पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्रवाई की दी वार्षिक जानकारी

**बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला पुलिस बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा वर्ष 2024 में हुए अपराधों एवं कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने प्रमुख आंकडो की जानकारी दी है। जिसके अनुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2024 में पंजीबध्द अपराधों में वर्ष 2022 की तुलना में आंशिक कमी एवं वर्ष 2023 की तुलना में आंशिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में महिला संबंधी अपराध में कमी आई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में संपत्ति संबंधी अपराध में 24.65: की कमी आई है तथा संपत्ति बरामदगी में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मादक पदार्थ के मामले में वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में 92.30: की वृद्धि हुई है तथा नशीले पदार्थों की जप्ती में 1063.646 किलोग्राम मादक पदार्थ अधिक जप्त किया गया है। मादक पदार्थ के मामलों में सूचना तंत्र को मजबूत कर पहली बार ब्राउन शुगर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने में सफलता प्राप्त हुई है। अवैध शराब के विरुद्ध वर्ष 2023 की 1801 प्रकरण में 11873 लीटर जप्ती की तुलना में वर्ष 2024 में 2005 प्रकरण में 17 हजार लीटर से अधिक के शराब की जप्ती कार्रवाई की गई है, जो गत वर्ष की तुलना कार्यवाही एवं जप्ती में काफी वृद्धि होना पाया गया है।

एसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि मोटरयान अधिनियम के तहत वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में 68: अधिक कार्यवाही की गई है एवं 111.59 लाख रुपए की अतिरिक्त समन शुल्क वसूला गया है। वर्ष 2023 में 97 अभ्यासिक अपराधियों के विरुद्ध धारा 110 के तहत की गई कार्रवाई की तुलना में वर्ष 2024 में 164 अभ्यासिक अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। वर्ष 2023 में 871 गुम इंसानों की दस्तयाबी की गई थी, जबकि वर्ष 2024 में 1061 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। वर्ष 2024 की दस्तयाबी में गत वर्ष की तुलना में 21: की वृद्धि हुई है। जिले में निवासरत बदमाशों की अपराधी गतिविधियों एवं बदमाशों के प्रति लोगों में व्याप्त भय में कमी लाने हेतु वर्ष 2024 में 100 बदमाशों की गुंडा फाइल एवं 76 बदमाशों को निगरानी में लाया गया है। हिट एंड रन के 184 प्रकरणों में पीड़ित पक्ष को मुआवजा हेतु प्रकरण तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है, जिसमें से अब तक 14 प्रकरणों में पीड़ित पक्ष को 13 लाख 75 हजार रूपए राहत राशि प्रदान किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2024 में महिला, बाल अपराध एवं एससी एसटी एक्ट के पंजीबद्ध 2278 प्रकरण में से 131 प्रकरण में पीड़ित पक्ष को राहत राशि हेतु प्रतिवेदन सक्षम प्राधिकारी को भेजा गया है, जिसमें से 29 प्रकरण में 35.77 लाख रूपए पीड़ित पक्ष को प्रदान किया गया है।

एसपी श्री अग्रवाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि नशाखोरी के चलते अपराध में बढ़ोत्तरी हो रही है जिस पर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। वहीं आदतन बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। भिखारियों एवं बाहरी प्रांत से आये अपराधिक तत्व के लोगों के प्रति भी जांच कार्यवाही की जा रही है। तत्कालिन में 600 से अधिक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बहुप्रतीक्षित मांग के लिए राजिम विधायक ने स्वीकृत किए 72 लाख



राजिम नगर की आराध्य देवी माँ शीतला मंदिर प्रांगण एवं शीतला तालाब सौंदर्यीकरण की

**राजिम**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। राजिम नगर की आराध्य देवी माँ शीतला मंदिर प्रांगण एवं शीतला तालाब सौंदर्यीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग को राजिम विधायक श्री रोहित साहू जी के द्वारा पूरा करते हुए 72 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाया गया है, उक्त मांग पूर्ण होने पर नगरवासियों के द्वारा विधायक निवास पहुंच कर धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। शीतला मंदिर प्रांगण एवं तालाब का सौंदर्यीकरण होने से वंहा की सुंदरता में चार चांद लग जायेगा तथा दर्शनार्थियों की संख्या में भी वृद्धि होगी। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम नगर की गरिमा के अनुरूप नगर का विकास किया जायेगा तथा रुपयों की कमी नही होगी, जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे विधायक बनाया है उनके विश्वास पर मैं अवश्य खरा उतरूंगा। विधायक रोहित साहू जी के निवास पहुंच कर आभार एवं धन्यवाद देने वालो में महेश यादव, लीलेश्वर यदु, रामकुमार साहू, श्यामू साहू, भारत यादव, पूर्ण यादव, साधु निषाद, उत्तम निषाद, शरद पारकर, वाल्मीकि धीवर, पवन सोनी, संजु निर्मलकर, सोनू साहू, लक्ष्मी निषाद, विजय यादव, धन्नू यादव, महिलाओं में श्रीमती अनिता यादव, तीज निर्मलकर, ललिता निर्मलकर, अन्नू पांडेय, अंशु यादव, आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र



**धमतरी**, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने 31 दिसम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 5 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री मरकाम ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में अब्दुल गनी शेख, सहायक वर्ग 2 कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग धमतरी, नारायण सिंह ध्रुव व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद, वीर सिंह सिन्हा, लेखापाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मगरलोड, ईश्वर लाल साहू, प्रधान पाठक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी और पंचराम बंजारे प्रधान पाठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी, शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों ने राइस मिलर्स के हित में लिया शानदार निर्णय, आर्थिक परेशानी से गुजर रहे थे : दिनेश सांखला



राइस मिल अध्यक्ष दिनेश सांखला ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**राजिम**, 31 दिसंबर (देशबन्धु) कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राइस मिलर्स की 2022-2023 की लंबित मांगों का पूर्ण भुगतान एवं एल एल सी दर से भाड़ा को स्वीकृत दी है। इस ऐतिहासिक निर्णय का राजिम राइस मिल एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपमुख्यमंत्री अरुण साव, एवं विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक रोहित साहू, भुपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंह, श्रीराम गर्ग का स्वागत करते हुए आभार जताया। राजिम राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सांखला ने कहा कि मुख्यमंत्री और >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विधायक रोहित साहू को निमंत्रण देने पहुंचे जिला साहू समाज के पदाधिकारी



**राजिम**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष नारायण साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक गैंदलाल साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, व्यपारी प्रकोष्ठ संयोजक रामगुलाल साहू युवा प्रकोष्ठ, उपाध्यक्ष संजू साहू युवा राजिम परिक्षेत्र साचिव किशोर साहू प्रकोष्ठ संगठन साचिव युगल किशोर साहू ने विधायक निवास जाकर विधायक रोहित साहू एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू को 7 जनवरी के भक्त माता राजिम जयंती समारोह का न्योता दिया।

# स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुई पूर्व विधायक रंजना



**धमतरी**, 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार के नगर भवन में स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन द्वारा राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी कि कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचिका देवी चंद्रकला जी के द्वारा भगवान श्री राम जी के विभिन्न कथाओं को श्रोतागणों को परोस रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू कथा रसपान करने पहुंची। सर्वप्रथम व्यास पीठ एवं कथा वाचिका से आशीर्वाद लिए एवं उनके मुखार विंद से कथा श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त किए। कथा वाचिका ने भगवान श्रीराम की महिमा, ज्ञान और यज्ञ के महत्व को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की महिमा का जितना वर्णन किया जाए, वह कम है, श्रीराम नाम के जाप में अद्भुत शक्ति है, जो हमें भवसागर से पार लगाती हैं। श्रीमती रंजना साहू ने स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन एवं छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा जी को श्रीराम कथा आयोजन के लिए मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# जंगली सुअर का 10 किलो मांस सहित आरोपी वन विभाग की गिरफ्त में



**कसडोल/बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार वन मंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल एवं उप मंडलाधिकारी हितेश ठाकुर कसडोल के निर्देशानुसार सोनाखान रेंजर सुनीत साहू के नेतृत्व में रात्रि गश्त के दौरान 30 दिसंबर सोमवार को ग्राम चंहाट में वन्य प्राणी जंगली सुअर का शिकार कर आरोपी के घर से पका हुआ, भूना हुआ एवं कच्चा सुअर का मांस लगभग 10 किलोग्राम की मात्रा में वन विभाग ने जप्त किया है।

विभागीय मिली जानकारी के अनुसार कसडोल उपमंडल नवागांव के समीप स्थित ग्राम चनहाट में बीते रात्रि को सुबह 10 बजे वन कर्मचारी की सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत कुमार साहू द्वारा छापेमार कार्रवाई कर जंगली सूअर का पका हुआ, भूना हुआ एवं कच्चा मांस लगभग 10 किलो जप्त किया गया है। बताया गया कि मौके पर सभी आरोपी फरार हो गए वहीं शिकार प्रकरण के मुख्य आरोपी विश्राम यादव पिता कीर्तन यादव के घर से जंगली सूअर का मांस बरामद किया गया है। पकड़े गए मांस को सैंपल लेकर जांच हेतु जबलपुर भेजा गया है वहीं इस शिकार प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है इस प्रकरण में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत आगे की कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में योगेश साहू डिप्टी, हरगोविंद जायसवाल, उमा साहू, कैलाश यादव, दिनेश वर्मा डिप्टी, ललित वर्मा, मेलाराम एवं अन्य कर्मचारियों का प्रमुख सहयोग रहा।

# खैरघाट स्कूल में न्योता भोज आयोजित



**अर्जुनी/बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला खैरघाट में न्योता भोज का आयोजन शिक्षक होनेश्वरी वर्मा द्वारा अपनी सासू मां कुंती वर्मा के स्वर्गवासी होने पर श्रद्धांजलि स्वरूप व सासू मां के आज जयंती के उपलक्ष्य पर प्राथमिक शाला खैरघाट के बच्चों को न्योता भोज दिया गया। जिसमे फ्ल सेव, अनार, केला एवं भजिया खीर, पुड़ी का भोज छात्र-छात्राओं को कराया गया। शाला परिवार की ओर से माता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मैडम को विद्यालय ने परिवार सहित धन्यवाद प्रेषित किया है।

# घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक, सीसी रोड के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम खैरझिटी में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह में शामिल हुए। साथ ही सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह में पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पवित्र जैतखाम का पूजा किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास को याद करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम मानवता की परिभाषा को समझ सकते हैं। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान का महत्व सिर्फप्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास जी हमेशा अमर रहेंगे। उनके दिखाए सत्य मार्ग पर चलकर बड़ी से बड़ी कठिनाई दूर हो जाती है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, पवन पटेल, पप्पू पटेल, प्रकाश शर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। ग्राम खैरझिटी में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधि विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारी सरकार में शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की गति तेज हुई है। हमारा उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। इसके लिए, लगातार विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है।

# तीरंदाजी चैंपियनशिप जयपुर के लिए सात खिलाड़ियों का चयन



**महासमुंद**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ द्वारा सब जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर को खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के खिलाड़ियों की भागीदारी रही है। महासमुंद जिले के 07 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना स्थान बनाया। जिसमें ग्राम पंचायत बिहाझर से जया साहू, सत्यभामा, पदमा साहू, ग्राम पंचायत डोकर पाली से तोरण यादव, ग्राम मौलीमुड़ा ग्राम पंचायत कसहीबहरा से चांदनी साहू, बाल आश्रम बिहाझर से संजय सोनवानी एवं नगर पालिका परिषद बागबाहरा से नवलीन कौर शामिल हैं। जो 41वीं एनटीपीसी सब जूनियर (रिकर्व बालिका आर्चरी चैंपियनशिप जयपुर राजस्थान में 3 से 10 जनवरी तक छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम से शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष डा. विकास अग्रवाल ने बताया कि जिले के खिलाड़ी राज्य अकादमी बिलासपुर, रायपुर साई रायपुर के साथ जिले में खेलों इंडिया सेंटर एवं बाल आश्रम बिहाझर में तीरंदाजी खेल का नियमित अभ्यास कर रहे हैं। जिससे खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। महासमुंद जिले के 5 बेटियों और 02 बेटों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में होने पर बागबाहरा महासमुंद में हर्ष की लहर है। महासमुंद जिले को तीरंदाजी खेल में मिल रही लगातार उपलब्धियां जो हमारे खिलाड़ियों के कड़े परिश्रम, कोच की मेहनत और जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे के विशेष सहयोग का परिणाम है। राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित होने एवं जया साहू, पदमा साहू, संजय सोनवानी के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने पर जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, डॉ पुनेंद्र चंद्राकर छात्रवास अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय भोरिंग, महेंद्र टंडन व्यायाम शिक्षक गौरव शर्मा, नीलम साहू व खेल प्रशिक्षक बाल आश्रम बिहाझर पिरित साहू, संजय पटेल, सोमनाथ साहू, ऋषि कपूर साहू, हिरेंद्र देवांगन, डॉ सुनील कुमार भोई, रिंकल बग्गा, रंजीत कौर, भोज राम साहू, नरेश, खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद के सभी खिलाड़ी, बॉल आश्रम बिहाझर के सभी खिलाड़ी व समस्त स्टॉफ माता पिता आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# 22 जनपद सदस्यों ने किया जनपद में प्रदर्शन



**कुरूद,** 31 दिसंबर (देशबंधु)। धमतरी जनपद में बिना सामान्य सभा की बैठक प्रस्ताव पास किये और बिना बैठक के ही केवल तीन जनपद सदस्यों के क्षेत्र में 54 लाख के कार्यों की स्वीकृति को लेकर विरोध जताया और जनपद से लेकर कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया। 30 दिसंबर को जनपद सदस्यों ने जनपद में जमकर नारेबाजी की। मालूम हो कि देशबंधु समाचार पत्र ने इस आशय से संबंधित समाचार का प्रकाशन 28 दिसंबर को ही कर दिया था।

जनपद पंचायत धमतरी के 22 सदस्यों ने विकास कार्यों की राशि को तीन क्षेत्रों में बांटने का आरोप लगाकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। यहां संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सदस्यों ने जनपद पंचायत सीईओ कक्ष के सामने बैठकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सीईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद हुई बैठक में जनपद सीईओ ने सभी की बातें सुनकर कहा कि शासन से आवंटित हुई राशि सभी सदस्यों को समान रूप से सभी को बांटी जाएगी। जनपद पंचायत धमतरी की पूर्व अध्यक्ष गुंजा साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, सदस्य अनिल तिवारी, जागेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, गीता बाई, चंद्रकला बंजारे, रूपाली ध्रुव, शैलेष मंडावी, रामाधार साहू, गोपाल साहू, पूर्णिमा बनपेला, सुरेश मरकाम, मानिक साहू, रोशनी पवार, अनुपमा साहू, जानकी, जागेन्द्र साहू, विजय कुमार, वर्षा साहू, माधुरी साहू, सरिता यादव ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी कर विकास निधि के वितरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि जनपद पंचायत धमतरी में वर्ष 2024-25 अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्यास के कार्यों हेतु जनपद पंचायत विकास निधि की 60 प्रतिशत राशि, आबंटन राशि 32 लाख 40 हजार रूपये 16 दिसंबर 2024 को आ चुकी है। सीईओ द्वारा बिना प्रस्ताव के 20 दिसंबर 2024 को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विभाग को पत्र के माध्यम से 38 लाख रुपये के तीन कार्यों का प्राक्लन तैयार कर पत्राचार किया। जिसमें दरगहन में टीना शेड निर्माण एवं कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 18 लाख रुपये, रावां में टीना शेड एवं कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 18 लाख रुपये, ग्राम लिमतरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए दो लाख रुपये रूपये दिए गए हैं। जब इसकी जानकारी चाही गई तब मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि इसकी मुझे जानकारी नहीं है। इस मामले को लेकर 22 सदस्यों ने आपत्ति जताकर कार्य को निरस्त करने की मांग की है।

**खबर का असर**

- सामान्य सभा की बैठक के बगैर 54 लाख के कार्य पास होने को लेकर जताया गया विरोध
- विकास कार्य की राशि को तीन क्षेत्रों में बांटने का मामला

**किसने क्या कहा-**

*सीईओ द्वारा लिपिकीय त्रुटि की जानकारी मिली है। जिसे सीईओ द्वारा सुधारा जाएगा।*

– **नम्रता गांधी**, कलेक्टर, धमतरी

*जनपद सदस्यों के क्षेत्र में होने वाले कार्यों के लिए केवल कार्य आदेश बनाने के लिए कहा गया था। मुझे जनपद विकास निधि की राशि के बारे में जानकारी नहीं है। सभी जनपद सदस्यों को समान रूप से राशि का आवंटन किया जाएगा।*

– **दीपक ठाकुर,** सीईअ जनपद पंचायत, धमतरी

# अचानक नक्सल प्रभावित ग्राम नारीपानी पहुंचे जिले के नए पुलिस अधीक्षक राखेचा

## ग्रामीणों से मुलाकात कर बढ़ाया मनोबल



**गरियाबंद,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा मंगलवार को अचानक नक्सल प्रभावित ग्राम नारीपानी पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। दरअसल मंगलवार को एसपी अपने टीम के साथ मैनपुर विकासखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गश्त के लिए निकले थे। एसपी ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने के उद्देश्य से वे लगातार ग्रामीणों के बीच जाकर रूबरू हो रहे है।

इस दौरान एसपी ने ग्राम नारीपानी के बच्चों एवं ग्रामीणों से मिलकर हाल-चाल जाना। स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, चप्पल महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को गमछा, साल एवं अन्य सामग्री वितरण किए। मौके पर एसपी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा का अहसास हो। हमारी पुलिस लगातार इन क्षेत्रों में गश्त कर रही है और ग्रामीणों के साथ मिलकर काम कर रही है। इसके पहले ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस की वजह से हम अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस हमारे बीच रहकर हमारी समस्याओं को सुनती है और उनका समाधान कर रही है।

इस दौरान थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिव शंकर हुर्रा ई 30 प्रभारी सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप एवं अन्य पुलिस जवान उपस्थित रहे।

# कलेक्टर अग्रवाल की पहल से सैय्यद अरफाक अली को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**गरियाबंद,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एक प्रकरण कर निराकरण करते हुए कलेक्टर अग्रवाल ने सैय्यद अरफाक अली को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। साथ ही उन्हें निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जानकारी के मुताबिक सैय्यद अरफाक अली को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेला में भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद सैय्यद अरफाक अली ने शासन प्रशासन का विशेषकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल का आभार जताया है।

# वर्ष के अंतिम दिन हुआ शिक्षक पालक बैठक



**बिलाईगढ़,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूरी पर स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में वर्ष 2024 के अंतिम दिन शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया ।इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया ।मां सरस्वती के पूजन के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया ।तत्पश्चात प्राथमिक प्रधान पाठक चौथ राम कैवर्त्य एवं मिडिल शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा बैठक के बिंदुओं को विस्तार से बताया गया ।बैठक के बिंदुओं में अपार आईडी निर्माण हेतु सहमति असहमति पर चर्चा ,आधार कार्ड में हुए त्रुटि सुधार पर चर्चा, जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने ,शैक्षिक गुणवत्ता एवं स्वच्छता ,मध्यान्ह भोजन ,परीक्षा पे चर्चा संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम ,अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम ,किचन गार्डन एवं शालेय सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा किया गया ।पालकों ने अपार आईडी बनाने हेतु आधार कार्ड में हुए त्रुटियों को यथाशीघ्र सुधरवाने का आश्वासन दिया और असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल में किए जा रहे तोड़फोड़ एवं किचन गार्डन को पहुंचाया जा रहे नुकसान पर विस्तृत चर्चा करते हुए पालको एवं माताओं द्वारा स्कूल की देखभाल करने का निर्णय लिया गया ।इस शिक्षक पालक बैठक में प्राथमिक / मिडिल स्कूल डोकरीडीह के शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष समिति के पदाधिकारी एवं पालक गण उपस्थित रहे। इस बैठक में मिडिल स्कूल प्रधान पाठक श्रीमती साधमति मिरी प्राथमिक प्रधान पाठक चौथ राम कैवर्त्य,शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन,कोमल साहू, सफ़ाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



**पिथौरा,** 32 दिसंबर। भक्त माता कर्मा के नाम से डाक टिकट जारी करने के लिए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने केन्द्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर चम्माकानी से मुलाकात किए। मां कर्मा के नाम पर दो सप्ताह के भीतर जारी होगा डाक टिकट पिथौरा आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री डॉ चन्द्रशेखर से मुलाकात कर माता कर्मा देवी के नाम से डाक टिकट जारी करने मांग की।

## घोड़ारी पंचायत सचिव निलंबित

**महासमुंद** 31 दिसंबर (देशबंधु)। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने रमाकांत गोस्वामी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत घोड़ारी जनपद पंचायत महासमुंद को निलंबित कर दिया है। सचिव श्री गोस्वामी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती नीलम गोस्वामी जो कि शिक्षक है के नाम पर महतारी वंदन योजना के फर्म गलत जानकारी देकर भरा गया एवं अनैतिक तरीके से उनके पत्नि जो कि ग्राम केशवा में पदस्थ है के खाते में राशि प्राप्त किया गया है। किसी भी शासकीय सेवक को गलत जानकारी देकर अनुचित लाभ प्राप्त करना शासकीय नियमों के विपरीत है। रमाकांत गोस्वामी के द्वारा इस आशय की सूचना किसी को नहीं दी गई थी यह उनकी संलिप्तता को परिलक्षित करता है। अत: रमाकांत गोस्वामी के उक्त कृत्य के कारण उनके तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री गोस्वामी का मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद रहेगी। श्री गोस्वामी को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते पात्रता होगी ।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## खट्टी में श्रीमद भागवत कथा 3 से

**बागबाहरा,** 31 दिसंबर। ओड़िशा सीमा के अंतिम छोर में बसे बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खट्टी में नववर्ष के उपलक्ष्य में 3 से 11 जनवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें कथावाचक पंडित रोहित कुमार पांडेय मूढ़ेना वाले एवं परायण कर्ता पंडित गजेंद्र प्रसाद दुबे होंगे। इस कथा का रसपान कथावाचक द्वारा प्रात: 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे तक चलेगा। 3 जनवरी को देवी पूजन शोभायात्रा, कलश यात्रा, 4 जनवरी को सुखदेव राजा परीक्षित प्रसंग, 5 जनवरी को वाराह अवतार ध्रुव चरित, 6 जनवरी को समुद्र मंथन वामन अवतार, 7 जनवरी को श्री राम जन्मोत्सव, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 8 जनवरी को श्री कृष्ण बाल लीला माखन चोरी, 9 जनवरी को गोवर्धन पूजा, रुखमणी कृष्ण विवाह उत्सव, 10 जनवरी को सुदामा चरित तुलसी वर्षा एवं 11 जनवरी को गीता प्रवचन, प्रसादी वितरण के साथ समापन का कार्यक्रम होंगे।

# सशिमं में वीर बाल दिवस मनाया गया



**पिथौरा,** 31 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित भैया बहनों को प्राचार्य गायत्री राजपूत ने बताया कि गुरुगोविंद सिंह जी के दो छोटे पुत्र जोरावर सिंह एवम फतेह सिंग जिनकी उम्र मात्र 7 और 9 वर्ष थी ।उन्होंने सनातन की रक्षा के लिए किस तरह अपनी कुर्बानी दी ।मुगलों के रॉज में मुगल चाहते थे कि इस देश मे सभी इस्लाम को माने परन्तु गुरु गोविंद सिंह जी के पिता गुरुतेगबहादुर सिंह सहित पूरे परिवार ने मुगलों से संघर्स करते शहीद हुए ।गुरु के छोटे छोटे पुत्रो ने भी मुगल शासकों के सामने धर्म बदलने या मौत को चुनने की शर्त रखी थी ।परन्तु दोनों वीर बालको ने धर्म को चुना और सनातन की रक्षा के लिए दीवार में चिनवना कबूल कर शहादत प्राप्त की ।आज पूरा सनातन गुरु गोविंद सिंह जी को याद करता है ।हमारे प्रधानमंत्री ने उक्त छोटे छीटे शहीदों को याद करने के लिए ही वीर बाल दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी ।जिसे अब प्रत्येक वर्ष 26 दिसम्बर को मनाया जाता है।

## वार्ड 22 से रजनी जगतु मांडले ने कांग्रेस से की दावेदारी पेश



**खरोरा,** 31 दिसंबर। नगर पालिका चुनाव की घोषणा होते ही तिल्दा - नेवरा में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है , वार्ड आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होंने के बाद से प्रत्याशियों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं । इसी बीच कांग्रेस पार्टी से रजनी जगतू राम मांडले ने शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड नम्बर 22 से अपनी दावेदारी पेश की है। यह वार्ड अनुसूचित जाति (एससी) महिला के लिए आरक्षित हुई है ।राजनीतिक अनुभव और संगठन में मजबूत पकड़ रखने वाले जगतू राम मांडले की धर्मपत्नी रजनी मांडले सन् 2005 से सक्रिय राजनीति में है वो राजनीति में छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रही जैसे जिला महामंत्री , प्रदेश महिला कांग्रेस संघठन महामंत्री जैसे संघटन के महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

# शास उमावि खुरसुला में न्यौता भोज आयोजन



**बिलाईगढ़,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में पदस्थ हरेंद्र कुमार शांडिल्य व्याख्याता के 52वें जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अवतरण दिवस की बधाई के साथ शुभकामनाएं दी गई तथा उनके लिए सुख समृद्धि, खुशहाल जीवन की कामना की गई। सभी शिक्षकों एवं बच्चों के लिए खीर पुड़ी की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर सहदेव साहू अध्यक्ष, शाला प्रबंधन विकास समिति, छेदूराम विश्वकर्मा सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत खुरसुला ,संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना, भारतराम बंजारे, सालिकराम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेशकुमार राजेश,हर्षवर्धन रत्नेश,सुनीता चतुर्वेदी, भूपेंद्र डडसेना , नरेंद्र कुमार सोनी, परस बारले, लोकनाथ तांडेय, सुरेश कुमार रात्रे, सोहन लाल डडसेना, निर्मल खुटे,कुसुमलता ठाकुर,गेवरचंद डडसेना उपस्थित रहे।

# देश में निवासरत करोड़ों गोंडीयन गोंडी भाषा को यूनिवर्सल लैंग्वेज के रूप में उपयोग में लाए : नीलकंठ टेकाम

**पलारी,** 31 दिसम्बर (देशबन्धु)। अखिल गोंडवाना गोंडी साहित्य परिषद द्वारा 21 वें गोंडी साहित्य सम्मेलन केलगिनकेरी, कटनार कोप्पा, भटकल उत्तर कन्नड़, कर्नाटक में श्री स्वामी रामानंदाचार्य के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ,अध्यक्षता साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत लाल कोर्राम द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के माननीय विधायक नीलकंठ टेकाम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, आर.एन. ध्रुव राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गोंड महासभा, हिम्मत सिंह आर्मो राष्ट्रीय को, रघुवीर सिंह मार्को राष्ट्रीय सांस्कृतिक सचिव, सुदे सिंह टेकाम मध्यप्रदेश, के एम मैत्री कर्नाटक, गंगाराम नेताम, सिडाम आरजू तेलंगाना, अश्वनी कांगे कोया भूमकाल क्रांति सेना के संस्थापक, गोंडी धर्माचार्य के पी प्रधान, रमा टेकाम मध्यप्रदेश के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री कुलस्ते जी ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों के समाधान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर समस्याओं को रखा जाएगा। श्री टेकाम ने कहा कि अंग्रेजी एक यूनिवर्सल लैंग्वेज है, इसे लगभग सभी जगह बोली जाती है, समझी जाती है ,पूरे विश्व के लोग समझ जाते हैं कि क्या बोला जा रहा है। लेकिन हमारे गोंडीयन जन कन्नड़ में कुछ भी बोलते रहें , हिंदी, छत्तीसगढ़ी, उड़िया, मराठी,गुजराती आदि विभिन्न भाषाओं में बोलते रहिए ये केवल स्थानीय स्तर तक सीमित है। इसलिए देश में निवासरत करोड़ों गोंडीयन जनों को गोंडी भाषा को यूनिवर्सल लैंग्वेज के रूप में उपयोग में लाना होगा। तभी हम एकता के सूत्र में बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि गोंडी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु महासभा निकट भविष्य में बड़े कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कोर्राम जी ने कहा कि देश में प्राचीन नाम के अनुकूल कई जिलों के नाम को बदलने का काम चल रहा है ।ऐसे ही मध्यप्रदेश का नाम जो पहले गोंडवाना के नाम से जाना जाता था का भी नाम बदलकर गोंडवाना राज्य के रूप में होना चाहिए। आर एन ध्रुव ने कहा कि पूरे देश में गोंड समाज निवास रहते हैं ।भले ही गोंडीयन जनों की स्थानीय स्तर पर भाषा ,खान-पान अलग हो, लेकिन देव व्यवस्था ,रीति रिवाज, परंपरा पूरे देश में लगभग एक समान है। इस अवसर पर गोंडवाना पत्रिका के साथ डॉ के एम मैत्री द्वारा लिखी गई गोंडी, हिंदी, कन्नड़, अंग्रेजी डिक्शनरी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पूरे देश भर के बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।



## डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दिया श्रद्धांजलि

**पलारी** 31 दिसम्बर (देशबन्धु) आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया डाक्टर मनमोहन सिंह जी देश के लिए किए गए अनेकों उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी एक शिक्षक से लेकर सफल राजनीतिज्ञ और महान अर्थशास्त्री थे जिसकी कमी हमेशा पूरे भारत को होगी जिसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है श्रद्धांजलि सभा में ब्लाक के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी वरिष्ठजनों के उपस्थित रहे प्रमुख रूप से सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी खिलेन्द्र वर्मा मेघनाथ यादव संतोष देवांगन पार्षद शशिकांत वर्मा रघुनंदन वर्मा श्याम लाल पटेल ध्वजा राम बघेल कमलेश बघेल सुरेश धृतलहरे रसूल बेग घनश्याम वर्मा लेखराम गनहरे दिलीप सेन राधेश्याम वर्मा लीलाधर यादव शिव धीवर यमलोक साहू आदि कार्यकर्ता के उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर में योगाचार्य चंद्रप्रकाश ने दी सेवाएं



**नवापारा राजिम** 31 दिसंबर देशबंधु । सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणा से संत निरंकारी सत्संग संस्थान के तत्वावधान में नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित निरंकारी सत्संग भवन में दो दिवसीय नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें विशेष रूप से जोड़ों का दर्द ,कमर दर्द ,सर्वाइकल सहित अन्य रोगों का इलाज किया गया । इस निरूशुल्क शिविर का लाभ सभी वर्ग के लोगों ने उठाया। गायत्री शक्तिपीठ के एक्यूप्रेशर एवं योगाचार्य श्री चंद्र प्रकाश हरिद्वार ने लोगों को अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की। शिविर को सफल बनाने में संत निरंकारी मंडल के सेवादारों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे : अनुपम



**लवन,** 31 दिसंबर। लवन मंडल के नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई ने आज कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की प्रत्येक योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक वर्ग लोगों को मिले इस आशा से योजनाओं को जानकारी देने जन-जन तक पहुंचाया जाएगा श्री वाजपेई ने कहा कि युवा मोर्चा के दायित्व को संभालते हुए लवन मंडल के 50 ग्रामों का भ्रमण किए हैं और अब प्रदेश की भाजपा सरकार योजना चाहे स्वास्थ्य विभाग का हो रोजगार उन्मुख हो मकान निर्माण का हो या पंचायत के माध्यम से गली निर्माण ऐसे सभी योजनाओं का जानकारी गांव का पहुंचकर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिए हैं संगठन को मजबूती लाने और सरकार के कार्यों का सही मूल्यांकन के लिए लोगों तक चर्चा करेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इस क्षेत्र में विधायक कांग्रेस का है तो क्या हुआ सरकार तो भाजपा का है और सरकार के कार्यों के संपादन के लिए भारतीय जनता पार्टी मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक स्वर में तैयार है।

## निधन

### लाल सिंह वर्मा



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 31 दिसंबर। अर्जुनी निवासी लाल सिंह वर्मा उम्र 70 वर्ष का 30 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अनिल वर्मा, संदीप वर्मा के पिता तथा धर्मेंद्र सिंह वर्मा के बड़े भाई थे।

### सैय्यद ज्याउल हुसैनी



**धमतरी,** 31 दिसम्बर। जनाब सैय्यद ज्याउल हुसैनी पत्रकार साहब का इंतकाल मंगलवार 31 दिसम्बर को मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर में हो गया। वे अपने पीछे पत्नी अफरोज, बेटी अनीसा, मुनीजा हुसैनी, बेटा सैय्यद सलमान हुसैनी बहु, पोता छोड़ गए। जिनकी मय्यत आज बाद नमाज़ जोहर उनके सालेहवारपारा मकान से कब्रिस्तान जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गत वर्ष की तुलना में महिला ...

लोगों का चिन्हांकन हुआ है। जिसमें विभिन्न संयंत्र में काम करने के लिए आना एवं अन्य गतिविधियों में संलिप्त लोग भी शामिल है। श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि गुम इंसान की रिपोर्ट संख्या बढी हैं, जिसमें कार्यवाही भी हुई है। तात्कालिन में साईबर फ्राड पर भी जागरूकता अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। वहीं विभिन्न अपराध गतिविधियों पर पुलिस नजर रखते हुए नकेल कस रही हैं। वर्ष 2024 की विदाई एवं नये वर्ष 2025 के आगमन पर विभिन्न स्थलों में होने वाले कार्यक्रमों पर भी पुलिस नजर बनाई हुई है ताकि कोई अपराधिक घटना न घट सकें।

### मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों ने ...

उनके मंत्रियों ने राइस मिलर्स के हित में बहुत ही शानदार निर्णय लिया है राइस मिलर्स आर्थिक परेशानी से गुजर रहे थे। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से बड़ी राहत मिली है। राजिम राइस मिलर्स एसो. जिला गरियाबंद के सभी सदस्यों द्ववारा मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट के समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# नगर की अर्चना ठाकुर गृहणी से समाज सेविका बनकर दे रही है कईयों को रोजगार

## अंजोर सामाजिक सेवा संस्थान के माध्यम से भी दी जा रही है जरूरमंद को शिक्षा

■ रामाधार पटेल

**बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। अर्चना ठाकुर बलौदाबाजार के लिए जाना पहचाना नाम है जो न केवल नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड के पास स्थित गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ी रेस्टोरेंट की संचालिका है वरन अर्चना महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष भी है जिसके अधीन दस महिला समूह कार्यरत है। इनके कार्य करने की शैली, इनका सामाजिक कार्यों के प्रति उत्साह व समर्पण महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण है। अर्चना ठाकुर ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र मे आने की प्रेरणा उन्हें अपने पति रुपेश ठाकुर से मिली है। राजधानी की तर्ज पर उनकी इच्छा थी की बलौदाबाजार मे भी छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का एक रेस्टोरेंट खुले। परिस्थितियों ने करवट बदली और दो वर्ष पूर्व नगर के मुख्य मार्ग पर गढ़ कलेवा खुल गया। यहाँ चीला, फरहा जैसे व्यंजन जो चावल से बनते थे उन्हें अब मिलेट्स से बनाया जा रहा है। उनका फोकस पारम्परिक अनाज से हट कर मिलेट्स पर आ गया है. अब यहाँ रागी का चीला, बाजरे की रोटी, कोदो का फरहा, कोदो के बिस्किट लोग बाग पसंद कर रहे हैं।




**छत्तीसगढ़ी रेस्टोरेंट गढ़कलेवा की संचालिका है अर्चना**

अर्चना ठाकुर की जिला सहकारी महिला बहु उद्देशीय सहकारी संस्थान भी है जो एक पंजीकृत संस्थान है, यहाँ से करीब 15 लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है। अर्चना इसका और विस्तार करना चाहती है जिससे लोगों को स्वादिष्ठ व्यंजन मिले और लोगों को रोजगार भी मिले। वे अर्चना महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष है। सन 2020 मे मात्र 12 महिलाओं से बानी इस संस्था मे आज 50 से ऊपर सदस्य हैं। विवाह पश्चात बलौदाबाजार मे रहते हुए समाज शास्त्र मे एम ए किया। पति से पूरा सहयोग मिला और आज अंजोर सामाजिक सेवा संस्थान नामक एन जी ओ भी चला रही हैं। इन्होने अपने एन जी ओ के अंतर्गत मिशन वात्सल्य, मिशन हरियाली, मिशन शक्ति, मिशन भूमिका, मिशन प्रयास पर भी काम किया जा रहा है। इन्होने घूमन्तु बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शाला का संचालन प्रारम्भ किया है जहाँ सवरा डेरा के 40 बच्चे नियमित पढ़ाई कर रहे हैं। नगर के एक मोहल्ले से विस्थापित करीब 60 परिवारों की एक सवरा बस्ती है जो नगर से 3 किलोमीटर दूर कुकुरडी बंजर मे बसाई गई है। मूलभुत सुविधाओं के अभाव मे वे जीवन जीने को मजबूर हैं। अर्चना अपनी संस्था के माध्यम से उन्हें सुविधाएँ उपलब्ध कराने सक्रिय है। इस काम मे भी 50 से अधिक महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान मे अर्चना पुलिस से मिलकर सायबर अपराध के खिलाफ साइबर वोलिंटियर बन कर जागरूकता का अभियान चला रही है। आज इनका हर काम औरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता जा रहा है। मात्र 35 वर्ष की उम्र मे इनका ये जूनून समाज सेवा की क्षेत्र मे इन्हे बहुत आगे ले जायेगा।

# विकास के लिए साथ चाहिए आपका : साव



**भाटापारा**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। सड़कों के किनारे और डिवाइडर में पौधरोपण। शहर ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना।तब ही व्यवस्थित शहर और व्यवस्थित क्षेत्र आकार ले पाएगा। साथ चाहिए आपका क्योंकि आपके बगैर पूरी नहीं की जा सकती यह योजना।

**चौक-चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना और गांवों में मंगल भवन**

शहर ही नहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कई काम हैं, जिन्हें किया जाना बेहद जरुरी है। विधायक इन्द्र साव कहते हैं कि अवसर दिया है क्षेत्र ने, तो खरा उतरने की जी-तोड़ कोशिश करेंगे लेकिन हर कदम पर ऐसे लोगों का साथ बेहद जरुरी है, जो विकास कार्य को अहम मानते हैं।

**समृद्ध धरती के लिए जरूरी:** पौधरोपण अहम है। डिवाइडर में अनिवार्य इसलिए क्योंकि गौरव पथ के निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए। भरपाई डिवाइडरों के बीच रोपण से ही की जा सकती है। इससे हरियाली तो लाई ही जा सकेगी, साथ ही गिरते भूजल को भी थामा जा सकेगा और बिगड़ते पर्यावरण को बचाया जा सकेगा। यह काम ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसलिए जरुरी हैं क्योंकि यह क्षेत्र भी तेजी से वृक्षविहिन हो रहें हैं।

**चिरस्थायी रहे विरासत:** शहर ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों का विकास जिस गति से हो रहा है, उसके बाद चौक-चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना इसलिए जरुरी है क्योंकि महापुरुषों का योगदान नए भारत के निर्माण में अतुलनीय है। किताबों में इनके लिए जगह कम हो रही है। ऐसी परिस्थितियां आने वाली पीढ़ियों को योगदान की जानकारी से वंचित कर सकतीं है। इसलिए शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना से यादें चिरस्थाई बनाने में मदद मिलेगी।

**हर गांव में मंगल भवन:** विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में एक मंगल भवन के निर्माण को जरुरी मानने वाले विधायक इन्द्र साव का कहना है कि सामुदायिक भवन तो हैं लेकिन रख-रखाव सही नहीं है। ऐसे में पंचायतों की देखरेख में ऐसे भवन बनाने योजना है, जहां हर वर्ग के सुख-दुख के दौरान कार्यक्रम संपन्न करवाए जा सकें। यह तब संभव होगा, जब साथ सभी का मिले। क्या आप साथ देंगे ?

## सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक

**बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। सत्र 2025-26 में सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वी एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाईट पर 24 दिसंबर 2024 से 13 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक भरे जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु बालक एवं बालिका की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# सुपोषण, सही व्यायाम और तनावमुक्त जीवन वर्तमान की आवश्यकता : डॉ. वासु वर्मा



**बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय गर्ल्स कालेंज बालौदाबाजार में गृह विज्ञान विभाग द्वारा महावद्यिालय की समस्त छात्राओं हेतु'' हेल्थ अवेयरनेश'' विषय पर विशेष ब्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा मुख्यवक्ता व मार्गदर्शन के रूप में उपस्थित रहेगी। डॉ. वर्मा ने छात्राओ को संतुलित आहार, अनियमित ब्यायाम,तनाव प्रबंधन और डिटॉक्स जैसी आदतो के लाभ के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के माध्यम से यूवा पिढ़ी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ आदते अपनाकर निरोग शरीर प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में डॉ. चित्ररेखा सिंगरौल ने ''स्वस्थ हृदय निरोग शरीर का आधार'' विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

इंटरेचि सेशन के माध्यम से छात्राओं ने अपनी संकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. कल्पना उपाध्याय, विभागध्यक्ष डॉ. सुलेखा राउत, अतिथी ब्याख्याता डॉ. अर्पिता सोनी, श्रीमतिअदिती माहुले, डॉ. जमीला खातुन, श्रीमति तनुजाल एवं महाविद्यालय की लगभग 75 छात्राओं नें अपनी सहभागिता निभायी।

# पूर्ण निर्माण कार्यों का संबंधित एजेंसी करे शीघ्र भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति में लाएं तेजी : कलेक्टर

**बलौदाबाजार**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।



आज विशेष रूप से कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी ठेकेदारों को राशि भुगतान नहीं होने संबधित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण एजेंसी अनावश्यक किसी का भुगतान न रोके,कार्य पूर्ण होने पर तत्काल भुगतान करे। साथ ही मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यों में तेजी से तेजी लाएं। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति में भी तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने आज सुशासन सप्ताह अंतर्गत विभिन्न गांवों एवं नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में मिले आवेदनों का सप्ताह के भीतर ही निराकरण करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर ने जिले के सभी गांवों में स्वीकृत मनरेगा कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए है। ताकि आमजनों को स्थानीय स्तर में रोजगार उपलब्ध हो सके। श्री सोनी अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अधिकारी को पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत पंजीकृत युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण दिलाने निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने सहकार से समृद्धि,पीएम जीवन ज्योति योजना,चिराग योजना, जनदर्शन आदि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं।

■ जिले के सभी गांवों में स्वीकृत मनरेगा कार्यों को करे प्रारंभ
■ कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा

उक्त बैठक मे डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, अभिषेक गुप्ता सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# छग अपने 25वें वर्ष में कदम रखते हुए विकास की पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा

**राजिम**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति की प्रदेश सदस्य राधेश्याम बंजारे ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारे छ.ग. अपने 25वें वर्ष में कदम रखते हुए विकास की पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा हैं। यहां के गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिलाएं की विशेष ख्याल रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह बिना थके बिना रूके रात-दिन एक कर लागों की सेवा में समर्पित रहते हुए छ.ग. के सम्पूर्ण विकास की मजबूत नींव रखी है। इसलिए उन्हें जनता बार-बार चुनते थे, और तीन बार मुख्यमत्री बनने का इतिहास भी रचा। श्री बंजारे ने भी आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के महानविभुतियों का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरुघासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी घाम मैं कुतुबमीनार से भी ऊँचा भव्य जैत खाम का निर्माण कराया। साथ ही नया रायपुर में आधुनिक रूप से नवीन विधानसभा एवं सचिवालय तथा जगल सफारी का निर्माण कराते हुए किसानों की विशेष चिंता करते हुए उनकी धान को खरीदा और बोनस भी दिया जिससे किसानों की स्थिति में काफी सुधार आया। किसानों की धान को सोसायटी के माध्यम से खरीदने के लिए पुरे छत्तीसगढ में धान खरीदी केन्द्र खोला, साथ ही लोगों को सर्वाधिक सुविधा देने के लिए अनेक नवोन जिला शिविर न्यायालय, तहसील, ब्लॉक मुख्यालय, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल, कॉलेज का निर्माण कराया। और नदी नाले में पुल-पुलिया, ओवरब्रिज, एनीकेट, स्टाप डेम, शहर से लेकर गांव तक चकाचक रोड का निर्माण कराया। भाजपा हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, युवा के बारे में चिंता करती है। जिसका परिणाम है कि विष्णुदेव साय सरकार किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रत्ति एकड़ 21 चिंटल धान खरीद रहे है और प्रति चिंटल 3100 रू. के दर से नगद भुगतान कर रहे है। साथ ही पिछले दो वर्षों की बोनस को भी दिय है और महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1000 रू. दे रहे है और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने प्रत्येक ग्राम में पंचायत महतारी सदन भवन बनाने की प्रस्तावित किया गया है करीब 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान देने का लक्ष्य है जिसमें से शुरूआती दौर में 8 लाख परिवारों को पक्के मकान देने की कार्य शुरू कया जा चुका है। छ.ग. के विष्णुदेव सरकार चुनाव के समय किये गये वादे को तेल ज रफ्तार के साथ पूर्ण करने में लगे हुए है।



**छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरुघासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी घाम में कुतुबमीनार से भी ऊँचा भव्य जैत खाम का निर्माण भाजपा की देन : राधेश्याम बंजारे**

# जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**राजिम**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ गरियाबंद के पदाधिकारियों ने आज मंच एवं भोजनालय स्थल का निरिक्षण किया जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू,न्याय प्रकोष्ठ संयोजक गेंदलाल साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक रामगुलाल साहू ने जाकर मंच एवं भोजनालय भंडारा का निरक्षण किया मंच के साफसफाई आदि व्यवस्था में नगर पंचायत द्वारा साफसफाई कारवाई जा रही है ज्ञात हो कि प्रदेश साहू समाज द्वारा जिला साहू संघ गरियाबंद को मुख्य मंच व्यवस्था एवं भोग भंडारा भोजनालय की जवापदारी दी गई है ।



# कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**तिल्दा-नेवरा**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। धरसीवा के औधोगिक क्षेत्र सिलतरा छोटे से गांव सोन्डरा मेंतीन करोड़ पचास लाख की लागत से निर्मित श्री राधा भवन एवं महेंद्रा कौशल अकादमी ग्रामीणों को समर्पितकिया गया था सेठ बनारसीदास चेरिटेबल ट्रस्ट ओर महेंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड द्वारा जनहित में निर्मित इस भवन का लोकार्पण केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी एवं क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा के कर कमलों सेकिया गया था ।सेठ बनारसी दास चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महिंद्रा स्पंज पावर लिमिटेड सिलतरा द्वारा ग्राम सोणड्रा

आयोजन के महिंद्रा ग्रुप के संस्थापक ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल ,महेंद्र अग्रवाल ,दीपेश अग्रवाल ,अमीनेश अग्रवाल ,एवं समस्त महिंद्रा परिवार के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं सोंड्रा ग्रामीणों की उपस्थिति में आज कौशल विकास प्रिशक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया अभी यहाँ पर 30 सिलाई मशीन और 30 कम्प्यूटर सेट लगाया गया है

आपको बता दे की सेठ बनारसी दास चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महिंद्रा ग्रुप के संस्थापक ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती राधा बाई अग्रवाल एवं पिता स्वर्गीय बनारसी दास अग्रवाल की स्मृति में इस भवन का निर्माण करवाया है जहां पर यह कौशल विकास प्रिशक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है

# अहम हैं सड़क, पानी और सफाई सुविधाएं, करूंगा वार्डों का दौरा : विधायक साव

**भाटापारा**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। अहम है बुनियादी सुविधाएं। इसलिए बिजली, पानी, सड़क और स्वच्छता का जायजा लेने के लिए वार्डों का दौरा खुद करूंगा। मुलाकात नहीं हो पाने की स्थिति में निवास कार्यालय में लगे सुझाव एवं शिकायत पेटिका में लिखित में जानकारी दे सकते हैं नागरिक।

क्षेत्र का विकास वैसा नहीं हो पाया जिसका हकदार था। गंभीर हैं स्वास्थ्य सुविधाओं की लचर व्यवस्था। कुछ विभाग ऐसे हैं, जिनकी कार्यशैली आम जनता को राहत नहीं देती। इस प्रतिनिधि से विशेष चर्चा के दौरान क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने स्पष्ट कहा है कि पालिका प्रशासन अपने कार्यक्षेत्र की जिस तरह उपेक्षा कर रहा है, वह नागरिकों की नाराजगी बढ़ा रही है।

**बहुत जल्द वार्डों का दौरा:** नालियों का पानी सड़क पर और सड़क पर ही अपशिष्ट प्रबंधन। शिकायतें गंभीर हैं। इसलिए प्रत्येक वार्ड का दौरा करने का फैसला ले चुके विधायक इंद्र साव का कहना है कि ऐसे दृश्य और ऐसी शिकायतें यह बताने के लिए काफी है कि पालिका प्रशासन दैनिक कामकाज को भी सही ढंग से संपादित नहीं कर पा रहा है। श्री साव ने स्पष्ट कहा कि पालिका प्रशासन की कार्यशैली में फौरन बदलाव की जरूरत है।



**सेहत और शिक्षा का क्षेत्र भी संज्ञान में**

**स्वास्थ्य सुविधाएं शून्य:** आकार ले रहा है नया अस्पताल लेकिन देखना होगा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होती है या नहीं। फिलहाल जो स्थिति है, वह यही स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य सुविधाएं भाटापारा विधानसभा मुख्यालय में विस्तार लें, यह सोच ना उच्च पदस्थ अधिकारियों में है, ना सरकार में। इसलिए एक बड़ी आबादी निजी चिकित्सालयों पर निर्भर है। विधायक श्री साव कहते हैं कि प्रतीक्षा कर रहा हूं, उस दिन की, जब नया अस्पताल संचालन में आएगा।

**नजर में यह भी:** अंचल में चल रहीं बड़ी इकाईयां जिस तरह स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देने से इनकार कर रहीं हैं वह गलत है। विधायक इंद्र साव का कहना है कि स्थानीयों को नौकरी देने की बजाय बाहरी लोगों को जैसी प्राथमिकता बड़े उद्योग दे रहे हैं वह उद्योग स्थापना की शर्तों का खुला उल्लंघन है। विरोध के पूर्व पार्टी के प्रदेश कार्यालय से दिशा-निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है।

## नवागांव ( ल ) के निलंबित सरपंच को अपर कलेक्टर रायपुर न्यायालय ने किया बहाल



**नवापारा राजिम**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम नवागांव (ल)के निलंबित सरपंच को अपर कलेक्टर रायपुर के न्यायालय ने बहाल कर दिया है । उपरोक्त निलंबित आदेश को सरपंच द्वारा रायपुर अपर कलेक्टर के पास जांच की अपील की और अपने आप को निर्दोष बताया। सरपंच की अपील पर अपर कलेक्टर द्वारा की गई जांच के तहत उपरोक्त धारा के तहत उसे निर्दोष मानते हए 23 दिसंबर 24 को अपर कलेक्टर निधी साहू द्वारा नवागांव ल सरपंच भागवत साहू को निर्दोष घोषित किया गया। अपर कलेक्टर के न्यायालय द्वारा सक्षम धाराओं के विपरीत धारा के तहत निलंबन की कार्रवाई किए जाने को गलत मानते हुए उक्त आदेश को निरस्त कर सरपंच भागवत साहू को बहाल किया है । सरपंच भागवत साहू ने ग्राम पंचायत नवागांव (ल) में पुन: सरपंच पदभार ग्रहण कर लिया है। सरपंच पद का पुन: पदभार ग्रहण करने भागवत साहू को उनके शुभचिंतकों, परिवारजनों, मित्रों सहित नेताओं ने बधाई दी है।

विदित हो कि ग्राम पंचायत नवागांव ल के ग्राम विकास समिति द्वारा पट्टा वितरण में की गई अनमित्तायों को आधार मानते हुए पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत सरपंच पद से बर्खास्त करने की मांग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभनपुर से की थी ।

## बागबाहरा क्षेत्र के पत्रकारों ने दी अंचलवासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई



**बागबाहरा**, 31 दिसंबर (देशबन्धु)। अंचल में कार्यरत पत्रकारों में नववर्ष को लेकर उमंग एवं उत्साह का माहौल है। इसी नववर्ष पर्व को आम जनता के बीच खुशी का ईजहार करने के लिए उनके करीब से जुड़ रहे हैं। इसी भावनाओं को लेकर क्षेत्रवासियों को अपने नजदीक में लाकर यह नववर्ष का पर्व उत्साह एवं उमंगता के साथ आज 1 जनवरी 2025 को मनाया जाएगा। जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। बागबाहरा क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न अखबारों के पत्रकारों ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी, सुरेश नरेडिया, रवि सेन, महेश हरपाल, देवेंद्र साहू, लितेश परमार, निमिष तिवारी, मनोज गिरी गोष्वामी, टिकेश साहू, प्रदीप द्विवेदी, ललित पटेल, अनिल सोनी, बलराम दीक्षित, भुनेश्वर सिन्हा, तारेश साहू, राकेश शर्मा आदि पत्रकार शामिल हैं।